* कृष्णयजुर्वेद	-	बौधायन, आपस्तम्ब, मानव शुल्बसूत्र
सामवेद	-	कोई शुल्बसूत्र प्राप्त नहीं है।
अथर्ववेद	-	कोई शुल्बसूत्र प्राप्त नहीं है।

पाश्चात्त्य अनुवादक / सम्पादक

वैदिकवाङ्मय	अनुवादक	भाषा	सन् (वर्ष)
ऋग्वेद	विल्सन	अंग्रेजी	1850
	हेरमान ग्रासमान	जर्मन	1876-77
	अल्फ्रेड लुडविग	जर्मन	1876-88
	प्रो. ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्यमय)	1889-92
	प्रो. ओल्डेनबर्ग	जर्मन	1909-12
	लांग्ल्वा	फ्रेंच	1848-51
ऐतरेयब्राह्मण	प्रो. हाग	अंग्रेजी	1993
	आउफ्रेक्ट	रोमन अक्षर	1879
कौषीतकि ब्राह्मण	प्रो. लिन्डनर	-	1887
	डॉ. कीथ	अंग्रेजी	1930
शुक्लयजुर्वेद	वेबर	देवनागरी	1849-52
वाजसनेयि/माध्यान्दिनसंहिता	प्रो. ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1899
शतपथ ब्राह्मण	वेबर	-	1855
	कैलेंड	अंग्रेजी	1926
	ईग्लिंग	अंग्रेजी	-
तैत्तिरीय संहिता	वेबर	रोमन अक्षर	1871-72
मैत्रायणी संहिता	श्रेडर	-	1881-86
काठक संहिता	श्रेडर	-	1910
राणायनीय शाखा	स्टेवेन्सन	अंग्रेजी	1843
कौथुम शाखा	बेन्फे	जर्मन	1848
जैमिनीय शाखा	कैलेन्ड	रोमन अक्षर	1907
सामवेद	ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1891-99
अद्भुत ब्राह्मण	वेबर	जर्मन	1858
अथर्ववेद	ग्रिफिथ	अंग्रेजी (पद्य)	1895-98
	ह्विटनी और लानमान	अंग्रेजी	1905
पैप्पलाद संहिता	ब्लूमफील्ड	अंग्रेजी	1901

❑❑

3. यजुर्वेद

- विश्ववाङ्मय का सबसे प्राचीन ग्रन्थ वेद है,वेदों की संख्या चार है- ऋग्वेद,यजुर्वेद, सामवेद,अथर्ववेद। वेद शब्द ज्ञानार्थक **विद् धातु** से **घञ् प्रत्यय** के योग से निष्पन्न होता है जिसका अर्थ है – 'ज्ञान'। अतः वेद शब्द का अर्थ है- **'ज्ञान की राशि'** या **'ज्ञान का संग्रह ग्रन्थ'**। संस्कृत व्याकरण के अनुसार वेद शब्द चार धातुओं से विभिन्न अर्थों में बनता है-

सत्तायां विद्यते ज्ञाने, वेत्ति विन्ते विचारणे ।
विन्दति विन्दते प्राप्तौ, श्यन्लुक्श्नम्शेष्विदं क्रमात्।।

- अर्थात् विद् सत्तायाम्, विद् ज्ञाने,विद् विचारणे, विद्लृँ लाभे इन चार अर्थों में विद् धातु का प्रयोग होता है यहाँ पर विद् ज्ञाने धातु का ग्रहण किया गया है।
- आचार्य विष्णुमित्र ऋक्प्रातिशाख्य में इन्हीं (उपर्युक्त) अर्थों को समन्वित करते हुए कहते हैं- **'विद्यन्ते ज्ञायन्ते लभ्यन्ते एभिर्धर्मादि-पुरुषार्था इति वेदाः।'** अर्थात् वेद शब्द का भावार्थ है 'जिन ग्रन्थों के द्वारा धर्म,अर्थ,काम,और मोक्ष रूपी पुरुषार्थ चतुष्टय का बोध हो।
- आचार्य सायण तैत्तिरीय संहिता की भाष्य भूमिका में वेद की व्याख्या करते हुए कहते हैं- **''इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकम् उपायं यो ग्रन्थो वेदयति, स वेदः।''**
- यजुर्वेद कर्मकाण्ड प्रधान ग्रन्थ है जिसका संकलन अध्वर्यु नामक ऋत्विक् के उपयोग के लिए होता था। यजुष् शब्द **यज् धातु से उसि प्रत्यय** के योग से सम्पन्न होता है जिसका अर्थ है– यज्ञ के साधक मन्त्र। यजुष् गद्य पद्यात्मक हैं इसीलिए इसे **'अनियताक्षरावसानम्'** कहा गया है,अर्थात् जिसमें पद्यों के समान अक्षरों की संख्या निश्चित नहीं होती है।
- विद्वानों के द्वारा यजुर्वेद के यजुष् शब्द की अनेक व्याख्याएँ प्रस्तुत की गई जो विभिन्न दृष्टिकोण के सूचक हैं यजुष् के कुछ मुख्य अर्थ इसप्रकार हैं-
- आचार्य यास्क निरुक्त के सातवें अध्याय में यजुष् की व्याख्या करते हुए कहते हैं- **'यजुर्यजतेः'** अर्थात् यज्ञ से सम्बद्ध मन्त्रों को यजुष् कहते हैं।
  'शेषे यजुः शब्दः' अर्थात् पद्यबन्ध और गीति से रहित मन्त्रात्मक रचना को यजुष् कहते हैं।

- तैत्तिरीय संहिता की **भाष्यभूमिका** में सायण यजुर्वेद के महत्त्व का प्रतिपादन इस प्रकार करते हैं-

  'भित्तिस्थानीयो यजुर्वेदः, चित्रस्थानावितरौ। तस्मात् कर्मसु यजुर्वेदस्यैव प्राधान्यम्।' अर्थात् यजुर्वेद भित्ति है अन्य ऋग्वेद एवं सामवेद चित्र हैं इसलिए यजुर्वेद सबसे मुख्य है यज्ञ को आधार बनाकर ही ऋचाओं का पाठ और सामगान होता है।

- यजुर्वेद के दो सम्प्रदाय हैं– ब्रह्म सम्प्रदाय तथा आदित्य सम्प्रदाय । ब्रह्म सम्प्रदाय के अन्तर्गत कृष्ण यजुर्वेद तथा आदित्य सम्प्रदाय के अन्तर्गत शुक्ल यजुर्वेद आता है, इस प्रकार यजुर्वेद के दो भाग हैं। यद्यपि प्राचीनकाल में, यजुर्वेद की सौ या एक सौ एक शाखा **'एकशतमध्वर्युशाखाः' 'यजुरेकशताध्वकम्', 'शाखानां तु शतेनाथ यजुर्वेदमथाकरोत्',** प्राप्त होने का विवरण प्राप्त होता है।
- शुक्लयजुर्वेद की दो संहितायें प्राप्त होती हैं वाजसनेयि संहिता या माध्यन्दिन संहिता तथा काण्व संहिता दोनों ही संहिताओं में चालीस अध्याय प्राप्त होते हैं।
- सम्प्रति कृष्ण यजुर्वेद की केवल चार शाखाएँ ही उपलब्ध होती हैं- **तैत्तिरीय, मैत्रायणी, काठक, कपिष्ठल।**
- यज्ञादि कर्मों के प्रतिपादक गद्यात्मक मन्त्रों को यजुष् कहा जाता है।
- यजुर्वेद कर्मकाण्ड का वेद है जिसका संकलन अध्वर्यु नामक ऋत्विक् के उपयोग के लिए किया गया।

यजुर्वेद के सम्प्रदाय

ब्रह्म सम्प्रदाय	आदित्य सम्प्रदाय
(कृष्ण यजुर्वेद)	(शुक्ल यजुर्वेद)

- ब्रह्मसम्प्रदाय के अन्तर्गत कृष्ण यजुर्वेद तथा आदित्य सम्प्रदाय के अन्तर्गत शुक्ल यजुर्वेद है।
- पतञ्जलि ने महाभाष्य में यजुर्वेद की सौ या एक सौ एक शाखा का उल्लेख किया है- **'एकशतमध्वर्युशाखाः'**
- चरणव्यूह में यजुर्वेद की ८६ शाखाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।
- वर्तमान समय में शुक्ल यजुर्वेद की दो तथा कृष्ण यजुर्वेद की चार शाखाओं का उल्लेख प्राप्त होता है।

यजुर्वेद की शाखाएँ

1. शुक्ल यजुर्वेद - क - माध्यन्दिन शाखा (वाजसनेयिशाखा)
   ख - काण्व शाखा
2. कृष्ण यजुर्वेद - क - तैत्तिरीय शाखा ख - मैत्रायणी शाखा
   ग - कठ शाखा घ - कपिष्ठल शाखा

- शुक्ल यजुर्वेद को 'वाजसनेयि संहिता' भी कहते हैं।
- शुक्ल यजुर्वेद के **ऋषि याज्ञवल्क्य हैं** जो मिथिला के निवासी थे।
- शुक्ल यजुर्वेद में यज्ञों से सम्बद्ध विशुद्ध मन्त्रात्मक भाग है।
- शुक्ल यजुर्वेद की दो शाखाएँ हैं, माध्यन्दिन या वाजसनेयि संहिता तथा काण्व संहिता।
- माध्यन्दिन शाखा में चालीस अध्याय, 303 अनुवाक तथा 1975 मन्त्र हैं।
- काण्व शाखा का विभाजन अध्याय और अनुवाक के रूप में हुआ है।
- काण्व शाखा में 40 अध्याय 328 अनुवाक और 2086 मन्त्र प्राप्त होते हैं।

शुक्ल यजुर्वेद

माध्यन्दिन या वाजसनेयि संहिता	काण्व संहिता
(40 अध्याय 303 अनुवाक और 1975 मन्त्र)	(40 अध्याय 328 अनुवाक और 2086 मन्त्र)

- वर्तमान समय में काण्वसंहिता का प्रचार महाराष्ट्र तथा माध्यन्दिन संहिता का प्रचार उत्तर भारत में है।
- प्राचीनकाल में काण्व शाखा का प्रचार उत्तर भारत में था।
- काण्वसंहिता में कुरु और पञ्चालों का उल्लेख प्राप्त होता है।

शुक्ल यजुर्वेद की विषय वस्तु

- प्रथम दो अध्यायों में दर्श एवं पौर्णमास यज्ञों से सम्बन्धित मन्त्र प्राप्त होते हैं।
- अध्याय तीन में अग्निहोत्र एवं चातुर्मास्य यज्ञों से सम्बन्धित मन्त्र प्राप्त होते हैं।
- अग्निष्टोम और सोमयाग का वर्णन अध्याय चार से आठ में वर्णित है।
- वाजपेय और राजसूय याग का वर्णन अध्याय नौ और दस में वर्णित है।
- अध्याय ग्यारह से अठारह तक अग्निचयन और विविध प्रकार की वेदियों के निर्माण से सम्बद्ध मन्त्र हैं।
- अध्याय सोलह को 'रुद्राध्याय' कहा जाता है।
- 'सौत्रामणी याग' का निरूपण अध्याय 19 से 21 में है।
- अध्याय 22-25 तक 'अश्वमेध यज्ञ' का विधान वर्णित है।
- 26 से 29 अध्याय को 'खिल अध्याय' कहते हैं।
- 'पुरुषमेध' का वर्णन अध्याय तीस में प्राप्त होता है।
- अध्याय 31 को 'पुरुषसूक्त' और 'विष्णुसूक्त' भी कहते हैं।

- विराट् पुरुष के दार्शनिक और आध्यात्मिक स्वरूप का वर्णन अध्याय 32 में है।
- अध्याय 33 में 'सर्वमेध सूक्त' है।
- शिवसंकल्प उपनिषद् या 'शिवसंकल्पसूक्त' अध्याय 34 में है।
- अध्याय 35 में 'पितृमेध' का वर्णन है।
- अध्याय 36-38 में 'प्रवर्ग्यनामक यज्ञ' से सम्बद्ध मन्त्र हैं।
- अध्याय 39 में 'अन्त्येष्टि' से सम्बन्धित मन्त्र हैं।
- अध्याय 39 को 'प्रायश्चित्त अध्याय' भी कहा जाता है।
- अध्याय 40 को 'ईशोपनिषद्' कहा जाता है।

शुक्ल यजुर्वेद के ब्राह्मण

- शुक्ल यजुर्वेद का केवल एक ब्राह्मण ग्रन्थ है - शतपथ ब्राह्मण
- शतपथ ब्राह्मण के रचयिता 'याज्ञवल्क्य' माने गए हैं।
- शतपथ ब्राह्मण का सम्बन्ध शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन तथा काण्व दोनों शाखाओं से है।
- शतपथ ब्राह्मण में अध्यायों की संख्या 100 है।
- 'गणरत्न महोदधि' शतपथ ब्राह्मण को परिभाषित करते हुए कहते हैं, 'शतं पन्थानो मार्गा नामाध्याया यस्य तत् शतपथम्' अर्थात् जिसमें सौ अध्याय रूपी मार्ग हैं उसे शतपथ कहते हैं।
- काण्व शाखीय शतपथ ब्राह्मण का सम्पादन आचार्य **जे० एगलिंग** ने किया।
- काण्व शाखीय शतपथ ब्राह्मण में 104 अध्याय हैं।
- माध्यन्दिन शतपथ ब्राह्मण में 14 काण्ड ,100 अध्याय , 438ब्राह्मण तथा 7624 कंडिकाएँ हैं।
- **शतपथ ब्राह्मण के महत्त्वपूर्ण आख्यान -** मनु एवं श्रद्धा, जलप्लावन की कथा तथा मत्स्य, इन्द्र- वृत्र युद्ध, स्त्री - कामुक गन्धर्व, कद्रू - सुपर्णी, च्यवन - सुकन्या, स्वर्भानु और सूर्यग्रहण, नमुचि और वृत्र, पृथु वैन्य, पुरूरवा - उर्वशी, राजा केशिन्, वाणी का आख्यान, सृष्टि सम्बन्धी उपाख्यान।
- **शुक्लयजुर्वेदीय आरण्यक -** बृहदारण्यक
- शुक्ल यजुर्वेद के शतपथ ब्राह्मण की माध्यन्दिन और काण्व दोनों शाखाओं के अन्तिम छः अध्यायों को 'बृहदारण्यक' कहते हैं ।
- बृहदारण्यक का प्रथम प्रकाशन 1889 ई० **'आटो वोह्टलिङ्क'** ने किया।
- **शुक्लयजुर्वेद के उपनिषद् -** ईशावास्योपनिषद् , बृहदारण्यकोपनिषद्।

ईशावास्योपनिषद् का सामान्य परिचय

- ईशावास्योपनिषद् शुक्ल यजुर्वेद का 40 वाँ अध्याय है।
- ईशावास्योपनिषद् में कुल 18 मन्त्र हैं।
- ईशावास्योपनिषद् का प्रारम्भ 'ईशावास्यम्' से होता है।

➢ सबसे छोटा उपनिषद् किन्तु महत्त्व की दृष्टि से सर्वोपरि ।
➢ ईशावास्योपनिषद् में विद्या- अविद्या तथा सम्भूति- असम्भूति का निरूपण है।

बृहदारण्यकोपनिषद् का सामान्य परिचय

➢ बृहदारण्यकोपनिषद् शतपथ ब्राह्मण के 14 वें काण्ड का अन्तिम भाग है।
➢ बृहदारण्यकोपनिषद् सबसे बड़ा एवं प्राचीनतम उपनिषद् है।
➢ बृहदारण्यकोपनिषद् में तीन भाग हैं, प्रत्येक भाग में दो - दो अध्याय हैं।
➢ प्रथम भाग को मधुकाण्ड,द्वितीय भाग को याज्ञवल्क्यकाण्ड,तृतीय भाग को खिलकाण्ड कहते हैं।
➢ बृहदारण्यकोपनिषद् में कुल अध्यायों की संख्या छः है।
➢ प्रत्येक अध्याय ब्राह्मणों में विभाजित हैं, जो निम्नवत् है -

अध्याय	**ब्राह्मण**	**मन्त्र**
प्रथम अध्याय	छः ब्राह्मण	80
द्वितीय अध्याय	छः ब्राह्मण	66
तृतीय अध्याय	नौ ब्राह्मण	92
चतुर्थ अध्याय	छः ब्राह्मण	82
पञ्चम अध्याय	पन्द्रह ब्राह्मण	15
षष्ठ अध्याय	पाँच ब्राह्मण	75

➢ याज्ञवल्क्य - मैत्रेयी का संवाद बृहदारण्यकोपनिषद् में प्राप्त होता है।
➢ जनक और याज्ञवल्क्य संवाद, याज्ञवल्क्य और वचक्नु की कन्या गार्गी का संवाद भी इस उपनिषद् में प्राप्त होता है।

शुक्ल यजुर्वेद - एक अध्ययन

➢ **ऋत्विक् –** अध्वर्यु
➢ **शाखा–** माध्यन्दिन या वाजसनेयि शाखा -440 अध्याय, 303 अनुवाक, 1975 मन्त्र काण्वशाखा - 40 अध्याय, 328 अनुवाक, 2086 मन्त्र,
➢ शतपथ ब्राह्मण में यजुर्वेद के अक्षरों की संख्या 2,88000 (दो लाख अट्ठासी हजार) दी गयी है।
➢ **उपनिषद्-** ईशावास्योपनिषद्- 18 मन्त्र
➢ बृहदारण्यकोपनिषद्- 6 अध्याय, 47 ब्राह्मण

कल्पसूत्र-

1. **श्रौतसूत्र-** कात्यायन श्रौतसूत्र- 26 अध्याय
2. **गृह्यसूत्र-** पारस्कर गृह्यसूत्र- 3 काण्ड
3. **शुल्बसूत्र-** (क) बौधायन शुल्बसूत्र- 3 परिच्छेद, 419सूत्र

(ख) मानव शुल्बसूत्र
(ग) आपस्तम्ब शुल्बसूत्र (6पटल, 21अध्याय, 498 सूत्र)
(घ) कात्यायन शुल्बसूत्र, दो भाग

(ङ) मैत्रायणीय शुल्बसूत्र
(च) हिरण्यकेशी या सत्याषाढशुल्बसूत्र
(छ) वराह शुल्बसूत्र

- **शिक्षाग्रन्थ-** याज्ञवल्क्य शिक्षा - (116 श्लोक)
- **प्रातिशाख्यग्रन्थ-** वाजसनेयि प्रातिशाख्य - रचयिता - कात्यायन अध्याय-8

कृष्णयजुर्वेद का सामान्य परिचय

- कृष्ण यजुर्वेद का सम्बन्ध 'ब्रह्म सम्प्रदाय' से है।
- इसमें मन्त्रों के साथ व्याख्या और विनियोग वाला अंश मिश्रित है।
- कृष्ण यजुर्वेद के पारायणकर्त्ता को 'मिश्र' नाम दिया गया है।
- चरणव्यूह में कृष्ण यजुर्वेद की 69 शाखा का उल्लेख मिलता है।
- कृष्ण यजुर्वेद में तैत्तिरीय शाखा के दो भेद हैं- औख्य,खांडिकेय।
- खांडिकेय के पाँच भेद - आपस्तम्ब, बौधायन, सत्याषाढ, हैरण्यकेश,काट्यायन।

कृष्ण यजुर्वेद की शाखा

तैत्तिरीयशाखा मैत्रायणीशाखा कठशाखा कपिष्ठलशाखा

- वर्तमान समय में कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीयसंहिता प्रतिनिधि संहिता है।
- इसके ऋषि तित्तिर हैं जो वैशम्पायन के शिष्य थे।
- तैत्तिरीय शाखा में 7 काण्ड, 44 प्रपाठक, 631अनुवाक हैं।
- तैत्तिरीय शाखा में मन्त्र और ब्राह्मण मिश्रित है।
- तैत्तिरीय संहिता का विशेष प्रचार महाराष्ट्र, आन्ध्र, दक्षिण भारत में है।
- आचार्य सायण ने सर्वप्रथम तैत्तिरीय संहिता का विस्तृत भाष्य किया था।
- भट्टभास्कर मिश्र ने 11वीं शती में ज्ञानयज्ञ नामक भाष्य तैत्तिरीय संहिता के ऊपर लिखा।
- तैत्तिरीय संहिता का अंग्रेजी में अनुवाद डा. कीथ ने किया।

तैत्तिरीय संहिता की विषय वस्तु

काण्ड	**विषय-वस्तु**
प्रथम काण्ड	दर्शपूर्णमास, अग्निष्टोम, राजसूय।
द्वितीय काण्ड	पशुविधान, इष्टि
तृतीय काण्ड	पवमानग्रह आदि, वैकृतविधि, इष्टिहोम
चतुर्थ काण्ड	अग्निचिति,देवयजनग्रह, चितिवर्णन, वसोर्धारा,संस्कार
पञ्चम काण्ड	उख्य अग्नि, चितिनिरूपण, इष्टकात्रय,वायव्य पशु आदि
षष्ठ काण्ड	सोममन्त्रब्राह्मण
सप्तम काण्ड	अश्वमेध, षड्रात्र,सत्रकर्म आदि।

मैत्रायणी संहिता का परिचय

- मैत्रायणी संहिता की सात शाखाओं का उल्लेख चरणव्यूह में प्राप्त होता है। सात शाखाएँ हैं- मानव, दुन्दुभ, ऐकेय, वाराह, हारिद्रवेय, श्याम, श्यामायनीय।
- मैत्रायणी संहिता में 4 काण्ड, 54 प्रपाठक, 3144 मन्त्र हैं।

मैत्रायणी संहिता की विषय वस्तु

काण्ड	विषयवस्तु
प्रथम काण्ड	संहिता, दर्शपूर्णमास, अध्वर, अग्निहोत्र, चातुर्मास्य, वाजपेय याग
द्वितीय काण्ड	काम्य इष्टियाँ, राजसूय और अग्निचिति
तृतीय काण्ड	अग्निचिति, अध्वर आदि की विधि, सौत्रामणी और अश्वमेध याग
चतुर्थ काण्ड	खिल नाम से प्रसिद्ध, राजसूय, अध्वर, प्रवर्ग्य आदि से सम्बन्धित सामग्री।

- मैत्रायणी संहिता में ऋग्वेद से 1701 ऋचाएँ उद्धृत की गई हैं।

काठक या कठ शाखा का सामान्य परिचय

- कठ शाखा चरकों की शाखा मानी जाती है।
- काठक शाखा पाँच खण्डों में विभक्त है।
- पाँच खण्डों के नाम हैं- इठिमिका, मध्यमिका, ओरिमिका, याज्यानुवाक्या, अश्वमेधादि अनुवचन।
- उपखण्डों को 'स्थानक' और अनुवचन नाम से सम्बोधित किया गया है।
- कठ शाखा में चालीस स्थानक, तेरह अनुवचन, 843 अनुवाक, 3091 मन्त्र। मन्त्र एवं ब्राह्मण की मिश्रित संख्या 18 हजार है।

खण्ड के नाम	स्थानक	विषय विवेचन
इठिमिका खण्ड	18	पुरोडाश, अध्वर, राजसूय वाजपेय आदि का वर्णन
मध्यमिका खण्ड	12	सावित्री, स्वर्ग,दीक्षित, आयुष्य पञ्चचूड़ आदि का वर्णन
ओरिमिका खण्ड	10	चातुर्मास्य, सौत्रामणी सत्र, प्रायश्चित्त, पुरोडाश ब्राह्मण, यजमान ब्राह्मण आदि का विवेचन याज्यानुवाक्या इसका समावेश ओरिमिका खण्ड
अश्वमेधादि अनुवचन	13	मन्त्र एवं ब्राह्मण भाग का मिश्रण।

- कठशाखा के विषय में पतञ्जलि का कथन- 'ग्रामे-ग्रामे काठकं कालापकं च प्रोच्यते'।

कठ-कपिष्ठल शाखा का सामान्य परिचय

- यह शाखा चरणव्यूह के अनुसार चरकों की 12 शाखाओं में से एक है।
- इस शाखा के प्रवर्तक कपिष्ठल ऋषि थे।
- कृष्ण यजुर्वेद की कठ कपिष्ठल शाखा अपूर्ण प्राप्त है।
- कठ-कपिष्ठल की केवल एक प्रति उपलब्ध है जो सरस्वती भवन पुस्तकालय काशी

में सुरक्षित है।

- इस शाखा का विभाजन ऋग्वेद के समान अष्टक एवं अध्यायों में हैं।
- कठ-कपिष्ठल शाखा में कुल छः अष्टक, 48 अध्याय हैं।
- **कृष्णयजुर्वेदीय ब्राह्मण-** दो ब्राह्मण- तैत्तिरीय ब्राह्मण तथा मैत्रायणी ब्राह्मण
- तैत्तिरीय ब्राह्मण के रचयिता वैशम्पायन के शिष्य आचार्य तित्तिर हैं।
- तैत्तिरीय ब्राह्मण का प्रथम संस्करण 1890 में कलकत्ता सें प्रकाशित।
- तैत्तिरीय ब्राह्मण का द्वितीय संस्करण 1899 ई. में पूना से प्रकाशित।

तैत्तिरीय ब्राह्मण की विषय वस्तु

काण्ड	विषय वस्तु
प्रथम काण्ड	अग्न्याधान, गवामयन, वाजपेय, राजसूय सोमयाग नक्षत्रेष्टि का वर्णन
द्वितीय काण्ड	अग्निहोत्र, सौत्रामणी, बृहस्पतिसव, अनेक सूत्रों का वर्णन
तृतीय काण्ड	नक्षत्रेष्टि का वर्णन विस्तार के साथ, पुरुषमेध

मैत्रायणी ब्राह्मण का परिचय

- मैत्रायणी ब्राह्मण में तीन अध्याय हैं।
- मैत्रायणी ब्राह्मण मैत्रायणी संहिता का चतुर्थ अध्याय ही माना जाता है।
- 'रात्रि की उत्पत्ति' का आख्यान इस ब्राह्मण में प्राप्त होता है।
- 'पर्वतोपाख्यान' भी मैत्रायणी ब्राह्मण में वर्णित है।

कृष्ण यजुर्वेदीय ब्राह्मण

तैत्तिरीय ब्राह्मण	मैत्रायणी ब्राह्मण
(3 काण्ड)	(तीन अध्याय)

कृष्णयजुर्वेदीय आरण्यक का सामान्य परिचय

- कृष्ण यजुर्वेद के दो आरण्यक उपलब्ध हैं- तैत्तिरीय आरण्यक, मैत्रायणीय आरण्यक।
- **तैत्तिरीय आरण्यक-** राजेन्द्र लाल मिश्र ने 1782ई. में सायण भाष्य के साथ प्रकाशित किया।
- इसमें दस प्रपाठक या परिच्छेद हैं।
- प्रपाठकों का नामकरण उनके प्रथम पद के आधार पर किया गया है।
- तैत्तिरीय आरण्यक के दस प्रपाठक के नाम- भद्र, सह वै, चिति, युञ्जते, देव वै, परे, शिक्षा, ब्रह्मविद्या, भृगु, नारायणीय।
- तैत्तिरीय आरण्यक में कुल 170 अनुवाक हैं।
- सप्तम से नवम प्रपाठक को 'तैत्तिरीयोपनिषद्' कहते हैं।

- दशम प्रपाठक को 'महानारायणीयोपनिषद्' कहते हैं जिसे खिल कहते हैं।
- तैत्तिरीय आरण्यक में कुरुक्षेत्र, खाण्डव, पाञ्चाल, मत्स्य, काशी आदि के भौगोलिक नामों का उल्लेख है।
- 'श्रमण' शब्द का प्रयोग तपस्वी के अर्थ में किया गया है।
- तैत्तिरीय आरण्यक में जल के चार रूप बताए गये हैं- मेघ, विद्युत्, गर्जन, वृष्टि।
- जल के छः प्रकार बताये गए हैं- वृष्टि का जल, कूपजल, तडागजल, नद्यादि जल, पात्रजल, झरने का जल।

तैत्तिरीय आरण्यक में प्रतिपादित विषय

आरण्यक	प्रतिपादित विषय
प्रथम प्रपाठक	आरुण-केतुक नामक अग्नि की उपासना और इष्टका-चयन का वर्णन।
द्वितीय प्रपाठक	स्वाध्याय और पञ्च महायज्ञों का वर्णन
तृतीय प्रपाठक	चातुर्होत्र चिति से सम्बद्ध मन्त्र
चतुर्थ प्रपाठक	प्रवर्ग्य होम से सम्बद्ध मन्त्र
पञ्चम प्रपाठक	यज्ञ सम्बन्धी कतिपय संकेत
षष्ठ प्रपाठक	पितृमेध सम्बन्धी मन्त्रों का संकलन
सप्तम-नवम प्रपाठक	तैत्तिरीय उपनिषद्
दशम प्रपाठक	महानारायणीय उपनिषद् (खिलकाण्ड)

मैत्रायणीय आरण्यक का सामान्य परिचय

- मैत्रायणीय आरण्यक को मैत्रायणीय उपनिषद् भी कहते हैं।
- मैत्रायणीय आरण्यक में सात प्रपाठक हैं।
- इसमें आरण्यक और उपनिषद् दोनों के अंश मिश्रित हैं।
- मैत्रायणीय आरण्यक में परमात्मा को अग्नि और प्राण कहा गया है।
- अश्वपति, हरिश्चन्द्र, अम्बरीष, शर्याति, ययाति, युवनाश्व आदि राजाओं का उल्लेख मैत्रायणीय आरण्यक में प्राप्त होता है।

मैत्रायणीय आरण्यक में प्रतिपादित विषय

आरण्यक	प्रतिपादित विषय
प्रथम प्रपाठक	ब्रह्मयज्ञ। राजा बृहद्रथ को वैराग्य और मुनि शाकायन्य द्वारा उसे उपदेश
द्वितीय प्रपाठक	शाकायन्य द्वारा ब्रह्मविद्या का उपदेश
तृतीय प्रपाठक	जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन, कर्मफल और पुनर्जन्म
चतुर्थ प्रपाठक	ब्रह्म-सायुज्य-प्राप्ति के उपाय
पञ्चम प्रपाठक	कौत्सायनी स्तुति, ब्रह्म की अनेक रूपों में स्थिति

षष्ठ प्रपाठक	ओम, प्रणव, उद्गीथ और गायत्री की उपासना, आत्मयज्ञ का वर्णन, षडंग योग, शब्द ब्रह्म, निर्विषय मन से मोक्षप्राप्ति।
सप्तम प्रपाठक	आत्म-स्वरूप वर्णन

कृष्ण यजुर्वेद के उपनिषद्

- तैत्तिरीयोपनिषद्, कठोपनिषद्, श्वेताश्वतरोपनिषद्, मैत्रायणीयोपनिषद्, महानारायणोपनिषद्।

तैत्तिरीयोपनिषद् का सामान्य परिचय

- तैत्तिरीय आरण्यक के तीन प्रपाठकों (7,8,9) को तैत्तिरीय उपनिषद् कहते हैं।
- तैत्तिरीय उपनिषद् का प्रारम्भ 'अथ शीक्षां व्याख्यास्यामः' से होता है।
- तैत्तिरीय उपनिषद् में तीन वल्ली हैं- शीक्षा वल्ली, ब्रह्मानन्द वल्ली, भृगुवल्ली।
- शीक्षा वल्ली में 12 अनुवाक, ब्रह्मानन्द वल्ली में नौ अनुवाक, भृगुवल्ली में 10 अनुवाक हैं।
- भृगु-वरुण संवाद, पञ्चकोश निरूपण का उल्लेख तैत्तिरीयोपनिषद् में प्राप्त होता है।

तैत्तिरीयोपनिषद् का विभाजन

वल्ली	**अनुवाक**
शीक्षा वल्ली	12
ब्रह्मानन्द वल्ली	9
भृगु वल्ली	10

कठोपनिषद् का सामान्य परिचय

- कठोपनिषद् कृष्णयजुर्वेद की कठ शाखा से सम्बन्धित है।
- कठोपनिषद् में दो अध्याय हैं, प्रत्येक अध्याय में तीन खण्ड हैं।
- यम-नचिकेता की कथा का वर्णन कठोपनिषद् में प्राप्त होता है।
- श्रेय-प्रेय का निरूपण कठोपनिषद् में प्राप्त होता है।

श्वेताश्वतरोपनिषद् का सामान्य परिचय

- श्वेताश्वतरोपनिषद् में कुल छः अध्याय हैं।
- इस उपनिषद् में सांख्य- योग, वेदान्त दर्शन के सिद्धान्त प्रतिपादित हैं।
- श्वेताश्वतरोपनिषद् में जगत् के मिथ्यात्व की कल्पना नहीं है।
- शिव को परमेश्वर कहा गया है।
- कपिल ऋषि का उल्लेख इस उपनिषद् में प्राप्त होता है।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में प्रतिपादित विषय

अध्याय	प्रतिपादित विषय
प्रथम	हंस, त्रैतवाद, माया, क्षर-अक्षर, सत्य-तप से आत्मदर्शन
द्वितीय	योग, योगविधि, ब्रह्म तत्त्व का वर्णन
तृतीय	रुद्र, विश्वरूप, जीव का स्वरूप, आत्मा का स्वरूप
चतुर्थ	एकेश्वरवाद, त्रैतवाद, प्रकृति, माया-मायी, शिव ब्रह्मरूप
पञ्चम	क्षर-अक्षर, कपिल ऋषि, जीवात्मा का स्वरूप
षष्ठ	ब्रह्म के अनेक नाम, हंस, ईश्वर प्रकृति एवं जीव का नियन्ता, गुरुभक्ति

मैत्रायणीयोपनिषद् का सामान्य परिचय

- ➢ इसे मैत्री उपनिषद् भी कहते हैं।
- ➢ इसमें सात अध्याय हैं।
- ➢ मैत्रायणीय आरण्यक को ही मैत्रायणी उपनिषद् कहते हैं।
- ➢ इसमें वेद विरोधी सम्प्रदायों का उल्लेख है।
- ➢ आत्मा का बाह्य प्रतीक सूर्य है और आभ्यन्तर प्रतीक प्राण है।
- ➢ प्रकृति के सत्त्व, रजस् , तमस् इन तीन गुणों का ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र से सम्बन्ध बताया गया है।

महानारायणोपनिषद् का सामान्य परिचय

- ➢ तैत्तिरीय आरण्यक का दशम प्रपाठक महानारायणोपनिषद् कहा जाता है।
- ➢ इसके तीन पाठ मिलते हैं- द्रविण, आन्ध्र, कर्णाटक।
- ➢ इसे याज्ञिक्युपनिषद् भी कहते हैं।
- ➢ नारायण का परमात्म तत्त्व के रूप में उल्लेख है।

कृष्णयजुर्वेद–एक अध्ययन

ऋत्विक्-अध्वर्यु

शाखा-तैत्तिरीयशाखा- 7 काण्ड,44 प्रपाठक, 631 अनुवाक
मैत्रायणीयशाखा- 4 काण्ड, 54 प्रपाठक, 3144 मन्त्र
कठ(काठक)शाखा- 5खण्ड, 40स्थानक, 13अनुवचन, 843अनुवाक, 3091मन्त्र
कपिष्ठल(कठ)शाखा-6अष्टक, 48अध्याय

ब्राह्मण- * तैत्तिरीय ब्राह्मण-3 काण्ड
* मैत्रायणीय ब्राह्मण-3 अध्याय

आरण्यक- * तैत्तिरीय आरण्यक-10प्रपाठक
* मैत्रायणीय आरण्यक-सात प्रपाठक

उपनिषद्- * तैत्तिरीयोपनिषद्-3वल्ली,
* कठोपनिषद्-2अध्याय

* श्वेताश्वतरोपनिषद्-6अध्याय
* मैत्रायणीयोपनिषद्-7अध्याय
* महानारायणोपनिषद्

श्रौतसूत्र-
* बौधायन श्रौतसूत्र-रचयिता बोधायन, 30प्रश्नों में विभाजित
* वाधूल श्रौतसूत्र
* मानव श्रौतसूत्र
* भारद्वाज श्रौतसूत्र
* आपस्तम्ब श्रौतसूत्र रचयिता-आपस्तम्ब
* काठक श्रौतसूत्र
* सत्याषाढ श्रौतसूत्र-24प्रश्न
* वाराह श्रौतसूत्र
* वैखानस श्रौतसूत्र-32 अध्याय

गृह्यसूत्र-
* बौधायन गृह्यसूत्र
* मानव गृह्यसूत्र
* भारद्वाज गृह्यसूत्र
* आपस्तम्ब गृह्यसूत्र
* काठक गृह्यसूत्र
* आग्निवेश्य गृह्यसूत्र
* हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र
* वाराह गृह्यसूत्र
* वैखानस गृह्यसूत्र
* चारायणीय गृह्यसूत्र
* वैजवाप गृह्यसूत्र

शुल्ब सूत्र-
* बौधायन शुल्बसूत्र
* मानव शुल्बसूत्र
* आपस्तम्ब शुल्बसूत्र
* कात्यायन शुल्बसूत्र
* मैत्रायणीय शुल्बसूत्र
* हिरण्यकेशि (सत्याषाढ) शुल्बसूत्र
* वाराह शुल्बसूत्र

शिक्षा ग्रन्थ-
* व्यास शिक्षा
* वशिष्ठ शिक्षा
* भारद्वाज शिक्षा
* माण्डव्य शिक्षा

❑❑

4. सामवेद

- **सामवेद का परिचय** - वैदिक वाङ्मय में सामवेद का विशिष्ट स्थान है। सामवेद वेदों का सार है। भारतीय परम्परा के अनुसार कृष्णद्वैपायन व्यास ने साममन्त्रों का भी संकलन किया जो सामवेदसंहिता के नाम से प्रसिद्ध है। बृहद्देवता ने स्पष्ट प्रतिपादित किया है कि 'जो साम को जानता है वह वेद के रहस्य को जानता है' (सामानि यो वेत्ति स वेद तत्त्वम्।
- गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने सामवेद को ही अपना स्वरूप मानकर इसकी महत्ता घोषित की है (वेदानां सामवेदोऽस्मि) ऋग्वेद कहता है कि जो व्यक्ति जागरणशील है उसी को साम की प्राप्ति होती है (यो जागार तमु सामानि यान्ति)। अथर्ववेद में साम को परब्रह्म का लोमभूत माना गया है (सामानि यस्य लोमानि) वस्तुतः साम के वैशिष्ट्य का अर्थ यही है कि वैदिक साहित्य में सामवेद का स्थान किसी भी अन्य वेद की अपेक्षा न्यून नहीं है। सामवेद उपासना का वेद है।
- **सामतात्पर्य-** साम अर्थात् स्वरों के आरोहावरोह से युक्त मन्त्रों का गान करना। साम का अर्थ है– गायन अर्थात् 'गीतियुक्त मन्त्र'। ऋचाएँ जब विशिष्ट गान पद्धति से गायी जाती हैं तो उसे 'साम' कहते हैं। **'साम'** शब्द से (ऋचाओं के) अक्षर एवं उनसे व्यक्त स्वरमालिका का ग्रहण होता है। **'स्वरलापन'** यह साम का प्रधान अंग है। जैमिनीय सूत्र में गीति को ही साम की संज्ञा प्रदान की गई है **(गीतिषु समाख्या)** बृहदारण्यकोपनिषद् में साम शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार बताई है कि सा का अर्थ है 'ऋक्' और अम् का अर्थ है 'स्वर' अर्थात् ऋक् से सम्बद्ध स्वर प्रधान गायन को साम कहते हैं (सा च अमश्चेति तत्साम्नः सामत्वम्। तया सह सम्बद्धः अयो नाम स्वरः यत्र वर्तते तत्साम)
- **सामवेद संहिता का स्वरूप-**
  - सामवेद का ऋत्विक् उद्‌गाता है।
  - उद्‌गाता ऋग्वेद की ऋचाओं का शास्त्रीय तथा परम्परागत रूप में गायन करता है।
  - 'ऋक् और साम' में परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है।
  - सामवेद में ऋग्वेद के लगभग सभी मण्डलों से मन्त्र संगृहीत हैं किन्तु अधिकांश मन्त्र आठवें तथा नवें मण्डल से ग्रहण किये गये हैं।

- बृहत् साम, रथन्तर साम आदि का ऋग्वेद में उल्लेख है।

सामवेद का विभाजन- प्राचीन दृष्टि से सामवेद को दो संहिताओं में विभाजित किया गया है। 1. आर्चिक संहिता 2. गान संहिता

- आर्चिक शब्द का अर्थ 'ऋक् समूह' है। आर्चिक संहिता के भी दो भेद किये गये हैं।
  1. पूर्वार्चिक 2. उत्तरार्चिक
- गान संहिता को भी दो भागों में विभाजित किया गया है –
  1. ग्रामगेय 2. आरण्यगेय

सामवेद

आर्चिक संहिता गान संहिता

पूर्वार्चिक उत्तरार्चिक ग्रामगेय (वेयगान) आरण्यगेय

ऊहगान ऊह्यगान

- सामवेद के दो मुख्य भाग हैं 1. पूर्वार्चिक 2. उत्तरार्चिक
- पूर्वार्चिक में चार काण्ड हैं - 1. आग्नेय 2. ऐन्द्र 3. पावमान 4. आरण्य
- परिशिष्ट के रूप में महानाम्नी आर्चिक भी है।
- इसमें 6 अध्याय या प्रपाठक हैं। अध्यायों के अनुसार कांडों को बाँटा गया है।
- अध्यायों के खण्ड किये गये हैं।
- अध्याय 1 को 'आग्नेय काण्ड' माना जाता है।
- अध्याय 2 से 4 को 'ऐन्द्र काण्ड' माना जाता है।
- अध्याय 5 को 'पावमान काण्ड' माना जाता है।
- अध्याय 6 को 'आरण्य काण्ड' और परिशिष्ट को 'महानाम्नी आर्चिक' माना जाता है।

पूर्वार्चिक विवरण

काण्ड	विषय	अध्याय (प्रपाठक)	खण्ड	मन्त्र
1. आग्नेय	अग्नि देवता	1	12	114
2. ऐन्द्र	इन्द्र देवता	2 से 4	12	352
3. पावमान	सोम देवता	5	11	119
4. आरण्यक	इन्द्र, अग्नि,सोम	6	5	55
5. महानाम्नी आर्चिक	इन्द्र	परिशिष्ट	-	10

पूर्वार्चिक मन्त्र संख्या-650

- प्रथम से पञ्चम प्रपाठक '**ग्रामगान**' कहलाता है।
- छठा प्रपाठक '**अरण्यगान**' कहलाता है।

उत्तरार्चिक

- इसमें 9 प्रपाठक (21 अध्याय) हैं, कुल मन्त्र 1225 और कुल सूक्त 400 हैं।
- 400 सूक्तों में 287 सूक्तों में प्रत्येक में 3-3 मन्त्रों का समूह है।
- 66 सूक्तों में 2-2 मन्त्रों का समूह और शेष 47 सूक्तों में 1 से 12 तक मन्त्र समूह हैं।

उत्तरार्चिक

प्रपाठक	मन्त्र	सूक्त
9	1225	400

सामवेद मन्त्र संख्या वर्णन-

पूर्वार्चिक 650 | उत्तरार्चिक 1225

कुल

1875

ऋग्वेदीयमन्त्र 1771 | नवीन मन्त्र 108

- सामवेद के कुल मन्त्र 1875 हैं।

सामवेदीय शाखाएँ- महाभाष्य में पतंजलि ने सामवेद की एक सहस्र शाखाओं का उल्लेख किया है, (**सहस्त्रवर्त्मा सामवेदाः**)। जैमिनिगृह्यसूत्र में 13 शाखाओं का उल्लेख मिलता है।

- जैमिनि, तलवकार, सात्युग्र, राणायनीय, दुर्वासस, भागुरि, गौरुण्डि, गौर्गुलजि, औपममन्यव, कारडि, सावर्णि, गार्ग्य, वार्षगण्य और दैवन्त्य।
- उपर्युक्त 13 शाखाओं में से आजकल केवल तीन शाखाएं ही उपलब्ध हैं-

सामवेदीय शाखाएँ

कौथुमीय शाखा (गुजरात)	राणायनीय शाखा (महाराष्ट्र)	जैमिनीय शाखा (कर्णाटक)
अध्याय खण्ड मन्त्र	प्रपाठक अर्धप्रपाठक दशति मन्त्र	मन्त्र

सामवेदीय ब्राह्मण

- सामवेद के उपलब्ध ब्राह्मण 8 हैं।
- सायण ने इनका उल्लेख इस प्रकार किया है-

अष्टौ हि ब्राह्मणग्रन्थाः प्रौढं ब्राह्मणमादिमम्।
षड्विंशाख्यं द्वितीयं स्यात् ततः सामविधिर्भवेत्।
आर्षेयं देवताध्यायो भवेदुपनिषत् ततः।
संहितोपनिषद् वंशो ग्रन्था अष्टावितीरिताः।।

1. तांड्य ब्राह्मण-

- इसे पंचविंश, महाब्राह्मण और ब्राह्मण भी कहते हैं।
- इसमें 25 अध्याय हैं तथा पाँच-पाँच अध्यायों की एक पंचिका है।
- इसका मुख्य प्रतिपाद्य विषय सोमयाग है।

2. षड्विंश ब्राह्मण-

- इसमें 26 अध्याय हैं।
- इसको पंचविंश (तांड्य का परिशिष्ट माना जाता है।)
- इसके अन्तिम अध्याय को 'अद्भुत ब्राह्मण' कहते हैं।

3. सामविधान ब्राह्मण-

- इसमें तीन प्रपाठक और 25 अनुवाक हैं।
- इसमें प्रतिपादित विषय अधिकांशतः धर्मशास्त्र के क्षेत्र में आते हैं।

4. आर्षेय ब्राह्मण-

- इस ब्राह्मण में 3 प्रपाठक हैं, जो 82 खण्डों में विभक्त हैं।
- इसमें सामगानों के नाम तथा उनके अन्य नामों का उल्लेख है।

5. दैवत ब्राह्मण-

- इसमें चार खण्ड हैं।
- यह सूत्र शैली में लिखा गया है।
- इसमें सामगानों के देवताओं का विशेषरूप से वर्णन है।

6. उपनिषद् ब्राह्मण-

- इसे मन्त्र ब्राह्मण और छान्दोग्य ब्राह्मण भी कहा जाता है।
- इसमें 10 प्रपाठक हैं, प्रत्येक प्रपाठक में 8-8 खण्ड हैं।
- इस पर दो व्याख्याएं हैं - 1. गुणविष्णु कृत छान्दोग्य मन्त्र-भाष्य
  2. सायण कृत-वेदार्थप्रकाश।

7. संहितोपनिषद् ब्राह्मण-

- संहितोपनिषद् रहस्य को बताने वाला यह ग्रन्थ ब्राह्मण ग्रन्थ माना जाता है।
- इसमें 5 खण्ड हैं जो सूत्रों में विभक्त हैं।

8. वंश ब्राह्मण-

- यह ब्राह्मण बहुत छोटा है। इसमें तीन खण्ड हैं।
- इसमें स्वयंभू ब्रह्मा से सामवेद की परम्परा का प्रारम्भ माना जाता है।

सामवेदीय अष्ट ब्राह्मण

तांड्य	षड्विंश	सामविधान	आर्षेय	दैवत	उपनिषद्	संहितोपनिषद्	वंश
25अध्याय	26अध्याय	3प्रपाठक		4खण्ड	10प्रपाठक	5खण्ड	3खण्ड
	3 प्रपाठक	25 अनुवाक्					

अन्य ब्राह्मण-

- आठ ब्राह्मणों के अतिरिक्त इसी वेद से सम्बद्ध जैमिनीय या तलवकार ब्राह्मण भी है जो 9 वाँ ब्राह्मण माना जाता है।
- जैमिनीय ब्राह्मण में 3 काण्ड हैं जो खण्डों में विभक्त हैं।

सामवेदीय आरण्यक-

- इसके दो आरण्यक प्राप्त होते हैं-

तलवकार	**छान्दोग्य**
(4 अध्याय)	(छान्दोग्योपनिषद् का प्रथम भाग)

सामवेदीय उपनिषद्-

- सामवेद के दो उपनिषद् प्राप्त होते हैं।

1. केन उपनिषद् 2. छान्दोग्य उपनिषद्

➢ **केन उपनिषद्-** केनोपनिषद् में 4 खण्ड हैं। प्रथम खण्ड-8 मन्त्र, द्वितीय खण्ड-5 मन्त्र, तृतीय खण्ड-12 मन्त्र, चतुर्थ खण्ड-9 मन्त्र

- इसको 'तलवकार उपनिषद्' भी कहते हैं।
- इसमें 4 खण्ड हैं।
- प्रथम दो खण्ड पद्यात्मक हैं और शेष दो गद्यात्मक हैं।

छान्दोग्य उपनिषद्-

- इसमें 8 अध्याय या प्रपाठक हैं।
- इसके प्रथम एवं द्वितीय अध्याय में ॐ, उद्गीथ एवं साम के गूढ़ रहस्यों का मार्मिक विवेचन है।

छान्दोग्योपनिषद्

अध्याय	खण्ड	मन्त्र
प्रथम	13	104
द्वितीय	24	82
तृतीय	19	94
चतुर्थ	17	78
पञ्चम	24	88
षष्ठ	16	69
सप्तम	26	51
अष्टम	15	62

सामवेदीय प्रातिशाख्य ग्रन्थ-

- सामवेदीय प्रातिशाख्य ग्रन्थ मुख्य तीन हैं-
  1- ऋक्तन्त्र 2- पुष्पसूत्र 3- सामतन्त्र
- ऋक्तन्त्र के प्रणेता आचार्य शाकटायन हैं।
- ऋक्तन्त्र में पाँच प्रपाठक हैं।
- पुष्पसूत्र के रचयिता गोभिल ऋषि हैं ।
- पुष्पसूत्र में 10 प्रपाठक हैं।
- सामतन्त्र के लेखक महर्षि औदव्रजि को माना जाता है।
- इसमें 13 प्रपाठक हैं।

सामवेदीय प्रातिशाख्य

प्रातिशाख्य	रचनाकार	प्रपाठक
ऋक्तन्त्र	शाकटायन	5
पुष्पसूत्र	गोभिल	10
सामतन्त्र	औदव्रजि	13

सामवेदीय शिक्षाग्रन्थ

सामवेद में 3 शिक्षा ग्रन्थ प्राप्त होते हैं-

शिक्षा	लेखक
1.गौतमी शिक्षा	गौतम
2.लोमशी शिक्षा	लोमश
3. नारदीय शिक्षा	नारद

सामवेदीय श्रौतसूत्र

- सामवेद के श्रौतसूत्र निम्नलिखित हैं -
  आर्षेय (मशक), क्षुद्र कल्पसूत्र, जैमिनीय, लाट्यायन, द्राह्यायण, निदान, तथा उपनिदान।
- इनमें सामवेदीय प्रकाशित श्रौतसूत्रों की संख्या 4 है।

श्रौतसूत्र

आर्षेय या मशक कल्पसूत्र लाट्यायन द्राह्यायण जैमिनीय

सामवेदीय गृह्यसूत्र

1- गोभिल गृह्यसूत्र 2- खादिर गृह्यसूत्र 3- द्राह्यायण गृह्यसूत्र
4- जैमिनीय गृह्यसूत्र 5- कौथुम गृह्यसूत्र

सामवेदीय धर्मसूत्र

- सामवेद का 'गौतम धर्मसूत्र' एकमात्र धर्मसूत्र है।
- इसके प्रणेता 'आचार्य गौतम' हैं।
- इसमें 28 अध्याय 1000 सूत्र हैं।

सामवेदीय कल्पसूत्रों का वर्गीकरण

श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र
आर्षेय (मशक)	गोभिल	गौतम	कोई शुल्ब
लाट्यायन	खादिर		सूत्र नहीं
द्राह्यायण	द्राह्यायण		प्राप्त होता
जैमिनीय	जैमिनीय कौथुम		

सामवेद में सामगान के भेद -

- सामयोनि मन्त्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने विभिन्न गानों की रचना की है, सामगान के चार प्रकार हैं-
  1- **ग्रामगेयगान-** इसे 'प्रकृतिगान' और 'गेयगान' भी कहते हैं।
  2- **आरण्यगान-** इसे आरण्यक या **'रहस्यगान'** भी कहते हैं। यह वनों या पवित्र स्थानों पर ही गाया जाता है।
  3- **ऊहगान-** ऊह का अर्थ है- विचारपूर्वक विन्यास।
- यह सोमयाग एवं विशेष धार्मिक अवसरों पर गाया जाता है।
  4- **ऊह्यगान-** ऊह्यगान रहस्य गान है।

सामगान

1. ग्रामगेयगान 2. आरण्यगान 3. ऊहगान 4. ऊह्यगान

सामगान के विभाग

- सामगान के पाँच भाग निम्न हैं-

'प्रस्तावोद्गीथप्रतिहारोपद्रवनिधनानि भक्तयः'

अर्थात् सामगान के प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव और निधन ये पाँच भाग हैं।

भक्ति	गायक	मन्त्र का अंश
प्रस्ताव	प्रस्तोता	हुँ औग्नाइ
उद्गीथ	उद्गाता	ओम् आयाहि वीतये गृणानो हव्यदायते
प्रतिहार	प्रतिहर्ता	नि होता सत्सि बर्हिर्षि ओम्
उपद्रव	उद्गाता	नि होता सत्सि ब।
निधन	तीनों मिलकर	र्हिषि ओम्

सामविकार-

- सामगान में संगीत के अनुकूल जो शाब्दिक परिवर्तन किया जाता हैं, उसे सामविकार कहा जाता हैं। सामविकार के छः प्रकार होते हैं।

सामविकार

विकार　विश्लेषण　विकर्षण　अभ्यास　विराम　स्तोभ

सामवेद के कुछ स्मरणीय तथ्य-

- सामवेद में गायन पद्धति है। इसमें स्वरों का सम्मिश्रण है।
- सामवेदीय मन्त्रों के ऊपर 1,2,3 संख्यायें दी गई हैं।

1- उदात्त　2- अनुदात्त　3-स्वरित

- नारदीय शिक्षा के अनुसार सामवेद में स्वर आदि के सूचक हैं-

"सप्त स्वराः, त्रयो ग्रामाः, मूर्छनास्त्वेकविंशतिः।
ताना एकोनपञ्चाशत्, इत्येतत् स्वरमण्डलम्।।"

- अर्थात् स्वर सात हैं।
- ग्राम तीन हैं।
- मूर्च्छनाएँ 21 हैं।
- तान 49 हैं।

सप्त स्वर

षड्ज	-	(स)
ऋषभ	-	(रे)
गान्धार	-	(ग)
मध्यम	-	(म)
पंचम	-	(प)
धैवत	-	(ध)
निषाद	-	(नि)

सामवेदीय भाष्यकार

- सामवेद के भाष्यकार के रूप में इन आचार्यों का वर्णन प्राप्त होता है।

1. माधव- ये सामवेद के प्रथम भाष्यकार हैं। इनके भाष्य का नाम विवरण है।

2. **गुणविष्णु-** इन्होंने सामवेद की कौथुम शाखा पर 'छान्दोग्य- मन्त्रभाष्य' लिखा है।

3. **भरतस्वामी-** इन्होंने सम्पूर्ण सामवेद पर भाष्य लिखा था यह अभी प्रकाशित नहीं है।

भाष्यकार	भाष्य	वर्ष
माधव	विवरण	600 लगभग
गुणविष्णु	छान्दोग्य मन्त्रभाष्य	12 वीं शती ई. उत्तरार्ध
भरतस्वामी	सामवेदीय भाष्य	14 वीं शती ई. पूर्वार्ध

सामवेद के भारतीय अनुवादक-

	अनुवादक	भाषा
1.	सत्यव्रत	बंगला
2.	तुलसीराम स्वामी	हिन्दी- भाष्य
3.	जयदेव विद्यालंकार	हिन्दी- भाष्य
4.	श्रीराम शर्मा	हिन्दी- भाष्य
5.	वीरेन्द्र शास्त्री	हिन्दी- अनुवाद
6.	रामनाथ वेदालंकार	संस्कृत हिन्दी- भाष्य

सामवेद के पाश्चात्त्य अनुवादक

अनुवादक	विषय	भाषा	वर्ष
स्टेवेन्सन	राणायनीय शाखा	अंग्रेजी	1843 ई.
बेन्फे	कौथुम शाखा	जर्मन	1848 ई.
कैलेन्ड	जैमिनीय शाखा	रोमन	1907 ई.
ग्रिफिथ	सम्पूर्ण सामवेद	अंग्रेजी	1899 ई.
वेबर	अद्भुत ब्राह्मण	जर्मन	1858 ई.
बर्नेल	सामविधान ब्राह्मण		1873 से
	दैवत ब्राह्मण		1877 तक
	वंश-ब्राह्मण		
	संहितोपनिषद् ब्राह्मण		
	आर्षेय ब्राह्मण		
एर्टल	जैमिनीय उपनिषद्ब्राह्मण	अंग्रेजी	
कैलेण्ड	जैमिनीय ब्राह्मण	जर्मन	
स्टेनो कोनो	सामविधान ब्राह्मण		1893
ग्रास्ट्रा	जैमिनीय गृह्यसूत्र	डच	1906

➢ सामवेद संहिता - एक दृष्टि में

आचार्य	-	जैमिनि
ऋत्विक्	-	उद्गाता
उपवेद	-	गान्धर्ववेद
देवता	-	आदित्य (सूर्य)
विभाजन	-	दो भागों में (पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक)
पूर्वार्चिक	-	4 काण्ड, 6 अध्याय (प्रपाठक)
उत्तरार्चिक	-	9 प्रपाठक, 1225 मन्त्र, 400 सूक्त
शाखा	-	1. कौथुमीय 2. राणायनीय 3. जैमिनीय
ब्राह्मण	-	8 या 9
आरण्यक	-	2 (तलवकार, छान्दोग्य)
उपनिषद्	-	2 (केनोपनिषद्, छान्दोग्योपनिषद्)
प्रातिशाख्य	-	3 (ऋक्तन्त्र, पुष्पसूत्र, सामतन्त्र)
शिक्षा	-	3 (गौतमी, लोमशी, नारदीय)
श्रौतसूत्र	-	4 (आर्षेय, लाट्यायन, द्राह्यायण, जैमिनीय)
गृह्यसूत्र	-	5 (गोभिल, खादिर, द्राह्यायण, जैमिनीय, कौथुम)
धर्मसूत्र	-	1 (गौतम धर्मसूत्र)
शुल्बसूत्र	-	नहीं प्राप्त होता है।
सामगान	-	4 (ग्रामगेयगान, आरण्यगान, ऊहगान, ऊह्यगान)
सामविकार	-	6 (विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम, स्तोभ)
सामभक्तियाँ	-	5 (प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव, निधन)
भाष्यकार	-	माधव, गुणविष्णु, भरतस्वामी।

❑❑

5. अथर्ववेद

- **अथर्ववेद का अर्थ-** 'अथर्वों का वेद।' अर्थात् अभिचार मन्त्रों से सम्बन्धित ज्ञान। वेदों की चारों संहिताओं में अथर्ववेद की एक निजी और अन्यतम विशिष्टता रही है। इस वेद के 'अथर्व' शब्द की सुन्दर व्याख्या यास्काचार्य के निरुक्त तथा गोपथ ब्राह्मण में उपलब्ध है। निरुक्त के अनुसार **'थर्व'** धातु गत्यर्थक है और अथर्व का अर्थ है- गतिहीन अथवा स्थिरता युक्त। अर्थात् जिसमें चित्त में स्थिरता एवं दृढ़ता लाई जा सके। तदनुसार गोपथ ब्राह्मण में प्रस्तुत है कि- समीपस्थ आत्मा को अपने अन्दर देखना।
- पाणिनीय धातु पाठ में **'थर्वी'** धातु हिंसा के अर्थ में पठित है। 'थर्व' धातु कुटिलता एवं हिंसावाची है। अतः अकुटिलता तथा अहिंसा योग से ब्रह्म प्राप्ति कराने के कारण इस संहिता को अथर्ववेद कहा गया।
- अथर्ववेद में विभिन्न ऋषियों के दृष्टमन्त्र हैं तथा अनेक विषयों का प्रतिपादन है, अतः इसके अनेक नाम पड़े हैं। अथर्ववेद तथा अन्य ग्रन्थों में अथर्ववेद के ये नाम प्राप्त होते हैं।

अथर्ववेद की शाखाएँ-

- पतञ्जलि ने महाभाष्य में 'नवधाऽथर्वणो वेदः' कहकर इस वेद की 9 शाखाओं का उल्लेख किया है जो इस प्रकार हैं- 1. पैप्पलाद 2. तौद (स्तौद) 3. मौद 4. शौनकीय 5. जाजल 6. जलद 7. ब्रह्मवद 8. देवदर्श 9. चारणवैद्य
- प्रपंचहृदय, चरणव्यूह और सायण की अथर्ववेद-भाष्य भूमिका में भी नौ शाखाओं का उल्लेख मिलता है।
- इसमें केवल पैप्पलाद एवं शौनकीय शाखा उपलब्ध होती है।

अथर्ववेद के उपवेद

- गोपथ ब्राह्मण में अथर्ववेद के 5 उपवेद का उल्लेख है-

  1. सर्पवेद 2. पिशाचवेद 3. असुरवेद 4. इतिहासवेद 5.पुराणवेद

अथर्ववेद के अपर नाम

- ब्रह्मवेद, अथर्वाङ्गिरोवेद, भिषग्वेद, क्षत्रवेद, महीवेद, छन्दोवेद, अंगिरसवेद, भैषज्यवेद, भृग्वंगिरोवेद

अथर्ववेद की शाखाएँ (9)

पैप्पलाद तौद मौद शौनकीय जाजल जलद ब्रह्मवद देवदर्श चारणवैद्य

अथर्ववेद उपलब्ध शाखा (2)

पैप्पलाद शौनकीय

अथर्ववेद के उपवेद (5)

सर्पवेद पिशाचवेद असुरवेद इतिहासवेद पुराणवेद

अथर्ववेद के अपर नाम

ब्रह्मवेद अथर्वाङ्गिरोवेद भिषग्वेद क्षत्रवेद महीवेद छन्दोवेद

अंगिरसवेद भैषज्यवेद भृंग्वगिरोवेद

अथर्ववेद की शाखाओं के उल्लेखकर्त्ता

पतञ्जलि (महाभाष्य)	चरणव्यूह	प्रपंचहृदय	सायण
(9)	(9)	(9)	(9)

अथर्ववेद की उपलब्ध शाखा

पैप्पलाद	**शौनकीय**
1. पिप्पलाद ऋषि के नाम पर नामकरण	1. वर्तमान में प्रचलित अथर्ववेद संहिता यही है।
2. एकमात्र प्रति काश्मीर में शारदा लिपि	2. 20 काण्ड,730 सूक्त, 5987 मन्त्र
3. प्रपञ्चहृदय माट ने 20 काण्ड बताया	3. सबसे बड़ा-काण्ड-20वाँ (958 मन्त्र)
	4. सबसे छोटा काण्ड-17 वाँ (30 मन्त्र)
	5. गोपथ ब्राह्मण इसी शाखा से है।

अथर्ववेद की उपलब्ध शाखा

1. **शौनकीय शाखा (शौनक)**

➢ आजकल प्रचलित अथर्ववेद संहिता शौनकीय शाखा ही है ।

- इसमें 20 काण्ड,730 सूक्त, 5987 मन्त्र हैं।
- इसमें सबसे बड़े तीन काण्ड हैं -काण्ड-20 (958 मन्त्र)
  काण्ड- 6 (454 मन्त्र)
  काण्ड-19 (453 मन्त्र)
- सबसे छोटा काण्ड-17 वाँ काण्ड है (30 मन्त्र)

2. **पैप्पलाद शाखा**

- पिप्पलाद ऋषि के नाम पर इस शाखा का नामकरण हुआ पैप्पलाद।
- इस शाखा की संहिता 'पैप्पलाद संहिता' है।
- इस शाखा की एकमात्र प्रति काश्मीर में शारदा लिपि में प्राप्त हुई थी।
- तत्कालीन काश्मीर नरेश ने 1875 ई0 में वह प्रति प्रसिद्ध जर्मन विद्वान् डा0 राय को उपहार रूप में दी।
- प्रपञ्चहृदयकार ने पैप्पलाद शाखा का संकेत किया है। उन्होंने पैप्पलाद शाखा को 20 काण्डों का बताया।
- 1901 ई0 में अमेरिका में इसकी फोटो स्टेट प्रति छपी, बाद में डॉ0 रघुवीर ने भी इसका सुन्दर संस्करण प्रकाशित किया ।
- पतञ्जलि के प्रमाण से यह स्पष्ट है कि महाभाष्य काल में अथर्ववेद की यही शाखा सर्वाधिक प्रचलित थी।
- अथर्ववेद के देवता-सोम
- अथर्ववेद के ऋषि- अथर्वा ऋषि
- अथर्ववेद के ऋत्विक् - ब्रह्मा

अथर्ववेद के महत्त्वपूर्ण सूक्त

1. पृथिवीसूक्त (12वाँ काण्ड)
2. ब्रह्मचर्य सूक्त (11वाँ काण्ड)
3. काल सूक्त (19वाँ काण्ड)
4. विवाह सूक्त (14वाँ काण्ड)
5. व्रात्य सूक्त (15वाँ काण्ड)
6. मधुविद्या सूक्त (9वाँ काण्ड)
7. ब्रह्मविद्या सूक्त
8. रोहित सूक्त (13वाँ काण्ड)
9. कौशिक सूक्त
10. आयुष्यकर्म सूक्त
11. भैषज्यकर्म सूक्त
12. आरोग्य मन्त्र सूक्त
13. पौष्टिक मन्त्र
14. शान्ति सूक्त
15. प्रकीर्ण सूक्त

अथर्ववेद

देवता	ऋषि	ऋत्विक्
सोम	अथर्वाऋषि	ब्रह्मा

अथर्ववेद के कुछ महत्त्वपूर्ण सूक्त

* पृथिवीसूक्त * ब्रह्मचर्यसूक्त * कालसूक्त * विवाहसूक्त * व्रात्यसूक्त
* मधुविद्यासूक्त * ब्रह्मविद्यासूक्त * रोहितसूक्त * कौशिकसूक्त * आयुष्यकर्मसूक्त
* भैषज्यकर्मसूक्त * आरोग्यमन्त्रसूक्त * पौष्टिकमन्त्र * शान्तिसूक्त * प्रकीर्णसूक्त

अथर्ववेद ब्राह्मण

गोपथ ब्राह्मण

पूर्वभाग	उत्तरभाग
(5 प्रपाठक)	(6 प्रपाठक)
135 कण्डिकाएँ	123 कण्डिकाएँ

अथर्ववेदीय-ब्राह्मण

➢ अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण गोपथ ब्राह्मण है।

➢ गोपथ ब्राह्मण पैप्पलाद शाखा से संबद्ध है।

➢ पैप्पलाद शाखा के अथर्ववेद का प्रथम मन्त्र- 'शं नो देवीरभिष्टये' है।

➢ गोपथ ब्राह्मण दो भागों में विभक्त है- पूर्वभाग (5 प्रपाठक) उत्तरभाग (6 प्रपाठक) = 11 प्रपाठक हैं।

➢ पूर्व गोपथ ब्राह्मण में 135 कण्डिकाएँ हैं। उत्तर गोपथ ब्राह्मण में 123 कण्डिकाएँ। कुल मिलाकर गोपथ ब्राह्मण में 11 प्रपाठक 258 कण्डिकाएँ हैं। अथर्ववेद का आरण्यक नहीं उपलब्ध है।

अथर्ववेदीय उपनिषद्

➢ अथर्ववेद के उपलब्ध उपनिषद् तीन हैं –
(1) प्रश्नोपनिषद् (2) मुण्डकोपनिषद् (3) माण्डूक्योपनिषद्

प्रश्न उपनिषद्

➢ यह अथर्ववेद की पैप्पलाद शाखा से सम्बन्धित है जो सम्पूर्ण गद्यमय है।

➢ पिप्पलाद ऋषि अपने छह शिष्य ऋषियों द्वारा पूछे गए अध्यात्म विषयक प्रश्नों का समुचित उत्तर देते हैं इन प्रश्नों के कारण ही इस उपनिषद् का नाम प्रश्नोपनिषद् पड़ा।

➢ छह शिष्यों के नाम इस प्रकार हैं-

1. कबन्धी कात्यायन	2. भार्गव वैदर्भि	3. कौसल्य आश्वलायन
4. सौर्य्यायणी	5. शैव्यसत्यकाम	6. सुकेशा भारद्वाज

अथर्ववेदीय उपनिषद्

प्रश्न उपनिषद्	**मुण्डक उपनिषद्**	**माण्डूक्य उपनिषद्**
(सम्पूर्ण गद्यमय)	(3 मुण्डक)	(लघुकाय)
* पिप्पलाद ऋषि द्वारा छः शिष्यों को आध्यात्मिक प्रश्नों का उत्तर देना * इसी कारण प्रश्न उपनिषद् नाम पड़ा	* हर मुण्डक 2-2 *खण्डों में 'सत्यमेव जयते' महावाक्य * 'द्वा सुपर्णा सयुजा' मन्त्र * 'वेदान्त' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग	* कुल 12 वाक्य। खण्ड ऋचा कण्डिका *ॐकार का विशेष वर्णन * ब्रह्म की चार अवस्थाएं वर्णित * चतुष्पाद आत्मा का वर्णन

2. मुण्डकोपनिषद्

➢ अथर्ववेदीय मुण्डकोपनिषद् कुल तीन मुण्डकों तथा प्रत्येक मुण्डक दो-दो खण्डों में विभक्त है।

➢ यह मुण्डक अर्थात् संन्यासियों के लिए विरचित है।

➢ इस उपनिषद् में ब्रह्मा ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा (अर्थवन्) को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया है।

➢ प्रसिद्ध वाक्य **'सत्यमेव जयते'** इसी उपनिषद् में है।

➢ द्वैतवाद का प्रतिपादक **''द्वा सुपर्णा सयुजा''** मन्त्र इसी उपनिषद् का है।

➢ वेदान्त शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम इसी उपनिषद् में उपलब्ध है।

3. माण्डूक्योपनिषद्

➢ यह उपनिषद् लघुकाय है। लघुता के कारण भी और भाव गाम्भीर्य के कारण बहुत महत्त्वपूर्ण है।

➢ इसमें कुल 12 वाक्य/खण्ड / कण्डिकाएँ हैं।

➢ इसमें विशेष रूप से ओम्कार का रहस्य वर्णित है।

➢ इसमें बताया गया है कि यह सारा संसार, वर्तमान, भूत और भविष्य सब कुछ 'ओम्' की ही व्याख्या है।

➢ इसी में ही ब्रह्म की चार अवस्थाएं बताई गई हैं जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय।

➢ इसी सन्दर्भ में चतुष्पाद आत्मा का सूक्ष्मविवेचन भी प्राप्त होता है।

अथर्ववेदीय कल्पसूत्र

श्रौतसूत्र	गृह्यसूत्र	धर्मसूत्र	शुल्बसूत्र
वैतानसूत्र	कौशिक सूत्र	उपलब्ध	उपलब्ध
8 अध्याय	14 अध्याय	नहीं हैं।	नहीं हैं।
43 कण्डिकायें	141 कण्डिकायें		

अथर्ववेदीय श्रौतसूत्र

- अथर्ववेद का वैतान श्रौतसूत्र ही उपलब्ध है।
  वैतान श्रौतसूत्र - ब्रह्मा के सभी कर्तव्य, इस श्रौतसूत्र के पहले ही अध्याय में दर्शपूर्ण मास के विवरण में प्रतिपादित हैं।
- यह श्रौतसूत्र गोपथ ब्राह्मण पर आश्रित है।
- इसमें 8 अध्याय और 43 कण्डिकाएँ हैं।
- ये श्रौत कर्म बतलाए गए हैं- दर्शपूर्णमास, अग्न्याधेय, उक्थ्य, षोडशी अतिरात्र, वाजपेय, अग्निचयन, राजसूय आदि।

अथर्ववेदीय-गृह्यसूत्र

- अथर्ववेद का एक मात्र गृह्यसूत्र कौशिक (कौशिकसूत्र) उपलब्ध है।
- कौशिक गृह्यसूत्र का अथर्ववेद की शौनकीय शाखा से विशेष सम्बन्ध है।
- इसका विभाजन 14 तथा 141 कण्डिकाओं में हुआ है।
- शान्तिकर्म और अभिचार कर्मों का विशद विवेचन है।
- इसमें प्रायः प्रायश्चित्त कर्म और भविष्यवाणी का विशद विवेचन है।
- कौशिक सूत्र को 'संहिता विधि' या **'संहिता कल्प'** संज्ञा प्राप्त है।
- अथर्ववेद का धर्मसूत्र नहीं उपलब्ध है।
- अथर्ववेद का शुल्बसूत्र नहीं उपलब्ध है।

अथर्ववेदीय शिक्षा ग्रन्थ

- अथर्ववेद का केवल एक शिक्षाग्रन्थ है – **माण्डूकी शिक्षा**
- यह श्लोकात्मक है।
- साम स्वरों का इसमें विशद विवेचन है। इसमें कुल 179 श्लोक हैं।
- अथर्ववेद के स्वरों तथा वर्णों को भली-भाँति जानने के लिए यह शिक्षा उपयोगी है।

अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

- अथर्ववेद के दो प्रातिशाख्य ग्रन्थ उपलब्ध हैं।
  * शौनकीय चतुरध्यायिका
  * अथर्ववेद प्रातिशाख्य

अथर्ववेदीय शिक्षाग्रन्थ

माण्डूकी शिक्षा

179 श्लोक
साम स्वरों और वर्णों का वर्णन

अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

* शौनकीय चतुरध्यायिका	* अथर्ववेद प्रातिशाख्य
* 4 अध्याय	* 3 प्रपाठक
* सूत्र संख्या – 434	* प्रथम प्रपाठक में 3 पाद
* सबसे प्राचीन प्रातिशाख्य	* द्वितीय और तृतीय प्रपाठक में 4पाद
	* कुल सूत्र संख्या 221 है।

1. शौनकीय चतुरध्यायिका

➢ इसके लेखक शौनक हैं।

➢ इसमें चार अध्याय हैं और सूत्रसंख्या 434 है।

➢ 1. ध्वनि विचार 2. सन्धि विवेचन 3. संहिता पाठ में दीर्घत्व, द्वित्व, णत्व, स्वरसन्धि। 4. अवग्रह, प्रगृह्य आदि का विवेचन।

➢ यही सबसे प्राचीन अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य है।

➢ इसका इंग्लिश अनुवाद के सहित संस्करण डॉ0 व्हिटनी ने प्रकाशित किया है।

* प्रथम अध्याय में 105 सूत्र
* द्वितीय अध्याय में 107 सूत्र
* तृतीय अध्याय में 96 सूत्र
* चतुर्थ अध्याय में 126 सूत्र

2. अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

➢ यह प्रपाठकों में विभक्त है।

➢ प्रपाठक पुनः पादों तथा सूत्रों में विभक्त हैं।

➢ प्रथम प्रपाठक में 3 पाद हैं।

➢ द्वितीय और तृतीय प्रपाठक में चार चार पाद हैं।

➢ कुल सूत्र संख्या 221 है।

➢ इस प्रातिशाख्य में सन्धि,स्वर तथा पदपाठ के नियम बताये गए हैं।

➢ जिनमें स्वरों का वर्णन अधिक विस्तार से किया गया है।

➢ डॉ. सूर्यकान्त ने इसका एक सुन्दर संस्करण 1940 में लाहौर से प्रकाशित किया था।

- इस ग्रन्थ की भाषा शैली सूत्रात्मक है।
- इस प्रातिशाख्य ग्रन्थ में अथर्ववेद के उच्चारण सम्बन्धी नियमों का भी उल्लेख है।

अथर्ववेद के भारतीय भाष्यकार

दुर्गादास लाहिड़ी

- सायण-भाष्य सहित अथर्ववेद (शौनक शाखा) को 5 भागों में प्रकाशित किया।

शंकर पाण्डुरंग -

- अथर्ववेद का सायण भाष्य-सहित संस्करण 4 भागों में निकाला था (बम्बई 1898 ई.)
- यह बहुत शुद्ध संस्करण है।

सातवलेकर

- अथर्ववेद संहिता (शौनकीय) 1943 ई0 में प्रकाशित की।
- इन्होंने 'अथर्ववेद' का सुबोध-भाष्य 5 भागों में प्रकाशित किया।
- इन्हें आधुनिक युग का 'सायण' कहा जाता है।
- यह अथर्ववेद का सर्वोत्तम व्याख्या ग्रन्थ है।
- यह ग्रन्थ श्री सातवलेकर के अगाध वेदज्ञान और अथक परिश्रम का परिचायक है।

क्षेमकरण त्रिवेदी

- सम्पूर्ण ऋग्वेद का हिन्दी भाष्य किया है।

जयदेव विद्यालंकार

- सम्पूर्ण अथर्ववेद का हिन्दी भाष्य किया ।

श्रीरामशर्मा

- इन्होंने इसे हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया है।

विश्वबन्धु-

- सायण भाष्य सहित अथर्ववेद 5 भागों में निकाला है।

भगवद्दत्त

- अथर्ववेदीय पंचपटलिका और माण्डूकी शिक्षा पर भाष्य टीका लिखी

विश्वबन्धु-

- अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य और अथर्ववेदीय बृहत् सर्वानुक्रमणी पर भाष्यटीका लिखी –
- गोपथ ब्राह्मण पर भाष्य लिखा - **राजेन्द्र लाल मिश्र**

क्षेमकरण त्रिवेदी -

- गोपथ ब्राह्मण हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशित किया।

डॉ0 विजयपाल शास्त्री-

- गोपथ ब्राह्मण पर भाष्य मिलता है।

अथर्ववेदीय पाश्चात्त्य विद्वान्

रोठ और ह्विटनी

- अथर्ववेद संहिता (शौनकीय शाखा) का सर्वप्रथम संपादन किया और 1856 ई0 में उसे प्रकाशित किया।

ब्लूम फील्ड और गार्बे

- अथर्ववेद (पैप्पलाद शाखा) की एक अति जीर्ण काश्मीर से शारदा लिपि में प्राप्त प्रति से फोटो-प्रति तीन बड़ी जिल्दों में 1901 ई0 में छपवाई।

कैलेण्ड-

- अथर्ववेद- संहिता का एक आलोचनात्मक संस्करण उट्रिच (हालैंड) से प्रकाशित किया।

ग्रिफिथ-

- अथर्ववेद का अंग्रेजी में पद्यानुवाद वाराणसी से 1895-1898 में छपवाया था।

ह्विटनी और लानामान-

- अथर्ववेद का अंग्रेजी में अनुवाद 150 पृष्ठ की भूमिका तथा विविध टिप्पणियों से युक्त है।
- जो 1905 ई0 में दो भागों में प्रकाशित किया।

ब्लूमफील्ड

- पैप्पलाद संहिता का अंग्रेजी में अनुवाद 1901 ई0 में प्रकाशित किया था ।

अथर्ववेदीय ब्राह्मण के पाश्चात्त्य अनुवादक

गास्ट्रा-

- गोपथ ब्राह्मण का एक सुन्दर संस्करण 1919 ई0 में प्रकाशित किया।

अथर्ववेदीय कल्पसूत्र के पाश्चात्त्य अनुवादक

ब्लूमफील्ड-

- अथर्ववेदीय कौशिक सूत्र 1890 ई0 में प्रकाशित किया था ।

अथर्ववेद संहिता -एक दृष्टि में

- **आचार्य -** सुमन्तु, **ऋषि-**अथर्वा, **ऋत्विक्-** ब्रह्मा
- **उपवेद-** पिशाचवेद, सर्पवेद,पुराणवेद,इतिहासवेद,असुरवेद
- **अपरनाम -** ब्रह्मवेद, क्षत्रवेद, महीवेद, भैषज्यवेद, छन्दोवेद, भिषग्वेद, अथर्वाङ्गिरोवेद, आंगिरसवेद, भृग्वंगिरो वेद
- **विभाजन-** 20 काण्ड
- **उत्पत्ति देवता-** सोम

- **शाखायें-**

पैप्पलाद	तौद
मौद	शौनकीय
जाजल	जलद
ब्रह्मवद	देवदर्श
चारणवैद्य	

- **उपलब्ध शाखा-** पैप्पलाद, शौनकीय (शौनक)
- **ब्राह्मण-** गोपथ ब्राह्मण
- **आरण्यक-** नहीं है (उपलब्ध नहीं)
- **उपनिषद्-** प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य
- **श्रौतसूत्र-** वैतान श्रौतसूत्र
- **गृह्यसूत्र-** कौशिक गृह्यसूत्र
- **धर्मसूत्र-** उपलब्ध नहीं
- **शुल्बसूत्र-** उपलब्ध नहीं
- **शिक्षा-** माण्डूकी शिक्षा
- **प्रातिशाख्य-** 1. शौनकीय चतुरध्यायिका
  2. अथर्ववेद प्रातिशाख्य

भारतीय भाष्यकार-

1. दुर्गादास लाहिड़ी
2. शंकर पांडुरंग पण्डित
3. सातवलेकर
4. क्षेमकरण त्रिवेदी
5. जयदेव विद्यालंकार
6. श्रीराम शर्मा
7. विश्वबन्धु
8. डॉ0 रघुवीर
9. भगवद् दत्त
10. डॉ0 विजयपाल शास्त्री
11. राजेन्द्र लाल मिश्र

पाश्चात्त्य अनुवादक

1. रोठ और ह्विटनी
2. ब्लूमफील्ड और गार्वे
3. कैलेन्ड
4. ग्रिफिथ
5. ह्विट्नी और लानमान
6. गास्ट्रा

❑❑

6. ब्राह्मण-ग्रन्थ

- ब्राह्मण शब्द 'ब्रह्मन्' शब्द से 'अण्' प्रत्यय होने पर बना है।
- **ब्राह्मण शब्द के तीन अर्थ –**

  (1) शतपथ ब्राह्मण के अनुसार 'ब्रह्मन्' शब्द का अर्थ-मन्त्र है **'ब्रह्म वै मन्त्रः'**। (शतपथ ब्राह्मण-7.1.1.5) अतः वेदमन्त्रों की व्याख्या और विनियोग प्रस्तुत करने वाले ग्रन्थ को 'ब्राह्मण' कहते हैं।

  (2) शतपथ के अनुसार ही 'ब्रह्मन्' शब्द का दूसरा अर्थ- 'यज्ञ' है **'ब्रह्म यज्ञः'** (शतपथ-3.1.4.15)

  (3) ब्रह्मन् शब्द का एक अन्य अर्थ है-'पवित्र ज्ञान या रहस्यात्मक विद्या'।
- जिन ग्रन्थों में वैदिक रहस्यों का उद्घाटन किया गया है, उन्हें 'ब्राह्मण' कहते हैं।
- **ब्राह्मण का अर्थ –** मीमांसा-दर्शन का कथन है कि - 'मन्त्रभाग या संहिताग्रन्थों के अतिरिक्त वेद-भाग को ब्राह्मण कहते हैं।'
- **भट्ट भास्कर –** भट्ट भास्कर का कथन है कि - 'कर्मकाण्ड और मन्त्रों के व्याख्यान ग्रन्थों को 'ब्राह्मण' कहते हैं। **'ब्राह्मणं नाम कर्मणस्तन्मन्त्राणां व्याख्यानग्रन्थः'।**
- **वाचस्पति के अनुसार-** ब्राह्मण उन ग्रन्थों को कहते हैं- जिनमें निर्वचन (निरुक्ति), मन्त्रों का विविध यज्ञों में विनियोग, प्रयोजन प्रतिष्ठान (अर्थवाद) और विधि का वर्णन होता है।

  नैरुक्त्यं यत्र मन्त्रस्य विनियोगः प्रयोजनम्।
  प्रतिष्ठानं विधिश्चैव ब्राह्मणं तदिहोच्यते॥
- ग्रन्थ अर्थ में ब्राह्मण शब्द नपुंसकलिङ्ग में होता है।
- ब्राह्मण शब्द का ग्रन्थ अर्थ में प्रयोग अष्टाध्यायी, निरुक्त, शतपथ ब्राह्मण और ऐतरेय ब्राह्मण आदि में प्राप्त होता है।
- पाणिनि की अष्टाध्यायी में 'अनुब्राह्मण' का भी उल्लेख प्राप्त होता है-
  'अनुब्राह्मणादिनिः' (अष्टा. - 4.2.62)
- काशिका में ब्राह्मण के सदृश ग्रन्थ को 'अनुब्राह्मण' कहा गया है।
- ये अनुब्राह्मण लघुकाय ब्राह्मण ग्रन्थ हैं। इनमें किसी एक अंश का ही विवेचन मिलता है।

मन्त्र-ब्राह्मण-

- संहिताओं में उपलब्ध मन्त्र भाग का कर्मकाण्ड में विनियोग होता है।
- ब्राह्मणभाग मन्त्रों के विनियोग की विधि को बताता है।
- एक मूल है दूसरा उसका व्याख्यान या भाष्य।
- यज्ञों में मन्त्रों से आहुति दी जाती है, ब्राह्मण भाग उसकी उपयोगिता और विधि को बताता है।
- वैदिक वाङ्मय एवं वैदिक साहित्य में ब्राह्मण, आरण्यक, और उपनिषदों का भी समावेश है।
- वेद शब्द का गौण अर्थ वैदिक साहित्य लेने पर ब्राह्मण ग्रन्थों को भी वेद कहा जा सकता है।
- 'मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्' (आपस्तम्ब श्रौतसूत्र 1.33) मन्त्र और ब्राह्मणग्रन्थों को वेद कहते हैं।

ब्राह्मण ग्रन्थों का विषय और भाषा-शैली

- मुख्य विषय- विधि अर्थात् यज्ञ कब और कहाँ किया जाय, यज्ञ के अधिकारी, यज्ञ के लिये आवश्यक साधन एवं सामग्री आदि।
- संहिताग्रन्थ स्तुतिप्रधान हैं तो ब्राह्मणग्रन्थ विधि प्रधान।
- ब्राह्मणों की भाषा वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत को जोड़ने वाली सुन्दर कड़ी है।
- ब्राह्मणों में वैदिक और लौकिक शब्दावली का समन्वय है।
- वैदिक लेट्लकार का प्रयोग अतिविरल है। तुमर्थक प्रत्ययों के प्राचीनरूप यत्र-तत्र दिखाई पड़ते हैं।
- ब्राह्मणों की भाषा में प्रसादगुण का बाहुल्य है। भाषा सरल, सरस और रोचक है।

ऋषि और आचार्य में अन्तर –

- आश्वलायन गृह्यसूत्र में ऋषि और आचार्य में अन्तर किया गया है।
- मन्त्रद्रष्टा को ऋषि कहते हैं और ब्राह्मणग्रन्थों के द्रष्टा या रचयिता को आचार्य कहते हैं।
- **आचार्यों के तीन गण (वर्ग) बताए गए हैं-**

  (1) माण्डूकेय गण (2) शांखायन गण (3) आश्वलायन गण
- **ब्राह्मणग्रन्थों के रचयिता हैं-** कौषीतकि, भारद्वाज, याज्ञवल्क्य, शांखायन, ऐतरेय, बाष्कल, शाकल, गार्ग्य, शौनक और आश्वलायन।
- **ब्राह्मणग्रन्थों का प्रतिपाद्य विषय**
- ब्राह्मणग्रन्थों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है- यज्ञ एवं यज्ञ- प्रक्रिया का सर्वाङ्गीण विवेचन।

- यज्ञमीमांसा के दो मुख्य भाग – 1. विधि 2. अर्थवाद।
- विधि का अभिप्राय- यज्ञप्रक्रिया का विस्तृत निरूपण।
- आपस्तम्ब का कथन है- **'कर्मचोदना ब्राह्मणानि'** अर्थात् ब्राह्मण ग्रन्थ विविध यज्ञरूप कर्मों में मनुष्यों को प्रेरित करते हैं।
- अर्थवाद का अभिप्राय है- स्तुति या निन्दापरक विविध विषय।
- वाचस्पति मिश्र ने ब्राह्मणग्रन्थों के चार प्रयोजन बताये हैं-

(1) **निर्वचन=**शब्दों की निरुक्ति बताना, किसी वस्तु का नाम क्यों पड़ा, या धातु को बताना आदि।

(2) **विनियोग=** किस यज्ञ की किस विधि में किन-किन मन्त्रों का पाठ किया जायेगा पूरा विवरण बताना।

(3) **प्रतिष्ठान=** प्रतिष्ठान का अर्थ है- अर्थवाद। यज्ञ की विधियों की प्रशंसा या निन्दा करना।

(4) **विधि=** यज्ञ और उससे सम्बद्ध कार्यों का विस्तृत वर्णन बताना। यज्ञ कब, कहाँ, कैसे होगा, किस यज्ञ के लिये क्या सामग्री अपेक्षित है तथा ऋत्विज् क्या कार्य करेगा आदि का वर्णन।

नैरुक्त्यं यत्र मन्त्रस्य विनियोगः प्रयोजनम्।
प्रतिष्ठानं विधिश्चैव ब्राह्मणं तदिहोच्यते॥ (वाचस्पति मिश्र)

- मीमांसा दर्शन के भाष्य में शबरस्वामी ने ब्राह्मण विषयों को कुछ और विस्तृत करते हुये ब्राह्मण-ग्रन्थों के प्रतिपादित विषयों की संख्या दश बतायी है।

हेतुर्निर्वचनं निन्दा प्रशंसा संशयो विधिः।
परक्रिया पुराकल्पो व्यवधारण-कल्पना॥
उपमानं दशैते तु विधयो ब्राह्मणस्य वै॥ (मीमांसासूत्र- शाबरभाष्य 2.18)

- ब्राह्मण विषय- 1. हेतु 2. निर्वचन 3. निन्दा 4. प्रशंसा 5. संशय 6. विधि 7. परक्रिया 8. पुराकल्प 9. व्यवधारण-कल्पना 10. उपमान

1. **हेतु-** यज्ञ में कोई कार्य क्यों किया जाता है, इसका कारण बताना।
2. **निर्वचन-** शब्दों की निरुक्ति बताना। जैसे- नद् (शब्द करना)
3. **निन्दा-** यज्ञ मे निषिद्ध कर्मों की निन्दा। जैसे- यज्ञ में असत्य भाषण निषिद्ध है। असत्य भाषण की निन्दा करना।
4. **प्रशंसा-** यज्ञ में विहित कार्यो की प्रशंसा करना। जैसे- **'यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म'** अर्थात् यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है, अतः अवश्य करना चाहिए।
5. **संशय-** किसी यज्ञिय कर्म के विषय में कोई सन्देह उपस्थित हो तो उसका निवारण करना।
6. **विधि-** विधि का अभिप्राय है- यज्ञिय क्रियाकलाप की पूरी विधि का विशद निरूपण।

7. **परक्रिया-** इसके अर्थ के विषय में पर्याप्त मतभेद है। परक्रिया का भाव है- परार्थक क्रिया, परहित या परोपकार वाले कर्तव्यों का वर्णन। इसमें इष्टापूर्त का समावेश है। इष्ट का अर्थ है- विविध याग आदि। पूर्त का अर्थ- धर्मार्थ कार्य जैसे- कूप, तडाग आदि का निर्माण।
8. **पुराकल्प-** यज्ञ की विभिन्न विधियों के समर्थन में किसी प्राचीन आख्यान या ऐतिहासिक घटना का वर्णन करना। जैसे- राजा के अभाव में जनता भयभीत रहती थी, अतः राजा के वरण की व्यवस्था की गई।

   हरिश्चन्द्रोपाख्यान में प्रसिद्ध 'चरैवेति' – 'चरैवेति' चलते रहो, चलते रहो आदि का निर्देश।
9. **व्यवधारण- कल्पना-** परिस्थिति के अनुसार कार्य की व्यवस्था करना।

   सायण ने इसका उदाहरण दिया है – जितनें घोड़े हों, उतने जल भरे पात्र रखें। घोड़ों की संख्या के अनुसार आसनों की व्यवस्था की जायेगी।
10. **उपमान-** कोई उपमा या उदाहरण देकर वर्ण्य विषय की पुष्टि करना। जैसे- ऐतरेय ब्राह्मण मे 'चरैवेति' की पुष्टि में सूर्य का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सूर्य निरन्तर चलता रहता है, अतः उसकी तेजस्विता बनी रहती है।

    सूर्यस्य पश्य श्रेमाणं यो न तन्द्रयते चरन्। चरैवेति

ब्राह्मणग्रन्थों की संख्या

- प्रतिशाखा के अनुसार प्रत्येक शाखा के ब्राह्मण ग्रन्थ थे। काल के प्रभाव से अधिकतर लुप्त हो गये हैं, तथापि कुछ ब्राह्मण ग्रन्थ उपलब्ध हैं।

  ब्राह्मणग्रन्थ निम्न हैं-

  (1). ऋग्वेद- 1. ऐतरेय ब्राह्मण 2. शांखायन ब्राह्मण (कौषीतकि)

  (2). यजुर्वेद- 1. शुक्लयजुर्वेद – शतपथब्राह्मण
2. कृष्णयजुर्वेद – तैत्तिरीय ब्राह्मण

  (3). सामवेद-

  1. ताण्ड्य ब्राह्मण
  2. षड्विंश ब्राह्मण
  3. सामविधान ब्राह्मण
  4. आर्षेय ब्राह्मण
  5. दैवत ब्राह्मण
  6. छान्दोग्य ब्राह्मण
  7. संहितोपनिषद् ब्राह्मण
  8. वंश ब्राह्मण
  9. जैमिनीय ब्राह्मण

  (4) अथर्ववेद- गोपथ ब्राह्मण

ऋग्वेदीय ब्राह्मण

ऐतरेय ब्राह्मण-

- ऋग्वेद का प्रधान ब्राह्मण 'ऐतरेय' है। इस ब्राह्मण का कर्त्ता 'ऐतरेय महीदास' को माना जाता है।
- ऐतरेय ब्राह्मण में 40 अध्याय हैं। पाँच अध्यायों से युक्त एक पञ्चिका है।
  अध्याय - 40 पञ्चिका - 8 कण्डिकायें - 285
- इस ब्राह्मण का प्रधान विषय होत्रकर्म हेतु ऋचाओं के विनियोग का निरूपण करना है।
- इस ब्राह्मण में सोमयाग का विस्तृत विवेचन है।
- प्रथम सोलह (16) अध्यायों में अग्निष्टोम याग का विवेचन हुआ है।
  (17) सत्रह एवं अठ्ठारह (18) वें अध्याय में 360 दिवसपर्यन्त सम्पन्न होने वाले गवामयन सत्र का विचार निरूपित है।
- 19 से 24 अध्याय पर्यन्त द्वादशाहयाग का वर्णन है।
- 25 से 32 अध्याय में अग्निहोत्र की व्यवस्था निरूपित है।
- अन्तिम 8 अध्यायों में राज्याभिषेक की विधि विस्तृत रूप में वर्णित है।
- इसके प्रथम और द्वितीय पञ्चिका में एक दिन में सम्पन्न होने वाले 'अग्निष्टोम' नामक सोमयाग में होतृ के विधि-विधानों एवं कर्तव्यों का वर्णन है।
- तृतीय और चतुर्थ पञ्चिका में प्रातः सवन, माध्यन्दिन सवन, सायं सवन विधि के साथ अग्निहोत्र का प्रयोग बताया गया है।
- पञ्चम में द्वादशाह यागों तथा षष्ठ पञ्चिका में सप्ताहों तक चलने वाले सोमयागों एवं उनके होता तथा सहायक ऋत्विजों के कार्यों का विवेचन है।
- सप्तम पञ्चिका में राजसूय यज्ञ तथा शुनःशेप का आख्यान वर्णित है।
- अष्टम पञ्चिका में ऐतिहासिक विवरण है। इसमें प्रथम 'ऐन्द्र महाभिषेक' तदनन्तर चक्रवर्ती नरेशों के अभिषेक का चित्रण है।
- ऐतरेय ब्राह्मण में इन्द्र को सब देवों में श्रेष्ठ बताया गया है। वह सबसे अधिक शक्तिशाली, साहसी और दूर तक पार लगाने वाला है।

'स वै देवानामोजिष्ठो बलिष्ठः सत्तमः पारयिष्णुतमः' (ऐतरेय ब्राह्मण- 7/16)

- जन्म से ही ब्राह्मण पर तीन ऋण होते हैं-

ऋण
1. देव ऋण
2. ऋषि ऋण
3. पितृ ऋण

- इन तीनों ऋणों का परिशोधन यज्ञ या पुत्रोत्पत्ति के द्वारा होता है।

- ऐतरेय ब्राह्मण में शुनःशेप का आख्यान अनेक दृष्टियों से पठनीय है।
- शुनःशेप ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के अनेक सूक्तों के द्रष्टा ऋषि हैं।
- इक्ष्वाकुवंशीय राजा हरिश्चन्द्र के कोई सन्तान नहीं थी। नारद के उपदेश से उन्होनें वरुण के पास जाकर व्रत लिया कि यदि मेरे पुत्र होगा तो उसे वरुणदेव को समर्पित कर दूँगा।
- राजा के घर एक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम रोहित था। किन्तु राजा बलि देने के लिये उसे उपयुक्त न समझ व्रत को टालता गया और रोहित प्रौढावस्था को प्राप्त हो गया।
- अन्त में राजा पुत्र को बलि देने के लिये तैयार हो गया किन्तु अवसर पाकर रोहित घर से भाग निकला और जंगलों में इधर उधर भटकता रहा। इसी बीच राजा को वरुण के शाप से जलोदर रोग हो गया।
- यह समाचार सुनकर रोहित घर लौट आया और अजीगर्त ब्राह्मण के पास जाकर उसके मध्यम पुत्र शुनःशेप को सौ गायें देकर खरीद लेता है।
- शुनःशेप का पिता अपने पुत्र की बलि देने के लिये तैयार हो जाता है और शुनःशेप को यूप में बाँध दिया किन्तु शुनःशेप ऐसे अवसर पर देवताओं की स्तुति करता है। जैसे-जैसे स्तुति करता गया वैसे-वैसे वरुण का पाश टूटता गया और महाराज हरिश्चन्द्र का रोग भी घटता गया।
- अन्त में 'शुनःशेप' पाशमुक्त हो गया। राजा भी रोग से मुक्त हो गया। अन्त में शुनःशेप ने अपने लोभी पिता को छोड़ दिया और विश्वामित्र ने उसे दत्तक पुत्र के रूप में स्वीकार कर लिया।
- ऐतरेय ब्राह्मण में सोम-हरण का भी आख्यान प्राप्त होता है।
- गोविन्दस्वामी तथा सायणाचार्य के भाष्यों सें यह ब्राह्मण विभूषित है। इसका सम्पादन एवं प्रकाशन सर्वप्रथम प्रो0 हाउग ने बम्बई से 1893 ई. में किया था।
- इसके बाद आउफ्रेख्त महोदय ने कई उपयोगी सूचियों के साथ बाननगर से 1879 ई. में प्रकाशित किया जिसकी लिपि रोमन है।
- **ऐतरेय ब्राह्मण के अन्य वर्णन-**

    देवासुर युद्ध
    सोमोत्पत्ति
    यज्ञदेवता
    वषट्कार के षट्तत्त्व
    साम्राज्याभिषेक
    विश्वामित्र एवं वामदेव
    क्षत्रिय और यज्ञ
    सुब्रह्मण्य वाक्

2. शांखायन ब्राह्मण या कौषीतकि ब्राह्मण-

- ऋग्वेद का द्वितीय ब्राह्मण शांखायन ब्राह्मण है। इस ब्राह्मण का अपर नाम कौषीतकि है।
- यह शांखायन शाखा का ब्राह्मण है इसलिये इसे शांखायन ब्राह्मण कहते हैं।
- कौषीतकि ब्राह्मण का प्रथम सम्पादन 1887 ई. में लिण्डनर ने किया । तदनन्तर 1920 ई. में ए. बी. कीथ ने अंग्रेजी अनुवाद के साथ इसका प्रकाशन किया।
- 1911 में गुलाब राय द्वारा सम्पादित शांखायन ब्राह्मण आनन्दाश्रम पूना से प्रकाशित हो चुका है।
- इस ब्राह्मण ग्रन्थ में **30 अध्याय** हैं। प्रत्येक अध्याय में पाँच से लेकर सत्रह खण्ड हैं। खण्डों की संख्या 266 है।
- प्रथम छः अध्यायों में अग्न्याधान, अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास इष्टि ऋतुयाग का निरूपण है।
- सात अध्याय से 30 अध्याय तक ऐतरेय ब्राह्मण के समान सोमयाग का वर्णन है।
- चरणव्यूह की महीदास कृत टीका में एक श्लोक उद्धृत है, जिसमें स्पष्ट कहा है कि शांखायनी शाखा एवं ब्राह्मण कौषीतकि है।
- इस ब्राह्मण के प्रसार का वर्णन निम्न श्लोक में है –

उत्तरे गुर्जरे देशे वेदो बह्वृच ईरितः।
कौषीतकिब्राह्मणं च शाखा शांखायनी स्थिता॥

- इसके प्रधान प्रवक्ता कौषीतकि ऋषि थे।

अध्याय	कुल खण्ड संख्या
30	266

- **अध्यायों के अनुसार प्रतिपाद्य विषय-**

अध्याय-1 अग्न्याधान
अध्याय-2 अग्निहोत्र
अध्याय-3 दर्श और पूर्णमास यज्ञ
अध्याय-4 अनुनिर्वाप्या, अभ्युदिता, अभ्युद्दृष्टा आदि 11 विशेष इष्टियाँ
अध्याय-5 चातुर्मास्य यज्ञ
अध्याय-6 ब्रह्मा के कर्तव्य, हविर्यज्ञ
अध्याय-7-30 सोमयज्ञ का विस्तृत वर्णन

यजुर्वेदीय ब्राह्मण-

यजुर्वेद की दो शाखा — 1.कृष्णयजुर्वेद
2. शुक्लयजुर्वेद

शुक्लयजुर्वेद का ब्राह्मण -शतपथ ब्राह्मण

- इसके रचयिता वाजसनि के पुत्र याज्ञवल्क्य माने जाते हैं।

- वाजसनि के पुत्र होने से इन्हें 'वाजसनेय' भी कहा जाता है।
- सूर्य की कृपा से प्राप्त शुक्ल यजुर्वेद की व्याख्या वाजसनेय याज्ञवल्क्य ने की।

'आदित्यानीमानि शुक्लानि यजूंषि वाजसनेयेन याज्ञवल्क्येन आख्यायन्ते।'

(शत. -14.9.4.33)

- याज्ञवल्क्य के पिता वाजसनि के विषय में सायण ने लिखा है कि वे अन्नदाता (वाज=अन्न, सनि=दाता) के रूप में विख्यात थे, अतः उनका नाम वाजसनि पड़ा।
- भागवत के अनुसार याज्ञवल्क्य के पिता का नाम 'देवरात' था।
- ब्रह्मरात और देवरात का अर्थ है- ब्रह्मदत्त और देवदत्त।
- स्कन्दपुराण के अनुसार याज्ञवल्क्य की माता का नाम 'सुनन्दा' था।
- बृहदारण्यकोपनिषद् के अनुसार याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ थीं- मैत्रेयी और कात्यायनी।
- स्कन्दपुराण में कात्यायन और पारस्कर को एक मानकर उन्हें याज्ञवल्क्य का पुत्र बताया गया है।
- यजुर्वेद का गृह्यसूत्र 'पारस्कर गृह्यसूत्र' पारस्कर की रचना है।
- पुराणों में याज्ञवल्क्य की अनेक सिद्धियों का उल्लेख है। वे शुक्लयजुर्वेद और शतपथ ब्राह्मण के सम्पादन के अतिरिक्त याज्ञवल्क्य शिक्षा, याज्ञवल्क्यस्मृति आदि के प्रणेता माने जाते हैं।
- नामकरण- शतपथ में 100 अध्याय हैं, अतः उसे 'शतपथ' कहा जाता है।
- इसकी व्याख्या गणरत्न महोदधि ने इस प्रकार की है जिसमें सौ अध्याय-रूपी मार्ग हैं उसे शतपथ कहतें हैं- **'शतं पन्थानो मार्गा नामाध्याया यस्य तत् शतपथम्'**
- काण्व शतपथ में 104 अध्याय हैं, तथापि शत-संख्या के महत्त्व के कारण उसे शतपथ ही कहा जाता है।
- यह माध्यन्दिन और काण्व दोनों शाखाओं में प्राप्त होता है।
- माध्यन्दिन शाखा के शतपथ ब्राह्मण में अध्याय = 100
- काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण में अध्याय = 104

शतपथ ब्राह्मण (माध्यन्दिनशाखा) में प्रतिपादित विषय-

- माध्यन्दिन (शुक्लयजुर्वेदीय) शतपथ ब्राह्मण में 14 काण्ड, 100 अध्याय, 438 ब्राह्मण और 7624 कण्डिकायें हैं।

काण्ड	अध्याय	ब्राह्मण	कण्डिकायें
14	100	438	7624

- सम्पूर्ण ग्रन्थ 14 भागों में विभक्त है, इन्हें काण्ड कहते हैं।
- काण्डों के उपविभाग अध्याय हैं और अध्यायों के उपविभाग ब्राह्मण हैं।

- इन ब्राह्मणों के भी उपविभाग हैं, इन्हें कण्डिका कहते हैं।
- इसप्रकार इसके सन्दर्भ- निर्देश के लिए 4 संख्याएँ आती हैं-
  पहली संख्या काण्ड को, दूसरी अध्याय तीसरी ब्राह्मण तथा चौथी कण्डिका की सूचना देती है।
- काण्ड-1 = दर्श और पूर्णमास याग
- काण्ड-2 = अग्निहोत्र पिण्डपितृयज्ञ, दाक्षायण याग, नवान्नेष्टि, चातुर्मास्य याग।
- काण्ड-3 और 4= सोमयाग
- काण्ड-5 = वाजपेय और राजसूय यज्ञ
- काण्ड-6 = सृष्टि-उत्पत्ति, चयन-निरूपण
- काण्ड-7/8 = चयन निरूपण, वेदि-निर्माण
- काण्ड-9/10= चयननिरूपण, छोटी और बड़ी वेदियों का निर्माण
- काण्ड-11 = दर्श-पूर्णमास, दाक्षायण यज्ञ, उपनयन, पञ्च महायज्ञ, स्वाध्याय-प्रशंसा।
- काण्ड-12 = द्वादशाह, संवत्सर सत्र, ज्योतिष्टोम, सौत्रामणी याग, प्रायश्चित्त।
- काण्ड-13 = अश्वमेध, पुरुषमेध, सर्वमेध, दशरात्र, पितृमेध
- काण्ड-14 = प्रवर्ग्ययाग, ब्रह्मविद्या, बृहदारण्यक उपनिषद्

शतपथ ब्राह्मण (काण्व शाखा) का प्रतिपाद्य विषय

- काण्व शतपथ ब्राह्मण में माध्यन्दिन शतपथ ब्राह्मण से कुछ क्रम-विन्यास में अन्तर है।
- इसमें 17 काण्ड, 104 अध्याय, 435 ब्राह्मण और 6806 कण्डिकाएँ हैं।
- माध्यन्दिन के काण्ड 2 का वर्ण्य विषय काण्ड एक में कर दिया गया है और काण्ड एक का विषय काण्ड दो में है।

वर्ण्य विषय इस प्रकार है-

- काण्ड-1 = अग्निहोत्र, नवान्न इष्टि (आग्रयण इष्टि) दाक्षायण, चातुर्मास्य
- काण्ड-2 = दर्श और पूर्णमास याग
- काण्ड-3 = अग्निहोत्र और दर्श-पूर्णमास यागों का अर्थवाद
- काण्ड-4/5 = सोमयाग
- काण्ड 6 और 7= वाजपेय और राजसूय
- काण्ड- 8 = उखासंभरण
- काण्ड 9 से 12= विभिन्न चयन याग
- काण्ड-13 = आधानकाल, पथिकृत्, ब्रह्मचर्य, दर्श-पूर्णमास
- काण्ड-14 = सौत्रामणी, प्रायश्चित्त
- काण्ड-15 = अश्वमेध
- काण्ड-16 = प्रवर्ग्य याग
- काण्ड-17 = बृहदारण्यक उपनिषद्, ब्रह्मविद्या
- दोनों ब्राह्मणों में प्रतिपाद्य विषय एक होने पर भी क्रम में भेद है।

- शतपथ की अन्य विशेषता यह है कि इसमें वाजसनेयी संहिता के 18 अध्यायों की क्रमबद्ध व्याख्या प्रथम 9 काण्डों में मिल जाती है।
- केवल अन्तर यह है कि संहिता में पिण्ड-पितृयज्ञ का वर्णन दर्श-पूर्णमास याग के बाद है और ब्राह्मण में अग्निहोत्र के बाद।

शतपथ ब्राह्मण का समय-

- डॉ. मैक्डानल आदि पाश्चात्त्य विद्वान् ब्राह्मण ग्रन्थों का काल 800 ई. पू. से 500 ई. पू. के मध्य मानते हैं।
- श्रीशंकर बालकृष्ण दीक्षित ने शतपथ ब्राह्मण का रचना काल 2500 ई. पू. के लगभग माना है।
- शतपथ ब्राह्मण और तैत्तिरीय ब्राह्मण ही संहिता ग्रन्थों के तुल्य स्वरचिह्नों से युक्त हैं। यह इसकी प्राचीनता का द्योतक है। इन कारणों से इसका रचनाकाल 2500 ई.पू. के लगभग मानना उचित है।

शतपथ के महत्त्वपूर्ण आख्यान-

1. मनु एवं श्रद्धा (1.1.4.14 से 16)
2. जलप्लावन की कथा तथा मत्स्य (1.8.1)
3. इन्द्र-वृत्र-युद्ध तथा इन्द्रशत्रुर्वर्धस्व (1.6.3.)
4. स्त्री-कामुक गन्धर्व (3.2.4.3.)
5. कद्रू-सुपर्णी (3.6.2.)
6. च्यवन-सुकन्या (4.1.5.)
7. पुरूरवा-उर्वशी (11.5.1.)

- इन सबका इतिहास और पुराणों में बहुत विस्तार से वर्णन हुआ है।

यजुर्वेदीय ब्राह्मण (कृष्ण यजुर्वेद) = तैत्तिरीय ब्राह्मण

- तैत्तिरीय ब्राह्मण के रचयिता वैशम्पायन के शिष्य आचार्य तित्तिरि हैं।
- महाभारत के शान्तिपर्व में वैशम्पायन को याज्ञवल्क्य का मातुल (मामा) बताया गया है।
- वैशम्पायन का झुकाव तित्तिरि की ओर था, अतः उन्होंने याज्ञवल्क्य को अपमानित कर उसे अपनी शिष्यता से वंचित कर दिया था।
- तित्तिर ने तैत्तिरीय संहिता और तैत्तिरीय ब्राह्मण की रचना की। दूसरी ओर याज्ञवल्क्य ने यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा और शतपथ ब्राह्मण का संकलन किया।
- तैत्तिरीय ब्राह्मण के अन्तर्गत सम्मिलित काठकभाग (3.10. से 12) के प्रवक्ता काठक आचार्य हैं।
- इस शाखा का दक्षिण भारत के आन्ध्रप्रदेश, नर्मदा के दक्षिणी भाग तथा गोदावरी के तटवर्ती प्रदेशों में अधिक प्रचार था।

तैत्तिरीय ब्राह्मण में प्रतिपादित विषय-

- कृष्णयजुर्वेदीय शाखा का एकमात्र ये ही ब्राह्मण संप्रति पूरा उपलब्ध है। काठक के कुछ अंश प्राप्त हैं।
- शतपथ ब्राह्मण के तुल्य विशालकाय है।
- यह तीन काण्डों या अष्टकों में विभाजित है।
- प्रथम और द्वितीय काण्ड में 8-8 अध्याय /प्रपाठक हैं।
- तृतीयकाण्ड में 12 अध्याय (प्रपाठक) हैं। इनके उपखण्डों को 'अनुवाक' कहते हैं। अनुवाकों की संख्या – 353 है।
- काण्डों में प्रतिपाद्य विषय

काण्ड		**विषय**
काण्ड-1	–	अग्न्याधान, गवामयन, वाजपेय, राजसूय-याग
काण्ड-2	–	अग्निहोत्र, सौत्रामणी, उपहोम आदि।
काण्ड-3	–	पुरुषमेध और नक्षत्रेष्टियाँ

काण्डत्रयम्

काण्ड		**अध्याय**
1. प्रथम काण्ड	=	8
2. द्वितीय काण्ड	=	8
3. तृतीय काण्ड	=	12

- ऋग्वेद से अधिकतर ऋचाएँ ली गयी हैं कुछ ऋचाएँ नवीन हैं।
- काण्ड 2 में ऋग्वेद के नासदीयसूक्त (ऋग्. 10.129) के मन्त्रों का विनियोग एक उपहोम (2.8) के लिए किया गया है।
- यज्ञ को पृथिवी का अन्त और मध्य माना गया है।

  वेदिमाहुः परमन्तं पृथिव्याः। वेदिमाहुर्भुवनस्य नाभिम्। (तैत्ति. 2.7.4 से 10)
- तृतीय काण्ड अवान्तरकालीन रचना माना जाता है जिसमें प्रथमतः 'नक्षत्रेष्टि' का विस्तृत वर्णन है।
- चतुर्थ प्रपाठक में पुरुषमेध के उपयुक्त पशुओं का वर्णन है, जो कृष्णयजुर्वेद की संहिता में उपलब्ध नहीं होता प्रत्युत माध्यन्दिन-संहिता से वहाँ उद्धृत किया गया है।
- कठोपनिषद् में इसी आख्यान का विकसित रूप हमें उपलब्ध होता है।
- द्वादश प्रपाठक में चातुर्होत्र तथा वैश्वसृज याग का वर्णन है।

सामवेदीय ब्राह्मण

- सामवेद के ब्राह्मणों की संख्या अन्य वेदों के ब्राह्मणों की अपेक्षा कहीं अधिक है।
- सामवेदीय ब्राह्मणों की संख्या आठ है जिनका नामोल्लेख सायण ने इस प्रकार किया है-

अष्टौ हि ब्राह्मणग्रन्थाः प्रौढं ब्राह्मणमादिमम्।
षड्विंशाख्यं द्वितीयं स्यात् ततः सामविधिर्भवेत्।।
आर्षेयं देवताध्यायो भवेदुपनिषत् ततः।
संहितोपनिषद् वंशो ग्रन्था अष्टावितीरिताः।।

- उपर्युक्त आठ ब्राह्मणों में से केवल प्रथम और द्वितीय अर्थात् ताण्ड्य और षड्विंश को पूर्ण ब्राह्मण का स्थान प्राप्त है।
- शेष सामविधान आदि छः ब्राह्मण 'अनुबाह्मण' में गिने जाते हैं। ये वेदों की अनुक्रमणिकाओं के तुल्य लघुकाय ग्रन्थ हैं, अतः इन्हें ब्राह्मणग्रन्थों के तुल्य बताकर 'अनुब्राह्मण' कहा गया है।

ताण्ड्य ब्राह्मण का परिचय

- तांड्य ब्राह्मण को ही 'पंचविंश ब्राह्मण' और 'प्रौढ ब्राह्मण' कहा जाता है। यह विशालकाय ग्रन्थ है, अतः इसे ब्राह्मण के स्थान पर महाब्राह्मण भी कहते हैं।
- इसके रचयिता सामवेदीय आचार्य 'तांडि' माने जाते हैं।
- जैमिनीय ब्राह्मण में इसे ताण्ड्य कहा गया है- 'तदु होवाच ताण्ड्यः'
- आपस्तम्ब श्रौतसूत्र में भी 'ताण्ड्यम्' कहा गया है।
- शंकराचार्य ने ब्रह्मसूत्र (3.3.27) के भाष्य में ताण्डिन् और शाट्यायिन् शाखाओं का उल्लेख किया है।

ताण्ड्य ब्राह्मण का विषय-

- ताण्ड्य ब्राह्मण 25 अध्यायों में विभक्त है, अतः इसे **'पञ्चविंश ब्राह्मण'** भी कहते हैं।
- विषय विवेचन की प्रौढता के कारण इसे **'प्रौढ ब्राह्मण'** भी कहते हैं।
- इसमें पाँच-पाँच अध्यायों की पाँच पञ्चिकाएँ हैं।
- इसका सम्बन्ध सामवेद की कौथुम शाखा से है।

अध्याय	**पञ्चिका**
25	5 × 5=25

- इसका मुख्य प्रतिपाद्य विषय सोमयाग है। इसमें ज्योतिष्टोम से लेकर एक हजार वर्ष तक चलने वाले सोमयागों का वर्णन है।
- यह उद्गाता के कार्यों की विस्तृत विवेचना के कारण आदरणीय ब्राह्मण माना जाता है।
- **अध्यायों के अनुसार प्रतिपाद्य विषय-**

  अध्याय 1- उद्गाता के लिये पठनीय मन्त्रों का निर्देश।

  अध्याय 2 और 3- त्रिवृत्, पञ्चदश, सप्तदश आदि स्तोमों की विष्टुतियाँ।

  अध्याय 4 और 5- वर्षभर चलने वाले 'गवामयन' याग का वर्णन।

अध्याय 6 और 9- (बारहवें भाग तक) ज्योतिष्टोम, उक्थ्य और अतिरात्र का वर्णन 12 से आगे के खण्डों में विभिन्न प्रायश्चित्तों की विधियाँ हैं।

अध्याय 10 से 15- द्वादशाह यागों का वर्णन।

अध्याय 16 से 19- एकाह यागों का वर्णन।

अध्याय 20 से 22- अहीन यागों का वर्णन।

अध्याय 22 से 25- सत्र यागों का वर्णन।

- इसमें कुल 178 सोमयागों का वर्णन है।
- अहीन याग ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों के लिये है। इसमें दक्षिणा दी जाती है। 13 दिन से लेकर वर्षों तक चलता है। इसमें ब्राह्मण यजमान होंगे। दक्षिणा नहीं दी जायेगी। 17 से 24 तक यजमान हो सकते हैं। यह सोमयाग का ही अंग है।

ताण्ड्य ब्राह्मण के प्रमुख तथ्य-

- ताण्ड्य ब्राह्मण अत्यन्त सुव्यवस्थित है। इसकी भाषाशैली, रचनासौष्ठव और वाक्यविन्यास सुनियोजित है। अतएव धर्म और आचार संहिता के लिये यह सुविख्यात है।
- इसमें 'व्रात्य यज्ञ' विशेष महत्त्वपूर्ण है। यह संस्कारहीन व्यक्तियों की शुद्धि के लिये होता है। यह एकाह (एक दिन का) याग होता है।
- भौगोलिक ज्ञान के लिए इसमें विपुल सामग्री है। कुरुक्षेत्र और सरस्वती के क्षेत्र को स्वर्गतुल्य बताया गया है।
- सरस्वती नदी के लुप्त होने के स्थान 'विनशन' और उसके पुनः प्रकट होने के स्थान 'प्लक्ष-प्रास्रवण' का वर्णन है।
- इसमें यमुना नदी, नैमिषारण्य, खाण्डव वन, कुरु-पाञ्चाल एवं मगध जनपद आदि का उल्लेख है। निषाद आदि जातियों का भी उल्लेख मिलता है। (ता.- 16.6.7)
- इसमें यज्ञ का बहुत महत्त्व वर्णित है। यज्ञ न करने वालों को निकृष्ट और वध्य बताया गया है।

षड्विंश ब्राह्मण का परिचय

- यह कौथुम शाखीय सामवेद का महत्त्वपूर्ण ब्राह्मण है।
- यह पञ्चविंश के स्थान पर षड्विंश ब्राह्मण है, अर्थात् इसमें 25 के स्थान पर 26 अध्याय हैं।
- यह पञ्चविंश (ताण्ड्य) ब्राह्मण का ही परिशिष्ट समझा जाता है।
- सायण ने अपने भाष्य में इसे **'ताण्ड्यैकशेष ब्राह्मण'** अर्थात् ताण्ड्य का एक भाग या परिशिष्ट कहा है।
- षड्विंश ब्राह्मण में 6 अध्याय हैं। इनके अवान्तर भेद खण्ड हैं। इसके प्रथम पाँच अध्यायों में यज्ञ का ही विषय वर्णित है।

- अन्तिम अध्याय (अ0-6) को 'अद्भुत ब्राह्मण' कहते हैं।
- इसमें भूकम्प, अतिवृष्टि, अकाल, अनिष्ट, कुस्वप्न और अपशकुनों आदि के साथ ही विभिन्न उत्पातों की शान्ति के लिए विभिन्न याग आदि का वर्णन है।
- यह ब्राह्मण तत्कालीन मान्यताओं, प्रथाओं आदि के ज्ञान के लिए बहुत उपयोगी है।
- इसके प्रथम अध्याय में 'सुब्रह्मण्या' ऋचा का विशेष वर्णन है।
- भूः, भुवः और स्वः इन तीन महाव्याहृतियों से क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद, और सामवेद की उत्पत्ति का वर्णन है।
- ब्राह्मणों के लिये सन्ध्योपासना का समय अहोरात्र की सन्धि अर्थात् प्रातः और सायं सन्धिवेला बताया गया है।

  'तस्माद् ब्राह्मणोऽहोरात्रस्य संयोगे सन्ध्यामुपास्ते।' (षड्0 5.5.8)
- षड्विंश ब्राह्मण में यज्ञिय विधानों के प्रसंग में 24 आख्यायिकाएँ आई हैं। इनमें इन्द्र और अहल्या वाला आख्यान बहुत प्रसिद्ध है।

3. सामविधान ब्राह्मण का परिचय

- यह ब्राह्मण प्रतिपाद्य विषय की दृष्टि से अन्य ब्राह्मणों से सर्वथा भिन्न है। इसमें जादू-टोने से सम्बद्ध सामग्री प्राप्त होती है।
- विभिन्न उपद्रवों की शान्ति के लिये सामगान के साथ ही विभिन्न अनुष्ठानों का भी विधान है।
- सामविधान ब्राह्मण में श्रौत यागों के साथ ही प्रायश्चित्त-विधान, कृच्छ्र आदि व्रत, काम्य याग और अभिचार कर्मों का भी वर्णन है।
- विषय-वस्तु की दृष्टि से इस ब्राह्मण का क्षेत्र बहुत व्यापक है।
- सामविधान-ब्राह्मण में तीन प्रपाठक और 25 अनुवाक हैं।

  इनमें वर्णित विषय-वस्तु संक्षेप में इस प्रकार है -
- **प्रपाठक-1** प्रजापति से सृष्टि की उत्पत्ति, साम-प्रशंसा, सामस्वरों के देवता, देवों के लिये यज्ञ, कृच्छ्र और अतिकृच्छ्र व्रतों का वर्णन, स्वाध्याय और अग्न्याधान के नियम, दर्श-पूर्णमास, अग्निहोत्र सौत्रामणी आदि यागों का वर्णन, श्रौतसूत्रों के साथ देव-प्रीत्यर्थ सामगान, विभिन्न पापों के लिये प्रायश्चित्तों का वर्णन।

प्रपाठक 2 और 3 में

- काम्य-कर्म, रोग निवृत्ति एवं क्षेम के लिये विभिन्न प्रयोग, अभीष्ट सिद्धि, राज्याभिषेक, अभिचार शान्ति, युद्ध-विजय आदि के लिए विभिन्न प्रयोग दिए गये हैं।
- अन्त में साम-सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्यों का वर्णन, अध्ययन के अधिकारी और दक्षिणा का वर्णन है।

सामविधान ब्राह्मण के कुछ तथ्य-

इसमें श्रौत और तान्त्रिक विधियों का समन्वय है। इसमें अभिचार कार्यों के लिये सामगान के साथ कतिपय अनुष्ठानों के विधान हैं।

जैसे- शत्रु को भगाने के लिये चिता की भस्म शत्रु के घर या बिस्तर पर डालना।

- ➢ शत्रु को मारने के लिये शत्रु की आटे की मूर्ति बनाकर उसका चाकू से गला काटना और उसे आग में डालना।
- ➢ इसमें काम्य प्रयोग और प्रायश्चित्तों का विधान विशेष रूप से है।
- ➢ यह ब्राह्मण धर्मसूत्रों की पूर्वपीठिका है। इसमें विविध पापों के लिए प्रायश्चित्तों का वर्णन है। यह ब्राह्मणग्रन्थ पापों, अपराधों और कुकर्मों के सामाजिक अध्ययन के लिए महत्त्वपूर्ण है।

4. आर्षेय ब्राह्मण का परिचय

- ➢ यह ब्राह्मण एक प्रकार से आर्ष-अनुक्रमणी का काम करता है। जिन ऋषियों ने जो गान प्रचलित किए थे या जो उन गानों के प्रवर्तक हैं, उन गानों के नाम उन ऋषियों के नाम पर रखे गए हैं।
- ➢ इस ब्राह्मण में 3 प्रपाठक हैं, जो 82 खण्डों में विभाजित हैं।
- ➢ सामगान के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह ब्राह्मण विशेष उपयोगी है।
- ➢ सामगान के केवल दो गानों का ही आर्षेय ब्राह्मण में वर्णन है,ये हैं-

  1. ग्रामगेय   2. अरण्यगेय
- ➢ इसमें ऊह और ऊह्यगानों पर विचार नहीं किया गया है।
- ➢ सामगानों का नामकरण प्रायः पाँच आधारों पर हुआ है। इनके कारण सामगानों की पाँच कोटियाँ हो गई हैं।
- ➢ पाँच आधार ये हैं-
  1. उन ऋषियों के नामों पर, जिन्होनें उनका साक्षात्कार किया था।
  2. ऋचा के प्रारम्भिक पदों के आधार पर।
  3. गान के अन्तिम भाग (निधन) के आधार पर।
  4. प्रयोजन के आधार पर। जैसे- रक्षोघ्न (राक्षसों के नाशार्थ)
  5. इनसें भिन्न अन्य आधार पर जैसे- वीङ्क आदि सामगान।
- ➢ आर्षेय ब्राह्मण ऋषि के नाम के साथ उनके गोत्र-नाम का भी उल्लेख कर देता है। जैसे- हविष्मत् गान के ऋषि हैं – हविष्मान्। इनका सम्बन्ध अंगिरा (अंगिरस्) गोत्र से है।
- ➢ अधिकतर विद्वानों का मत है कि आर्षेय ब्राह्मण और देवताध्याय ब्राह्मण एक ही ग्रन्थ के दो भाग हैं।

- एक में सामगान के ऋषियों का वर्णन है और दूसरे में देवों का।
- आर्षेय ब्राह्मण में ग्रामगेय गानों का उल्लेख सामवेद संहिता के क्रम से है।

देवताध्याय ब्राह्मण का परिचय

- आकार की दृष्टि से यह बहुत छोटा ब्राह्मण है । यह सूत्रशैली में लिखा गया है।
- इसमें चार खण्ड हैं। कुछ संस्करणों में केवल तीन खण्ड हैं। इसमें सामगानों के देवताओं का विशेष रूप से वर्णन है।

  खण्डों के अनुसार वर्ण्य-विषय इस प्रकार है-

  खण्ड-1 इसमें विभिन्न सामों के सम्बन्ध में देवताओं का वर्णन है। सामगान के देवताओं के रूप में सर्वप्रथम इन देवताओं का वर्णन है- अग्नि, इन्द्र, प्रजापति, सोम, वरुण, त्वष्टा, अंगिरस्, पूषा (पूषन्), सरस्वती और इन्द्राग्नी।

  खण्ड-2 इस खण्ड में छन्दों के देवता और उनके वर्णों का विशेष वर्णन है।

  खण्ड-3 इस खण्ड में सामवेदीय छन्दों के नामों की निरुक्तियाँ दी गयी हैं। इन निरुक्तियों में से अनेक निरुक्तियों को यास्क ने अपने निरुक्त में ग्रहण किया है। जैसे- 'गायत्री गायतेः स्तुतिकर्मणः' (निरुक्त 7.12) अर्थात् स्तुति अर्थ वाली गै धातु से गायत्री शब्द बना है।

  इसीप्रकार निरुक्त में- अनुष्टुप्, उष्णिक्, ककुभ्, जगती, पंक्ति, बृहती, त्रिष्टुप् आदि के निर्वचन दिए गए हैं।

  खण्ड-4 इसमें गायत्र साम की आधाररूप गायत्री के विभिन्न अङ्गों की देवरूपता का वर्णन है।
- भाषाशास्त्र की दृष्टि से इसका निर्वचन वाला खण्ड अतिमहत्त्व का है। इसमें निर्वचन बहुत प्रामाणिक ढंग से दिए गए हैं।

6. उपनिषद् ब्राह्मण का परिचय

- इसका दूसरा नाम 'छान्दोग्यब्राह्मण' है। इसमें 10 प्रपाठक हैं। यह ब्राह्मण दो ग्रन्थों का सम्मिलित रूप है।
- * **मन्त्र ब्राह्मण-** प्रथम दो प्रपाठकों को मन्त्र ब्राह्मण या मन्त्र पर्व कहते हैं।
- प्रत्येक प्रपाठक के 8-8 खण्ड हैं। इनमें गृह्य संस्कारों में विनियुक्त मन्त्रों का संकलन है।
- इन मन्त्रों का ही गोभिल और खादिर गृह्यसूत्रों में विभिन्न गृह्य संस्कारों में विनियोग है।
- इन मन्त्रों की संख्या 268 है। प्रथम प्रपाठक में गर्भाधान, सीमन्तोन्नयन, चूडाकर्म, उपनयन, विवाह और समावर्तन के मन्त्र दिए गए हैं।
- द्वितीय प्रपाठक में भूतबलि, आग्रहायणी कर्म, पितृ-पिण्डदान, देवबलिहोम, दर्श-पूर्णमास, आदित्योपस्थान,नवगृहप्रवेश और प्रसादप्राप्ति के मन्त्र हैं।
- इसमें अन्य संहिताओं और ब्राह्मणों से भी मन्त्र लिये गये हैं, जैसे लाजाहोम का मन्त्र है-

इयं नार्युपब्रूतेऽग्नौ लाजानावपन्ती ।
दीर्घायुरस्तु मे पतिः शतं वर्षाणि जीवतु॥ (1.3.8-9)

- छान्दोग्य ब्राह्मण पर दो व्याख्याएँ हैं-
* 1. गुणविष्णु कृत 'छान्दोग्यमन्त्र-भाष्य'
* 2. सायणकृत- वेदार्थप्रकाश।
- गुणविष्णु ने ऋषि, देवता, छन्द और विनियोग का विस्तृत वर्णन किया है।
- अर्थ के महत्त्व को दिखाने के लिये उन्होनें 'स्थाणुरयं भारहारः किलाभूद्----(निरुक्त-1.18) को उद्धृत किया है कि जो अर्थ नहीं जानता वह मूर्ख है और जो अर्थ जानता है, उसी को सफलता प्राप्त होती है।
- सायण ने अपने भाष्य में गुणविष्णु का अनुकरण किया है।

* छान्दोग्य उपनिषद् ब्राह्मण-

- छान्दोग्य ब्राह्मण के शेष 8 प्रपाठक छान्दोग्य उपनिषद् है।
- यह कौथुम शाखा से सम्बद्ध है।
- शंकराचार्य ने इसे 'ताण्डिनाम् उपनिषद्' अर्थात् ताण्ड्य ब्राह्मण से सम्बद्ध उपनिषद् कहा है।
- इसमें तत्त्वज्ञान और उससे सम्बद्ध कर्म और उपासनाओं का सुन्दर वर्णन है।
- श्री शंकराचार्य ने इसका भाष्य किया है, अतः इसका महत्त्व बढ़ गया है। इसके प्रथम अध्याय में ओंकार का महत्त्व और उसकी उपासना का वर्णन है।
- द्वितीय अध्याय में विविध सामों की उपासना का वर्णन है।
- तृतीय अध्याय में सूर्योपासना, गायत्री का महत्त्व, ब्रह्मयज्ञ, प्राण और मन का विवेचन है।
- इसमें अनेक आख्यानों का भी वर्णन है यथा-
    1. दाल्भ्य और प्रवाहण का संवाद
    2. सत्यकाम का आख्यान
    3. अश्वपति का आख्यान
    4. राजा जानश्रुति और रैक्व का उपाख्यान
    5. उपस्ति का आख्यान
    6. उद्दालक और श्वेतकेतु का संवाद
    7. सनत्कुमार और नारद का संवाद आदि।

(7) संहितोपनिषद् ब्राह्मण का परिचय

- संहितोपनिषद् का अर्थ है- संहिता के उपनिषद् अर्थात् रहस्य को बताने वाला ब्राह्मण ग्रन्थ।

- यहाँ संहिता शब्द का अर्थ सामवेदसंहिता आदि नहीं है अपितु 'संहिता' शब्द का अर्थ- साम के गान की संहिता अर्थात् सातत्य।
- संहितोपनिषद् ब्राह्मण शास्त्रीयगान की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है।
- शास्त्रीय गान में सप्त स्वरों का मन्द्र मध्य और तार स्थानों से समन्वय अत्यावश्यक है।
- सायण के अनुसार यह समन्वय ही संहिता है, इसके रहस्य का प्रतिपादन करना इस ब्राह्मण का उद्देश्य है।

सायण का कथन- साम्नां सप्त स्वरा भवन्ति।.....मन्द्रमध्यताराणि वाचः स्थानानि भवन्ति। एतेषां यः सन्निकर्षः सा संहिता।

संहितोपनिषद् ब्राह्मण का प्रमुख विषय

- इस ब्राह्मण में पाँच खण्ड हैं, जो सूत्रों में विभक्त हैं। इनका संक्षिप्त विवरण है-

  खण्ड-1 इसमें तीन प्रकार की गान-संहिताओं का विस्तृत वर्णन है। ये तीन गान-संहिताएँ हैं- देवहू संहिता, वाक्शबहू ,अमित्रहू
- देवहू संहिता का उच्चारण मन्द्र स्वर से होता है। इसके गान से देवता शीघ्र पधारते हैं।
- देवहू के उद्गाता को धन-धान्य, श्री की प्राप्ति होती है। यह कल्याणकारिणी है। अन्य दो संहिताएँ अमंगलकारक हैं।
- वाक्शबहू में अस्पष्ट उच्चारण के कारण उद्गाता को हानि होती है।
- इसी प्रकार अमित्रहू अशास्त्रीय गान के कारण हानिकारक है। संहिता का एक अन्य प्रकार से विभाजन किया गया है। 1. शुद्धा 2. दुःस्पृष्टा 3. निर्भुजा
- शुद्ध और मधुर स्वर से उच्चरित सामगान शुभ है।
- अशुद्ध और असंगत सामगान सदा कष्टकारी है।

  खण्ड 2 और 3= सामगान का शास्त्रीय वर्णन प्राप्त होता है।
- सामगान की विधि, स्तोम, अनुलोम स्वर तथा विविध स्वरों का विशद विवेचन है।
- ये अध्याय शास्त्रीय गान के ज्ञान के लिये अत्यन्त उपयोगी हैं।

  खण्ड 4 और 5= इसमें पूर्वोक्त विषय का ही विस्तृत वर्णन किया गया है।

  इस ब्राह्मण की दो टीकायें हैं-

1. द्विजराज भट्टकृत-भाष्य
2. सायणभाष्य- वेदार्थप्रकाश

- इस ब्राह्मण पर सायण की अपेक्षा द्विजराज भट्ट का भाष्य अधिक विस्तृत और प्रामाणिक है।
- द्विजराज सायण से पूर्ववर्ती आचार्य हैं।

(8) वंश ब्राह्मण का परिचय

- यह ब्राह्मण बहुत छोटा है। सामगान के प्रवर्तक ऋषियों की वंश-परम्परा के ज्ञान के लिए यह ब्राह्मण उपयोगी है।
- इसमें तीन खण्ड हैं। इसमें स्वयंभू ब्रह्मा से सामवेद की परम्परा का प्रारम्भ माना गया है।
- स्वयंभू ब्रह्मा से कश्यप तक तथा कश्यप से शर्वदत्त गार्ग्य तक की वंश परम्परा इस प्रकार दी गई है।
- स्वयंभू ब्रह्मा से प्रजापति ने, प्रजापति से मृत्यु ने, मृत्यु से वायु ने, वायु से इन्द्र ने, इन्द्र से अग्नि ने और अग्नि से कश्यप ने सामवेद प्राप्त किया।
- तदनन्तर यह परम्परा कश्यप ऋषि से शर्वदत्त गार्ग्य तक आई।

(9) जैमिनीय-ब्राह्मण का परिचय

सामवेद की जैमिनीय शाखा के तीन ब्राह्मण प्राप्त होते हैं-

1. जैमिनीय ब्राह्मण 2. जैमिनीय आर्षेय ब्राह्मण 3. जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण

- सामवेद की कौथुम और राणायनीय शाखा के साथ ही जैमिनीय शाखा भी प्रचलित रही।
- जैमिनीय शाखा वाले ब्राह्मणों में प्राचीन वैदिक रूप मिलते हैं।
- इनकी वर्णनशैली प्राचीन है और आख्यानों में भी पुरातनता मिलती है।
- जैमिनीय ब्राह्मण में तीन काण्ड हैं। ये खण्डों में विभक्त हैं। प्रथम खण्ड में 364 खण्ड हैं। द्वितीय में 442 और तृतीय खण्ड में 386 इसप्रकार कुल खण्डों की संख्या 1192 हैं।

काण्ड

प्रथम	**द्वितीय**	**तृतीय**
364 खण्ड	442 खण्ड	386 खण्ड = कुल 1192 खण्ड

- मंगलाचरण के श्लोकों में महर्षि जैमिनि की स्तुति की गई है। उन्हें व्यास का शिष्य और तलवकार का गुरु बताया गया है –

  (क) व्यासशिष्याय मुनये तस्मै जैमिनये नमः।

  (ख) तं जैमिनिं तलवकारगुरुं नमामि।।
- जैमिनीय ब्राह्मण का प्रतिपाद्य विषय तीन काण्डों में विभक्त है -
- **काण्ड-1** इसमें अग्निहोत्र के दो भेदों, नित्य और काम्य का वर्णन है। काम्य अग्निहोत्र अधिक प्रचलित था।
- खण्ड 66 से 364 तक अग्निहोत्र का विस्तृत वर्णन है। राजा वर्ष में एक बार अग्निष्टोम याग करता था।

- राजकुमार द्वादशाह याग और अन्य लोग छन्दस्य तथा अग्निहोत्र याग करते थे।

खण्ड-2 इसमें एकाह (एक दिन वाला) से लेकर द्वादशाह (12 दिन तक चलने वाला) तक के यागों का वर्णन है।

- इनके नाम द्विरात्र, त्रिरात्र, सप्तरात्र, नवरात्र, दशरात्र आदि हैं।
- इसमें 12 दिन से अधिक चलने वाले यागों का भी वर्णन है। वर्षभर चलने वाले 'गवामयन' का पूर्ण विवरण इस खण्ड में दिया गया है।
- सरमा और पणि की कथा और भौगोलिक महत्त्व के अनेक नाम इस खण्ड में प्राप्त होते हैं।

खण्ड-3 इसमें 12 दिन चलने वाले (द्वादशाह) यागों का विस्तृत वर्णन है। अनेक सामों का भौतिक लाभ के लिए उपयोग बताया गया है।

- इसमें अनेक भौगोलिक तथ्य वर्णित हैं। अर्थवन् के पुत्र दधीचि की कथा विस्तार से दी गई है।

* जैमिनीय ब्राह्मण की कुछ विशेष बातें-

- अनुष्टुप् छन्द को गायत्री छन्द की माता कहा गया है।
- 'भूर्भुवः स्वः' इन तीन महाव्याहृतियों को सारे पापों का प्रायश्चित्त कहा गया है। ये सारे पापों को दूर करने में समर्थ हैं।
- गायत्री का महत्त्व बताते हुए कहा गया है कि यह तीनों सवनों (प्रातः, मध्याह्न और सायं) की आत्मा है।
- यह तीनों सवनों का यथास्थान देवों तक पहुँचाती है।
- मुख्यरूप से 33 देव हैं। इनका ही विस्तार 303 और 3003 देवता हैं।
- सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तृत वर्णन किया गया है।

* जैमिनीय आर्षेय ब्राह्मण-

- कौथुम शाखा के आर्षेय ब्राह्मण के तुल्य इसमें भी स्वाध्याय और यज्ञ की दृष्टि से ऋषि, देवता और छन्द के ज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है।
- सामवेद के ऋषियों से सम्बद्ध विवरण इसमें दिया गया है। ग्रामगेय गानों के ऋषि-विवरण में अध्यायों और खण्डों की व्यवस्था और विन्यास प्रायः समान है।

* जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण-

- इसको जैमिनीय तलवकार उपनिषद् ब्राह्मण भी कहते हैं। जैमिनीय ब्राह्मण के मङ्गलाचरण में जैमिनि को तलवकार ऋषि का गुरु बताया गया है।
- इस प्रकार यह जैमिनि ऋषि के शिष्य की रचना है।
- यह ब्राह्मण चार अध्यायों में विभक्त है। अध्यायों के उपविभाग अनुवाक और खण्ड हैं।
- प्रारम्भ में ओंकार और हिंकार के महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है।

➢ सृष्टिविद्या का सम्बन्ध तीनों वेदों से है। ओम् से गायत्री की रचना हुई। गायत्री से ही प्रजापति, देवता और ऋषि अमर हुए। गायत्री अमृत है।

'तदेतद् अमृतं गायत्रम्। एतेन वै प्रजापतिरमृतत्वम् अगच्छत्।'

'एतेन देवाः। एतेन– ऋषयः'

➢ इस ब्राह्मण में यह वर्णन है कि पवित्र ज्ञान ब्रह्म से कश्यप ऋषि तक किस क्रम से गया।

➢ इसके अनुसार ब्रह्म से > प्रजापति > परमेष्ठी > सविता > अग्नि > इन्द्र > कश्यप।

➢ तत्पश्चात् कश्यप से **गुप्त लौहित्य** तक यह ज्ञान किस परम्परा से गया, इसका भी विस्तृत विवरण दिया गया है।

➢ वंश ब्राह्मण ने भी मानवों में सर्वप्रथम कश्यप ऋषि को यह पवित्र ज्ञान प्राप्त होने का उल्लेख किया है। इसके पश्चात् 'केन उपनिषद्' है।

ओंकार का महत्त्व

➢ इस ब्राह्मण में ओम् के महत्त्व पर बहुत बल दिया गया है। ओम् ही परम ज्ञान और बुद्धि का आदि कारण है।

➢ ओम् अक्षर है। अविनाशी और अमृत है, ओम् वेदों का मूर्धन्य है।

➢ ओम् का ही विस्तार तीनों वेद हैं। जिस प्रकार कोमल पत्तों में सुई प्रविष्ट होती है, इसी प्रकार तीनों लोकों में 'ओम्' व्याप्त है।

गायत्री की महिमा

➢ गायत्री गान करने वाले की रक्षा करती है। गय और गाय का अर्थ – प्राण।

➢ प्राण की रक्षा करने के कारण यह गायत्री है, ब्रह्म का ही नाम गायत्री है।

➢ इसमें वैदिक भाषा, शब्दावली और व्याकरण के प्राचीन रूप उपलब्ध हैं। इसमें अनेक प्राचीन देवशास्त्रीय आख्यान वर्णित हैं।

➢ इसमें प्राचीन मान्यताओं और रीतियों का वर्णन है। जैसे- मृत व्यक्तियों का पुनः प्रकट होना, प्रेतात्माओं के द्वारा मार्गनिर्देशन, अतिमानवीय शक्तियों की प्राप्ति के लिये श्मशान-साधना आदि।

अथर्ववेदीय- ब्राह्मण (गोपथ ब्राह्मण)

➢ अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण गोपथ ब्राह्मण है।

➢ पहले इसे शौनकीय शाखा से संबद्ध समझा जाता था, क्योंकि इसमें उस शाखा के कुछ मन्त्रों के प्रतीक हैं।

➢ पैप्पलाद शाखा के अथर्ववेद का प्रथम मन्त्र **'शं नो देवीरभिष्टय......'** है। गोपथ ब्राह्मण में उल्लेख है कि अथर्ववेद का पाठ **'शं नो देवीरभिष्टय...'** इस मन्त्र से प्रारम्भ होता है।

➢ वेंकट माधव की ऋग्वेदानुक्रमणी में 'पैप्पलादम् अथर्वणाम्' कहकर गोपथ ब्राह्मण को पैप्पलाद शाखा से सम्बद्ध बताया गया है।

गोपथ का नामकरण-

- गोपथ ब्राह्मण के रचयिता गोपथ ऋषि हैं, क्योंकि अथर्ववेद के ऋषियों की नामावली में गोपथ ऋषि का नाम आया है।
- गोपथ ब्राह्मण के दो भाग हैं 1. पूर्वगोपथ 2. उत्तरगोपथ
- पूर्वगोपथ में पाँच प्रपाठक या अध्याय हैं और उत्तरगोपथ में छः प्रपाठक या अध्याय हैं।
- प्रत्येक प्रपाठकों में कई कण्डिकाएँ हैं कुल 258 कण्डिकाएँ हैं।

गोपथ ब्राह्मण

पूर्वगोपथ	उत्तरगोपथ
5 प्रपाठक/अध्याय	छः प्रपाठक/अध्याय
135 कण्डिकाएँ	123 कण्डिकाएँ

गोपथ ब्राह्मण में कुल कण्डिकाएँ = 258

- गोपथ 'गुप्' धातु से बना है। अथर्वाङ्गिरसों को **'गोप्तारः'** कहा गया है, ये रक्षक हैं।
- इसमें पूर्व और उत्तर भाग मिलाकर 11 प्रपाठक हैं।
- गायों का पथ (गोपथ) अंगिरस् जानते थे, अतः गोपथ नाम पड़ा। इनमें प्रथम मत ही ग्राह्य है। शेष अनुमान-प्रधान हैं।

गोपथ ब्राह्मण का प्रतिपाद्य विषय-

गोपथ ब्राह्मण का पूर्वभाग

- प्रपाठक-1 सृष्टि-उत्पत्ति, प्रणव उपनिषद् और गायत्री उपनिषद्।
- प्रपाठक-2 ब्रह्मचारी के कर्तव्य, होता आदि की भूमिका, यज्ञिय तत्त्वों की मीमांसा।
- प्रपाठक-3 यज्ञविवेचन, ब्रह्मा का महत्त्व, दर्श-पूर्णमास, अग्निहोत्र और अग्निष्टोम की रहस्यात्मक व्याख्या।
- प्रपाठक-4 गवामयन आदि सत्रयागों की मीमांसा, आध्यात्मिक विवरण।
- प्रपाठक-5 संवत्सर सत्र, अश्वमेध, अग्निष्टोम आदि का विवरण, अंगिरस् की उत्पत्ति, ऋत्विजों के कर्तव्यों का विवेचन।

गोपथ ब्राह्मण का उत्तर भाग

- प्रपाठक-1 ब्रह्मा का आसन, दर्श-पूर्णमास याग, काम्य इष्टियाँ, चातुर्मास्य।
- प्रपाठक-2 काम्य इष्टियाँ, सोमयाग, प्रायश्चित्त, दर्श-पूर्णमास

- प्रपाठक-3 वषट्कार और अनुवषट्कार, ऋतु-ग्रहादि एकाह यज्ञ।
- प्रपाठक-4 एकाह यज्ञ, तृतीय सवन, षोडशी याग
- प्रपाठक-5 अतिरात्र, वाजपेय, अप्तोर्याम, अहीनयज्ञ
- प्रपाठक-6 अहीनयज्ञ, उक्थ और शिल्प, षडह यज्ञ, कुन्ताप सूक्त।

गोपथ ब्राह्मण का समय-

- गोपथ ब्राह्मण के रचनाकाल के सम्बन्ध में पर्याप्त विवाद है। प्रो. ब्लूमफील्ड गोपथ ब्राह्मण को वैतान श्रौतसूत्र से बाद की रचना मानते हैं।
- डॉ. कीथ और कैलेन्ड प्रो. ब्लूमफील्ड के मत से सहमत नहीं हैं वे इसे प्राचीन मानते हैं।
- यास्क का समय ८०० ई. पू. के लगभग माना जाता है।

गोपथ ब्राह्मण के प्रमुख तथ्य-

- गोपथ ब्राह्मण में शब्दों का निर्वचन भाषाशास्त्र की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। जैसे- दीक्षित शब्द की व्युत्पत्ति 'धीक्षित' से की गयी है।
- 'धीक्षित' शब्द का अर्थ- श्रेष्ठ(बुद्धि) वाला व्यक्ति है।

'श्रेष्ठां धियं क्षियतीति वा एतं धीक्षितं सन्तं दीक्षित इत्याचक्षते।' (गो. ब्रा.-3/19)

- इसीप्रकार वरुण शब्द की व्युत्पत्ति 'वरुण' शब्द से (राजा का वरण किये जाने के कारण) की गयी है। ('तं वा एतं वरणं सन्तं वरुण इत्याचक्षते')
- गोपथ ब्राह्मण में बताया गया है कि प्रत्येक मनुष्य पर तीन ऋण होते हैं –

  1. देवऋण 2. ऋषिऋण 3. पितृऋण
- इन त्रिविध ऋणों के परिशोधन के लिए पुरुष को विवाह कर सन्तानोत्पादन करना चाहिए।
- किसी भी अनुष्ठान के प्रारम्भ में ओ३म् का उच्चारण कर तीन बार आचमन करना चाहिये।
- गोपथ का कथन है कि शान्तचित्त होकर एक हजार बार ओम् का प्रतिदिन जप करने से सारी कामनाएँ पूर्ण होती हैं।

  'एतदक्षरं (ओंकारं)....सहस्त्रकृत्त्व आवर्तयेत्, सिध्यन्त्यस्यार्थाः सर्वकर्माणि च।' (1.1.22)
- गोपथ ने 21 प्रकार के यज्ञ बनाए हैं 7 सुत्या, 7 पाकयज्ञ और 7 हविर्यज्ञ। इसका विस्तृत विवरण भी दिया है।

- अग्निष्टोम, वाजपेय आदि 7 सुत्या हैं। दैनिक अग्निहोत्र, पितृयज्ञ आदि 7 पाकयज्ञ हैं। दर्श-पूर्णमास, चातुर्मास्य आदि 7 हविर्यज्ञ हैं।
- ब्रह्मा यज्ञ के विघ्नों को नष्ट करता है - **'ब्रह्मा .... यज्ञस्य विरिष्टं शमयति'**
- गोपथ में अनेक शब्दों के निर्वचन दिए गए हैं। यास्क ने निरुक्त में इसी पद्धति को अपनाया है। जैसे- ओम् (अव् और आप् धातु से)
- अंगिरस् (अंगिरा)- अंग+रस से
- वरुण- वृ (वरण) धातु से
- जाया – जन् धातु से, जायते अस्याम्, पति ही पुनः गर्भ में आकर पुत्ररूप में उत्पन्न होता है।
- अर्थवन् (अथर्वा) अथ+अर्वाक् = अथर्वन्
- गोपथ ब्राह्मण वैदिक साहित्य का सबसे परवर्त्ती रचना माना गया है।
- गोपथ ब्राह्मण में शिव का उल्लेख है जिससे प्रतीत होता है कि यह ब्राह्मण, ब्राह्मण काल की अपेक्षा वेदोत्तर काल की रचना है।

❑❑

7. आरण्यक ग्रन्थ

- आरण्यकों का विकास ब्राह्मण ग्रन्थों के **परिशिष्ट** के रूप में हुआ। ब्राह्मण के जिस भाग में वानप्रस्थाश्रम के लिए उपयोगी यज्ञादि का विधान किया गया है उन्हें आरण्यक कहते हैं।
- वन में पढ़े जाने के कारण इन्हें 'आरण्यक' कहा गया है जैसा कि भाष्यकार सायण ने कहा है- **'अरण्याध्ययनादेतद् आरण्यकमितीर्यते।'**
- **'अरण्ये भवम् आरण्यकम्'** अर्थात् अरण्य में होने वाले अध्ययन- अध्यापन, मनन- चिन्तन शास्त्रीय चर्चा और अध्यात्मविवेचन आरण्यक के अन्तर्गत आते हैं।

आरण्यकों का महत्त्व

- आरण्यक ग्रन्थ ब्राह्मण ग्रन्थों और उपनिषद् को जोड़ने वाली कड़ी है।
- यह आरण्यक सकाम से निष्काम की ओर प्रवृत्ति कराता है।
- यह स्थूल से सूक्ष्म की ओर ले जाता है तथा भौतिकवाद से अध्यात्म की ओर, मूर्त से अमूर्त की ओर ले जाने वाला है।
- आरण्यकों में यज्ञ प्रक्रिया के दार्शनिक पक्ष का विवेचन है।
- **वेदों का नवनीत -** आरण्यक वेदों के सारभाग हैं जैसे दही से मक्खन, मलय से चन्दन और औषधियों से अमृत प्राप्त होता है वैसे ही वेदों से आरण्यक प्राप्त हुए हैं-

नवनीतं यथा दध्नो मलयाच्चन्दनं यथा
आरण्यकं च वेदेभ्य ओषधिभ्योऽमृतं यथा॥

(महाभारत 1.331.3)

- आरण्यकों में पवित्र ब्रह्मविद्या का वर्णन है ।
- यज्ञोपवीत का सर्वप्रथम उल्लेख तैत्तिरीय ब्राह्मण में आता है तैत्तिरीय आरण्यक में भी यज्ञोपवीत का महत्त्व वर्णित है।
- **प्रव्रज्या का उल्लेख-** बृहदारण्यक में संन्यासी के अर्थ में प्रव्रज्या शब्द का उल्लेख है। प्रव्रज्या का अर्थ है- घर छोड़कर जाना अर्थात् तत्त्वदर्शन या ब्रह्मज्ञान के लिए घर छोड़कर वन आदि में जाना।

- मैत्रायणी आरण्यक में भारत के चक्रवर्ती सम्राटों के नाम मिलते हैं जिनके नाम हैं- सुद्युम्न- भूरिद्युम्न- इन्द्रद्युम्न- कुवलयाश्व-यौवनाश्व-वध्र्यश्व-अश्वपति-शशबिन्दु- हरिश्चन्द्र-अम्बरीष- ननक्तु-शर्याति-ययाति- अनरण्य- अक्षसेनादयः।

आरण्यकग्रन्थों के प्रवक्ता ऋषि

- ऐतरेय ब्राह्मण के प्रवक्ता महिदास ऐतरेय हैं उनको ही ऐतरेय आरण्यक का प्रवक्ता माना जाता है । (1-3 आरण्यक तक)

  'एतद् हस्य वै तद् विद्वान् आह महिदास ऐतरेय' (ऐत. 2.1.8)
- ऐतरेय आरण्यक के चतुर्थ आरण्यक के प्रवक्ता 'आश्वलायन' माने जाते हैं।
- पञ्चम आरण्यक के रचयिता शौनक माने जाते हैं।
- शांखायन आरण्यक के प्रवक्ता 'गुण शांखायन' हैं इनके गुरु का नाम कहोल कौषीतकि था।
- बृहदारण्यक के प्रवचन कर्त्ता 'महर्षि याज्ञवल्क्य' हैं। ये सम्पूर्ण शतपथ ब्राह्मण के प्रवक्ता हैं।
- तैत्तिरीय आरण्यक कृष्ण यजुर्वेदीय आरण्यक है सायण ने अपने भाष्य में कठ ऋषि को इसका प्रवक्ता बताया है।
- मैत्रायणी आरण्यक के प्रवक्ता भी कठ ऋषि को ही मानना चाहिए।
- तवलकार आरण्यक 'जैमिनीय उपनिषद् ब्राह्मण' ही है इसके प्रवक्ता 'जैमिनि मुनि' हैं।

आरण्यक प्रवक्ता

ऐतरेय आरण्यक (1-3 अध्याय- महिदास, चौथा अध्याय- आश्वलायन
पाँचवाँ अध्याय- शौनक)

शांखायन (कहोल कौषीतकि)

बृहदारण्यक (याज्ञवल्क्य)

तैत्तिरीय (कठ ऋषि)

मैत्रायणी (कठ ऋषि)

तवलकार (जैमिनि)

ऋग्वेद के आरण्यक

ऐतरेय आरण्यक

शांखायन आरण्यक
या
कौषीतकि आरण्यक

ऐतरेय आरण्यक का परिचय

- यह ऐतरेय ब्राह्मण का ही परिशिष्ट भाग है।
- इसमें 5 भाग हैं, कुल 18 अध्याय हैं।

ऐतरेय आरण्यक का वर्ण्य विषय

- अध्याय 1- इसमें महाव्रत का वर्णन है।
- अध्याय 2- इसके प्रथम 3 अध्यायों में उक्थ (3 निष्केवल्य प्राण विद्या और पुरुष) का विवेचन है।
- अध्याय 3- इसमें संहिता, पदपाठ, क्रमपाठ तथा स्वर और व्यञ्जन आदि के स्वरूप का विवेचन है।
- अध्याय 4- इसमें महानाम्नी ऋचाओं का वर्णन है। जो महाव्रत में बोली जाती है।
- अध्याय 5- इसमें निष्केवल्य **शस्त्र** (मन्त्रों) का वर्णन है।
- ऐतरेय आरण्यक में प्राणविद्या का वर्णन है।
- प्रज्ञा का महत्त्व, आत्मस्वरूप का वर्णन वैदिक अनुष्ठान, स्त्रियों का महत्त्व, शास्त्रीय महत्त्व, आचार संहिता (नैतिकता) का वर्णन है।

शांखायन आरण्यक का परिचय

- यह ऋग्वेदीय आरण्यक है। इसमें 15 अध्याय हैं।
- अध्याय 3-6 तक को 'कौषीतकि उपनिषद्' कहते हैं।
- अध्याय 7-8 संहितोपनिषद्
- अध्याय-9- इसमें प्राणविद्या की श्रेष्ठता का वर्णन है।
- अध्याय- 10 इसमें आध्यात्मिक अग्निहोत्र का सांगोपांग वर्णन है।
- अध्याय-11- इसमें मृत्यु के निराकरण के लिए एक विशेष याग का विधान है।
- अध्याय-12 इसमें समृद्धि के लिए बिल्व (बेल) के फल से एक मणि बनाने का वर्णन है।
- अध्याय-13 इसमें श्रवण, मनन, आदि के लिए शरीर- शुद्धि, तपस्या, श्रद्धा और दम आदि की आवश्यकता का वर्णन है।
- अध्याय-14 इसमें **'अहं ब्रह्मास्मि'** और वेदों के अर्थज्ञान का महत्त्व बताया गया है।
- अध्याय-15 इसमें आचार्यों की वंश परम्परा दी गयी है।
- कौषीतकि शांखायन के गुरु हैं।

बृहदारण्यक का सामान्य परिचय

- यह शुक्लयजुर्वेदीय आरण्यक है।
- यह शतपथ ब्राह्मण के अन्तिम 14 वें काण्ड के अन्त में दिया गया है।
  नोट- इसे यथार्थतः आरण्यक नहीं उपनिषद् ही माना जाता है।

कृष्णयजुर्वेदीय आरण्यक

तैत्तिरीय शाखा	मैत्रायणी शाखा
तैत्तिरीय आरण्यक	मैत्रायणीय आरण्यक

तैत्तिरीय आरण्यक का परिचय

- यह कृष्णयजुर्वेदीय आरण्यक है।
- इसमें 10 प्रपाठक या परिच्छेद हैं प्रपाठकों के उपविभाग अनुवाक हैं।
- 10प्रपाठकों के नाम-
  1 भद्र 2. सह वै 3. चिति 4. युञ्जते 5. देव वै 6. परे 7. शिक्षा 8. ब्रह्मविद्या9. भृगु 10. नारायणीय
- प्रथम प्रपाठक 'भद्रं कर्णेभिः' मन्त्र से प्रारम्भ हुआ है। अतः इस प्रपाठक का नाम 'भद्र' है।

तैत्तिरीय आरण्यक का वर्ण्य विषय-

- प्रपाठक - 1 इसमें आरुण- केतुक नामक अग्नि की उपासना और तदर्थ इष्टका-चयन का वर्णन है।
- प्रपाठक 2 इसमें स्वाध्याय और पञ्चमहायज्ञों का वर्णन हैं।
- प्रपाठक 3 इसमें चातुर्होत्र चिति से सम्बद्ध मन्त्र हैं।
- प्रपाठक 4 इसमें प्रवर्ग्य होम से सम्बद्ध मन्त्र हैं।
- प्रपाठक 5 इसमें यज्ञ सम्बन्धी कतिपय संकेत दिये गये हैं।
- प्रपाठक 6 इसमें पितृमेध- सम्बन्धी मन्त्रों का संकलन है इसमें ऋग्वेद के भी मन्त्र दिये गये हैं।
- प्रपाठक 7-9 यह 'तैत्तिरीय उपनिषद्' है।
- प्रपाठक 10 यह महानारायणीय उपनिषद् है इसको 'खिल काण्ड' भी कहते हैं।

पाँच महायज्ञ-

* 1 ब्रह्मयज्ञ- (संध्या)
* 2 देवयज्ञ- (अग्निहोत्र)
* 3 पितृयज्ञ- (मातृ-पितृ सेवा, इसे श्राद्ध- तर्पण भी कहते हैं।)
* 4 मनुष्ययज्ञ- (अतिथिसत्कार)
* 5 भूतयज्ञ- (बलिवैश्वदेव यज्ञ, पशु पक्षियों आदि को अन्नादि देना, व्यासमुनि का पाराशर्य (पराशर के पुत्र) नाम से उल्लेख है।

मैत्रायणी आरण्यक का सामान्य परिचय

➢ यह कृष्णयजुर्वेद की मैत्रायणीय शाखा का आरण्यक है। इसको मैत्रायणीय उपनिषद् भी कहते हैं।

➢ इसमें 7 प्रपाठक हैं। प्रपाठक खण्डों में विभक्त हैं।

वर्ण्य विषय-

➢ प्रपाठक 1 – ब्रह्मयज्ञ राजा बृहद्रथ को वैराग्य और मुनि शाकायन्य द्वारा उसे उपदेश।

➢ प्रपाठक 2 – शाकायन्य द्वारा ब्रह्मविद्या का उपदेश

➢ प्रपाठक 3 – जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन। कर्म फल और पुनर्जन्म।

➢ प्रपाठक 4 – ब्रह्म- सायुज्य- प्राप्ति के उपाय।

➢ प्रपाठक 5 – कौत्सायनी स्तुति। ब्रह्म की नानारूपों में स्तुति।

➢ प्रपाठक 6 – ओम्, प्रणव, उद्गीथ और गायत्री की उपासना। आत्मयज्ञ का वर्णन, षडङ्ग योग, शब्द ब्रह्म, निर्विषय मन से मोक्ष प्राप्ति।

➢ प्रपाठक 7 – आत्म स्वरूप का वर्णन।

➢ ज्ञान के विघ्न - मोह का प्रपञ्च, मनोरंजन- प्रियता, प्रवास, भिक्षावृत्ति आदि।

सामवेद के आरण्यक

तवलकार आरण्यक

छान्दोग्यारण्यक
यह वस्तुतः छान्दोग्योपनिषद् का ही प्रारम्भिक भाग है।

तवलकार आरण्यक का परिचय

➢ जैमिनीय शाखा से सम्बद्ध है।

➢ यह चार अध्यायों में है।

- चतुर्थ अध्याय का दशम अनुवाक केनोपनिषद् कहलाता है।
- ब्राह्मण आरण्यक उपनिषद् का मिश्रण है।
- इसे जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण भी कहते हैं।
- अथर्ववेद का कोई आरण्यक उपलब्ध नहीं है।

आरण्यकों का महत्त्व

1. कर्मकाण्ड व ज्ञानकाण्ड का समन्वय है।
2. वानप्रस्थ के लिए विशेष उपयोगी है।
3. सूक्ष्म अध्यात्मवाद।
4. निष्काम कर्म का महत्त्व।
5. वैदिक यज्ञों की आध्यात्मिक व्याख्या।

❑❑

8. उपनिषद् ग्रन्थ

- 'उपनिषद्' शब्द उप और नि उपसर्गपूर्वक सद् धातु से क्विप् प्रत्यय करने पर बनता है- **उप+नि+सद्+क्विप् = उपनिषद्।**
- उपनिषद् का अर्थ है-

उप	=	समीप
नि	=	निश्चय या निष्ठापूर्वक
सद्	=	बैठना

- अर्थात् तत्त्वज्ञान के लिए गुरु के पास सविनय बैठना।
- श्रीशंकराचार्य ने उपनिषद् का अर्थ 'ब्रह्मविद्या' माना है।
- शंकराचार्य के अनुसार सद् धातु के तीन अर्थ हैं-

  1. विशरण- नाश होना 2. गति- पाना या जानना 3. अवसादन- शिथिल होना
- मुक्तिकोपनिषद् के अनुसार उपनिषदों की संख्या 108 है।

वेद	**उपनिषदों की संख्या**
ऋग्वेद	10
शुक्लयजुर्वेद	19
कृष्णयजुर्वेद	32
सामवेद	16
अथर्ववेद	31
	कुल 108

- आचार्य शंकर ने 10 उपनिषदों पर अपना भाष्य लिखा वे इस प्रकार हैं-

  ''ईश-केन-कठ-प्रश्न-मुण्ड-माण्डूक्य-तित्तिरः।
  ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं दश।।''

  ये उपनिषद् प्राचीन तथा प्रमाणिक हैं।
- इसके अतिरिक्त कौषीतकि उपनिषद्, श्वेताश्वतर तथा मैत्रायणीय भी प्राचीन माने जाते हैं।

वेद	उपनिषद् नाम	शान्तिपाठ
ऋग्वेद	ऐतरेय, कौषीतकि आदि।	वाङ् मे मनसि ...
शुक्लयजुर्वेद	ईश, बृहदारण्यक आदि।	पूर्णमदः पूर्णमिदं ...
कृष्णयजुर्वेद	कठ, तैत्तिरीय आदि।	सह नाववतु ...
सामवेद	केन, छान्दोग्य आदि।	आप्यायन्तु ...
अथर्ववेद	प्रश्न, मुण्डक आदि।	भद्रं कर्णेभि ...

➢ **ऋग्वेद के उपनिषद्-**
1. ऐतरेय उपनिषद्
2. कौषीतकि उपनिषद्

➢ **शुक्लयजुर्वेद के उपनिषद्-**
1. ईशोपनिषद्
2. बृहदारण्यकोपनिषद्

➢ **कृष्णयजुर्वेद के उपनिषद्-**
1. तैत्तिरीयोपनिषद्
2. कठोपनिषद्
3. श्वेताश्वतरोपनिषद्
4. मैत्रायणी उपनिषद्
5. महानारायणोपनिषद्

➢ **सामवेद के उपनिषद्-**
1. केनोपनिषद्
2. छान्दोग्योपनिषद्

➢ **अथर्ववेद के उपनिषद्-**
1. मुण्डकोपनिषद्
2. माण्डूक्योपनिषद्
3. प्रश्नोपनिषद्

➢ कुछ विद्वान् उपनिषद् का रचनाकाल 700 ई. पू. मानते हैं।

➢ बालगंगाधर तिलक ने ज्योतिष गणना के आधार पर उपनिषद् का रचनाकाल 1600 ई.पू. माना है।

1- ऐतरेय उपनिषद्-

➢ यह ऐतरेय आरण्यक का एक अंश है।

➢ ऐतरेय आरण्यक के द्वितीय अध्याय के चतुर्थ खण्ड से लेकर षष्ठ खण्ड तक का नाम 'ऐतरेय उपनिषद्' है।

➢ इसमें तीन अध्याय हैं।

➢ प्रथम अध्याय में परमात्मा के ईक्षण से सृष्टि का उल्लेख प्राप्त है।

➢ द्वितीय अध्याय में पुनर्जन्म के सिद्धान्त का वर्णन है।

➢ तृतीय अध्याय में 'प्रज्ञानं ब्रह्म' का वर्णन है।

2. कौषीतकि उपनिषद्-

- कौषीतकि उपनिषद् कौषीतकि ब्राह्मण से सम्बद्ध है। कौषीतकि ब्राह्मण से कौषीतकि आरण्यक है।
- कौषीतकि आरण्यक के तृतीय अध्याय से षष्ठ अध्याय तक को 'कौषीतकि उपनिषद्' कहते हैं।
- इसे ही 'कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषद्' भी कहते हैं।
- इस उपनिषद् में कुल 4 अध्याय हैं।
- प्रथम अध्याय में देवयान और पितृयान का वर्णन है।
- द्वितीय अध्याय में प्राण को ब्रह्म माना गया है, इसका वर्णन है।
- तृतीय अध्याय में प्राण और प्रज्ञा के महत्त्व का वर्णन है।
- चतुर्थ अध्याय में काशिराज अजातशत्रु और बालाकि का दार्शनिक संवाद वर्णित है।

3. ईशोपनिषद्-

- यह शुक्लयजुर्वेद की काण्व शाखा से सम्बन्धित है।
- यह वाजसनेयी संहिता का 40 वाँ अध्याय है।
- इसमें 18 मन्त्र हैं।
- ईशोपनिषद् को ही ईशावास्योपनिषद् कहते हैं।

4. तैत्तिरीय उपनिषद्

- कृष्णयजुर्वेद तैत्तिरीय शाखा से सम्बद्ध है। तैत्तिरीय ब्राह्मण का अन्तिम भाग तैत्तिरीय आरण्यक है।
- तैत्तिरीय आरण्यक के 10 प्रपाठकों में सप्तम, अष्टम एवं नवम प्रपाठकों को तैत्तिरीयोपनिषद् कहते हैं।
- इस उपनिषद् में 3 वल्ली हैं।

  1. शीक्षा वल्ली 2. ब्रह्मानन्द वल्ली 3. भृगुवल्ली

वर्ण्य विषय

- **1-शीक्षा वल्ली-** शिक्षा शास्त्र, संहिता के अनेक रूप, भूः, भुवः, स्वः तीन व्याहृतियाँ आत्मा का निवास, आत्म- ब्रह्म की व्याख्या, सत्य, तप और स्वाध्याय का महत्त्व, दीक्षान्त उपदेश।

2. **ब्रह्मानन्द वल्ली-** अन्न, प्राण, मन, विज्ञान, आनन्दमय इन पाँच कोशों का वर्णन, ब्रह्म रस रूप है, सूर्य और पुरुष दोनों में एक ही शक्ति है।
3. **भृगुवल्ली-** पञ्च कोशों का वर्णन, अन्न का स्वरूप, अन्न का विराट् रूप।

कठोपनिषद्

- कृष्णयजुर्वेद की कठशाखा को कठोपनिषद् कहते हैं।

- ➢ इसमें कुल 2 अध्याय एवं 6 वल्लियाँ हैं।
- ➢ इसके प्रत्येक अध्याय में 3 खण्ड हैं।
- ➢ इसमें सुप्रसिद्ध यम और नचिकेता की कथा है।
- ➢ यम ने नचिकेता को तीन वर प्रदान किये।

यम द्वारा नचिकेता को प्राप्त तीन वर

1. मेरे यमलोक से लौटने पर पिता मुझे देखकर प्रसन्न हों।
2. दिव्य अग्निविद्या।
3. जीवन और मृत्यु का रहस्य।

- ➢ नचिकेता के पिता वाजश्रवा थे।
- ➢ वाजश्रवा के पिता उद्दालक थे।

श्वेताश्वतरोपनिषद्

यह उपनिषद् कृष्णयजुर्वेद से सम्बद्ध अनुपलब्ध श्वेताश्वतर संहिता का एक अंश है। इसमें कुल छः अध्याय हैं।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में प्रतिपादित विषय-

- ➢ **अध्याय-1-** हंस, त्रैतवाद, माया, क्षर, अक्षर सत्य और तप से आत्मदर्शन।
- ➢ **अध्याय-2-** योग, योगविधि, ब्रह्मतत्त्व का वर्णन।
- ➢ **अध्याय-3-** रुद्र विश्वरूप, जीव का स्वरूप, आत्मा का वर्णन।
- ➢ **अध्याय-4-** एकेश्वरवाद, त्रैतवाद प्रकृति, माया-मायी शिव ब्रह्मरूप का वर्णन।
- ➢ **अध्याय-5-** क्षर-अक्षर, कपिल, ऋषि, जीवात्मा का स्वरूप।
- ➢ **अध्याय-6-** ब्रह्म के अनेक नाम, हंस, ईश्वर प्रकृति एवं जीव का नियन्ता, गुरुभक्ति।

बृहदारण्यकोपनिषद्

- ➢ यह शतपथ ब्राह्मण के 14वें काण्ड का अन्तिम भाग है।
- ➢ यह शुक्ल यजुर्वेद से सम्बद्ध है।
- ➢ यह आकार में विशालकाय नहीं अपितु तत्त्वज्ञान में भी अग्रगण्य है।
- ➢ यह अध्यात्म शिक्षा से ओतप्रोत है।
- ➢ इसमें 6 छः अध्याय हैं।
- ➢ यह उपखण्डों में विभक्त है।

बृहदारण्यक उपनिषद् के वर्ण्य विषय-

- ➢ **अध्याय 1.** यज्ञिय अश्व के रूप में परम पुरुष का वर्णन, मृत्यु का विकराल रूप, जगत् की उत्पत्ति, प्राण की श्रेष्ठता का वर्णन।

- **अध्याय 2.** अभिमानी गार्ग्य और काशिराज, अजातशत्रु का संवाद, ब्रह्म के दो रूप मूर्त और अमूर्त, याज्ञवल्क्य का अपनी दोनों पत्नियों, कात्यायनी और मैत्रेयी में सम्पत्ति का विभाजन, मैत्रेयी का सम्पत्ति लेने से अस्वीकार करना और याज्ञवल्क्य से ब्रह्मविद्या का उपदेश प्राप्त करना।
- **अध्याय 3.** जनक की सभा में याज्ञवल्क्य का अपने प्रतिपक्षियों को हराना, गार्गी और याज्ञवल्क्य के प्रश्नोत्तर।
- **अध्याय 4.** याज्ञवल्क्य का जनक को ब्रह्मविद्या का उपदेश।
- **अध्याय 5.** प्रजापति का देव मनुष्य और असुरों को द द द का उपदेश, ब्रह्म के विभिन्न रूपों का वर्णन प्राण ही वेदरूप है, गायत्री के विभिन्न रूप।
- **अध्याय 6.** प्राण की श्रेष्ठता, ऋषि प्रवाहण जैबलि और श्वेतकेतु का दार्शनिक संवाद, पञ्चाग्नि मीमांसा, उपनिषदीय ऋषियों की वंश परम्परा का विस्तृत वर्णन।

मैत्रायणी उपनिषद्

- यह कृष्णयजुर्वेद की मैत्रायणी संहिता से सम्बद्ध है।
- यह परवर्ती काल की रचना है।
- यह गद्यबद्ध रचना है।
- इसमें कुल सात अध्याय हैं।
- सात अध्यायों में षष्ठ अध्याय के अन्तिम आठ प्रपाठक और सप्तम अध्याय परिशिष्ट रूप है।
- इस उपनिषद् का विषय विवेचन तीन प्रश्नों के उत्तर के रूप में किया गया है।
- प्रथम प्रश्न है- आत्मा मौलिक शरीर में किस प्रकार प्रवेश पाता है?
- द्वितीय प्रश्न है- यह परमात्मा किस प्रकार भूतात्मा बनता है?
- तृतीय प्रश्न है- इस दुःखात्मक स्थिति से मुक्ति किस प्रकार मिल सकती है?

महानारायणोपनिषद्-

- यह कृष्णयजुर्वेद से सम्बद्ध तैत्तिरीय आरण्यक का दशम प्रपाठक है।
- इसमें द्रविणों के अनुसार 64 अनुवाक हैं, आन्ध्रों के अनुसार 80 अनुवाक हैं, कर्नाटकों के अनुसार 74 अनुवाक हैं।
- इस उपनिषद् में नारायण का परमात्म तत्त्व के रूप में उल्लेख है।
- इसमें सत्य, तप, दया, दान, धर्म, अग्निहोत्र यज्ञ आदि का उल्लेख है।
- इसमें तत्त्वज्ञानी के जीवन का यज्ञ के रूप में चित्रण है।

छान्दोग्य उपनिषद्-

- यह सामवेदीय उपनिषद् है।
- इस उपनिषद् में आठ अध्याय हैं।

- प्रत्येक अध्याय में अनेक खण्ड हैं-

अध्याय	**खण्ड**
प्रथम अध्याय	13
द्वितीय अध्याय	24
तृतीय अध्याय	19
चतुर्थ अध्याय	17
पञ्चम अध्याय	24
षष्ठ अध्याय	16
सप्तम अध्याय	26
अष्टम अध्याय	15

- इसके वर्ण्य-विषय इस प्रकार हैं-
- **अध्याय 1.** ओम् (प्रणव, उद्गीथ) की उपासना, ऋक् और साम का युग्म, वाक् मन और प्राण की उपासना, प्रणव और उद्गीथ की एकता, साम का आधार स्वर, प्राण आदित्य और अन्न का महत्त्व, शौव उद्गीथ
- **अध्याय 2.** पञ्चविध साम की उपासना, सप्तविध साम, त्रयी विद्या धर्म के तीन स्कन्द, ओम् ही वेदत्रयी का सार।
- **अध्याय 3.** देवमधु के रूप में सूर्य की उपासना, गायत्री का महत्त्व, सर्वं खल्विदं ब्रह्म का वर्णन, प्राण ही वसु रुद्र और आदित्य है, घोर अंगिरस् द्वारा कृष्ण को अध्यात्म की शिक्षा, चतुष्पाद ब्रह्म।
- **अध्याय 4.** रैक्व द्वारा अध्यात्म शिक्षा, सत्यकाम जाबाल की कथा, सत्यकाम जाबाल द्वारा उपकोशल को ब्रह्मज्ञान की शिक्षा।
- **अध्याय 5.** प्राण की श्रेष्ठता, प्रवाहण जैबलि के दार्शनिक सिद्धान्त, परलोक विज्ञान, राजा अश्वपति द्वारा सृष्टि- उत्पत्ति विषयक प्रश्नों के उत्तर में 6 दार्शनिक सिद्धान्तों का समन्वय
- **अध्याय 6.** महर्षि आरुणि द्वारा अपने पुत्र श्वेतकेतु को अद्वैतवाद का उपदेश, 'तत् त्वमसि' का विस्तृत प्रतिपादन।
- **अध्याय 7.** ऋषि सनत्कुमार नारद को उपदेश 'यो वै भूमा तत् सुखम्' भूमा दर्शन की शिक्षा।
- **अध्याय 8.** देवराज इन्द्र और असुरराज विरोचन को प्रजापति द्वारा आत्मज्ञान की शिक्षा।
- आत्मप्राप्ति के कुछ व्यवहारिक उपाय।

केनोपनिषद्-

- यह उपनिषद् सामवेद की जैमिनीय शाखा से सम्बद्ध है।
- इसे 'तवल्कारोपनिषद्' भी कहते हैं। इसमें 4 खण्ड हैं -प्रथम दो खण्ड पद्यात्मक शेष दो गद्यात्मक।
- 1 पद्यमय भाग- यह वेदान्त के विकास काल की रचना प्रतीत होती है।
- 2. गद्यमय भाग- यह भाग अत्यन्त प्राचीन है।
- प्रथम खण्ड में उपास्य ब्रह्म और निर्गुण ब्रह्म में अन्तर बताया गया है।
- द्वितीय खण्ड में ब्रह्म के रहस्यमय स्वरूप का विवेचन है।
- तृतीय और चतुर्थ खण्डों में **'उमा हैमवती के आख्यान'** द्वारा परब्रह्म की सर्वशक्तिमत्ता का विवेचन है।

प्रश्नोपनिषद्

- यह अथर्ववेद की पिप्पलाद शाखा से सम्बद्ध है।
- इसमें महर्षियों द्वारा छः प्रश्न पूछे गये हैं जिसके कारण इसका नाम प्रश्नोपनिषद् पड़ा।
- 1- प्रथम प्रश्न कबन्धी कात्यायन का है- भगवन्! समस्त प्रजा की उत्पत्ति कैसे और कहाँ से हुई?
- 2- द्वितीय प्रश्न भार्गव का है- कितने देवता प्रजाओं को धारण करते हैं, कौन उन्हें प्रकाशित करता है और उनमें सबसे श्रेष्ठ कौन है?
- 3- तृतीय प्रश्न आश्वलायन का है- प्राणों की उत्पत्ति कहाँ से हुई? उसका शरीर में आवागमन और उत्क्रमण किस प्रकार होता है?

  4- चतुर्थ प्रश्न गार्ग्य सौर्यायणी का है- आत्मा की जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओं का आध्यात्मिक रहस्य क्या है?
- 5- पञ्चम प्रश्न सत्यकाम का है-ॐ की उपासना का क्या रहस्य है? और उसके ध्यान से किस लोक की प्राप्ति होती है?
- 6- षष्ठ प्रश्न सुकेशा का है- षोडशकला सम्पन्न पुरुष का स्वरूप क्या है?

मुण्डकोपनिषद्-

- यह अथर्ववेद की शौनक शाखा से सम्बद्ध है।
- यह मुण्डित अर्थात् संन्यासियों के लिए विरचित हुई है।
- इसमें 3 मुण्डक (अध्याय) हैं। प्रत्येक के दो - दो खण्ड हैं।
- इस उपनिषद् में ब्रह्म ने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा (अर्थवन्) को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया है।

- इसमें परा और अपरा नामक दो विद्याओं का विवेचन है।
- इसमें द्वैतवाद का स्पष्ट उल्लेख है।
- दो पक्षियों के रूपक द्वारा जीव और ब्रह्म का भेद बताया गया है।

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया

- इसमें बताया गया है कि जीवात्मा भोक्ता तथा परमात्मा साक्षी है।

माण्डुक्योपनिषद्-

- यह एक लघुकाय उपनिषद् है।
- इसमें कुल बारह वाक्य हैं यह गद्यात्मक है।
- इसमें ओङ्कार का रहस्य वर्णित है।
- वेदान्त की मूलभावना इसी उपनिषद् में प्राप्त होती है।
- इसमें ब्रह्म और आत्मविषय का विवेचन है।
- इसमें ब्रह्म की चार अवस्थायें बतायी गयी हैं।

 1. जाग्रत 2. स्वप्न 3. सुषुप्ति 4. तुरीय

- ओम् की अवस्थाओं का वर्णन

ओम् की मात्रा	अवस्था	आत्मा का स्वरूप	विषय
अ	जागरित	वैश्वानर	स्थूलभुक् (स्थूल)
उ	स्वप्न	तैजस्	प्रविविक्तभुक्त (सूक्ष्म)
म्	सुषुप्ति	प्राज्ञ	आनन्द भुक् (आनन्द)
--	तुरीय	अद्वैत शिव	अवर्णनीय

❑❑

9. वेदाङ्ग

- वेदों के गूढ़ एवं वास्तविक अर्थों को जानने के लिए जिन सहायक तत्त्वों की आवश्यकता होती है। उन्हे वेदाङ्ग कहते हैं।
- वेदाङ्ग का अर्थ है- वेद के अङ्ग।
- 'वेदाङ्ग' में अङ्ग शब्द का अर्थ है 'वे उपकारक तत्त्व जिनसे वस्तु के स्वरूप का बोध होता है।' 'अङ्ग्यन्ते ज्ञायन्ते एभिरिति अङ्गानि।'
- वेदाङ्गों के द्वारा मन्त्रों का अर्थ उनकी व्याख्या तथा यज्ञ में उनके विनियोग आदि का बोध होता है।
- वेदाङ्गों की संख्या छः है -

शिक्षा व्याकरणं छन्दो निरुक्तं ज्योतिषं तथा।
कल्पश्चेति षडङ्गानि वेदस्याहुर्मनीषिणः।।

शिक्षा, व्याकरण, छन्द, निरुक्त, ज्योतिष, कल्प, वेदाङ्ग के विषय में पाणिनीय शिक्षा में निम्न श्लोक प्राप्त होता है-

'**छन्दः पादौ तु वेदस्य, हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।**
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य, मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते।। (पा0शि041-42)'

1. छन्द	पाद (पैर)
2. कल्प	हस्त (हाथ)
3. ज्योतिष	चक्षु (नेत्र)
4. निरुक्त	श्रोत्र (कान)
5. शिक्षा	घ्राण (नाक/नासिका)
6. व्याकरण	मुख (मुँह)

- वेदाङ्गो का सर्वप्रथम उल्लेख मुण्डकोपनिषद् में अपरा विद्या के अन्तर्गत चार वेदों के नाम के बाद हुआ।
- उपनिषदों में दो प्रकार की विद्या का उल्लेख प्राप्त होता है-पराविद्या,अपराविद्या। अपराविद्या के अन्तर्गत चार वेद तथा छः वेदाङ्ग आते हैं।

शिक्षा

- शिक्षा का अर्थ है- वर्णोच्चारण की शिक्षा देना
- 'स्वरवर्णाद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते उपदिश्यते सा शिक्षा' अर्थात् जिसमें स्वर वर्ण आदि के उच्चारण की शिक्षा दी जाती है उसे शिक्षा कहते हैं ।
- शिक्षा को वेद पुरुष का घ्राण कहा गया है **'शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य'**।
- तैत्तिरीयोपनिषद् में शिक्षा के छः अङ्गों का उल्लेख है जो हैं- वर्ण, स्वर, मात्रा, बल, साम, सन्तान।

वर्ण-

- वर्णोऽकारादिः अर्थात् अकार आदि को वर्ण कहते हैं । वेदों के ज्ञान के लिए वर्णों का ज्ञान होना आवश्यक है।
- वेदों में 52 वर्ण प्राप्त हैं– स्वर 13,स्पर्श 27, य र ल व तथा श ष स ह - 8, विसर्ग, अनुस्वार, जिह्वामूलीय उपध्मानीय- एक एक वर्ण होते हैं।
- पाणिनीय शिक्षा में संस्कृत में वर्णों की संख्या 63 है। संवृत और विवृत अ को अलग-अलग मानने पर 64 वर्ण हो जाते हैं स्वर की संख्या तीन है- उदात्त, अनुदात्त, स्वरित।
- स्वर का अभिप्राय स्वराघात है स्वर भेद से अर्थ भेद होता है।
- **मात्रा -** स्वर के उच्चारण में जो समय लगता है उसे मात्रा कहते हैं।
- ह्रस्व,दीर्घ,प्लुत के भेद से मात्रा के तीन भेद हैं।

ह्रस्व	-	**एक मात्रा**
दीर्घ	-	**दो मात्रा**
प्लुत	-	**तीन मात्रा**

- व्यञ्जन की आधी मात्रा होती है।

  पलक गिरने में जितना समय लगता है उतने समय को एक मात्रा कहते हैं- नारदीय शिक्षा

बल-

- वर्णों के उच्चारण में होने वाले प्रयत्न और उनके उच्चारण स्थान को बल कहते हैं।
- प्रयत्न दो हैं - आभ्यन्तर तथा बाह्य।
- जिन स्थानों से टकराकर वायु बाहर निकलती है उसे 'स्थान' कहते हैं।
- स्थान आठ हैं- हृदय,कण्ठ,शिर, जिह्वामूल,दन्त,नासिका,ओष्ठ,तालु।

साम-

- वर्णों के दोष रहित एवं शुद्ध माधुर्य आदि गुणों से युक्त उच्चारण को 'साम' कहते हैं। साम का अभिप्राय है- समविधि से सुस्पष्ट एवं सुस्वर से उच्चारण।

सन्तान-

- सन्तान का अर्थ है संहिता। पदों की अतिशय सन्निधि को संहिता कहते हैं इसके लिए सन्धि नियमों को जानना और उनका यथास्थान उपयोग करना।

शिक्षाग्रन्थ-

- उपलब्ध शिक्षाग्रन्थ 35 हैं। 32 शिक्षा ग्रन्थों का एक संकलन 'शिक्षा-संग्रह' नाम से प्रकाशित हुआ।
- इसमें ध्वनिविज्ञान से सम्बन्ध उनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य दिए गए हैं।

पाणिनीय शिक्षा-

- पाणिनीय शिक्षा वैदिक और लौकिक दोनों के लिए उपयुक्त है।
- पाणिनीय शिक्षा में साठ श्लोक हैं।
- पाणिनीय शिक्षा में वर्णों की संख्या,उच्चारण-प्रक्रिया का ध्वनि-शास्त्रीय वर्णन,स्थान और प्रयत्न का विवरण,संवृत-विवृत,घोष-अघोष,पाठक के गुण-दोषों का वर्णन आदि प्राप्त होता है।
- **भारद्वाज शिक्षा-** पदों की शुद्धता तथा ध्वनि भेद से उदात्त आदि स्वरों में भेद का वर्णन किया है।
- **याज्ञवल्क्य शिक्षा-** याज्ञवल्क्य शिक्षा में 232 श्लोक हैं।

* इसमें वैदिक स्वरों का विवेचन है।
* वर्णों के भेद,स्वरूप,परस्पर साम्य,वैषम्य,लोप आगम-विकार,प्रकृतिभाव आदि का वर्णन है।

- **प्रातिशाख्य प्रदीप शिक्षा-**
  इसमें स्वर-वर्ण आदि की शिक्षा का विवेचन तथा प्राचीन वैयाकरण के मतों का उल्लेख प्राप्त होता है।
- **नारदीय शिक्षा-**
  नारदीय शिक्षा में सामवेद के स्वरों का विस्तार से वर्णन है।
- **अन्य महत्त्वपूर्ण शिक्षा ग्रन्थ-** व्यासशिक्षा, वशिष्ठशिक्षा ,कात्यायनी शिक्षा, पाराशरी शिक्षा,माण्डव्य शिक्षा,माध्यन्दिनी शिक्षा,वर्णरत्नप्रदीपिका,केशवी शिक्षा,स्वरांकन शिक्षा,स्वरभक्ति लक्षण शिक्षा।

व्याकरण वेदाङ्ग –

वेद को व्याकरण का मुख माना जाता है – **'मुखं व्याकरणं स्मृतम्'।**

- जिस शास्त्र के द्वारा शब्दों के प्रकृति प्रत्यय का विवेचन किया जाता है उसे व्याकरण कहते हैं **'व्याक्रियन्ते विविच्यन्ते शब्दाः अनेन इति व्याकरणम्'**
- व्याकरण शास्त्र को दो भागों में बाँटा जा सकता है- वैदिक व्याकरण तथा लौकिक व्याकरण।
- व्याकरण शास्त्र में पद-पदार्थ, वाक्य-वाक्यार्थ आदि का विवेचन प्राप्त होता है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में व्याकरण शास्त्र को एक वृषभ के रूपक में बाँधा गया है-

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आविवेश॥

* चत्वारि शृंगा - नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात।

* त्रयो पादा	-	भूत, भविष्य, वर्तमान काल
* सप्त हस्ता	-	सात विभक्तियाँ
* त्रिधा बद्धो	-	उर,कण्ठ,शिर तीन स्थानों से बँधा हुआ।

- शब्दों की व्युत्पत्ति तथा अर्थबोध के लिए व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है।
  व्याकरणशास्त्र के पाँच प्रयोजन हैं **'रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः'**

रक्षा	-	वेदों की रक्षा के लिए।
ऊह (तर्क)	-	यथास्थान विभक्ति-परिवर्तन,वाच्य-परिवर्तन आदि के लिए।
आगम	-	ब्राह्मण को निष्काम भाव से वेद पढ़ना चाहिए
लघु	-	सरल ढंग से शब्द ज्ञान के लिए
असन्देह	-	शब्द और अर्थ विषयक सन्देह के निराकरण के लिए।

संस्कृत व्याकरण के आचार्य एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ

पाणिनि के पूर्ववर्ती वैयाकरण-

- आचार्य पाणिनि ने दस आचार्यों का उल्लेख अष्टाध्यायी में किया है- आपिशलि, काश्यप, गार्ग्य, भारद्वाज, शाकटायन, स्फोटायन ये मुख्य हैं।
- प्रातिशाख्य आदि में पाणिनि से पूर्ववर्ती लगभग 75 आचार्यों का उल्लेख है जिसमें प्रमुख आचार्य हैं- शिव (महेश्वर), बृहस्पति , इन्द्र, आचार्य व्याडि, आत्रेय, कात्यायन, काण्व,गौतम,यास्क,वाल्मीकि,शाकल्य, शाकल,शौनक, शांखायन, हारीत आदि।

आचार्य पाणिनि एवं परवर्ती आचार्य

- आचार्य पाणिनि को दाक्षीपुत्र,शालातुरीय और आहिक नाम से भी जाना जाता है।
- आचार्य कात्यायन ने अष्टाध्यायी के सूत्रों पर वार्तिक लिखा।इनका समय चतुर्थ शती ई0पू0 माना जाता है।
- आचार्य पतञ्जलि को गोणिकापुत्र,गोनर्दीय, अहिपति,शेषाहि नाम से जाना जाता है।
- आचार्य पतञ्जलि ने पाणिनि के अष्टाध्यायी और कात्यायन के वार्तिक पर भाष्य लिखा जिसे **महाभाष्य** कहा जाता है।
- पाणिनि,कात्यायन और पतञ्जलि की गणना **'मुनित्रय'** के रूप में होती है।
- आचार्य भर्तृहरि का समय 340ई0पू0 के लगभग है।
- आचार्य भर्तृहरि का निवास उज्जैन माना जाता है। इनके द्वारा रचित 'वाक्यपदीय' दार्शनिक व्याकरण का सर्वोत्तम ग्रन्थ है।
- वाक्यपदीयम् में तीन काण्ड हैं– ब्रह्मकाण्ड (आगमकाण्ड),वाक्यकाण्ड,पदकाण्ड या प्रकीर्ण काण्ड।
- जयादित्य और वामन का समय 660 ई0 के लगभग है इन्होंने अष्टाध्यायी पर काशिका टीका लिखी।
- आचार्य कैय्यट का समय 1035 ई0 के लगभग है ये काश्मीर के निवासी थे इन्होंने महाभाष्य पर 'प्रदीप' नाम की टीका लिखी।
- भट्टोजिदीक्षित का समय 1450ई० के लगभग है इन्होंने अष्टाध्यायी के सूत्रों पर

वृत्ति सहित 'सिद्धान्तकौमुदी' नामक ग्रन्थ लिखा।

- **नागेशभट्ट-** नागेशभट्ट महाराष्ट्रीय ब्राह्मण थे।
  उद्योत टीका (महाभाष्य की टीका) लघुशब्देन्दुशेखर,बृहत्शब्देन्दुशेखर, परिभाषेन्दुशेखर,स्फोटवाद, मञ्जूषा,लघुमञ्जूषा,परमलघुमञ्जूषा नागेशभट्ट द्वारा रचित ग्रन्थ हैं।
- लघुसिद्धान्त कौमुदी तथा मध्यसिद्धान्त कौमुदी के लेखक वरदराज हैं, इनका समय 1475 ई0 के लगभग माना जाता है।

➢ अन्य वैयाकरण -

वैयाकरण	-	ग्रन्थ/टीका
वृषभदेव	-	वाक्यपदीय प्रथम काण्ड पर टीका
पुण्यराज	-	वाक्यपदीय द्वितीय काण्ड के टीकाकार
हेलाराज	-	सम्पूर्ण वाक्यपदीय के टीकाकार
मण्डनमिश्र	-	स्फोट सिद्धान्त के रचयिता
कौण्डभट्ट	-	वैयाकरणभूषण और वैयाकरणभूषणसार के रचयिता
भट्टि	-	भट्टिकाव्य के रचयिता

- **प्रातिशाख्य ग्रन्थ-**
  प्रातिशाख्य शब्द का अर्थ है 'प्रत्येक शाखा से सम्बद्ध व्याकरण आदि का बोध कराने वाला ग्रन्थ।'
- प्रातिशाख्य ग्रन्थों का शिक्षा, व्याकरण और छन्द तीनों से साक्षात् सम्बन्ध है। वेदों के यथार्थ ज्ञान के लिए वर्णोच्चारणशिक्षा, सन्धि नियम, शब्दरूप, धातुरूप उदात्तादि स्वर और छन्दों का ज्ञान आवश्यक है इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए प्रातिशाख्य ग्रन्थों की रचना हुई।

ऋक्प्रातिशाख्य का परिचय

- ऋक्प्रातिशाख्य का सम्बन्ध ऋग्वेद की शाकल शाखा से है।
- ऋक्प्रातिशाख्य को पार्षद या पारिषद सूत्र भी कहा जाता है।
- ऋक्प्रातिशाख्य के रचयिता आचार्य शौनक हैं।

ऋक्प्रातिशाख्य में प्रतिपादित विषय-

- पारिभाषिक शब्दों के लक्षण, विभिन्न सन्धियों का विवेचन, क्रमपाठ का विवरण, पद विभाग और व्यञ्जनों के स्वरूप का विवेचन।
- ऋक्प्रातिशाख्य पर दो भाष्य प्राप्त होते हैं-
- उव्वट का भाष्य जिसका समय 11वीं शती ई. भाष्य है।
  नोट- इसके अतिरिक्त उव्वट ने शुक्ल यजुर्वेद का भी भाष्य किया। विष्णुमित्र कृत वृत्ति।

शुक्ल यजुः प्रातिशाख्य या वाजसनेयि प्रातिशाख्य-

- इस प्रातिशाख्य के रचयिता कात्यायन हैं।
- शुक्ल यजुःप्रातिशाख्य में आठ अध्याय हैं।
- शुक्ल यजुःप्रातिशाख्य में दस प्राचीन ऋषियों के नामों का उल्लेख है जो हैं- काण्व, काश्यप, गार्ग्य, माध्यन्दिन, शाकटायन, शाकल्य, शौनक आदि।
- इस प्रातिशाख्य के वर्ण्य विषय हैं- वर्णविचार, स्वरविचार, सन्धिविचार, पदपाठ विचार, क्रमपाठ विचार, वेदाध्ययन-विषयक विचार।
- आचार्य पाणिनि इसी प्रातिशाख्य से पारिभाषिक शब्द को लिए हैं जैसे- उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, लोप, उपधा, आम्रेडित, अपृक्त।
- शुक्लयजुर्वेद प्रातिशाख्य की दो व्याख्या प्राप्त होती है -
  1. उव्वट द्वारा मातृवेद नामक भाष्य
  2. अनन्तभट्ट कृत पदार्थ प्रकाशक नामक भाष्य।

तैत्तिरीयप्रातिशाख्य-

- तैत्तिरीय प्रातिशाख्य का सम्बन्ध कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है।
  दो प्रश्नों में बारह-बारह अध्याय हैं, इसप्रकार इस प्रातिशाख्य में कुल चौबीस अध्याय हैं।
- वर्ण-समाम्नाय, स्वर एवं व्यञ्जन सन्धियाँ, अनुस्वार एवं अनुनासिक का भेद, स्वरों के भेद, संहिता का स्वरूप आदि।
- तैत्तिरीय प्रातिशाख्य की तीन व्याख्याएँ प्राप्त होती हैं-
  1 माहिषेय कृत 'पदक्रम सदन' भाष्य।
  2 सोमयार्य कृत त्रिभाष्य रत्न भाष्य।
  3 गोपालयज्वा कृत वैदिकाभरण।

सामवेदीय प्रातिशाख्य

पुष्पसूत्र

- पुष्पसूत्र के प्रणेता पुष्प ऋषि हैं।
- इसमें 10 प्रपाठक हैं जिनका सम्बन्ध सामगान से है।
- पुष्पसूत्र पर अजातशत्रु की व्याख्या उपलब्ध है।
- पुष्पसूत्र में स्तोभ का मुख्य रूप से विवेचन है।

ऋक्तन्त्र-

- 'ऋक्तन्त्र' सामवेद की कौथमुशाखा से सम्बन्धित प्रातिशाख्य ग्रन्थ है।
- 'ऋक्तन्त्र व्याकरण' भी इसे कहा जाता है।
- ऋक्तन्त्र में पाँच प्रपाठक तथा 280 सूत्र हैं।
- ऋक्तन्त्र के रचयिता 'शाकटायन' हैं।
- वर्णोच्चारण शिक्षा, सन्धिविचार, पदान्त वर्णों के विभिन्न परिवर्तन, आदि इसके वर्ण्य विषय हैं।

➢ ऋकतन्त्र में पारिभाषिक संज्ञाएँ तीन प्रकार की हैं - कृत्रिम, आदि या अन्त का अक्षर तथा अन्वर्थक।

अथर्ववेदीय प्रातिशाख्य

➢ अथर्ववेद से सम्बन्धित दो प्रातिशाख्य उपलब्ध हैं-
(1) शौनकीय चतुरध्यायिका (2) अथर्ववेद प्रातिशाख्य।

शौनकीय चतुरध्यायिका-

➢ इसके लेखक शौनक माने गए हैं।
➢ अंग्रेजी अनुवाद के साथ डा. **व्हिटनी** ने इसे प्रकाशित किया। इसमें चार अध्याय हैं।
➢ ध्वनि विचार, सन्धिविवेचन, संहिता पाठ, अवग्रह, प्रगृह्य आदि का वर्णन इस प्रातिशाख्य में है।

अथर्ववेद प्रातिशाख्य-

➢ डॉ. सूर्यकान्त ने 1940 में लाहौर से प्रकाशित किया इसमें सन्धि, स्वर और पदपाठ के नियमों का वर्णन है।

छन्द-वेदाङ्ग

➢ छन्द शब्द छद् धातु (ढँकना) से बना है।
➢ 'छन्दांसि छादनात्' अर्थात् छन्द भावों को आच्छादित करके उसे समष्टि रूप प्रदान करता है- आचार्य यास्क।
➢ **'यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः'** जिसमें वर्णों या अक्षरों की संख्या निर्धारित होती है, उसे छन्द कहते हैं- आचार्य कात्यायन।
➢ वैदिक छन्दों का आधार अक्षर या वर्णों की संख्या है।
➢ छन्द को वेद का पाद (पैर) कहा जाता है **'छन्दः पादौ तु वेदस्य'**।
➢ आठ अध्यायों में विभक्त छन्दःसूत्र के रचयिता आचार्य पिङ्गल हैं।
➢ वैदिक छन्द वृत्तात्मक हैं तथा इनमें मात्रिक छन्दों का अभाव है।
➢ निदानसूत्र में छन्दों के नाम और लक्षण दिये गए हैं।
➢ **पिंगल के छन्दःसूत्र** के पूर्वभाग में वैदिक छन्दों का तथा उत्तरभाग में लौकिक छन्दों का विवेचन प्राप्त होता है।
➢ वैदिक छन्दों को 'अक्षर छन्द' भी कहा जाता है।
➢ वैदिक छन्द दो प्रकार के होते हैं- अक्षरगणनानुसारी तथा पादाक्षरगणनानुसारी।
➢ जिसमें अक्षरों की गणना हो उसे अक्षरगणनानुसारी तथा जिसमें पदों की गणना हो उसे 'पादाक्षरगणनानुसारी' छन्द कहते हैं।
➢ वैदिक छन्दों की कुल संख्या 26 है।
➢ ऋग्वेद में प्रयुक्त छन्दों की संख्या बीस है।
➢ वेदों में मुख्य रूप से सात छन्दों का प्रयोग है जो हैं- गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगती।

- हलायुध ने छन्दसूत्र पर 'मृतसंजीवनी' टीका लिखी।
- ऋग्वेद में अधिकांश 20 अक्षरों वाले छन्दों से लेकर 48 अक्षरों वाले छन्द प्रयुक्त हैं।

छन्द विषयक नियम

- पद के अन्त के साथ शब्द का अन्त होता है।
- ह्रस्व स्वर के बाद संयुक्त वर्ण होंगे तो पूर्ववर्ती लघु स्वर को गुरु माना जाता है। बाद में कोई स्वर हो तो पूर्ववर्ती दीर्घस्वर को ह्रस्व कर दिया जाता है।
- शब्द के अन्तर्गत और सन्धि स्थानों में प्राप्त य् व् को आवश्यक्तानुसार क्रमशः इ,उ पढ़ा जाता है।
- एकादेश हुए स्वरों को उच्चारण के समय आवश्यकतानुसार एकादेश से पूर्व की स्थिति में पढ़ा जाता है।
- ए और ओ के बाद पूर्वरूप हुए अ को आवश्यक्तानुसार फिर अ पढ़ा जाता है।

छन्द नाम	अक्षर/वर्ण	पाद
1. गायत्री	24	3
2. उष्णिक्	28	3
3. अनुष्टुप्	32	4
4. बृहती	36	4
5. पंक्ति	40	5
6. त्रिष्टुप्	44	4
7. जगती	48	4
8. अतिजगती	52	5
9. अतिशक्वरी	60	5
10. अष्टि	64	5

- छन्द में एक अक्षर कम होने पर निचृत् कहलाता है जैसे- निचृत् गायत्री, निचृत् उष्णिक् आदि। निचृत् गायत्री में 23 अक्षर होते हैं।
- छन्द में एक अक्षर अधिक होने पर भुरिक् कहलाता है जैसे- भुरिक् गायत्री, भुरिक् उष्णिक् भुरिक अनुष्टुप् आदि। भुरिक् गायत्री में 25 अक्षर होते हैं।
- छन्द में दो अक्षर कम होने पर विराट् कहा जाता है जैसे- विराट् गायत्री, विराट् उष्णिक् आदि। इस प्रकार विराट् गायत्री में 22 अक्षर होंगे।
- छन्द में दो अक्षर अधिक होने पर स्वराट् कहा जाता है जैसे- स्वराट् गायत्री, स्वराट् उष्णिक् स्वराट् अनुष्टुप् आदि। इस प्रकार स्वराट् गायत्री में 26 अक्षर होंगे।

निरुक्त वेदाङ्ग

- निरुक्त आचार्य यास्क की कृति है जिसमें बारह अध्याय है तथा दो अध्याय परिशिष्ट के रूप में है। परिशिष्ट सहित 14 अध्याय है।

- निरुक्त वेदपुरुष का श्रोत्र (कान) है – **'निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते'**
- निरुक्त निघण्टु का व्याख्यान ग्रन्थ है जिसमें ऋग्वेद के शब्दों का संग्रह है।
- निरुक्त के प्रारम्भिक तीन अध्याय **'नैघण्टुक काण्ड'** कहे जाते हैं।
- चार, पाँच, छः अध्याय को **'नैगम काण्ड'** कहा जाता है।
- अन्तिम छः अध्याय (7-12) को **'दैवत काण्ड'** के नाम से जाना जाता है।
- निरुक्त में शब्दों का निर्वचन तीन प्रकार से किया गया है - प्रत्यक्ष, परोक्ष, अतिपरोक्ष।
- निरुक्त को **'शब्द व्युत्पत्ति शास्त्र'** भी कहा जाता है।
- निरुक्त में तीन काण्ड हैं- नैघण्टुक काण्ड, नैगम काण्ड,दैवत काण्ड।
- नैगम काण्ड को 'ऐकपदिक' भी कहा जाता है।
- वैदिक शब्दों का संग्रह निघण्टु में तथा उनकी व्याख्या निरुक्त में है।
- दुर्गाचार्य, यास्क कृत निरुक्त के प्रसिद्ध टीकाकार हैं।
- वेदों के अर्थों को स्पष्ट करने में निरुक्त आवश्यक है और व्याकरण शास्त्र का पूरक है।
- वेदमन्त्रों के कठिन शब्दों की व्युत्पत्ति निरुक्त करता है- **'अर्थावबोधे निरपेक्षतया पदजातं यत्रोक्तं तन्निरुक्तम्'** - सायण
- निरुक्त में चार प्रकार के पद हैं- नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात **'चत्वारि पदजातानि नामाख्याते च, उपसर्गनिपाताश्च'**

यास्क के पूर्ववर्ती निरुक्तकार-

- आग्रायण, औपमन्यव, और्णवाभ, गार्ग्य, गालव, वार्ष्यायणि, शाकपूणि आदि।

  निरुक्त के टीकाकार- निरुक्त की तीन टीकाएँ प्राप्त होती है जो हैं-

  1 दुर्गाचार्य कृत ऋज्वर्थ वृत्ति टीका

  2 स्कन्द महेश्वर कृत टीका जो लाहौर से प्रकाशित हुई।

  3 वररुचि कृत निरुक्त निचय टीका
- निरुक्त के पाँच प्रतिपाद्य विषय हैं-

  वर्णागम, वर्णविपर्यय, वर्णविकार, वर्णनाश, धातु का अनेक अर्थों में प्रयोग।

''वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम्॥''

निरुक्त में प्रतिपादित विषय-

प्रतिपादितविषय	अध्याय
निघण्टु, नाम आख्यात आदि पद विभाग, शब्दनित्यता का विवेचन	
मन्त्रों की सार्थकता का प्रतिपादन, अर्थ ज्ञान का महत्त्व	अध्याय-एक
निर्वचन, वर्णपरिवर्तन आदि से सम्बन्ध भाषाशास्त्रीय विवेचन।	अध्याय 2-3

वेदों के निघण्टु में पढ़े गए कठिन शब्दों की उदाहरण सहित व्याख्या।	अध्याय 4-6
देवतावाची शब्दों की विस्तृत व्याख्या, द्युलोक, अन्तरिक्ष, पृथिवी स्थानीय देवों का निरूपण।	7-12
निर्वचन प्रक्रिया, सृष्टि उत्पत्ति, आदि अनेक विषयों का विवेचन।	अध्याय 13-14

नोट- निरुक्त का अध्याय 13,14 परिशिष्ट के रूप में हैं।

ज्योतिष वेदाङ्ग

- आचार्य पाणिनि ने ज्योतिष को वेदपुरुष का नेत्र कहा है **'ज्योतिषामयनं चक्षुः'**
- ज्योतिष का अर्थ है- ज्योतिर्विज्ञान। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि आकाशीय पदार्थों की गणना ज्योतिर्मय पदार्थों के अन्तर्गत होती है।
- वेदाङ्ग ज्योतिष भारतीय ज्योतिष शास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ है, जिसके रचयिता **लगध** नामक ऋषि हैं।
- वेदाङ्ग ज्योतिष के दो पाठ प्राप्त होते हैं।
- एक का नाम आर्चज्योतिष अर्थात् ऋग्वेद सम्बन्धी ज्योतिष तथा दूसरे का नाम **याजुष्** ज्योतिष अर्थात् यजुर्वेद सम्बन्धी ज्योतिष।
- ऋग्वेद ज्योतिष में 36 श्लोक तथा यजुर्वेद ज्योतिष में 44 श्लोक हैं।

विद्वानों के अनुसार वेदाङ्ग ज्योतिष का समय-

- शङ्करबालकृष्ण दीक्षित 1400 ई.पू. मानते हैं।

  ह्विटनी -1338 ई.पू.   कालब्रुक-1410 ई.पू.

  बेवर- 500 ई.पू.   मैक्समूलर- 300 ई.पू.
- शोभाकार द्वारा वेदाङ्ग ज्योतिष पर एक भाष्य प्रकाशित है। सुधाकर द्विवेदी ने भी वेदाङ्गज्योतिष पर भाष्य लिखा है।
- वेदाङ्गज्योतिष के प्रथम आचार्य ब्रह्मा हैं।
- ब्रह्मा ने अपने पुत्र वसिष्ठ को ज्योतिष विद्या सिखायी।
- विष्णु ने उस ज्ञान को सूर्य को सिखाया जो 'सूर्य सिद्धान्त' कहा जाता है।
- सूर्य ने उस सिद्धान्त को मय को पढ़ाया जो 'वासिष्ठ सिद्धान्त' नाम से प्रसिद्ध हुआ। ज्योतिषशास्त्र का प्राचीनरूप वैदिक संहिताओं में प्राप्त होता है।

वेदाङ्ग ज्योतिष में प्रतिपादित विषय-

- काल का विभाजन, नक्षत्र और नक्षत्र देवता, युग के वर्ष, काल और तिथि का निर्णय, अयन और पर्व निर्धारण, नक्षत्रों का काल विभाजन, तिथि-नक्षत्र, नक्षत्र और पर्व का काल निर्धारण, अधिक मास आदि।
- 'वेदाङ्ग ज्योतिष' के अनुसार **पाँच सौर वर्षों का** एक युग होता है।
- पाँच सौर वर्षों के नाम हैं- संवत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर, इद्वत्सर, वत्सर।
- पाँच वर्ष का युग मानने का कारण- पाँच वर्ष बाद सूर्य और चन्द्रमा राशिचक्र के उसी नक्षत्र पर पुनः एक सीध में होते हैं।

सत्ताइस नक्षत्रों के नाम-

- जौ (अश्विनी), द्रा (आर्द्रा), गः -भगः (उत्तराफल्गुनी), खे-विशाखे (विशाखा), श्वे-विश्वेदेवाः (उत्तरा आषाढा), अहिः - अहिर्बुध्न्य (उत्तरा भाद्रपदा), रो (रोहिणी), षा - आश्लेषा, चित् - चित्रा, मू-मूल, ष-शतभिषक्, ण्यः - भरण्यः (भरणी), सू - पुनर्वसू (पुनर्वसु), मा - अर्यमा (पूर्वाफल्गुनी), धा - अनुराधा, णः - श्रवणः (श्रवणा), रे- रेवती, मृ - मृगशिरस् (मृगशिरा), घाः - मघाः (मघा), स्वा - स्वाति, आपः - आपः (पूर्वा अषाढा), अजः - अज एक पाद् (पूर्वा भाद्रपदा), कृ - कृत्तिका, ष्यः - पुष्य, ह - हस्त, ज्ये - ज्येष्ठा, ष्ठाः - श्रविष्ठा।
- अथर्ववेद के अनुसार सात सौर मण्डल हैं।
- ऋग्वेद में सूर्य अनेक हैं तथा सात दिशाएँ है, ऐसा वर्णन प्राप्त होता है।
- अथर्ववेद के अनुसार सूर्य की सात किरणें है इन्हीं के कारण वर्षा होती है।
- सूर्य अपनी किरणों से पृथ्वी को रोके है ऐसा वर्णन ऋग्वेद और यजुर्वेद में प्राप्त होता है।
- ऐतरेय ब्राह्मण और गोपथ ब्राह्मण के अनुसार न कभी सूर्य का उदय होता है और न कभी अस्त।
- एक अहोरात (दिनरात) में तीस मुहूर्त होते हैं, मन्त्र में मुहूर्त के लिए धाम शब्द का प्रयोग किया गया है।
- विषुवत् रेखा का उल्लेख ऋग्वेद और अथर्ववेद में प्राप्त होता है।
- वेदाङ्ग ज्योतिष के अनुसार सूर्य और चन्द्रमा दोनों **श्रविष्ठा** नक्षत्र के आदि में उत्तर की ओर गति करते हैं।
- सूर्योदय से लेकर अगले दिन सूर्योदय तक के 24 घण्टे के समय को सावन दिन कहते हैं।
- सावन शब्द **सवन (यज्ञ)** से बना है।
- सावन वर्ष में केवल 360 दिन होते हैं।
- सूर्य और चन्द्र की **युती अमावस्या** है।

कल्प वेदाङ्ग

- कल्पसूत्र ग्रन्थ का तात्पर्य प्रयोगविधि के यथार्थ प्रतिपादक ग्रन्थों से है।
- जिनसे सिद्ध प्रयोग का ज्ञान हो, वह कल्प है।
- सिद्ध प्रयोगों के बोधक होने के कारण कल्प अनुष्ठान के साधन होते हैं।
- जिन ग्रन्थों में यज्ञ-सम्बन्धी विधियों का समर्थन या प्रतिपादन किया जाता है उन्हें कल्प कहते हैं- आचार्य सायण।
- जिन ग्रन्थों में वैदिक कर्मों का सांगोपांग विवेचन किया जाता है उन्हें कल्प कहते हैं।
- कल्पसूत्र के भेद- कल्पसूत्र के चार भेद हैं- श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र, शुल्बसूत्र।

श्रौतसूत्रों का परिचय

- श्रौत शब्द का अर्थ है 'श्रुति द्वारा प्रतिपादित या वेदों में वर्णित।
- श्रौतसूत्रों में यज्ञ-याग इष्टियों का विस्तृत विवेचन और वर्णन है।
- दर्श-पूर्णमास याग, सोमयाग, वाजपेययाग, राजसूययाग, अश्वमेधयाग, सौत्रामणीयाग आदि का विवेचन श्रौतसूत्र में प्राप्त होता है।
- दर्शपौर्णमास यज्ञ में चार ऋत्विक् होते हैं- अध्वर्यु, ब्रह्मा, होता, आग्नीध्र।
- दर्श-पूर्णमास याग अमावस्या और पूर्णिमा को किया जाता है।
- अमावस्या वाले याग में अग्नि के लिए पुरोडाश और इन्द्र के लिए दूध तथा दही की आहुति की जाती है।
- पूर्णिमा को किए जाने वाले यज्ञ में अग्नि और सोम के लिए घी और पुरोडाश (पिसा हुआ चावल) की आहुति दी जाती है।
- दर्शयाग अमावस्या को तथा पूर्णमासयाग पूर्णिमा को (पूर्णमासी को) किया जाता है। दर्श-पूर्णमास में तीन-तीन याग होते हैं।
  दर्शयाग के तीन भेद-
  1 अग्नि के लिए पुरोडाश याग   2 इन्द्र के लिए दधियाग
  3 इन्द्र के लिए दुग्धयाग
- पूर्णमासयाग के तीन भेद
  1 अग्नि के लिए अष्टकपालों में संस्कृत पुरोडाशयाग।
  2 अग्निष्टोम के लिए घृत का उपांशुयाग।
  3 अग्निष्टोम के लिए एकादशकपाल पुरोडाश याग।
- सान्नाय्यपद दधि और दुग्ध का बोधक होता है।
- **सात हविर्यज्ञ के नाम-** अग्न्याधान,अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, आग्रहायण, चातुर्मास्य, निरूपढपशुबन्ध, सौत्रामणि।
- **सात सोमयाग के नाम-** अग्निष्टोम, अत्यग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, वाजपेय, अतिरात्र, आप्तोर्याम।
- चातुर्मास्य यज्ञ में चार पर्व होते हैं- वैश्वदेव, वरुणप्रघास, साकमेध, शुनासीरीय।
- सौत्रामणी एक पशुयाग है जो इन्द्र के निमित्त किया जाता है।

ऋग्वेद से सम्बन्धित श्रौतसूत्र-

- ऋग्वेद से सम्बन्धित दो श्रौतसूत्र प्राप्त होते हैं- आश्वलायन श्रौतसूत्र तथा शांखायन श्रौतसूत्र

आश्वलायन श्रौतसूत्र का परिचय

- आश्वलायन श्रौतसूत्र के रचयिता ऋषि आश्वलायन हैं।
- आश्वलायन शौनक ऋषि के शिष्य थे।
- ऐतरेय ब्राह्मण के अन्तिम दो अध्यायों के रचयिता आश्वलायन और शौनक माने जाते हैं।

- आश्वलायन श्रौतसूत्र का सम्बन्ध ऋग्वेद की शाकल और बाष्कल दोनों शाखाओं से है। इसमें बारह अध्याय हैं।

आश्वलायन श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- दर्श-पूर्णमास, अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, आग्रयणेष्टि, काम्य इष्टियाँ, चातुर्मास्य, सौत्रामणी,
- ज्योतिष्टोम, सत्रयाग, एकाह, अहीनयाग, गवामयन आदि।
- श्रौतयागों के ऋत्विज् - होता, मैत्रावरुण, अच्छावाक्, ग्रावस्तुत।

शांखायन श्रौतसूत्र का परिचय

- शांखायन श्रौतसूत्र के रचयिता शांखायन ऋषि माने जाते हैं।
- शांखायन श्रौतसूत्र में 18 अध्याय हैं।

शांखायन श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- दर्श-पूर्णमास याग, अग्निहोत्र, आग्रयणेष्टि, चातुर्मास्य, अग्निष्टोम, अतिरात्र, द्वादशाह, विश्वजित्, हविर्याग, वाजपेय, बृहस्पति सव, सोम संस्थाएँ, आप्तोर्याम, राजसूय अश्वमेध, सर्वमेध, पुरुषमेध आदि।

शुक्लयजुर्वेदीय श्रौतसूत्र

- शुक्लयजुर्वेदीय श्रौतसूत्र कात्यायन श्रौतसूत्र है।
- कात्यायन श्रौतसूत्र के रचयिता कात्यायन ऋषि हैं। इसमें कुल 26 अध्याय हैं।

कात्यायन श्रौतसूत्र का परिचय

- कात्यायन श्रौतसूत्र का सम्बन्ध शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन एवं काण्व दोनों शाखाओं से है।
- कात्यायन श्रौतसूत्र में 26 अध्याय हैं, प्रत्येक अध्याय का विभाजन कण्डिकाओं में हुआ है।
- कात्यायन श्रौतसूत्र की मुख्य आधारशिला शतपथ ब्राह्मण है।
- कात्यायन श्रौतसूत्र के तीन अध्याय (22-24) सामवेद की ताण्ड्य ब्राह्मण पर निर्भर हैं।
- कर्काचार्य का विस्तृत भाष्य गूढ रहस्यों को समझने के लिए विशेष उपयोगी है।
- कात्यायन श्रौतसूत्र पर पूर्वमीमांसा का प्रभाव है,- श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या इन छः प्रमाणों का प्रभाव इस श्रौतसूत्र में प्राप्त होता है।

कात्यायन श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- याग-सम्बन्धी परिभाषाएँ, दर्शपूर्णमास याग, दाक्षायण याग, आग्रयणेष्टि, अग्निहोत्र, चातुर्मास्य, अग्निष्टोम, द्वादशाह, गवामयन वाजपेय, राजसूय, सौत्रामणी, अश्वमेध, पुरुषमेध, सर्वमेध, एकाह, अहीन, प्रवर्ग्य।

कृष्ण यजुर्वेद से सम्बन्धित श्रौतसूत्र

- कृष्ण यजुर्वेद से सम्बन्धित आठ श्रौतसूत्र प्राप्त होते हैं-
  बौधायन, आपस्तम्ब, सत्याषाढ या हिरण्यकेशी, वैखानस, भारद्वाज, वाधूल, वाराह, मानवश्रौतसूत्र।

बौधायन श्रौतसूत्र का परिचय

- बौधायन श्रौतसूत्र के रचयिता बोधायन हैं जिनका समय 900 ई.पू. से 850 ई.पू. के मध्य माना जाता है।
- बौधायन श्रौतसूत्र की रचना ब्राह्मण ग्रन्थों के समान प्रवचन शैली में हुई है।
- बौधायन श्रौतसूत्र 30 प्रश्नों (अध्यायों) में विभाजित है।
- बौधायन श्रौतसूत्र का सम्पादन कैलेण्ड ने किया।
- दर्शपूर्णमास, अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, चातुर्मास्य, अग्निष्टोम, प्रवर्ग्य, वाजपेय, राजसूय, औपानुवाक्य, अश्वमेध, द्वादशाह, अतिरात्र, एकाह, शुल्ब, प्रवर इसके प्रमुख वर्ण्य विषय हैं।

आपस्तम्ब श्रौतसूत्र का परिचय

- आपस्तम्ब श्रौतसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है।
- आपस्तम्ब श्रौतसूत्र के रचयिता आपस्तम्ब हैं जो बोधायन के शिष्य हैं।
- आपस्तम्ब का समय सातवीं शती ई.पू. माना जाता है।
- आपस्तम्ब कल्पसूत्र में 30 प्रश्न (अध्याय) हैं।
- आपस्तम्ब कल्पसूत्र श्रौत, गृह्य, धर्म, शुल्बसूत्र का मिश्रित रूप है।
- आपस्तम्ब श्रौतसूत्र पर धूर्तस्वामी का प्रसिद्ध भाष्य प्राप्त होता है, जो मैसूर से प्रकाशित है।

सत्याषाढ या हिरण्यकेशी श्रौतसूत्र-

- सत्याषाढ श्रौतसूत्र कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से सम्बन्धित है।
- इसके रचयिता सत्याषाढ हैं।
- सत्याषाढ़ का उपनाम हिरण्यकेशी है।
- सत्याषाढ़ श्रौतसूत्र में 24 प्रश्न (अध्याय) हैं।
- इस श्रौतसूत्र में पितृमेध से पहले धर्मसूत्रों का समावेश है।
- सत्याषाढ़ श्रौतसूत्र का एक संस्करण अनेक टीकाओं से युक्त आनन्द आश्रम पुणे से 1932 ई. में प्रकाशित हुआ जिसमें दस खण्ड हैं।

वैखानस श्रौतसूत्र का परिचय

- वैखानस श्रौतसूत्र का सम्बन्ध कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है।
- वैखानस गृह्यसूत्र में इसके रचयिता का नाम विखनस दिया गया है।
- वैखानस श्रौतसूत्र में 21 अध्याय हैं।
- वैखानस श्रौतसूत्र में अश्वमेध याग का निरूपण नहीं है।
- 1941 ई. में कैलेण्ड द्वारा सम्पादित संस्करण कलकत्ता से प्रकाशित हुआ।

वैखानस श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- अग्न्याधान, पुनराधान, अग्निहोत्र, दर्शपूर्णमास, आग्रायण, चातुर्मास्य, निरुढपशुबन्ध, सौत्रामणी, परिभाषा, अग्निष्टोम, वाजपेय, अग्निचयन, प्रायश्चित आदि विषयों का उल्लेख।

भारद्वाज श्रौतसूत्र का परिचय

- भारद्वाज श्रौतसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है।
- भारद्वाज श्रौतसूत्र बौधायन श्रौतसूत्र का पश्चात्वर्ती तथा आपस्तम्ब श्रौतसूत्र का पूर्ववर्ती है।
- भारद्वाज श्रौतसूत्र 15 वें प्रश्न की 5वीं कण्डिका तक ही उपलब्ध है।
- भारद्वाज श्रौतसूत्र का गृह्यसूत्र और परिशिष्ट सूत्र भी प्राप्त होता है।
- श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, परिशिष्ट सूत्र ग्रन्थों को संकलित करके अंग्रेजी अनुवाद के साथ डा. चिन्तामणि गणेश काशीकर ने वैदिक संशोधन मण्डल पूना से 1964 ई. में प्रकाशित कराया है।

वाधूल श्रौतसूत्र का परिचय

- वाधूल श्रौतसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की तैत्तिरीय शाखा से है।
- वाधूल श्रौतसूत्र में 15 प्रपाठक (अध्याय) हैं। इनके उपविभाग अनुवाक और पटल हैं।
- डॉ. ब्रजबिहारी चौबे ने सम्पादित करके होशियारपुर से 1993 में प्रकाशित किया।

वाधूल श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, पुरोडाशी, याजमान, आग्रयण, बह्मत्व, चातुर्मास्य, पशुबन्ध, ज्योतिष्टोम, वाजपेय, राजसूय अश्वमेध, पवित्रेष्टि आदि।

वराह श्रौतसूत्र का परिचय

- वराह श्रौतसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा से है।
- वराह श्रौतसूत्र में तीन अध्याय हैं और उनके उपखण्ड हैं।
- प्रथम अध्याय **प्राक्सौमिक** में है।
- **डा. कैलेन्ड और डा. रघुवीर** के द्वारा सम्पादित इसका संस्करण 1993 में मेहरचन्द्र लक्ष्मणदास लाहौर ने प्रकाशित किया।

वराह श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- परिभाषा, याजमान, ब्रह्मत्व, दर्शपूर्णमास, अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, आग्रायण, पशुबन्ध चातुर्मास्य ये प्रथम अध्याय में वर्णित हैं।
- द्वितीय अध्याय में अग्निचयन से सम्बद्ध सामग्री प्राप्त होती है।
- तृतीय अध्याय में वाजपेय द्वादशाह, गवामयन, उत्सर्गाणाम् अयन, महाव्रत, सौत्रामणी, राजसूय, अश्वमेध का वर्णन प्राप्त होता है।
- वराह श्रौतसूत्र में अपत्नीक को भी अग्न्याधान का अधिकार दिया गया है।

मानव श्रौतसूत्र का परिचय

- मानव श्रौतसूत्र का सम्बन्ध मैत्रायणी शाखा से है।
- मानव श्रौतसूत्र प्राचीनतम श्रौतसूत्र है।
- मानव श्रौतसूत्र में पाँच भाग और ग्यारह अध्याय हैं।
- मानव श्रौतसूत्र के पाँच भाग-प्राक सोम, इष्टिकल्प, अग्निष्टोम, राजसूय, चयन।
- इस श्रौतसूत्र की शैली कृष्ण यजुर्वेद के ब्राह्मणग्रन्थों के समान है इसमें आख्यान नहीं है।

- फ्रीड्रिश क्राउएर ने प्रारम्भिक पाँच अध्यायों को सेंट पीटर्सवर्ग से प्रकाशित किया।
- सन् 1961 ई. में जे. एम. गेल्डर ने सम्पूर्ण मानव श्रौतसूत्र को सम्पादित कर दिल्ली से प्रकाशित किया।
- श्रीमती गेल्डर ने इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया।

सामवेदीय श्रौतसूत्र

- सामवेदीय श्रौतसूत्रों की संख्या चार है- आर्षेय कल्प, लाट्यायन श्रौतसूत्र, द्राह्यायण श्रौतसूत्र, जैमिनीय श्रौतसूत्र।

आर्षेय कल्पसूत्र का परिचय

- आर्षेय कल्पसूत्र सामवेदीय तांड्य महाब्राह्मण से सम्बद्ध है।
- मशक ऋषि द्वारा लिखे जाने के कारण इसे **'मशक कल्पसूत्र'** भी कहा जाता है।
- आर्षेय कल्पसूत्र दो भागों में विभक्त है- आर्षेय कल्पसूत्र, क्षुद्रकल्पसूत्र।
- आर्षेय कल्पसूत्र में छोटे भागों का वर्णन।
- आर्षेय कल्पसूत्र में ग्यारह अध्याय हैं जिनका मुख्य उद्देश्य यह बताना है कि किस याग में किस विशेष साम का गान किया जाता है।

सोमयाग के तीन प्रकार-

- एकाह - एक दिन में पूर्ण होने वाला।
- अहीन- 2-11 दिन तक चलने वाला यज्ञ इसे 'क्रतु' भी कहते हैं।
- सम- 12 दिन से लेकर एक वर्ष या उससे भी अधिक समय तक चलने वाला याग।
- चार प्रकार के अभिचार-श्येन, इषु, सन्दंश, वज्र।
- ज्योतिष्टोम संख्या के चार प्रकार- अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, अतिरात्र।

क्षुद्रकल्पसूत्र का परिचय

- क्षुद्रकल्पसूत्र के रचयिता भी मशक ऋषि हैं। यह आर्षेय, कल्प का ही दूसरा भाग है।
- यह ग्रन्थ तीन प्रपाठक और छः अध्यायों में विभक्त है।

क्षुद्रकल्पसूत्र में प्रतिपादित विषय-

विभिन्न काम्य इष्टियाँ और प्रायश्चित	अध्याय एक और दो
षृष्ठ्य षडह, द्वादशाह अनुकल्प	अध्याय तीन और चार
विभिन्न द्वादशाह याग	अध्याय पाँच और छः

- क्षुद्रकल्पसूत्र पर ताताचार्य के पुत्र श्रीनिवास की विस्तृत टीका प्राप्त होती है।
- डा. वी. आर. शर्मा द्वारा सम्पादित विश्वेश्वरानन्द संस्थान होशियारपुर से 1974 में प्रकाशित हुआ।

लाट्यायन श्रौतसूत्र का परिचय

- लाट प्रदेश गुजरात के आधार पर इसका नाम लाट्यायन पड़ा।
- इसमें दस प्रपाठक और 2641 सूत्र हैं।
- लाट्यायन श्रौतसूत्र पञ्चविंश ब्राह्मण से सम्बद्ध है।

लाट्यायन श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

प्रतिपादित विषय	प्रपाठक
परिभाषाएँ और ऋत्विक् वरण	प्रथम प्रपाठक
अग्निष्टोम और उससे सम्बद्ध याग	द्वितीय प्रपाठक
षोडशी विषयक द्रव्य विधान	तृतीय प्रपाठक
वाजिभक्षण	चतुर्थ प्रपाठक
चातुर्मास्य, वरुणप्रघास और सोमचमस	पञ्चम प्रपाठक
सामविधान और द्वयक्षर-प्रतिहार	षष्ठ प्रपाठक
चतुरक्षा प्रतिहार, गायत्र गान	सप्तम प्रपाठक
एकाह, अहीन, वाजपेय याग, राजसूय याग	नवम प्रपाठक
सत्रयाग और उसकी परिभाषाएँ	दशम प्रपाठक

- लाट्यायन श्रौतसूत्र पर अग्निस्वामी का प्राचीन भाष्य उपलब्ध है।
- सम्पूर्ण लाट्यायन श्रौतसूत्र, अग्निस्वामी के भाष्य के साथ बिब्लियोथिका इण्डिका ग्रन्थमाला में सन् 1870-72 में प्रकाशित हुआ।

द्राह्यायण श्रौतसूत्र का परिचय

- द्राह्यायण श्रौतसूत्र का सम्बन्ध राणायनीय शाखा से है।
- द्राह्यायण श्रौतसूत्र के अपर नाम- छान्दोग्यसूत्र, प्रधानसूत्र, वाशिष्ठसूत्र
- द्राह्यायण श्रौतसूत्र का प्रचार दक्षिण भारत में अधिक है।
- कर्नाटक, तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा में यह श्रौतसूत्र अधिक प्रचलित है।
- द्राह्यायण श्रौतसूत्र में 3 पटल या अध्याय हैं।

द्राह्यायण श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

प्रतिपादित विषय	अध्याय
ज्योतिष्टोम, अग्निष्टोम	1-7
गवामयन सत्रयाग	8-11
ब्रह्मा के कार्य, हविर्याग, सोमयाग से सम्बद्ध कार्य कलाप	12-21
एकाहयाग	22-25
अहीनयाग	26-27
सत्रयाग	28-29
अयनयाग	30-31

- द्राह्यायण श्रौतसूत्र पर धन्विन् भाष्य उपलब्ध है।

- प्रो. बी. आर. शर्मा द्वारा सन् 1983 में गङ्गानाथ झा विद्यापीठ प्रयाग से इसका परिष्कृत रूप प्रकाशित कराया।

जैमिनीय श्रौतसूत्र का परिचय

- जैमिनीय श्रौतसूत्र का सम्बन्ध जैमिनीय शाखा से है।
- जैमिनीय श्रौतसूत्र के रचयिता **जैमिनि** माने गए हैं।
- जैमिनीय श्रौतसूत्र का बौधायन श्रौतसूत्र के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है।
- जैमिनीय श्रौतसूत्र तीन खण्डों में विभाजित है।
- तीन खण्डों के नाम- सूत्रखण्ड, कल्पखण्ड, पर्याध्याय या परिशेष खण्ड।
- जैमिनीय श्रौतसूत्र में कुल अध्यायों की संख्या अठारह है।

अथर्ववेदीय श्रौतसूत्र

- अथर्ववेद का एकमात्र श्रौतसूत्र वैतान श्रौतसूत्र है।
- वैतान श्रौतसूत्र गोपथ ब्राह्मण पर आश्रित है।
- वैतान श्रौतसूत्र के पूर्वार्द्ध पर कात्यायन श्रौतसूत्र तथा कौशिक श्रौतसूत्र का प्रभाव है।
- वैतान श्रौतसूत्र में आठ अध्याय और 43 कण्डिकाएँ हैं।

वैतान श्रौतसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- परिभाषा, दर्श-पूर्णमास, अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, आग्रयणीय, इष्टि, चातुर्मास्य, अश्वमेध, पुरुषमेध, सर्वमेध, एकाह, अहीन याग, काम इष्टियाँ।

गृह्यसूत्रों का सामान्य परिचय

- गृह्यसूत्र में गृहस्थ से सम्बद्ध षोडश संस्कार, पञ्चमहायज्ञ, सातपाकयज्ञ, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश, पशुपालन और कृषिकर्म, आदि से सम्बद्ध यज्ञों की विधियों का वर्णन प्राप्त होता है।
- गृह्यसूत्र का सम्बन्ध गृहस्थ जीवन से है, गृहस्थ जीवन से सम्बन्धित सभी संस्कार इसमें वर्णित हैं।
- गृह्यसूत्रों से आर्यों की सामाजिक स्थिति और परम्पराओं का ज्ञान प्राप्त होता है।
- गर्भाधान से लेकर मृत्युपर्यन्त और मृत्यु के बाद भी किए जाने वाले संस्कारों तथा अनुष्ठान विधियों का विवरण प्राप्त होता है।
- गृह्यसूत्र में 42 संस्कारों का वर्णन है किन्तु गौतम चालीस संस्कार मानते हैं।
- गृह्यसूत्रों से जनपदों और ग्रामों में प्रचलित लोकधर्म और प्रथाओं का ज्ञान होता है।

ऋग्वेदीय गृह्यसूत्र

- ऋग्वेद के तीन गृह्यसूत्र प्राप्त होते हैं-
- आश्वलायन श्रौतसूत्र, शांखायन श्रौतसूत्र, कौषीतकि श्रौतसूत्र

आश्वलायन गृह्यसूत्र का परिचय

- आश्वलायन गृह्यसूत्र के रचयिता आश्वलायन ऋषि थे।
- आश्वलायन गृह्यसूत्र में चार अध्याय हैं।

आश्वलायन गृह्यसूत्र में वर्णित विषय-

वर्णित विषय		अध्याय
पाकयज्ञ, दैनिक होम, स्थानीक, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, अन्नप्राशन, मधुपर्क		**एक**
श्रवणाकर्म, अष्टका, वास्तु निर्माण गृहप्रवेश	—	**दो**
पञ्चमहायज्ञ, ऋषितर्पण, उपाकर्म, समावर्तन	—	**तीन**
दाहकर्म, श्राद्ध	—	**चार**

- इस गृह्यसूत्र की **चार टीकाएँ** प्राप्त होती हैं
  1. जयन्त-स्वामी कृत विमलोदय
  2. देवस्वामी का भाष्य
  3. नारायण कृत विवरण टीका
  4. हरदत्त कृत अनाविला टीका

शांखायन गृह्यसूत्र का परिचय

- शांखायन गृह्यसूत्र ऋग्वेद की बाष्कल शाखा से है।
- शांखायन गृह्यसूत्र के रचयिता 'सुयज्ञ' हैं। इस गृह्यसूत्र में छः अध्याय हैं।
- टीकाकार नारायण के अनुसार पञ्चम अध्याय परिशिष्ट के रूप में है।
- वैदिक संहिताओं और उपनिषदों आदि के अध्ययन का नियम छठें अध्याय में है।
- प्रो. ओल्डेनबर्ग ने जर्मन भाषा में इस गृह्यसूत्र का अनुवाद किया।
- सीताराम सहगल द्वारा सम्पादित दिल्ली से 1960 में प्रकाशित हुआ।

कौषीतकि गृह्यसूत्र का परिचय

- कौषीतकि गृह्यसूत्र के रचयिता शाम्भव्य या शांबव्य हैं।
- इस गृह्यसूत्र में पाँच अध्याय हैं।
- पाँचवें अध्याय में अन्त्येष्टि का निरूपण है।
- कौषीतकि गृह्यसूत्र के दो संस्करण प्राप्त होते हैं-
  1 टी. आर. चिन्तामणि द्वारा सम्पादित, मद्रास विश्वविद्यालय से प्रकाशित
  2 पं. रत्नगोपाल द्वारा सम्पादित, काशी संस्कृत सीरीज से प्रकाशित।

शुक्लयजुर्वेद के गृह्यसूत्र

- शुक्ल यजुर्वेद का केवल एक गृह्यसूत्र पारस्कर गृह्यसूत्र प्राप्त होता है।

पारस्कर गृह्यसूत्र का परिचय

- पारस्कर गृह्यसूत्र का सम्बन्ध शुक्लयजुर्वेद की दोनों शाखाओं से है।
- पारस्कर गृह्यसूत्र में तीन काण्ड तथा प्रत्येक काण्ड कण्डिकाओं में विभक्त हैं।
- इस गृह्यसूत्र के रचयिता आचार्य पारस्कर हैं जिनका समय 200ई.पू. के लगभग माना जाता है।

- पारस्कर गृह्यसूत्र पर पाँच विद्वानों ने भाष्य किए हैं- कर्क, जयराम, हरिहर, गदाधर, विश्वनाथ

पारस्कर गृह्यसूत्र में वर्णित विषय-

होम के सामान्य नियम, विवाह विधि गर्भाधान,पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन	प्रथम काण्ड
चूडाकर्म, उपनयन, समावर्तन, पञ्चमहायज्ञ उपाकर्म, अनध्याय, इन्द्रयज्ञ, सीतायज्ञ	द्वितीय काण्ड
आग्रहायणी कर्म, अष्टका, शालाकर्म, दाहविधि सभाप्रवेश, रथारोहण, हस्ति आरोहण	तृतीय काण्ड

कृष्ण यजुर्वेद के गृह्यसूत्र

- कृष्ण यजुर्वेद के नौ गृह्यसूत्र प्राप्त हैं।
- नौ गृह्यसूत्रों के नाम- बौधायन; मानव, भारद्वाज, आपस्तम्ब, काठक आग्निवेश्य, हिरण्यकेशि, वाराह, वैखानस।

बौधायन गृह्यसूत्र का परिचय

- बौधायन गृह्यसूत्र के रचयिता बोधायन हैं।
- बोधायन का समय ९००ई.पू. के लगभग है।
- शामशास्त्री द्वारा सम्पादित 1920 ई. में एक संस्करण मैसूर से प्रकाशित हुआ।
- बौधायन गृह्यसूत्र में चार प्रश्न (अध्याय) हैं।
- इस गृह्यसूत्र का प्रचार दक्षिण भारत में रहा है।
  विवाह, गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण श्राद्ध आदि इसके मुख्य विषय हैं।

मानव गृह्यसूत्र का परिचय

- मानव गृह्यसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा से है।
- मानव गृह्यसूत्र को मैत्रायणीय मानव गृह्यसूत्र भी कहा जाता है।
- गृह्यसूत्र के रचयिता आचार्य मानव को माना जाता है।
- इसमें दो पुरुष या अध्याय हैं।

मानव गृह्यसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- ब्रह्मचारी के कर्तव्य, समावर्तन संस्कार, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण आदि।

भारद्वाज गृह्यसूत्र का परिचय

- भारद्वाज गृह्यसूत्र भारद्वाज कल्पसूत्र का एक अंश है।
- इस गृह्यसूत्र में तीन प्रश्न या अध्याय हैं।

- उपनयन, विवाह, सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, गृहप्रवेश, श्राद्ध आदि इसके प्रतिपादित विषय हैं।

आपस्तम्ब गृह्यसूत्र का परिचय

- आपस्तम्ब गृह्यसूत्र आपस्तम्ब कल्पसूत्र का अंश है जिसमें तीस प्रश्न हैं। 25, 26, 27 अध्याय गृह्यसूत्र के नाम से जाना जाता है। 25वें तथा 26वें अध्याय में विनियोज्य मन्त्रों का तथा 27वें अध्याय में गृह कर्मों का वर्णन है।
- आपस्तम्ब गृह्यसूत्र का हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है।
- आपस्तम्ब गृह्यसूत्र पर दो टीकाएँ प्राप्त होती है।
  1 हरदत्तमिश्र की अनाकुला टीका 2 सुदर्शनाचार्य की तात्पर्यदर्शन टीका

आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में प्रतिपादित विषय

- परिभाषाएँ, पाकयज्ञ, विवाह, स्थालीपाक, वैश्वदेवकर्म, उपाकरण, उपनयन, गायत्री उपदेश, चौलकर्म, होम, स्विष्टकृत् , रथारोहण आदि।

काठक गृह्यसूत्र का परिचय

- काठक गृह्यसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की कठ शाखा से है।
- काठक गृह्यसूत्र का अपरनाम 'लौगाक्षि गृह्यसूत्र' है।
- इस गृह्यसूत्र का मानव और वाराह गृह्यसूत्रों के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है।
- इस गृह्यसूत्र में पाँच अध्याय 75 कण्डिकाएँ हैं।
- काठक गृह्यसूत्र की तीन व्याख्या प्राप्त होती हैं-
  1 आदित्यदर्शन की विवरण 2 ब्राह्मणबल गृह्यपद्धति
  3 देवपल कृत भाष्य
- डॉ. कैलेन्ड ने तीनों व्याख्याओं के सारांश के साथ सम्पादित कर लाहौर से 1922 में प्रकाशित किया।

काठक गृह्यसूत्र में प्रतिपादित विषय

ब्रह्मचर्य के नियम, समावर्तन, उपाकर्म, पाकयज्ञ, विवाह, वेदाध्ययन, होम, स्वस्त्ययन, श्राद्ध है।

आग्निवेश्य गृह्यसूत्र का परिचय

- आग्निवेश्य गृह्यसूत्र के रचयिता अग्निवेश हैं।
- आग्निवेश्य गृह्यसूत्र में तीन प्रश्न या अध्याय हैं।
- इस गृह्यसूत्र में मूर्तिपूजा का विधान तथा तान्त्रिक यन्त्रों का उल्लेख है।
- आग्निवेश्य गृह्यसूत्र श्री.एल.ए. रविवर्मा द्वारा सम्पादित 1940 में त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित हुआ।

हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र का परिचय

- हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र को सत्याषाढ गृह्यसूत्र भी कहा जाता है।
- हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र में दो प्रश्न (अध्याय) हैं, तथा प्रत्येक प्रश्न में आठ पटल हैं।

- हिरण्यकेशि गृह्यसूत्र में प्रतिपादित विषय उपनयन, समावर्तन, प्रायश्चित, विवाह, शालाकर्म का वर्णन प्रथम प्रश्न में वर्णित हैं।
- सीमन्तोन्नयन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूडाकर्म, उपाकरण का वर्णन द्वितीय प्रश्न में वर्णित है।

वाराह गृह्यसूत्र का परिचय

- वाराह गृह्यसूत्र का सम्बन्ध मैत्रायणीय संहिता से है।
- वाराह गृह्यसूत्र की वस्तु मानव गृह्यसूत्र के समान है।
  इस गृह्यसूत्र के दो संस्करण हैं
  1. सन् 1920 में मैसूर से डा. शामशास्त्री द्वारा सम्पादित
  2. सन् 1932 में लाहौर से डा. रघुवीर द्वारा सम्पादित

वैखानस गृह्यसूत्र का परिचय

- वैखानस गृह्यसूत्र का सम्बन्ध तैत्तिरीय शाखा से है।
- वैखानस गृह्यसूत्र के रचयिता विखनस् मुनि माने गये हैं।
- इस गृह्यसूत्र में विनियोग वाले मन्त्र प्रतीक रूप में दिए गए हैं।
- मन्त्रों के एक संकलन वैखानसीया मन्त्रसंहिता नाम से प्रकाशित हुआ है।
- वैखानस गृह्यसूत्र में सात प्रश्न और 120 खण्ड हैं।
- संस्कारों की संख्या अठारह है जिसे 'शरीर' नाम दिया है।
- अठारह संस्कारों के नाम- गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तकर्म, जातकर्म, नामकरण, चूडाकर्म, उपनयन, उपाकर्म, समावर्तन, पाणिग्रहण।
- ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, मनुष्ययज्ञ पाँच यज्ञों का वर्णन है।
- हविर्यज्ञ तथा सोमयज्ञ का उल्लेख भी प्राप्त होता है।
- डा. कैलेन्ड ने अंग्रेजी अनुवाद के साथ कलकत्ता से 1929 में प्रकाशित किया

सामवेदीय गृह्यसूत्र

- सामवेद के निम्नलिखित गृह्यसूत्र उपलब्ध हैं- गोभिल, खादिर, द्राह्यायण और जैमिनीय गृह्यसूत्र। इसके अतिरिक्त कौथुमगृह्यसूत्र का सम्पादन डा. सूर्यकान्त ने किया, यह भी प्राप्त होता है।

गोभिल गृह्यसूत्र का परिचय

- गोभिल धर्मसूत्र सामवेद की कौथुम शाखा से सम्बन्धित है।
- सामवेदीय गोभिल गृह्यसूत्र सबसे प्रसिद्ध गृह्यसूत्र है।
- इसमें मन्त्र प्रतीकरूप में दिए गए हैं, सामवेद के मन्त्र भी इस गृह्यसूत्र में प्राप्त होते हैं।
- गोभिल गृह्यसूत्र में चार प्रपाठक हैं जो 39 खण्डों में विभक्त हैं।

गोभिल गृह्यसूत्र में प्रतिपादित विषय-

- सामान्य विधियाँ, होम के अधिकार, अग्न्याधान, आचमनविधि, वैश्वदेव विधि, दर्शपूर्णमास का वर्णन प्रथम प्रपाठक में है।

- विवाह, गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, उपनयन का वर्णन द्वितीय प्रपाठक में है।
- गोदान, ब्रह्मचारी के कर्म, उपाकर्म, अनध्याय समावर्तन का वर्णन तृतीय प्रपाठक में है।
- पितृयज्ञ, काम्यकर्म, वास्तुनिर्माण, वास्तुयोग यशस्काम कर्म का वर्णन चतुर्थ प्रपाठक में है।

खादिर गृह्यसूत्र का परिचय

- खादिर गृह्यसूत्र का सम्बन्ध राणायनीय शाखा से है।
- खादिर गृह्यसूत्र पर रुद्रस्कन्द की वृत्ति प्राप्त होती है।
- 1913 में महादेव शास्त्री ने इसका एक संस्करण मैसूर से प्रकाशित किया।

द्राह्यायण गृह्यसूत्र का परिचय

- द्राह्यायण गृह्यसूत्र के दो संस्करण प्राप्त होते हैं।
- आनन्द आश्रम पूना से 1914 तथा हिन्दी अनुवाद सहित मुजफ्फरपुर से 1934 ई. में प्रकाशित।

जैमिनीय गृह्यसूत्र का परिचय

- जैमिनीय गृह्यसूत्र में दो अध्याय हैं।
- प्रथम अध्याय में चौबीस और द्वितीय में नौ कण्डिकाएँ हैं।
- संस्कारों का वर्णन प्रथम अध्याय में तथा श्राद्ध, अष्टकाएँ, अन्त्येष्टि और शान्तिकृत्य का उल्लेख द्वितीय अध्याय में है।
- जैमिनीय गृह्यसूत्र पर श्रीनिवासाध्वरी की सुबोधिनी टीका प्राप्त होती है।

कौथुम गृह्यसूत्र का परिचय

- कौथुम गृह्यसूत्र का सम्पादन सूर्यकान्त ने किया जो एशियाटिक सोसायटी कलकत्ता से प्रकाशित है।
- कौथुमगृह्यसूत्र में सबसे पहले प्रायश्चित्तों का वर्णन है।

अथर्ववेद के गृह्यसूत्र

- अथर्ववेद का एकमात्र गृह्यसूत्र प्राप्त होता है जो **कौशिक गृह्यसूत्र** है।
- कौशिक गृह्यसूत्र मे चौदह अध्याय हैं जिसका विभाजन कण्डिकाओं में है।
- कौशिक गृह्यसूत्र में शान्ति कर्म और अभिचार कर्मों का वर्णन है जो अथर्ववेद से गृहीत है।
- कौशिक गृह्यसूत्र में गृह कर्मों का वर्णन कम है। अभिचार कर्मों, यातुविद्या, मन्त्र-तन्त्र, रोगनाशक उपाय, आदि का वर्णन अधिक है।

धर्मसूत्रों का परिचय

- धर्मसूत्र आचार संहिता से सम्बद्ध ग्रन्थ हैं।
- धर्मसूत्र स्मृतियों के पूर्वरूप हैं।
- समाज को शान्ति और स्थिरता प्रदान करना धर्मसूत्रों का उद्देश्य है।
- करनिर्धारण, कर के प्रकार, कर का उपयोग, सम्पत्ति विभाजन, स्त्रीधन का स्वरूप आदि विषयों का वर्णन धर्मसूत्रों में प्राप्त होता है।

ऋग्वेद के धर्मसूत्र

- ऋग्वेद के दो धर्मसूत्र प्राप्त हैं- वासिष्ठ धर्मसूत्र तथा विष्णु धर्मसूत्र।

वासिष्ठ धर्मसूत्र का परिचय

- वासिष्ठ धर्मसूत्र महर्षि वसिष्ठ की रचना है।
  इसमें अध्यायों की संख्या भिन्न-भिन्न है, आनन्दाश्रम और फ्यूहरर के संस्करण में तीस-तीस अध्याय हैं।
- 25-28 अध्याय पद्यात्मक रूप में हैं तथा अध्याय 29–30 में गद्य एवं पद्य दोनों है।
- वासिष्ठ धर्मसूत्र में **'आचारः परमो धर्मः'** कहकर सदाचार पर बहुत बल दिया गया है।

विष्णु धर्मसूत्र का परिचय

- विष्णु धर्मसूत्र गद्य एवं पद्य से मिश्रित है।
- इस धर्मसूत्र में स्मृति, गौतम धर्मसूत्र, वासिष्ठ धर्मसूत्र के श्लोक एवं सूत्र प्राप्त होते हैं।
- डा. जोली ने इसे अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया।

यजुर्वेद के धर्मसूत्र

हारीत धर्मसूत्र का परिचय

- इसमें पद्यात्मक वचन प्राप्त होता है।
- आठ प्रकार के विवाहों में आर्ष और प्राजापत्य के स्थान पर क्षात्र और मानुष नाम का उल्लेख है।
- आनन्द आश्रम पूना संस्करण से वृद्ध हारीत नाम से प्रकाशित हुआ है जिसमें दस अध्याय हैं।

बौधायन धर्मसूत्र का परिचय

- बौधायन धर्मसूत्र बौधायन कल्पसूत्र का अंश है ।
- बौधायन धर्मसूत्र में चार प्रश्न (अध्याय) हैं। डॉ0 कीथ ने चतुर्थ प्रश्न को प्रक्षिप्त माना है।
- चतुर्थ प्रश्न पद्यात्मक है और पूर्व प्रश्नों के ही विषय हैं ।
- बौधायन धर्मसूत्र आपस्तम्ब से पूर्ववर्ती तथा गौतम से परवर्ती है ।

बौधायन धर्मसूत्र में प्रतिपादित विषय

विषय	प्रश्न
ब्रह्मचर्य के नियम,दायभाग, भक्ष्याभक्ष्य, चातुर्वर्ण्य विचार वर्णसङ्कर, राजा के कर्तव्य, पाँच महापाप और उनके दण्ड, आठ प्रकार के विवाह।	प्रथम प्रश्न
महापातकों के प्रायश्चित्त,कृच्छ्र आदि व्रत, संन्यास के नियम आदि।	द्वितीय प्रश्न
वानप्रस्थ, संन्यासी के धर्म, चान्द्रायण व्रत।	तृतीय प्रश्न
प्रायश्चित्त, काम्य सिद्धियाँ।	चतुर्थ प्रश्न

आपस्तम्ब धर्मसूत्र का परिचय

- आपस्तम्ब धर्मसूत्र के रचयिता आपस्तम्ब हैं ।

- आपस्तम्ब कल्पसूत्र के दो प्रश्न 28-29 आपस्तम्ब धर्मसूत्र कहे जाते हैं ।
- दोनों प्रश्नों में 11-11 पटल हैं।
- आपस्तम्ब धर्मसूत्र में प्राचीन दस आचार्यो का उल्लेख है।
- श्रुति,अंग, विधि आदि मीमांसा के पारिभाषिक शब्दों का उल्लेख है।
- प्राजापत्य और पैशाच विवाह को अवैध माना गया है।
- आपस्तम्ब धर्मसूत्र में ब्याज लेना निन्द्य है ऐसा वर्णन प्राप्त होता है।
- हरदत्त मिश्र की उज्ज्वला व्याख्या प्राप्त होती है।

सामवेद के धर्मसूत्र

- सामवेद का एक ही धर्मसूत्र प्राप्त होता है - गौतमधर्मसूत्र

गौतम धर्मसूत्र का परिचय

- गौतम धर्मसूत्र का सम्बन्ध सामवेद से है।
- गौतम धर्मसूत्र के रचयिता गौतम हैं।
- गौतम धर्मसूत्र में 28 अध्याय तथा एक हजार सूत्र प्राप्त होते हैं ।
- गौतम धर्मसूत्र का 26 वाँ अध्याय सामविधान ब्राह्मण के समान है ।

गौतम धर्मसूत्र में प्रतिपादित विषय

प्रतिपादित विषय	अध्याय
धर्मस्रोत,उपनयन,चार आश्रमों का वर्णन ब्रह्मचारी, गृहस्थ, भिक्षु और वैखानस के कर्तव्य, आठ प्रकार के विवाह,पंचमहाव्रत माता-पिता-गुरु का सत्कार,आपद्धर्म, 40 संस्कार	अध्याय 1-5
चारों वर्णों के कर्तव्य, राजधर्म, कर, सम्पत्ति की सुरक्षा	अध्याय 6-10
अपराध और दण्ड-विधान, साक्षी साक्ष्य के नियम	अध्याय 11-15
भक्ष्याभक्ष्य विचार, स्त्रीधर्म,नियोग विविध पातक और प्रायश्चित्त	अध्याय 16-20
विविध पातक और प्रायश्चित्त, कृच्छ्र आदि व्रत, चान्द्रायण व्रत, सम्पत्ति का विभाजन दायभाग	अध्याय 21-28

शुल्बसूत्रों का परिचय

- शुल्बसूत्र गणितशास्त्रीय वैज्ञानिक ग्रन्थ हैं।
- शुल्बसूत्र में गणितशास्त्र के अङ्ग ज्यामितीयशास्त्र से सम्बद्ध अनेक प्रमेय दिए गए हैं।
- यज्ञ की वेदी के निर्माण की विधि एवं छोटी - बड़ी वेदियों का वर्णन शुल्बसूत्र में प्राप्त होता है।
- शुल्ब शब्द का अर्थ रस्सी है।
- रेखागणित की दृष्टि से शुल्बसूत्रों का काफी महत्त्व है।

बौधायन शुल्बसूत्र का परिचय

- बौधायन शुल्बसूत्र का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद से है, इसके रचयिता बोधायन मुनि हैं।
- बोधायन का समय 900ई.पू. से 850 ई.पू. के मध्य माना जाता है ।

- बौधायन शुल्बसूत्र सबसे प्राचीन शुल्बसूत्र है।
- बौधायन शुल्बसूत्र में तीन परिच्छेद तथा 519 सूत्र हैं।
- तीनों परिच्छेद में सूत्रों की संख्या -

परिच्छेद		**सूत्र**
प्रथम	-	113 सूत्र
द्वितीय	-	83 सूत्र
तृतीय	-	323 सूत्र

- बौधायन शुल्बसूत्र पर दो टीकाएँ प्राप्त हैं -
  1. द्वारकानाथ यज्वा की शुल्बदीपिका टीका।
  2. वेंकटेश्वर दीक्षित की शुल्बमीमांसा टीका।

आपस्तम्ब शुल्बसूत्र का परिचय

- आपस्तम्ब शुल्बसूत्र कृष्णयजुर्वेद से सम्बन्धित है ।
- आपस्तम्ब शुल्बसूत्र के रचयिता आपस्तम्ब हैं, जिनका समय 7 वीं शती ई.पू. माना जाता है ।
- आपस्तम्ब शुल्बसूत्र में छः पटल, 21 अध्याय तथा 498 सूत्र हैं ।

आपस्तम्ब शुल्बसूत्र के प्रतिपादित विषय -

- एक से तीन अध्यायों में वेदियों की रचना के आधारभूत रेखागणितीय सिद्धान्त का विवरण - प्रथम पटल
- अध्याय 4-6 में वेदियों के क्रमिक स्थान और उनकी विभिन्न आकृतियों का वर्णन तथा उनके बनाने के ढंग का वर्णन - द्वितीय पटल
- पन्द्रह अध्यायों में काम्य इष्टियों के लिए आवश्यक वेदियों के आकार प्रकार का वर्णन - अध्याय 3-6 में।

कात्यायन शुल्बसूत्र का परिचय

- कात्यायन शुल्बसूत्र का सम्बन्ध शुक्ल यजुर्वेद से है।
- कात्यायन शुल्बसूत्र को कात्यायन शुल्ब परिशिष्ट या कातीय शुल्ब परिशिष्ट कहते हैं।
- इसके दो भाग हैं, प्रथम भाग सूत्रों में हैं, इसमें छः कण्डिकाओं में 102 सूत्र हैं ।
- द्वितीय भाग श्लोकात्मक है जिसमें चालीस श्लोक हैं।
- कात्यायन ने वेदिनिर्माण के नियमों का विशेष क्रमबद्ध रूप से वर्णन किया है ।
- कात्यायन शुल्बसूत्र की तीन टीकाएँ प्राप्त होती हैं।

मानव शुल्बसूत्र का परिचय

- मानव शुल्बसूत्र गद्य-पद्य मिश्रित एक छोटा ग्रन्थ है।
- इसमें प्रसिद्ध 'सुपर्णा चिति' वेदी का विवरण है, जो अन्यत्र नहीं प्राप्त होती।
- इसमें अनेक नवीन वेदियों का वर्णन मिलता है, जो अन्य शुल्बसूत्रों में नहीं है।

❑❑

10. वैदिक देवता

वैदिक देवता

वेदों में सर्वोत्कृष्ट तत्त्व ही 'देव' शब्द से वाच्य है। (ऋग्वेद 1/139/119) के अनुसार कुल 33 देवता हैं, जिनमें से 11 पृथ्वी में, 11 अन्तरिक्ष में तथा 11 द्युलोक में हैं। शतपथ ब्राह्मण (11/6/3/5) के अनुसार 8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्य तथा 1 इन्द्र ,1प्रजापति, कुल 33 देवता हैं। यद्यपि ऋग्वेद (11/53/6), शतपथ ब्राह्मण (11/6/3/4) तथा शांखायन श्रौतसूत्र (8/21/14) में देवताओं की संख्या 3339 निर्दिष्ट है। यहाँ ध्यान देने योग्य तथ्य है कि पुराणों में जो 33 कोटि देवता का उल्लेख मिलता है, वहाँ 'कोटि' शब्द प्रकार वाचक है, संख्या वाचक नहीं।

अग्नि देवता

- अग्नि पृथ्वी स्थानीय देवता हैं।
- इनकी स्तुति 200 सूक्तों में की गयी है।
- अग्नि देवता ऋग्वेद के प्रथममण्डल के प्रथमसूक्त के देवता हैं।
- अग्नि सूक्त (1.1) के ऋषि 'मधुच्छन्दा' हैं।
- अग्नि देवता का प्रधान कर्म हविष्य का वहन करना है।
- **अग्नि देवता के प्रमुख विशेषण/उपाधियाँ-** ऋत्विक्, होता, पुरोहित, रत्नधातमम्, कविक्रतु, चित्रश्रवस्तम्, कवि, हव्यवाह, धूमकेतु, गृहपति, दमूनस्, अंगिरस्, दूत, विश्ववेदाः, सप्तरश्मि, घृतपृष्ठ, घृतलोम, घृतप्रतीक, शोचिषकेश, विश्पति, असुर, सहस्राक्ष, त्रिमूर्द्धा, मन्द्रजिह्व, अपानपात्, उर्जोनपात् इत्यादि।

अग्नि देवता से जुड़ी कुछ विशेष ऋचाएँ-

* अग्निमीळे पुरोहितम्।
* होतारं रत्नधातमम्।
* स देवाँ एह वक्षति।
* अग्निर्होता कविक्रतुः।
* राजन्तमध्वराणाम्।
* सः न पितेव सूनवे।

अग्नि देवता का स्वरूप -

अग्नि के विराट् रूप का वर्णन करते हुए अथर्ववेद (8.1.11) में कहा गया है कि वह चार प्रकार का है- भौतिक अग्नि, जलीय अग्नि, सूर्य, विद्युत्।

- वेदों में तीन अग्नियों का उल्लेख है - गार्हपत्य अग्नि, आहवनीय अग्नि, दक्षिणाग्नि
- अग्नि का मुख्य आहार घृत है।
- घृत और ईंधन के अतिरिक्त सोम भी इनका प्रिय पेय है। इनको 'सोमगोपा' भी कहते हैं।
- अग्नि अपने उपासकों का कल्याण उसी प्रकार करते हैं, जैसे- पिता-पुत्र का- 'सः न पितेव सूनवेऽग्ने........' (ऋक् 1/1/9)
- ऋग्वेद पुरुषसूक्त के अनुसार, अग्नि की उत्पत्ति, विराट्-पुरुष के मुख से हुई है- **'मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च'**
- वैदिक ऋषि अग्नि के पिता को 'द्यौ' की संज्ञा देते हैं- **'यदेनं द्यौर्जनयत् सुरेताः।'**
- कहीं पर इन्हें त्वष्टा का पुत्र तो कहीं पर द्यावापृथिवी का पुत्र कहा गया है।
- ऋग्वैदिक विवरण के अनुसार इन्द्र ने दो पत्थरों के बीच अग्नि को उत्पन्न किया- **'यो अश्मनोरन्तरग्निं जजान'**
- इसके अतिरिक्त अग्नि का जन्म दो अरणियों के घर्षण से अथवा दश युवतियों से हुआ माना जाता है।
- अग्नि को पृथिवी तथा अमृत की 'नाभि' कहा गया है।
- अन्तरिक्ष में स्थित जल से भी अग्नि की उत्पत्ति बतायी गयी है।

निरुक्त के अनुसार 'अग्नि' की व्युत्पत्ति-

* अङ्गं नयति सन्नममानः।
* अक्नोपनो भवति।
* अग्रं यज्ञेषु प्रणीयते।
* अग्रणीर्भवति इति।

इन्द्र देवता का परिचय

- इन्द्र अन्तरिक्षस्थानीय देवता हैं।
- इन्द्र की स्तुति 250 सूक्तों में की गयी है। ऋग्वेद में सर्वाधिक स्तुति इन्द्र की ही है।
- इन्द्र सूक्त (2.12) के ऋषि 'गृत्समद्' हैं।

इन्द्र की प्रमुख उपाधियाँ

वृत्रहा, सुशिप्र, सोमपा, शक्र, पुरन्दर, वज्री, वज्रहस्त, मरुत्सखा, वज्रबाहु, हरिकेश, हरिश्मश्रु, हिरण्यबाहु, चित्रभानु, पुरुहूत, वृषा, शचीपति, आखण्डल, सोमी, मरुत्वान्, धनञ्जय, गोत्रभिद्, मनस्वान्, संवृक्समत्सु, सप्तरश्मि, अच्युतच्युत, अपांनेता इत्यादि।

इन्द्र देवता का स्वरूप

- इनके होठों के अत्यन्त सुन्दर होने के कारण इन्हें 'सुशिप्र' कहा गया है।
- इन्द्र का प्रधान शस्त्र 'वज्र' है। इसी वज्र को धारण करने के कारण इन्हें 'वज्रिन्' या 'वज्रबाहु' आदि नामों से पुकारा गया है।
- इन्द्र का सर्वश्रेष्ठ पेय 'सोम' है। इसीलिए इन्हें 'सोमपा' कहा गया है- 'यो सोमपा निचितो वज्रबाहुः।'
- उत्पन्न होते ही इन्द्र ने अपने पराक्रम का परिचय दिया, जिससे आकाश और पृथ्वी काँपने लगे- 'यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यषेताम्।'
- ऋग्वेद पुरुषसूक्त के अनुसार इन्द्र की उत्पत्ति, विराट् पुरुष के मुख से हुई है- 'मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च'।
- मरुत् का मित्र होने के कारण इन्द्र को मरुत्सखा, मरुत्वान् आदि नामों से सम्बोधित किया गया है।

इन्द्र के महत्त्वपूर्ण कार्य

- इनका सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य वृत्रवध है।
- इन्होंने 'बल' नामक असुर का वध करके गायों को उसकी गुफा से मुक्त किया।
- इन्द्र ने ही सूर्य तथा उषा को उत्पन्न किया- 'यो सूर्यं उषसं जजान।'
- इन्द्र ने ही 'शम्बर' नामक असुर को 40 वर्ष पर्यन्त ढूँढ कर मार डाला।
- इन्होंने ही द्युलोक में चढ़ते हुए रौहिण नामक असुर को झटका देकर नीचे गिरा दिया।

इन्द्र की व्युत्पत्ति

- इरां दृणाति।
- इरां ददाति।
- इरां दधाति।
- इरां दारयते।
- इरां धारयते।
- इन्दवे द्रवति।
- इन्दौ रमत, इन्दञ्छत्रूणां दारयिता।

इन्द्र

स्थान	स्तुति	ऋषि
(अन्तरिक्षस्थानीय)	(250 सूक्तों में)	(गृत्समद)

इन्द्र (2.12) सम्बन्धित प्रमुख ऋचाएँ

- **यो जात एव प्रथमो मनस्वान्** (जो उत्पन्न होते ही सब देवताओं मे प्रमुख मनस्वी हुआ।)
- **येनेमा विश्वा च्यवना कृतानि।** (जिसने इन सम्पूर्ण नश्वर भुवनों को स्थिर किया है।)
- **यो रध्रस्य चोदिता यः कृशस्य।**
  (अर्थात् जो समृद्धिशाली व्यक्ति को प्रेरणा देने वाला है, जो निर्धन को प्रेरणा देने वाला है।)
- **यः सूर्यं य उषसं जजान।**
  (अर्थात् जिसने सूर्य को और जिसने ऊषा को उत्पन्न किया)
- **यः शश्वतो मह्येनो दधानान्।**
  (जिसने अत्यधिक पाप को धारण करने वाले व्यक्तियों का वध कर डाला)

वरुण देवता

- वरुण द्युस्थानीय देवता हैं।
- इनकी स्तुति 12 सूक्तों में की गयी है।
- वरुण सूक्त (1/25) के ऋषि 'शुनः शेप' हैं।

वरुण देवता की प्रमुख उपाधियाँ

असुर, क्षत्रिय, धृतव्रत, ऋतगोपा, अमृतस्यगोपा, उरुशंशः, दूतदक्षः, स्वराट्, मायावी इत्यादि।

वरुण देवता का स्वरूप

- इनका सुनहरा कवच दर्शकों के हृदय को चकाचौंध कर देता है।
- ये दूर से दूर की वस्तु को भी देख सकते हैं।
- सूर्य इनके नेत्र हैं।

महत्त्वपूर्ण कार्य

- इनकी आज्ञायें अत्यन्त कठोर हैं। इन कठोर नियमों के अनुशीलन के ही कारण इन्हें 'धृतव्रत' भी कहा गया है।
- ये अपने उपासकों को केवल उसी के द्वारा किये गये पापों से मुक्त नहीं करते हैं, बल्कि उसके पिता द्वारा, दूसरों के द्वारा तथा अज्ञान व भ्रमवश किये गये सभी पापों से मुक्त कर देते हैं।
- विश्व के नैतिक अध्यक्ष के रूप में वरुण से बढ़कर कोई भी देवता नहीं है।

वरुण

स्थान	स्तुति	ऋषि
(द्युस्थानीय)	(12 सूक्तों में)	(शुनःशेप)

वरुण' की व्युत्पत्ति

- वरुणो वृणोतीति सतः।

वरुण (1/25) से सम्बन्धित ऋचाएँ

- **तदित्समानमाशाते वेनन्ता न प्र युच्छातः।** (1.25.6)
  (अर्थात् शुभ कामना करते हुए मित्र और वरुण समान रूप से एक सी ही उस हवि को प्राप्त करते हैं)
- **वेद वातस्य वर्तनिमुरोर्ऋष्वस्य बृहतः।** (1.25.9)
  (अर्थात् ये वरुण देवता विस्तीर्ण या व्यापक, दर्शनीय और गुणों से महान् वायु के मार्ग को जानते हैं।)
- **उत यो मानुषेष्वा यशश्चक्रे असाम्या।** (1.25.15)
  (जिस देवता ने मनुष्यों में अन्न को उत्पन्न किया।)

सवितृ देवता का परिचय

- सवितृ द्युस्थानीय देवता हैं।
- इनकी स्तुति 11 सूक्तों में की गयी है।

सवितृ देवता की उपाधियाँ

असुर, हिरण्यपाणि, सुपर्ण, सुनीथ, हिरण्याक्ष, हिरण्यस्तूप, स्वर्णपाद, सुमृतळीक, दमूना, स्वर्णनेत्र, स्वर्णहस्त, स्वर्णपाद, स्वर्णजिह्व इत्यादि।

सवितृ देवता का स्वरूप

- सवितृ देव मुख्य रूप से स्वर्णिम देवता हैं। इसीलिए इन्हें स्वर्णनेत्र, स्वर्णहस्त, स्वर्णपाद एवं स्वर्णजिह्व, की सञ्ज्ञा दी गयी है।
- इनको लौह, जबडों वाला भी कहा गया है।
- इनके केश, पीले तथा सुनहले हैं।
- ये विविध रूपवाले स्वर्णिम रथ पर चढ़कर चलते हैं, जिसे सफेद पैर वाले दो घोड़े खींचते हैं।

महत्त्वपूर्ण कार्य

- सवितृ मुख्य रूप से सबके प्रकाशक देवता हैं।
- ये पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक सबको प्रकाशित करते हैं।
- कोई भी प्राणी इनकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करता।
- इन्हें एक प्रेरक देवता के रूप में देखा गया है।

➢ गायत्री मन्त्र का सम्बन्ध सीधे सवितृ देव से ही है।

सवितृ (1/35)

स्थान	स्तुति	ऋषि
(द्युस्थानीय)	(11 सूक्तों में)	(हिरण्यस्तूप)

सवितृ की व्युत्पत्ति

➢ सविता सर्वस्य प्रसविता, अन्धकार मध्यादागच्छन् प्रकाशः सवितेति कथ्यते।

सवितृ सूक्त (1/35) से सम्बन्धित प्रमुख ऋचाएँ-

➢ **ह्वयाम्यग्निं प्रथमं स्वस्तये।**

(अर्थात् अपने कल्याण के लिए मैं सबसे पहले अग्नि देवता का आह्वान करता हूँ।)

➢ **याति देवः प्रवता यात्युद्धता याति।**

(अर्थात् देदीप्यमान सविता देवता प्रवण मार्ग से जा रहा है और उत्कृष्ट ऊर्ध्व मार्ग से जा रहा है।)

➢ **तिस्रो द्यावः सवितुर्द्वा उपस्थाँ।**

(अर्थात् स्वर्ग से उपलक्षित प्रकाशमान लोक तीन हैं। उनमें से दो लोक सूर्य के समीप हैं।)

➢ **अष्टौ व्यख्यत्ककुभः पृथिव्यास्त्री।**

(सूर्य ने पृथिवी की आठों दिशाओं को प्रकाशित किया)

विष्णु देवता का परिचय

➢ विष्णु द्युस्थानीय देवता हैं।

➢ विष्णु की स्तुति 5 सूक्तों में की गयी है।

➢ विष्णु (1/154) सूक्त के ऋषि 'दीर्घतमा' हैं।

विष्णु के विशेषण

उरुक्रम, उरुगाय, कुचर, गिरिष्ठा, वृष्ण, गिरिक्षित, विक्रम, त्रिविक्रम, भीम इत्यादि।

विष्णु देवता का स्वरूप

➢ मानवाकृति के रूप में विष्णु के तीन कदमों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है- 'विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः' 'यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेषु', 'उरुक्रमस्य स हि बन्धुरित्था', सधस्थमेको त्रिभिरित्पदेभिः' इत्यादि।

➢ विष्णु के परमधाम में सहस्त्र सींगों वाली गायें हैं-
'ता वां वास्तून्युशमसि गमध्यै। यत्र गावो भूरिशृंगा अयासः।।'

➢ वेदों में विष्णु को इन्द्र का मित्र तथा पुराणों में उपेन्द्र भी कहा गया है।

➢ पक्षियों में श्रेष्ठ गरुड इनके वाहन हैं।

विष्णु

स्थान	स्तुति	ऋषि
(द्युस्थानीय)	(5 सूक्तों में)	(दीर्घतमा)

विष्णु के महत्त्वपूर्ण कार्य

- विष्णु ने अपने तीन कदमों के द्वारा सम्पूर्ण लोकों को नापा था
- विष्णु गर्भ के रक्षक माने जाते हैं।
- गर्भाधान के निमित्त अन्य देवताओं के साथ विष्णु की भी स्तुति की जाती है।
- ये परोपकारी, प्रचुर धन का दान करने वाले, उदार, सबके रक्षक तथा विश्व का भरण पोषण करने वाले हैं।
- शाकपूणि के मत में सूर्य के तीनों लोक- पृथिवी, अन्तरिक्ष तथा द्युलोक ही विष्णु के तीनों कदम हैं जबकि **और्णवाभ** के मत में विष्णु के तीनों कदम ही सूर्य के उदय, मध्याह्न तथा अस्त के द्योतक हैं।

विष्णु की व्युत्पत्ति

- विष्णातेर्विशतेर्वा स्याद् वेवेष्टेर्व्याप्तिकर्मणः।

विष्णु (1/154) से सम्बन्धित प्रमुख ऋचाएँ-

- **यः पार्थिवानि विममे रजांसि।**
  (अर्थात् जिस विष्णु ने पृथिवी सम्बन्धी रजःकणों अर्थात् अग्नि, वायु, आदित्य विशेष लोकों की विशेष रूप से रचना की ।
- **यस्य त्री पूर्णा मधुना।**
  (अर्थात् जिस विष्णु के मधुर दिव्य अमृत से भरे हुए तीन पद कभी क्षीण न होते हुए अन्न के द्वारा आनन्दित करते हैं)
- **यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः।**
  (जहाँ बड़े-बड़े ऊँचे सींगो वाली गायें अथवा अनेक प्रकार से फैलने वाली किरणें निवास करती हैं।)

रुद्र देवता

- रुद्र अन्तरिक्ष-स्थानीय देवता हैं।
- इनकी स्तुति 3 सूक्तों में की गयी है।
- रुद्र सूक्त (2/33) के ऋषि गृत्समद हैं।

रुद्र के विशेषण

त्रयम्बक, कृत्तिवास, नीललोहित, भव, शर्व, पशुपति, मरुत्पिता, असुर, मरुत्वान्, मीळवान्, तव्यान्, भिषक्तम्, वङ्कु, जलाषभेषज, सुशिप्र, रक्तवर्णी, मृण्याकुः, शिव इत्यादि।

रुद्र देवता का स्वरूप

- रुद्र का वर्ण भूरा है तथा होंठ बहुत सुन्दर हैं। इसी कारण से इनके लिए ऋग्वेद में क्रमशः 'बभ्रु' तथा 'सुशिप्र' विशेषण का प्रयोग किया गया है।
- इनको वाजसनेयी संहिता में रक्तवर्णी बताया गया है।
- वाजसनेयी संहिता में ही इन्हें नाना प्रकार के रूपों को धारण करने वाले तथा सूर्य की भाँति प्रकाशमान कहा गया है।
- ये चर्मवस्त्र को धारण करते हैं।
- ये पर्वतों पर निवास करते हैं।
- ये शस्त्र के रूप में धनुष तथा बाण धारण करते है-'अहं रुद्राय धनुरातनोमि।'
- रुद्र का कृपाण विद्युत् से निर्मित हुआ है।

रुद्र

स्थान	स्तुति	ऋषि
(अन्तरिक्षस्थानीय)	(3सूक्तों में)	(गृत्समद)

रुद्र देवता के कार्य

- ऋग्वेद, रुद्र के विनाशकारी तथा कल्याणकारी द्विविध स्वरूपों का चित्रण प्रस्तुत करता है।
- ये एक भयानक पशु के समान विध्वंसक तथा शक्तिशाली वृषभ हैं।
- रुद्र के लिए 'असुर' विशेषण का प्रयोग हुआ है।
- जब रुद्र प्रसन्न होते हैं, तो अपने लोकोपकारक शिवस्वरूप में आते हैं और मनुष्यों एवं पशु-पक्षी सभी जीवों की रक्षा करते हैं।
- रुद्र के हाथों को मृण्याकुः (सुखदेनेवाला), जलाषः (शीतलता प्रदान करने वाला), भेषजः (आरोग्यता प्रदान करने वाला) कहा गया है।
- रुद्र देवताओं के कुशल वैद्य के रूप में प्रसिद्ध हैं।

'रुद्र' की व्युत्पत्ति-

रौतीति सतो रोरूयमाणो द्रवतीति वा रोदयतेर्वा।

रुद्र (2/33) से सम्बन्धित ऋचाएँ

- **आ ते पितर्मरुतां सम्नमेतु :**

  (अर्थात् हे मरुत् नामक देवताओं के पिता रुद्र! तुम्हारे द्वारा हमें देने योग्य सुख प्राप्त होवें।)

- **श्रेष्ठो जातस्य रुद्र श्रियांसि।**

  (अर्थात् हे रुद्र! उत्पन्न हुए इस सम्पूर्ण जगत् में तुम अपने ऐश्वर्य से सबसे श्रेष्ठ हो।)
- **मा त्वा रुद्र चुक्रुधामा नमोभिः।**

  (अर्थात् हे रुद्र! हम तुमको अनुचित प्रकार से किये गये नमस्कारों से क्रोधित न करें।)
- **अहन्बिभर्षि सायकानि धन्व।**

  (अर्थात् हे रुद्र! योग्य होते हुये तुम बाणों और धनुष को धारण करते हो।)
- **परि णो हेती रुद्रस्य वृज्याः।**

  (अर्थात् रुद्र देवता का शस्त्र हमें छोड़ दे अर्थात् हमारी हिंसा न करें।)

❑❑

11. वेदों के भाष्य एवं भाष्यकार

- वैदिक काल में मानव का मस्तिष्क जितना उर्वरक एवं विकसित रहा है उतना परवर्त्तीकाल में नहीं रहा है। वेदों पर संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् आदि भागों पर हजारों वर्षों से कितने ही भाष्य लिखे गये और कितनी टीकाएँ रची गयी परन्तु अभी वेद जैसे गूढ़ विषयों का अर्थावबोध उनके लिये कठिन होता गया ।
- वर्तमान में वैदिक वाङ्मय पर उपलब्ध भाष्य एवं टीकाओं के विशाल साहित्य को देखकर आश्चर्य होता है। अब तक प्रकाशित भाष्य एवं टीका ग्रन्थ, उस प्रकाशित विशाल साहित्य के समक्ष अत्यल्प हैं कुछ भाष्यकारों के तो नाम उपलब्ध हैं और कुछ के नाम अभी तक प्राप्त नहीं हैं। कालान्तर में जब वेद- मन्त्रों का अर्थावबोध में कुछ कठिनाइयाँ उपस्थित हुईं तो वेदभाष्यों का निर्माण होने लगा।
- इसप्रकार समस्त संहिताओं, ब्राह्मणों एवं उपनिषदों पर अनेक भाष्य लिखे गये। वेद भाष्यकर्त्ताओं में स्कन्दस्वामी, आनन्दतीर्थ, वेङ्कटमाधव, सायण आदि प्रमुख हैं परिचय का क्रम वेदत्रयी अर्थात् ऋक् -यजु- साम- के क्रमानुसार ही है।

स्कन्दस्वामी -

- ऋग्वेद के भाष्यकारों में स्कन्दस्वामी सबसे प्राचीन हैं।
- ये गुजरात की राजधानी वलभी के रहने वाले थे-

वलभीविनिवासस्येतामृगर्थागमसंहृतिम् ।
भर्तृध्रुवसुतश्चक्रे स्कन्दस्वामी यथास्मृतिः॥

(ऋग्वेदभाष्य प्रथमाष्टक)

- इनके पिता का नाम भर्तृध्रुव था।
- ये शतपथ ब्राह्मण के भाष्यकार हरिस्वामी के गुरु थे।
- स्कन्दस्वामी ने 600 - 625 ई. के मध्य ऋग्वेद पर भाष्य लिखा था।
- यास्क के निरुक्त पर भी टीका लिखी।
- ऋग्वेद पर स्कन्दस्वामी का भाष्य अत्यन्त विशद है।
- इसके प्रत्येक सूक्त के प्रारम्भ में सूत्र के ऋषि तथा देवता का उल्लेख है।
- स्कन्दस्वामी का भाष्य केवल चतुर्थ अष्टक तक ही प्राप्त है।
- ऋग्वेद के भाष्य में वेंकटमाधव ने लिखा है कि स्कन्दस्वामी, नारायण और उद्गीथ आचार्यों ने मिलकर ऋग्वेद का भाष्य किया था-

स्कन्दस्वामी नारायण उद्गीथ इति ते क्रमात्।
चक्रुः सहैकम् ऋग्भाष्यं, पदवाक्यार्थगोचरम्॥

- स्कन्दस्वामी ने केवल चार अष्टकों तक ही ऋग्वेद भाष्य की रचना की थी, शेष भाग की पूर्ति नारायण एवं उद्गीथ द्वारा की गयी है।
- स्कन्दस्वामी हर्ष तथा बाणभट्ट के समकालीन हैं।
- निरुक्त टीका में 'प्रयस्' शब्द का तथा वेदभाष्य में 'श्रवस्' शब्द का स्कन्दस्वामी के द्वारा 'अन्न' अर्थ किये जाने का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।
- 'उप प्रयोमिरागत् इत्यादिषु निरुक्तटीकायां स्कन्दस्वामिना प्रय इत्यन्नं नाम उच्यते , तथा च 'अक्षिति श्रवः' इत्यादिनिगमेषु वेदभाष्ये श्रव इत्यन्नं नाम इति स्पष्टमुच्यते ।

नारायण और उद्गीथ -

- ऋग्वेद के पूर्वभाग पर स्कन्दस्वामी मध्यभाग पर नारायण और अन्तिम भाग पर उद्गीथ ने भाष्य लिखा है।
- उद्गीथ ने अपने भाष्य में प्रत्येक अध्याय के अन्त में अपना परिचय दिया है-
  वनवासीविनिर्गताचार्यस्य उद्गीथस्य कृता ऋग्वेदभाष्ये ....अध्यायः समाप्तः।
- प्राचीनकाल में कर्णाटक का पश्चिमी भाग वनवासी प्रान्त के नाम से प्रसिद्ध था।
- आचार्य उद्गीथ सम्भवतः इसी प्रान्त के रहने वाले रहे होंगे।
- इनका समय सप्तम शताब्दी का उत्तरार्द्ध माना जाता है।
- उद्गीथ के नाम का उल्लेख सायण तथा आत्मानन्द ने अपने भाष्य में किया है।
- उद्गीथाचार्य का वनवासी से कोई न कोई सम्बन्ध प्रतीत होता है।
- आचार्य उद्गीथ इसी प्रान्त अर्थात कर्णाटक देश के समीप के ही रहने वाले जान पड़ते हैं।
- उद्गीथ सायण से पूर्ववर्ती भाष्यकार हैं, क्योंकि सायण ने उद्गीथ के भाष्य का उल्लेख किया है।
- यह भाष्य ऋग्वेद के दशम मण्डल के सूक्त 5 से लेकर सूक्त 83 के पाँचवें मन्त्र तक उपलब्ध होता है। जिसमें आदि के अंश को डी.ए.वी. कालेज के शोध विभाग ने प्रकाशित किया।

माधवभट्ट

- यह सामवेद संहिता के भाष्यकार हैं।
- माधव नामधारी तीन भाष्यकारों का सम्बन्ध ऋग्वेद के साथ है। इनमें से एक तो सायण-माधव ही हैं।
- दूसरे माधव वेंकटमाधव हैं, जिनका निर्देश प्राचीन भाष्यों में मिलता है। एक अन्य माधव यह भी है, जिनकी प्रथम अष्टक की टीका अभी हाल में मद्रास विश्वविद्यालय से प्रकाशित हुई है। देवराज यज्वा ने अपनी निघण्टु टीका में वेंकटमाधव और माधवभट्ट के व्यक्तित्व को सम्मिलित कर दिया है।

- इस टीका के आरम्भ करने से पहले उन्होंने ग्यारह अनुक्रमणियाँ लिखी थी , जिनमें से हर एक कोश रूप में रखकर ऋग्वेद के शब्दार्थ को प्रकट करने में समर्थ हैं। इनमें से दो उपलब्ध अनुक्रमणी छप चुकी हैं। वे है नामानुक्रमणी और आख्यातानुक्रमणी ।

अनुक्रमणी

1. नामानुक्रमणी 2. आख्यातानुक्रमणी

वेंकट माधव -

- ऋग्वेद के प्रथम अध्याय के अन्त में वेङ्कटमाधव ने अपना परिचय दिया है।
- इनके पितामह का नाम माधव था और इनके पिता का नाम वेङ्कट था।
- इनके नाना का नाम भवगोल और माता का नाम सुन्दरी था।
- इनका गोत्र कौशिक और मातृगोत्र वसिष्ठ था।
- इनका एक छोटा भाई था जिसका नाम संकर्षण था और वेङ्कट तथा गोविन्द नामक दो पुत्र थे।
- ये दक्षिणापथ के चोलदेश के निवासी थे।
- इनका समय बारहवीं शताब्दी से बाद का नहीं माना जा सकता ।
- इनका भाष्य अत्यन्त संक्षिप्त और सुबोध है- 'वर्जयन् शब्दविस्तारं शब्दैः कतिपयैरिति'
- इनका भाष्य डॉ. लक्ष्मणस्वरूप ने संपादित कर 4 भागों में प्रकाशित किया है।
- इसके प्रकाशक मोतीलाल बनारसी दास दिल्ली हैं।

वेंकट माधव का संक्षिप्त परिचय

निवास	-	चोलदेश
पितामह	-	माधव
पिता	-	वेंकट
माता	-	सुन्दरी
नाना	-	भवगोल
गोत्र	-	कौशिक
भाई	-	संकर्षण
पुत्र	-	1. वेंकट 2. गोविन्द

धानुष्कयज्वा -

- धानुष्कयज्वा नाम के किसी तीनों वेदों के भाष्यकार का नाम वेदाचार्य की सुदर्शनमीमांसा में कई बार आया है।
- इन स्थानों पर ये 'त्रिवेणी भाष्यकार' तथा त्रयीनिष्टवृद्ध कहे गये हैं ।
- ये एक वैष्णव आचार्य थे। इनका समय विक्रम संवत् 1600 से पूर्व होना चाहिए।

आनन्दतीर्थ-

- इनका दूसरा नाम 'मध्व' है। ये द्वैत सिद्धान्त के आचार्य थे।
- इन्होंने 'मध्व सम्प्रदाय' को चलाया। इनके 'मध्व' और 'पूर्णप्रज्ञ' आदि भी नाम हैं।
- ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के चालीस सूक्तों पर भाष्य लिखा है।
- इन्होंने वेद का प्रतिपाद्य नारायण को माना है। इनका समय 1255 से 1355 ई. के मध्य माना जाता है।
- जिनमें ऋग्वेद के कतिपय मन्त्रों की व्याख्यावाला वेदभाष्य भी है। यह भाष्य छन्दोबद्ध है।
- इसमें राघवेन्द्र यति का यह कथन पर्याप्त रूप से प्रमाणित है -
  ''ऋक्शाखागतैकोत्तरसहस्रसूक्तमध्ये कानिचित् चत्वारिंशत् सूक्तानि भगवत्पादैः व्याख्यातानि।''
- मध्वभाष्य के ऊपर सुप्रसिद्ध माध्व आचार्य जयतीर्थ ने ग्रन्थ रचना के तीस साल के भीतर ही अपनी टीका लिखी।
- इस टीका पर नरसिंह ने (1718 सं.वि.) अपनी विवृत्ति तथा नारायण ने 'भावरत्नप्रकाशिका' नामक दूसरी विवृत्ति लिखी।

आत्मानन्द -

- आत्मानन्द ने ऋग्वेद के अन्तर्गत आने वाले प्रथम मण्डल के 1/164 वें सूक्त जो अस्य वामीय सूक्त है, पर अपना स्वतन्त्र भाष्य लिखा है।
- इस भाष्य में उद्धृत ग्रन्थकारों में स्कन्द, भास्कर आदि का नाम मिलता है, परन्तु सायण का नाम नहीं मिलता।
- ये सायण से पूर्व के भाष्यकार प्रतीत होते हैं।
- इनके द्वारा उद्धृत लेखकों में मिताक्षरा के कर्ता विज्ञानेश्वर तथा स्मृतिचन्द्रिका के रचयिता देवणभट्ट (13 वी. शती.ई॰) के नाम होने से हम कह सकते हैं कि इनका आविर्भाव - काल विक्रम की चौदहवीं शताब्दी है।
- प्रसिद्ध अद्वैतवादी विद्वान् आत्मानन्द ने सूक्त पर आध्यात्मिक भाष्य लिखा है।
- आत्मानन्द ने अपने भाष्य के अन्त में स्वयं कहा है कि स्कन्दस्वामी आदि के भाष्य 'यज्ञपरक ' है निरुक्त अधिदेव परक है, परन्तु यह भाष्य 'अध्यात्म विषयक' है -
  अधियज्ञविषयकं स्कन्दादिभाष्यम् निरुक्तमधिदैवतविषयम्, इदन्तु भाष्यमध्यात्मविषयमिति। न च भिन्नविषयाणां विरोधः अस्य भाष्यस्य मूलं विष्णुधर्मोत्तरम्।

सायण -

- सायण आन्ध्रप्रान्त के अन्तर्गत तुङ्गभद्रा नदी के दक्षिणतट पर स्थित विजयनगर राज्य के निवासी थे।
- वैदिक भाष्यकारों में सायण का स्थान सर्वोच्च है।
- सायण मेधावी मनीषी तो थे ही इसके अतिरिक्त वे विजयनगर के संस्थापक राजा 'बुक्क' तथा महाराज 'हरिहर' के अमात्य भी थे।

- सायण के पिता का नाम मायण और माता का नाम श्रीमती/श्रीमायी था।
- सायण का समय 1317-1387 ई. तक माना जाता है।
- बड़े भाई का नाम माधव तथा छोटे भाई का नाम भोगनाथ था।
- सायण के तीन गुरु थे - विद्यातीर्थ, भारतीतीर्थ तथा श्रीकण्ठ।
- सायण भारद्वाज गोत्र के थे।
- सायण के तीन पुत्र थे - कम्पण, मायण और शिंगण।
- इन्होंने अपने शरीर का त्याग (72 वर्ष की अवस्था में) 1387 ई॰ में किया।
- सायण ने अनेक विद्वानों की सहायता से चारों वेदों पर प्रामाणिक एवं महत्त्वपूर्ण भाष्य लिखा है। उनके सहयोगी विद्वान् नरहरि सोमयाजी, नारायण वाजपेयी और पण्डरी दीक्षित थे।
- सायण ने इन सुप्रसिद्ध वैदिक संहिताओं एवं ब्राह्मण ग्रन्थों के ऊपर अपने भाष्यों की रचना की है-
  1. तैत्तिरीय संहिता (कृष्णयजुर्वेद)
  2. ऋग्वेद संहिता
  3. सामवेद संहिता
  4. काण्व संहिता (शुक्लयजुर्वेद)
  5. अथर्ववेद संहिता

सायणाचार्य द्वारा व्याख्यात ब्राह्मण तथा आरण्यक

1. कृष्णयजुर्वेदीय ब्राह्मण

1. तैत्तिरीय ब्राह्मण 2. तैत्तिरीय आरण्यक

2. ऋग्वेदीय ब्राह्मण

1. ऐतरेय ब्राह्मण 2. ऐतरेय आरण्यक

3. सामवेदीय ब्राह्मण

1. ताण्ड्य ब्राह्मण 2. षड्विंश ब्राह्मण 3. सामविधान ब्राह्मण
4. आर्षेय ब्राह्मण 5. देवताध्याय ब्राह्मण 6. उपनिषद् ब्राह्मण
7. संहितोपनिषद् ब्राह्मण 8. वंशब्राह्मण

- शुक्लयजुर्वेदीय शतपथ ब्राह्मण पर भी सायण का भाष्य उपलब्ध है।
- सायण ने अन्त में अथर्वभाष्य लिखा है।
- सायणाचार्य ने 5 संहिताओं के भाष्य तथा 13 ब्राह्मण आरण्यकों की व्याख्या लिखी ।
- सायण ने अपने ऋग्वेदभाष्य का नाम 'वेदार्थप्रकाश' रखा है। इसके अतिरिक्त इन्होंने अपने कई ग्रन्थों के पहले 'माधवीय' शब्द का प्रयोग किया है।
- सायण की एक रचना 'माधवीया धातुवृत्ति' के नाम से प्रसिद्ध है।
- सम्भवतः इन्होंने अपने बड़े भाई माधव के सम्मान के लिए 'माधवीया' नामकरण किया है।
- सायणाचार्य ने वैदिक ग्रन्थों के उपरान्त अपनी विद्वत्ता को अनेक साहित्यिक क्षेत्रों में प्रसृत किया।

वेद भाष्य के उपरान्त भी सायण ने अनेक ग्रन्थों का प्रणयन किया - ये ग्रन्थ अधोलिखित हैं -

1. सुभाषित सुधानिधि -

- इस ग्रन्थ का प्रणयन प्रथम आश्रयदाता कम्पण के राज्यकाल (1340 -1354) में हुआ था।

2. प्रायश्चित्त सुधानिधि -

इस ग्रन्थ की रचना सायण ने (1355ई॰) में की थी।

3. आयुर्वेद सुधानिधि -

- इस ग्रन्थ में सायण ने आयुर्वेद के रहस्यों को उद्घाटित किया है। इसका उल्लेख स्वयं सायण ने 'अलङ्कारसुधानिधि ' में किया है।

4. अलङ्कार सुधानिधि -

- इस ग्रन्थ में ग्रन्थकार ने समस्त अलंकारों के लक्षण तथा उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। दक्षिण के प्रसिद्ध विद्वान् अप्पयदीक्षित ने इस ग्रन्थ का उल्लेख किया है।

धातुवृत्ति -

- वैयाकरणों में यह धातुवृत्ति 'माधवीया धातुवृत्ति' के नाम से जानी जाती है।
- वस्तुतः यह रचना सायण की है तथापि ग्रन्थारम्भ में भी सायण विरचित होने पर भी इसे 'माधवीया' नाम से व्यवहृत किया गया है।

मुद्गल -

- मुद्गल भाष्य प्रथमाष्टक पर पूर्ण और चतुर्थाष्टक पर पाँच अध्यायों तक मिलता है।
- मुद्गल सायणानुयायी थे एक तरह से सायण भाष्य का ही संक्षेप मुद्गल भाष्य है।
- मुद्गल का काल 15 वीं शताब्दी माना जाता है।

रावण -

- वेद भाष्यकारों में 'रावण' का नाम भी आदर के साथ लिया जाता है।
- वेद - भाष्यकारों रावण एवं रामायण के प्रसिद्ध रावण (दशानन) एक हैं अथवा भिन्न इस विषय में अनेक विसंगतियाँ हैं।

सायण (वंश परम्परा)

गुरु श्रीकण्ठ पिता मायण माता श्रीमती बड़े भाई माधव

छोटे भाई भोगनाथ पुत्र

1. कम्पण
2. भायण
3. शिंगण

- सायण ने सर्वप्रथम कृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता पर अपना भाष्य लिखा। ये तैत्तिरीय शाखाध्यायी ब्राह्मण थे। अतः उस पर प्रथमतः भाष्य लिखना स्वाभाविक था।

सायणभाष्य क्रमानुसार

कृष्ण यजुर्वेद
ऋग्वेद की शाकल संहिता
शुक्लयजुर्वेद की काण्वसंहिता
सामवेद की कौथुम संहिता
अथर्ववेद की शौनक संहिता
सामवेद के आठों ब्राह्मणों पर भाष्य

1. ताण्ड्य ब्राह्मण 2. षड्विंश ब्राह्मण 3. सामविधान ब्राह्मण
4. आर्षेय ब्राह्मण 5. देवताध्याय 6. उपनिषद् ब्राह्मण
7. संहितोपनिषद् ब्राह्मण 8. वंश ब्राह्मण

यजुर्वेद भाष्यकार (माध्यन्दिन संहिता)

- **उव्वट-** यह नाम उव्वट और उवट दोनों प्रकार से लिखा जाता है ।
- माध्यन्दिन भाष्यों में उवट का भाष्य अतीव विख्यात है ।
- ये आनन्दपुर निवासी 'वज्रट' के पुत्र थे । इन्होनें 11 वीं शती के अन्त में महाराजा भोज के शासनकाल में अवन्ती में रहकर इस भाष्य की रचना की ।

आनन्दपुरवास्तव्यवज्रटाख्यस्य सूनुना ।
उव्वटेन कृतं भाष्यं पदवाक्यैः सुनिश्चितैः ॥
ऋष्यादींश्च पुरस्कृत्य अवन्त्यामुव्वटो वसन् ।
मन्त्राणां कृतवान् भाष्यं महीं भोजे प्रशासति ॥

- उव्वट का समय ग्यारहवीं शताब्दी का मध्यकाल माना जाता है ।
  इन्होंने शुक्लयजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता पर एक भाष्य लिखा है जिसका नाम उव्वट भाष्य है।
- इसके दो पाठ हैं - काशी पाठ और महाराष्ट्र पाठ ,इनका भाष्य अत्यन्त प्रामाणिक माना जाता है ।
- इसके अतिरिक्त इन्होंने ऋक्प्रातिशाख्य की टीका ,यजुः प्रातिशाख्य की टीका, ऋक्सर्वानुक्रमणी पर भाष्य और ईशावास्योपनिषद् पर भाष्य लिखा है । ये ग्रन्थ प्रकाशित हैं-
- उव्वट-भाष्य-

  * शुक्लयजुर्वेद (वेददीप) * ऋक् प्रातिशाख्य की टीका
  * यजुः प्रातिशाख्य की टीका * ऋक्सर्वानुक्रमणी पर भाष्य
  * ईशोपनिषद् पर भाष्य

निवास स्थान	पिता	राजा	समय	भाष्य नाम
आनन्दपुर	वज्रट	महाराजा भोज	11 वीं शती	उव्वट भाष्य

महीधर -

- वाजसनेय संहिता का अन्य प्रसिद्ध भाष्य महीधर भाष्य कृत 'वेददीप' है । महीधर 'काशी' के निवासी नागर ब्राह्मण थे ।
- इस भाष्य की रचना सत्रहवीं शती में हुई । इन्होंने एक तन्त्रग्रन्थ 'मन्त्रमहोदधि' (1588 ई.) भी लिखा है ।
- वेद शब्दप्रधान शास्त्र हैं उनके त्रिविध अर्थ हैं - आधिदैविक , आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक।
- इन्होंने यजुर्वेद पर उव्वट के भाष्य को ही आधार बनाया है और उसका विस्तार किया है।
- इन्होंने सम्बद्ध अंशों पर शतपथ ब्राह्मण आदि के अंश प्रमाण रूप में उद्धृत हैं।

शौनक

- माध्यन्दिन संहिता के 31 वें अध्याय पर ऋषि शौनक का भाष्य उपलब्ध है।
- इसमें 'अपरे' 'केचित्' कहकर उन्होंने अपने पूर्ववर्ती एवं समकालीन भाष्यकारों के मतों का उल्लेख किया है ।

धर्मसम्राट् करपात्री स्वामी -

- आज से लगभग 2500 वर्ष पूर्व सम्पूर्ण भारतवर्ष में नास्तिकवाद चरम सीमा पर था।
- सर्वत्र वेद-निन्दा, यज्ञ-निन्दा, ईश्वर-निन्दा का प्रचार व्याप्त था ।
- उस समय विद्वानों के समक्ष एक समस्या अत्यधिक ज्वलन्त थी कि 'को वेदानुद्धरिष्यति' वेदों का उद्धार कौन करेगा? ऐसे विषम समय में आद्य जगद्गुरुशंकरभगवत्पाद ने आर्यावर्त में अवतरित होकर निरीश्वरवादी मतमतान्तरों का समूलोन्मूलन कर वैदिक धर्म को पुनः प्रतिष्ठित किया था ।
- शुक्लयजुर्वेद संहिता के 20 वीं शताब्दी के प्रमुख भाष्यकार स्वामी करपात्री जी हैं जिन्होंने अत्यन्त दुरूह प्रतीत होने वाले मन्त्रों का रहस्य पुनः प्रकाशित किया। करपात्री स्वामी जी के कतिपय प्रमुख ग्रन्थ निम्नलिखित हैं -

  1- वेद -प्रामाण्यमीमांसा 2- वेदस्वरूपविमर्श
  3- वेद का स्वरूप और प्रामाण्य (दो खण्ड)
  4- श्रीविद्यारत्नाकर 5- भक्तिरसार्णव
  6- श्रीविद्यावरिवस्या 7- चातुर्वर्ण्यसंस्कृतविमर्श
  8- मार्क्सवाद और रामराज्य 9- रामायण मीमांसा
  10- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिन्दू धर्म
  11- धर्म और राजनीति 12- भक्तिसुधा
  13- समन्वय साम्राज्य संरक्षण
- वेदभाष्य चारों वेदों पर लिखा है,जिसका प्रकाशन शनैः शनैः चल रहा है। इसप्रकार साहित्य सेवा करते हुए युगद्रष्टा महापुरुष श्री महाराज करपात्री स्वामी का महानिर्वाण सन् 1982 ई. में हुआ।

स्वामी दयानन्द -

- आधुनिक युग में वेदोद्धार का सूत्रपात 'स्वामी दयानन्द सरस्वती' ने किया।

- अंग्रेजी शासकों की 'विभाजन करो और राज करो' की नीति से विस्खलित हिन्दू समुदाय को एकत्रित करने का महान् प्रयास कर स्वामी दयानन्द ने भारतीय इतिहास को नया मोड़ प्रदान किया था।
- स्वामी जी का जन्म संवत् 1881 में हुआ था। वे सामवेदी औदीच्य ब्राह्मण थे।
- स्वामी जी ने 'ऋग्वेदभाष्य भूमिका' लिखी थी , जिसका प्रकाशन संवत् 1935 में हुआ था।
- यह भाष्य ऋग्वेद के 7 मण्डल, 2 सूक्त और 2 मन्त्र तक ही हो सका था, इसी बीच स्वामी जी का देहान्त 1940 संवत् में हो गया।
- स्वामी दयानन्द ने अपने वेदोद्धार के प्रयास में अनेक असफल वैदिक मान्यताओं का उपस्थापन किया था, अनेक विसंगतियाँ उत्पन्न हो गयी थी, जिनका खण्डन अनेक विद्वानों ने किया है जिनमें प्रमुख भारतीय कांग्रेस के जन्मदाता मि0 ह्यूम, प्रो0 ग्रिफिथ एवं परमहंस परिव्राजकाचार्य श्री करपात्रीस्वामी आदि विद्वान् हैं।

काण्वसंहिता-भाष्य

आनन्दबोध -

- 'जातवेद भट्टोपाध्याय' के पुत्र आनन्दबोध ने सम्पूर्ण काण्वसंहिता पर 'काण्ववेदमन्त्र-भाष्य-संग्रह' की रचना की है।
- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की 'सारस्वतसुषमा' पत्रिका में (संवत् - 2009-2011) आनन्दबोध भाष्य के अन्तिम दश अध्याय का भाष्य प्रकाशित हुआ था ।
- अपने भाष्य में इन्होंने ऋषि, देवता, छन्द आदि का निर्देश किया है।
  इनके भाष्य पर पूर्ववर्ती भाष्यकार उवट एवं महीधर के भाष्य का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

हलायुध -

- हलायुध ने काण्वसंहिता पर 'ब्राह्मणसर्वस्व' नामक भाष्य लिखा है । इसके अतिरिक्त मीमांसासर्वस्व,वैष्णवसर्वस्व, शैवसर्वस्व और पण्डितसर्वस्व आदि ग्रन्थ भी हलायुध प्रणीत माने जाते हैं किन्तु ये अप्रकाशित और अनुपलब्ध हैं ।
- हलायुध बङ्गाल नरेश लक्ष्मणसेन के दरबार में धर्माधिकारी थे ।
  'बाल्ये ख्यापितराजपण्डितपदं श्वेतार्चिबिम्बोज्ज्वल
  छत्रोस्तिक्तमहामहस्तमुपदं दत्वा नवे यौवने।
  यस्मै यौवनशेषयोग्यमखिलक्ष्मापालनारायणः
  श्रीमान् लक्ष्मणसेनदेवनृपतिर्धर्माधिकारः ददौ॥'
- लक्ष्मणसेन ने (1170-1200) के मध्य शासन किया था। अतः हलायुध का समय बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध रहा होगा।
- ये वत्सगोत्रीय ब्राह्मण थे । इनके पिता धनञ्जय थे।

हलायुध

ब्राह्मणसर्वस्व मीमांसासर्वस्व पण्डितसर्वस्व वैष्णवसर्वस्व शैवसर्वस्व

अनन्ताचार्य-

- ये काण्वशाखीय ब्राह्मण थे । इनके पिता का नाम 'नागेशभट्ट' और माता का नाम 'भागीरथी' था।
- ये काशी-निवासी थे। इन्होंने संहिता के उत्तरार्ध (21अध्याय से 40अध्याय) पर अपना भाष्य लिखा है।
- इसके अतिरिक्त 'भाषिकसूत्र-भाष्य' 'यजुः प्रातिशाख्य-भाष्य' और 'शतपथब्राह्मण भाष्य' (13वें काण्ड) भी बनाया।
- इनका स्थिति-काल 16वीं शती माना जाता है।
- पं0 रामगोविन्द त्रिवेदी जी ने इन्हें 18 वीं शताब्दी का भाष्यकार माना है । अनन्ताचार्य (भाष्य)- 1.संहिता के उत्तरार्ध पर 2.भाषिकसूत्र-भाष्य 3.प्रातिशाख्य भाष्य 4. शतपथ ब्राह्मण भाष्य

कृष्णयजुर्वेद (तैत्तिरीय संहिता)

भवस्वामी-

- इन्होनें तैत्तिरीयसंहिता पर अपना भाष्य लिखा।
- भट्टभास्कर मिश्र ने अपनी तैत्तिरीय - संहिता के भाष्यारम्भ में 'भवस्वाम्यादिभाष्य' से भवस्वामी के भाष्य का अस्तित्व स्वीकार किया है। परन्तु यह भाष्य उपलब्ध नहीं हो सका है।
- इनका स्थितिकाल अनुमानतः 'विक्रम' से ८०० वर्ष पूर्व होना चाहिए।

गुहदेव -

- ८वीं या ९वीं शती ई0.में इन्होंने तैत्तिरीय संहिता का भाष्य लिखा था।
- देवराज यज्वा ने अपने निघण्टु भाष्य में इन्हें भाष्यकार कहा है।
- रामानुजाचार्य ने अपने ग्रन्थ 'वेदार्थ संग्रह' ग्रन्थ में स्वशिष्यरूपेण गुहदेव का उल्लेख किया है।
- इनका समय विक्रम से ८०० वर्ष पूर्व होना चाहिए ।

भट्टभास्कर मिश्र -

- तैत्तिरीय संहिता के उपलब्ध भाष्यों में भट्टभास्कर मिश्र के भाष्य का प्रथम स्थान है।
- स्थितिकाल की दृष्टि से ये 11 वीं शताब्दी के भाष्यकार हैं।
- आचार्य भास्कर मिश्र ने मङ्गलाचरण में शिव को प्रणाम किया है। इससे प्रतीत होता है कि ये शैव थे।
- ये कौशिक गोत्रीय शैव थे।
- देवराज यज्वा एवं सायण ने भाष्यों में बहुशः भट्टभास्कर भाष्य को उद्धृत किया है।
- इनके भाष्य का नाम 'ज्ञानयज्ञ' है ।
- तैत्तिरीय संहिता के उल्लिखित प्रमुख भाष्यकारों के अतिरिक्त क्षुर,वेंकटेश,बालकृष्ण,शत्रुघ्न आदि विद्वान् आचार्यों के भाष्य होने के संकेत हैं ,परन्तु उनके विषय में विस्तृत उल्लेख नही किया है।

सामवेद के भाष्यकार

माधव -

- सामवेद के प्रथम भाष्यकार हैं। इन्होने सम्पूर्ण सामवेद पर भाष्य लिखा है । भाष्य का नाम 'विवरण' है।

- इनका प्रथम भाष्यकार (7वीं शती) के समय प्रतीत होता है ।
- इन्होंने संहिता के पूर्वार्द्ध के विवरण को 'छन्दरसिका' एवं उत्तरार्द्ध को उत्तरविवरण नाम से विवृत किया है।
- प्रसिद्ध वेदानुसन्धानकर्त्ता पं0 सत्यव्रत सामश्रमी ने सामवेद के सायण भाष्य के साथ 'सामविवरण' को टिप्पणी के रूप में सर्वप्रथम प्रकाशित किया है ।

भरतस्वामी-

- सम्पूर्ण साम-संहिता पर भाष्य लिखने वाले विद्वान् आचार्यों में 'भरत स्वामी' का भाष्य भी समादृत है।
- इनका गोत्र कश्यप था। इनके पिता का नाम 'नारायण' और माता का नाम 'यज्ञदा' था -

इत्थं श्री भरतस्वामी काश्यपो यज्ञदासुतः।
नारायणार्यतनयो व्याख्यात् साम्नामृचोऽखिलः॥

- भाष्यकार भरत स्वामी ने भाष्यारम्भ में स्वविषयक कुछ वृत्त दिया है । इन पद्यों से यह ज्ञात होता है कि '**श्री रङ्गपट्टम्**' में रहते हुए होसलाधीश्वर रामनाथ के राज्यकाल में भरतस्वामी ने अपने भाष्य की रचना की।
- इतिहासकारों के अनुसार होसलावंश के ख्यातनामा वीर रामनाथ का शासनकाल 13 वीं शती माना जाता है। अतः भरतस्वामी का भी स्थिति काल 13 वीं शताब्दी सिद्ध होता है।

गुणविष्णु

- (12 वीं शती ई॰ का उत्तरार्ध) इन्होंने सामवेद की कौथुम शाखा पर छान्दोग्य-मन्त्रभाष्य लिखा है।
- इसके दो अन्य ग्रन्थ भी प्राप्त होते हैं-

  1. मन्त्रब्राह्मण भाष्य 2. पारस्कर गृह्यसूत्र - भाष्य

अथर्ववेद-संहिता भाष्य

- अथर्ववेद संहिता पर केवल सायण का ही भाष्य प्राप्त होता है और प्रकाशित भी है।
- सायणाचार्य ने अन्य वैदिक संहिताओं पर भाष्य लिखने के बाद अन्त में यह भाष्य लिखा।
- भाष्य के आरम्भ में इन्होंने इस वेद की असाधारण विशेषता को बताया है।
- इसका आशय यह है कि 'परलोक में फल देने वाले तीनों वेदों का (ऋक्, यजु, साम)' भाष्य रचने के पश्चात् लोक, परलोक दोनों में फल देने वाले चतुर्थ वेद अथर्ववेद का भाष्य किया है।

ऐहिकामुष्मिकफलं चतुर्थं व्याचिकीर्षति ॥

- सायण ने पूरे अथर्ववेद पर भाष्य लिखा था, परन्तु प्रकाशित ग्रन्थों में केवल इन काण्डों 1 से 4,6से 8,11,17 से 20 काण्ड) का ही भाष्य मिलता है।

❑❑

12. वैदिक सूक्त संग्रह

1. अग्निसूक्त (1.1)

मण्डल-1, **सूक्त**-1 **कुल मन्त्र**-9, **ऋषि**- मधुच्छन्दा,
देवता - अग्नि, **छन्द**-गायत्री, **स्वर** - षड्ज

1. अग्निमीळे पुरोहितं, यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम्।।

अर्थ- यज्ञ के पुरोहित, दीप्तिमान्, देवों को बुलाने वाले ऋत्विक् और रत्नधारी अग्नि की मैं स्तुति करता हूँ।

2. अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत।
स देवाँ एह वक्षति।।

अर्थ- प्राचीन ऋषियों ने जिसकी स्तुति की थी, आधुनिक ऋषि जिसकी स्तुति करते हैं, वह अग्नि, देवों को इस यज्ञ में बुलावें।

3. अग्निना रयिमश्नवत्, पोषमेव दिवे दिवे।
यशसं वीरवत्तमम्।।

अर्थ- अग्नि के अनुग्रह से यजमान को धन मिलता है और वह धन अनुदिन बढ़ता और कीर्तिकर होता है तथा उनसे अनेक वीर पुरुषों की नियुक्ति की जाती है।

4. अग्ने यं यज्ञमध्वरं, विश्वतः परिभूरसि।
स इद् देवेषु गच्छति।।

अर्थ- हे अग्निदेवता! जिस यज्ञ को तुम चारों ओर से घेरे रहते हो, उसमें राक्षसादि-द्वारा हिंसा कर्म सम्भव नहीं है और वही यज्ञ देवों को तृप्ति देने स्वर्ग जाता है या देवताओं का सामीप्य प्राप्त करता है।

5. अग्निर्होता कविक्रतुः, सत्यश्चित्रश्रवस्तमः।
देवो देवेभिरा गमत्।।

अर्थ- हे अग्नि! तुम होता, अशेषबुद्धिसम्पन्न या सिद्ध-कर्मा, सत्यपरायण, अतिशय कीर्ति से युक्त और दीप्तिमान् हो। देवों के साथ इस यज्ञ में आओ।

6. यदङ्ग दाशुषे त्वमग्ने भद्रं करिष्यसि।
तवेत्तत्सत्यमङ्गिरः।।

अर्थ- हे अग्नि! तुम जो हविष् देने वाले यजमान का कल्याण साधन करते हो, वह कल्याण, हे अङ्गिर! तुम्हारा ही प्रीति साधक है।

7. उप त्वाग्ने दिवेदिवे, दोषावस्तर्धिया वयम्।
नमो भरन्त एमसि॥

अर्थ- हे अग्नि! हम अनुदिन, दिन-रात, अन्तस्तल के साथ तुम्हें नमस्कार करते-करते तुम्हारे पास आते हैं।

8. राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम्।
वर्धमानं स्वे दमे॥

अर्थ- हे अग्नि! तुम प्रकाशमान, यज्ञ रक्षक, कर्मफल के द्योतक और यज्ञशाला में वर्धनशाली हो।

9. स नः पितेव सूनवे, अग्ने सूपायनो भव।
सचस्वा नः स्वस्तये॥

अर्थ- जिस तरह पुत्र-पिता को आसानी से पा जाता है, उसी तरह हम भी तुम्हें पा सकें या तुम हमारे अनायास-लभ्य बनो और हमारा मंगल करने के लिए हमारे पास निवास करो।

2. वरुणसूक्त (1.25)

मण्डल-1, **सूक्त-**25 **कुल मन्त्र-**21, **ऋषि-** अजीगर्त शुनःशेप,
देवता - वरुण, **छन्द-**गायत्री, **स्वर-**षड्ज

1. यच्चिद्धि ते विशो यथा प्र देव वरुण व्रतम्।
मिनीमसि द्यविद्यवि॥

अर्थ- जिस तरह संसार के मनुष्य वरुणदेव के व्रतानुष्ठान में भ्रम करते हैं, उसी तरह हम लोग भी दिन-दिन प्रमाद करते हैं।

2. मा नो वधाय हत्नवे जिहीळानस्य रीरधः।
मा हृणानस्य मन्यवे॥

अर्थ- वरुण! अनादर कर और घातक बनकर तुम हमारा वध नहीं करना। क्रुद्ध होकर हमारे ऊपर क्रोध नहीं करना।

3. वि मृळीकाय ते मनो रथीरश्वं न संदितम्।
गीर्भिर्वरुण सीमहि॥

अर्थ- वरुणदेव, जिस प्रकार रथ का स्वामी अपने थके हुए घोड़ों को शान्त करता है, उसी प्रकार सुख के लिए स्तुति-द्वारा हम तुम्हारे मन को प्रसन्न करते हैं।

4. परा हि मे विमन्यवः पतन्ति वस्यइष्टये।
वयो न वसतीरुप॥

अर्थ- जिस तरह चिड़ियाँ अपने घोसलों की ओर दौड़ती हैं, उसी तरह हमारी क्रोध-रहित चिन्तायें भी धन-प्राप्ति की ओर दौड़ रही हैं।

5. कदा क्षत्रश्रियं नरमा वरुणं करामहे। मृळीकायोरुचक्षसम्॥

अर्थ- वरुणदेव बलवान् नेता और असंख्य लोगों के द्रष्टा हैं। सुख के लिए हम कब उन्हें यज्ञ में ले आवेंगे।

6. तदित्समानमाशाते वेनन्ता न प्र युच्छतः। धृतव्रताय दाशुषे॥

अर्थ- यज्ञ करने वाले हव्यदाता के प्रति प्रसन्न होकर मित्र और वरुण यह साधारण हव्य ग्रहण करते हैं, त्याग नहीं करते।

7. वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्। वेद नावः समुद्रियः॥

अर्थ- जो वरुण अन्तरिक्षचारी चिड़ियों का मार्ग और समुद्र की नौकाओं का मार्ग जानते हैं।

8. वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः। वेदा य उपजायते॥

अर्थ- जो व्रतावलम्बन करके अपने-अपने फलोत्पादक बारह महीनों को जानते हैं और उत्पन्न होने वाले तेरहवें मास को भी जानते हैं।

9. वेद वातस्य वर्तनिमुरोर्ऋष्वस्य बृहतः। वेदा ये अध्यासते॥

अर्थ- जो वरुणदेव विस्तृत शोभन और महान् वायु का भी पथ जानते हैं और जो ऊपर आकाश में, निवास करते हैं, उन देवों को भी जानते हैं।

10. नि षसाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्या३स्वा। साम्राज्याय सुक्रतुः॥

अर्थ- धृतव्रत और शोभन कर्मा वरुणदैवी सन्तानों के बीच साम्राज्य संसिद्धि के लिए आकर बैठे थे।

11. अतो विश्वान्यद्भुता चिकित्वाँ अभि पश्यति।
कृतानि या च कर्त्वा॥

अर्थ- ज्ञानी मनुष्य वरुण की कृपा से वर्तमान और भविष्यत् - सारी अद्भुत घटनाओं को देखते हैं।

12. स नो विश्वाहा सुक्रतुरादित्यः सुपथा करत्।
प्र ण आयूंषि तारिषत्॥

अर्थ- वही सत्कर्म परायण और अदिति-पुत्र वरुण हमें सदा सुपथगामी बनावें,। हमारी आयु बढ़ावें।

13. बिभ्रद्द्रापिं हिरण्ययं वरुणो वस्त निर्णिजम्।
परि स्पशो नि षेदिरे॥

अर्थ- वरुण सोने का वस्त्र धारण कर अपना पुष्ट शरीर ढ़ँकते हैं, जिससे चारों ओर हिरण्यस्पर्शी किरणें फैलती हैं।

14. न यं दिप्सन्ति दिप्सवो न द्रुह्वाणो जनानाम्।
न देवमभिमातयः॥

अर्थ- जिस वरुण देव से शत्रु लोग शत्रुता नहीं कर सकते, मनुष्यपीड़क जिसे पीड़ा नहीं दे सकते, और पापी लोग जिस देव के प्रति पापाचरण नहीं कर सकते।

15. उत यो मानुषेष्वा यशश्चक्रे असाम्या। अस्माकमुदरेष्वा।।

अर्थ- जिन्होंने मनुष्यों विशेषतः हमारी उदर-पूर्ति के लिए यथेष्ट अन्न तैयार कर दिया है।

16. परा मे यन्ति धीतयो। गावो न गव्यूतीरनु। इच्छन्तीरुरुचक्षसम्।।

अर्थ- बहुतों ने उस वरुण को देखा है। जिस प्रकार गौएँ गौशाला की ओर जाती हैं, उसी प्रकार निवृत्तिरहित होकर हमारी चिन्ताएँ वरुण की ओर जा रही हैं।

17. सं नु वोचावहै पुनर्यतो मे मध्वाभृतम्। होतेव क्षदसे प्रियम्।।

अर्थ- वरुण! चूँकि मेरा मधुर हव्य तैयार है। इसलिए होता की तरह तुम वही प्रिय हव्य भक्षण करो। अनन्तर हम दोनों बाते करेंगे।

18. दर्शं नु विश्वदर्शतं दर्शं रथमधि क्षमि। एता जुषत मे गिरः।।

अर्थ- सर्व- दर्शनीय वरुण को मैंने देखा है। भूमि पर कई बार, उनका रथ मैंने देखा है। उन्होंने मेरी स्तुति ग्रहण की है।

19. इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृळय। त्वामवस्युरा चके।।

अर्थ- वरुण! मेरा यह आह्वान सुनो। आज मुझे सुखी करो। तुम्हारी रक्षा का अभिलाषी होकर मैं तुम्हें बुलाता हूँ।

20. त्वं विश्वस्य मेधिर दिवश्च ग्मश्च राजसि। स यामनि प्रति श्रुधि ।।

अर्थ- मेधावी वरुण! तुम द्युलोक, भूलोक और समस्त संसार में दीप्तिमान् हो। हमारी रक्षा-प्राप्ति के लिए प्रार्थना सुनने के अनन्तर तुम उत्तर दो।

21. उदुत्तमं मुमुग्धि नो वि पाशं मध्यमं चृत। अवाधमानि जीवसे।

अर्थ- हमारे ऊपर का पाश ऊपर से खोल दो, मध्य नीचे का पाश भी खोल दो, जिससे हम जीवित रह सकें।

3. सूर्य सूक्त (1.115)

मण्डल-1, **सूक्त-**115 **कुल मन्त्र-**6, **ऋषि-** अङ्गिरस कुत्स,
देवता - सूर्य, **छन्द-**त्रिष्टुप्, **स्वर-**धैवत।

1. चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।
आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च ।।

अर्थ- विचित्र तेजः पुञ्ज तथा मित्र, वरुण और अग्नि को चक्षुस्वरूप सूर्य उदित हुये हैं। उन्होंने द्यावा-पृथिवी और अन्तरिक्ष को अपनी किरणों से परिपूर्ण किया है। सूर्य जंगम और स्थावर-दोनों की आत्मा है।

2. सूर्यो देवीमुषसं रोचमानां, मर्यो न योषामभ्येति पश्चात्।
यत्रा नरो देवयन्तो युगानि, वितन्वते प्रति भद्राय भद्रम् ।।

अर्थ- जैसे पुरुष स्त्री का अनुगमन करता है, वैसे ही सूर्य भी दीप्तिमती उषा के पीछे-पीछे आते हैं। इसी समय देवाभिलाषी मनुष्य बहु-युग-प्रचलित यज्ञ कर्म का विस्तार करते हैं। सुफल के लिए कल्याण-कर्म को सम्पन्न करते हैं।

3. भद्रा अश्वा हरितः सूर्यस्य चित्रा एतग्वा अनुमाद्यासः।
नमस्यन्तो दिव आ पृष्ठमस्थुः परि द्यावापृथिवी यन्ति सद्यः ॥

अर्थ- सूर्य की कल्याण-रूप हरि नाम के विचित्र घोड़े इस पथ से जाते हैं। वे सबके स्तुति-भाजन हैं। हम उनको नमस्कार करते हैं। वे आकाश के पृष्ठ-देश में उपस्थित हुए हैं। वे घोड़े तुरन्त ही द्यावापृथिवी चारों दिशाओं का परिभ्रमण कर डालते हैं।

4. तत्सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वं मध्या कर्तोर्विततं सं जभार।
यदेदयुक्त हरितः सधस्थादाद्रात्री वासस्तनुते सिमस्मै ॥

अर्थ- सूर्य देव का ऐसा ही देवत्व और माहात्म्य है कि वे मनुष्यों के कर्म समाप्त होने के पहले ही अपने विशाल किरण-जाल का उपसंहार कर डालते हैं। जिस समय सूर्य अपने रथ से हरि नाम के घोड़ों को खोलते हैं, उस समय सारे लोकों में रात्रि अन्धकाररूप आवरण विस्तृत करती है।

5. तन्मित्रस्य वरुणस्याभिचक्षे सूर्यो रूपं कृणुते द्योरुपस्थे।
अनन्तमन्यद्रुशदस्य पाजः कृष्णमन्यद्धरितः सं भरन्ति ॥

अर्थ- उस समय मित्र और वरुण के अर्थात् उनसे उपलक्षित समग्र विश्व के देखने के लिए वास्तविक स्वरूप ज्ञान के लिए सूर्य आकाश के शिखर पर मध्य में अपने तेजोमय रूप प्रकाश को प्रकट करता है। इस सूर्य के हरे रंग के घोड़े या किरणें कभी तो विलक्षण व्यापक अपार चमकदार बल को अर्थात् तेज को निष्पादित करती हैं। दिन और रात्रि के चक्र को सूर्य ही प्रवर्तित करता है।

6. अद्या देवा उदिता सूर्यस्य, निरंहसः पिपृता निरवद्यात्।
तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ॥

अर्थ- प्रदीप्त होती हुई हे सूर्य की रश्मियों! आज सूर्य के उदय होने पर तुम हमें पाप से छुड़ाओं और निन्द्यकर्मो से हमें बचाओं, और हमारी उस प्रार्थना का मित्र (हिंसा से रक्षा करने वाले सूर्य), वरुण (आवरण शक्ति से युक्त वरुण देव), अदिति (अखण्डनीय शक्तिशाली देवमाता), सिन्धु (स्यन्दन जलाभिमानी देवी), पृथिवी (भूलोक की अधिष्ठात्री धारणशील शक्ति) और द्यौ (द्यु लोक की अधिष्ठात्री दीप्तियुक्त शक्ति) अनुमोदन करें।

4. इन्द्र सूक्त (2.12)

मण्डल-2, **सूक्त-**12 **कुल मन्त्र-**15, **ऋषि-** गृत्समद,
देवता - इन्द्र, **छन्द-**त्रिष्टुप्, **स्वर-**धैवत।

1. यो जात एव प्रथमो मनस्वान्, देवो देवान्क्रतुना पर्यभूषत्।
यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यसेतां, नृम्णस्य मह्ना स जनास इन्द्रः।

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जो प्रकाशित हैं, जिन्होंने जन्म के साथ ही देवों में प्रधान और मनुष्यों में अग्रणी होकर वीरकर्म-द्वारा सारे देवों को विभूषित किया था, जिनके शरीर-बल से द्यावा-पृथिवी भयभीत हुई थी और जो महती सेना के नायक थे, वे ही इन्द्र हैं।

2. यः पृथिवीं व्यथमानामदृंहद् यः पर्वतान्प्रकुपिताँ अरम्णात्।
यो अन्तरिक्षं विममे वरीयो यो द्यामस्तभ्नात्स जनास इन्द्रः ॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन्होंने व्यथित, पृथिवी को दृढ़ किया है, जिन्होंने प्रकुपित पर्वतों को नियमित किया है। जिन्होंने प्रकाण्ड अन्तरिक्ष को बनाया है और जिन्होंने द्युलोक को निस्तब्ध किया है, वे ही इन्द्र हैं।

3. यो हत्वाहिमरिणात्सप्त सिन्धून् यो गा उदाजदपधा वलस्य।
यो अश्मनोरन्तरग्निं जजान संवृक्समत्सु स जनास इन्द्रः ॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन्होंने वृत्र का विनाश करके सात नदियों को प्रवाहित किया है, जिन्होंने बल असुर-द्वारा रोकी हुई गायों का उद्धार किया था। जो दो मेघों के बीच से अग्नि को उत्पन्न करते हैं और जो समर-भूमि में शत्रुओं का नाश करते हैं, वे ही इन्द्र हैं।

4. येनेमा विश्वा च्यवना कृतानि, यो दासं वर्णमधरं गुहाकः।
श्वघ्नीव यो जिगीवाँल्लक्षमाददर्यः पुष्टानि स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन्होंने समस्त विश्व का निर्माण किया है, जिन्होंने दासों को निकृष्ट और गूढ़ स्थान में स्थापित किया है, जो लक्ष्य जीतकर व्याध की तरह शत्रु के सारे धन को ग्रहण करते हैं, वे ही इन्द्र हैं।

5. यं स्मा पृच्छन्ति कुह सेति घोरम् उतेमाहुर्नैषो अस्तीत्येनम्।
सो अर्यः पुष्टीर्विज इवा मिनाति श्रदस्मै धत्त स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन भयंकर देव के सम्बन्ध में लोग जिज्ञासा करते हैं, वे कहाँ हैं? जिनके विषय में लोग बोलते हैं कि वे नहीं हैं और जो शासक की तरह शत्रुओं का सारा धन विनष्ट करते हैं। विश्वास करो, वही इन्द्र हैं।

6. यो रध्रस्य चोदिता यः कृशस्य यो ब्रह्मणो नाधमानस्य कीरेः।
युक्तग्राव्णो योऽविता सुशिप्रः सुतसोमस्य स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जो समृद्ध धन प्रदान करते हैं, जो दरिद्र याचक और स्तोता को धन देते हैं और जो शोभन हनु या केहुनी वाले होकर सोमाभिषव-कर्ता और हाथों में पत्थर वाले यजमान के रक्षक हैं वे ही इन्द्र हैं।

7. यस्याश्वासः प्रदिशि यस्य गावो यस्य ग्रामा यस्य विश्वे रथासः।
यः सूर्यं य उषसं जजान यो अपां नेता स जनास इन्द्रः ॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! घोड़े, गायें, गाँव और रथ जिनकी आज्ञा के अधीन हैं, जो सूर्य और उषा को उत्पन्न करते हैं और जो जल प्रेरित करते हैं, वे ही इन्द्र हैं।

8. यं क्रन्दसी संयती विह्वयेते परेऽवर उभया अमित्राः।
समानं चिद्रथमातस्थिवांसा नाना हवेते स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! दो सेनादल परस्पर मिलने पर जिन्हें बुलाते हैं, उत्तम-अधम दोनों प्रकार के शत्रु जिन्हें बुलाते हैं और एक ही तरह के रथों पर बैठे हुए दो मनुष्य जिन्हें नाना प्रकार से बुलाते हैं। वे ही इन्द्र हैं।

9. यस्मान्न ऋते विजयन्ते जनासो यं युध्यमाना अवसे हवन्ते।
यो विश्वस्य प्रतिमानं बभूव यो अच्युतच्युत्स जनास इन्द्रः ॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिनके न रहने से कोई विजयी नहीं हो सकता, युद्ध काल में रक्षा के लिए जिन्हें लोग बुलाते हैं, जो सारे संसार के प्रतिनिधि हैं और जो क्षय-रहित पर्वतादि को भी नष्ट करते हैं, वे ही इन्द्र हैं।

10. यः शश्वतो मह्येनो दधानान् अमन्यमानाञ्छर्वा जघान।
यः शर्धते नानुददाति शृध्यां यो दस्योर्हन्ता स जनास इन्द्रः ॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन्होंने वज्र द्वारा अनेक महापापी अपूजकों का विनाश किया है, जो गर्वकारी मनुष्य को सिद्धि प्रदान करते हैं और जो दस्युओं के हन्ता हैं वे ही इन्द्र हैं।

11. यः शम्बरं पर्वतेषु क्षियन्तं चत्वारिंश्यां शरद्यन्वविन्दत्।
ओजायमानं यो अहिं जघान दानुं शयानं स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जिन्होंने पर्वत में छिपे शम्बर असुर को चालीस वर्ष खोजकर प्राप्त किया था और जिन्होंने बल-प्रकाशक अहि नाम के सोये हुये दैत्य का विनाश किया था, वे ही इन्द्र हैं।

12. यः सप्तरश्मिर्वृषभस्तुविष्मान् अवासृजत्सर्तवे सप्त सिन्धून्।
यो रौहिणमस्फुरद् वज्रबाहुर्द्यामारोहन्तं स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! जो सप्तवर्ण या वराह, स्वपत, विद्युत्, महः, धूपि, स्वापि, गृहमेघ आदि सात रश्मिओं वाले, अभीष्टवर्षा और जिन्होंने वज्रबाहु होकर स्वर्ग जाने को तैयार रौहिण को विनष्ट किया था, वे ही इन्द्र हैं।

13. द्यावा चिदस्मै पृथिवी नमेते शुष्माच्चिदस्य पर्वता भयन्ते।
यः सोमपा निचितो वज्रबाहुर्यो वज्रहस्तः स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों या असुरों! द्यावा-पृथिवी उन्हें प्रणाम करती है। उनके बल के सामने पर्वत काँपते हैं और जो सोमपान कर्ता दृढांग वज्रबाहु और वज्र युक्त हैं, वे ही इन्द्र हैं।

14. यः सुन्वन्तमवति यः पचन्तं यः शंसन्तं यः शशमानमूती।
यस्य ब्रह्म वर्धनं यस्य सोमो यस्येदं राधः स जनास इन्द्रः॥

अर्थ- मनुष्यों जो सोमाभिषवकर्ता यजमान की रक्षा करते हैं, जो पुरोडाश आदि पकानेवाले, स्तोता और स्तुतिपाठक यजमान की रक्षा करते हैं, वे ही इन्द्र हैं।

15. यः सुन्वते पचते दुध्र आ चिद्वाजं दर्दर्षि स किलासि सत्यः।
वयं त इन्द्र विश्वह प्रियासः सुवीरासो विदथमा वदेम॥

अर्थ- इन्द्र, दुर्धर्ष होकर सोमाभिषव-कर्ता और पाककारी यजमान को अन्न प्रदान करते हैं, इसीलिए तुम्हें सत्य हो। हम प्रिय और वीर पुत्र-पौत्र आदि से युक्त होकर चिरकाल तक तुम्हारे स्तोत्र का पाठ करेंगे।

5. उषस् सूक्त (3.61)

मण्डल-3, **सूक्त**-61 **कुल मन्त्र**-7, **ऋषि**- विश्वामित्र,
देवता - उषस्, **छन्द**-त्रिष्टुप्

1. उषो वाजेन वाजिनि प्रचेताः स्तोमं जुषस्व गृणतो मघोनि।
पुराणी देवि युवतिः पुरंधिरनु व्रतं चरसि विश्ववारे॥

अर्थ- हे अन्नवती तथा धनवती उषा! प्रकृष्ट ज्ञानवती होकर तुम स्तोत्र करने वाले स्तोता के स्तोत्र को ग्रहण करो। हे सबके द्वारा वरणीया, पुरातनी युवती की तरह शोभमाना और बहुस्तोत्रवती उषा, तुम यज्ञ कर्म को लक्ष्यकर आगमन करो।

2. उषो देव्यमर्त्या वि भाहि चन्द्ररथा सूनृता ईरयन्ती।
आ त्वा वहन्तु सुयमासो अश्वा हिरण्यवर्णां पृथुपाजसो ये॥

अर्थ- हे मरणधर्म-रहिता, सुवर्णमय रथ वाली उषा देवी, तुम प्रिय सत्यरूप वचन का उच्चारण करने वाली हो। तुम सूर्य किरण के सम्बन्ध से शोभमाना होओ। प्रभूतबल युक्त जो अरुण-वर्ण अश्व हैं, वे सुखपूर्वक रथ में योजित किये जा सकते हैं। वे तुम्हें आवाहन करें।

3. उषः प्रतीची भुवनानि विश्वोर्ध्वा तिष्ठस्यमृतस्य केतुः।
समानमर्थं चरणीयमाना चक्रमिव नव्यस्या ववृत्स्व॥

अर्थ- हे उषा देवी, तुम निखिल भूतजात के अभिमुख आगमनशीला, मरणधर्म-रहिता और सूर्य की केतु-स्वरूपा हो। तुम आकाश में उन्नत होकर बहती हो। वे नवतरा उषा, तुम एक मार्ग में विचरण करने की इच्छा करती हुई आकाश में चलने वाले सूर्य के रथाङ्ग की तरह पुनः पुनः उसी मार्ग में प्रवृत्त हो।

4. अव स्यूमेव चिन्वती मघोन्युषा याति स्वसरस्य पत्नी ।
स्व१र्जनन्ती सुभगा सुदंसा आन्ताद्दिवः पप्रथ आ पृथिव्याः॥

अर्थ- जो धनवती उषा वस्त्र की तरह विस्तीर्ण अन्धकार को क्षयित करती हुई सूर्य की पत्नी होकर गमन करती हैं, वही सौभाग्यवती और सत्य-कार्य शालिनी उषा द्युलोक और पृथिवी के अवसान से प्रकाशित होती है।

5. अच्छा वो देवीमुषसं विभातीं प्र वो भरध्वं नमसा सुवृक्तिम्।
ऊर्ध्वं मधुधा दिवि पाजो अश्रेत् प्र रोचना रुरुचे रण्वसंदृक्॥

अर्थ- हे स्तोताओं, तुम लोगों के अभिमुख उषादेवी शोभमाना होती हैं। तुम लोग नमस्कार-द्वारा उसकी शोभन स्तुति करो। स्तुति को धारण करने वाली उषा आकाश में उर्ध्वाभिमुख तेज को आश्रित करती है। रोचनशीला और रमणीय दर्शना उषा अतिशय दीप्त होती है।

6. ऋतावरी दिवो अर्कैरबोध्या रेवती रोदसी चित्रमस्थात् ।
आयतीमग्न उषसं विभातीं वाममेषि द्रविणं भिक्षमाणः ॥

अर्थ- जो उषा सत्यवती है, उसे सब कोई द्युलोक के तेजः प्रभाव से जानते हैं। धनवती उषा नानाविध, रूप से युक्त होकर द्यावा-पृथिवी को व्याप्त करके रहती है। हे अग्नि, तुम्हारे अभिमुख आने वाली भासमाना उषा देवी से हवि की याचना करने वाले तुम रमणीय धन को प्राप्त करते हो।

7. **ऋतस्य बुध्न उषसामिषण्यन्वृषा मही रोदसी आ विवेश ।**
मही मित्रस्य वरुणस्य माया चन्द्रेव भानुं वि दधे पुरुत्रा ॥

अर्थ- वृष्टि द्वारा जल के प्रेरक आदित्य सत्यभूत दिवस के मूल में उषा का प्रेरण करके विस्तीर्ण द्यावा पृथिवी के मध्य में प्रवेश करते हैं। तदन्तर महती उषा मित्र और वरुण की प्रभास्वरूपा होकर सवर्ण की तरह अपनी प्रभा को अनेक देशों में प्रसारित करती हैं।

6. पर्जन्य-सूक्त (5.83)

मण्डल-5, **सूक्त-**83 **कुल मन्त्र-**10, **ऋषि-** अत्रि, **देवता -** पर्जन्य, **छन्द-**1, 5, 6, 7, 8, और 10 वे मन्त्र में त्रिष्टुप् 2, 3, 4 में जगती तथा 9 वें मन्त्र में अनुष्टुप्

1. **अच्छा वद तवसं गीर्भिराभिः स्तुहि पर्जन्यं नमसा विवास।**
कनिक्रदद् वृषभो जीरदानू रेतो दधात्योषधीषु गर्भम्॥

अर्थ- हे स्तोता, तुम बलवान् पर्जन्य देव के अभिमुखवर्ती होकर उनकी प्रार्थना करो। स्तुति वचनों से उनका स्तवन करो। हविर्लक्षण अन्न से उनकी परिचर्या करो। जल वर्षक, दानशील, गर्जनकारी पर्जन्य वृष्टिपात द्वारा ओषधियों को गर्भ-युक्त करते हैं।

2. **वि वृक्षान् हन्त्युत हन्ति रक्षसो विश्वं बिभाय भुवनं महावधात् ।**
उतानागा ईषते वृष्ण्यावतो यत्पर्जन्यः स्तनयन् हन्ति दुष्कृतः ॥

अर्थ- पर्जन्य वृक्षों को नष्ट करते हैं, राक्षसों का वध करते हैं और महान् वध-द्वारा समग्र भुवन को भय प्रदर्शित करते हैं। गरजने वाले पर्जन्य पापियों का संहार करते हैं, अतएव निरपराधी भी वर्षण करने वाले पर्जन्य के निकट से भीत होकर पलायमान कर जाते हैं।

3. **रथीव कशयाश्वाँ अभिक्षिपन्नाविर्दूतान्कृणुते वर्ष्याँ३अह ।**
दूरात्सिंहस्य स्तनथा उदीरते यत्पर्जन्यः कृणुते वर्ष्यं१नभः ॥

अर्थ- रथी जिस प्रकार से कसाघात-द्वारा अश्वों को उत्तेजित करके योद्धाओं को आविष्कृत करते हैं, उसी प्रकार पर्जन्य भी मेघों को प्रेरित करके वारिवर्षक मेघों को प्रकटित करते हैं। जब तक पर्जन्य जलद-समूह को अन्तरिक्ष में व्याप्त करते हैं, तब तक सिंह की तरह गरजने वाले मेघ का शब्द दूर में ही उत्पन्न होता है।

4. **प्र वाता वान्ति पतयन्ति विद्युत उदोषधीर्जिहते पिन्वते स्वः ।**
इरा विश्वस्मै भुवनाय जायते यत्पर्जन्यः पृथिवीं रेतसावति ॥

जब तक पर्जन्य वृष्टि द्वारा पृथिवी की रक्षा करते हैं, तब तक वृष्टि के लिए हवा बहती है। चारों तरफ बिजलियाँ चमकती रहती हैं, ओषधियाँ बढ़ती रहती हैं अन्तरिक्ष स्रवित होता

रहता है और सम्पूर्ण भुवन की हितसाधना में पृथिवी समर्थ होती रहती है।

5. यस्य व्रते पृथिवी नन्नमीति यस्य व्रते शफवज्जर्भुरीति।
यस्य व्रत ओषधीर्विश्वरूपाः स नः पर्जन्य महि शर्म यच्छ॥

अर्थ- हे पर्जन्य, तुम्हारे ही कर्म से पृथिवी अवनत होती है, तुम्हारे ही कर्म से पाद-युक्त या खुर विशिष्ट पशु समूह पुष्ट बलवान् होते हैं या गमन करते हैं। तुम्हारे ही कर्म से ओषधियाँ विविध वर्ण धारण करती हैं। तुम हम लोगों को महान् सुख प्रदान करो।

6. दिवो नो वृष्टिं मरुतो ररीध्वं प्र पिन्वत वृष्णो अश्वस्य धाराः।
अर्वाङेतेन स्तनयित्नुनेह्यपो निषिञ्चन्नसुरः पिता नः॥

अर्थ- हे मरुतों, तुम लोग अन्तरिक्ष से हमलोगों के लिए वृष्टि प्रदान करो। वर्षणकारी और सर्वव्यापी मेघ की उदक धारा को क्षरित करो (वर्षाओ)। हे पर्जन्य, तुम जल सेंचन करके गर्जनशील मेघ के साथ हमलोगों के साथ अभिमुख आगमन करो। तुम वारिवर्षक और हम लोगों के पालक हो।

7. अभि क्रन्द स्तनय गर्भमा धा उदन्वता परि दीया रथेन।
दृतिं सु कर्ष विषितं न्यञ्चं समा भवन्तूद्वतो निपादाः॥

अर्थ- पृथिवी के ऊपर तुम शब्द करो– गर्जन करो, उदक द्वारा ओषधियों को गर्भ-धारण कराओं, वारिपूर्ण रथ-द्वारा अन्तरिक्ष में परिभ्रमण करो, उदक धारक मेघ को वृष्टि के लिए आकृष्ट करो या विमुक्त बन्धन करो, उस बन्धन को अधोमुख करो, उन्नत और निम्नतम प्रदेश को समतल करो अर्थात् सब उदकपूर्ण हो।

8. महान्तं कोशमुदचा निषिञ्च स्यन्दन्तां कुल्या विषिताः पुरस्तात्।
घृतेन द्यावापृथिवी व्युन्धि सुप्रपाणं भवत्वघ्न्याभ्यः॥

अर्थ- हे पर्जन्य, तुम कोश स्थानीय (जल-भण्डार) महान् मेघ को ऊर्ध्व भाग में उत्तोलित करो एवं वहाँ से उसे नीचे की ओर क्षारित करो अर्थात् वारि वर्षण कराओ। अप्रतिहत वेगशालिनी नदियाँ पूर्वाभिमुख या पुरोभाग में प्रवाहित हों। जल-द्वारा द्यावा-पृथिवी को क्लिन्न (आर्द्र) करो। गौओं के लिए पानयोग्य सुन्दर जल प्रचुर मात्रा में हो।

9. यत्पर्जन्य कनिक्रदत् स्तनयन् हंसि दुष्कृतः।
प्रतीदं विश्वं मोदते यत्किं च पृथिव्यामधि॥

अर्थ- हे पर्जन्य, जब तुम गंभीर गर्जन करके पापिष्ठ मेघों को विदीर्ण करते हो, तब यह सम्पूर्ण विश्व और भूमि में अधिष्ठित चराचरात्मक पदार्थ हृष्ट होते हैं अर्थात् वृष्टि होने से सम्पूर्ण जगत् प्रसन्न होता है।

10. अवर्षीर्वर्षमुदु षू गृभायाकर्धन्वान्यत्येतवा उ।
अजीजन ओषधीर्भोजनाय कमुत प्रजाभ्योऽविदो मनीषाम्॥

अर्थ- हे पर्जन्य, तुमने वृष्टि की है। अभी वृष्टि संहारण करो। तुमने मरुभूमियों को सुगम्य बनाने के लिए जलयुक्त किया है। मनुष्यों के भोग के लिए ओषधियों को उत्पन्न किया है। प्रजाओं के समीप से तुमने स्तुतियाँ प्राप्त की है।

7. अक्ष-सूक्त (10.34)

मण्डल-10, **सूक्त**-34 **कुल मन्त्र**-14,
ऋषि- कवष ऐलूष, **देवता** - अक्षकृषि प्रशंसा, अक्षकितवनिन्दा
छन्द-सातवें मन्त्र में जगती, शेष में त्रिष्टुप्।

1. प्रावेपा मा बृहतो मादयन्ति प्रवातेजा इरिणे वर्वृतानाः।
सोमस्येव मौजवतस्य भक्षो विभीदको जागृविर्मह्यमच्छान्।

अर्थ- बड़े-बड़े पासे जिस समय नक्शे (पाशा खेलने के स्थानों) के ऊपर इधर-उधर चलते हैं, उस समय उन्हें देखकर मुझे बड़ा आनन्द होता है। मूजवान् पर्वत पर उत्पन्न उत्तम सोमलता का रस पीकर जैसे प्रसन्नता होती है, वैसे ही बहेरे (वृक्ष) के काठ से बना अक्ष (पाशा) मेरे लिये प्रीति-प्रद और उत्साह-दाता है।

2. न मा मिमेथ न जिहीळ एषा शिवा सखिभ्य उत मह्यमासीत्।
अक्षस्याहमेकपरस्य हेतोरनुव्रतामप जायामरोधम्॥

अर्थ- मेरी यह रूपवती पत्नी कभी मुझसे उदासीन नहीं हुई, न कभी मुझसे लज्जित हुई वह पत्नी मेरी और मेरे बन्धुओं की विशेष सेवा-शुश्रषा करती थी। किन्तु केवल पासे के कारण मैंने उस परम अनुरागिणी भार्या को छोड़ दिया।

3. द्वेष्टि श्वश्रूरप जाया रुणद्धि न नाथितो विन्दते मर्डितारम्।
अश्वस्येव जरतो वस्न्यस्य नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम्॥

अर्थ- जो जुआड़ी (कितव) जुआ खेलता है, उसकी सास उसकी निन्दा करती है,और उसकी स्त्री उसे छोड़ देती है। जुआड़ी किसी से कुछ माँगता है, तो उसे कोई नहीं देता। जैसे बूढ़े घोड़े को कोई नहीं खरीदता, वैसे ही जुआड़ी का कोई आदर नहीं करता।

4. अन्ये जायां परि मृशन्त्यस्य यस्यागृधद्वेदने वाज्य१क्षः।
पिता माता भ्रातर एनमाहुर्न जानीमो नयता बद्धमेतम्॥

अर्थ- पासे का आकर्षण बड़ा कठिन है। यदि किसी के धन के प्रति अक्ष (पासे) की लोभ-दृष्टि हो जाय, तो पासे वाले की पत्नी व्यभिचारिणी हो जाती है। जुआड़ी के माता, पिता और सहोदर भ्राता कहते हैं- ''हम इसे नहीं जानते, जुआड़ियों, इसे पकड़कर ले जाओ''।

5. यदादीध्ये न दविषाण्येभिः परायद्भ्योऽव हीये सखिभ्यः।
न्युप्ताश्च बभ्रवो वाचमक्रतँ एमीदेषां निष्कृतं जारिणीव।

अर्थ- जिस समय मैं इच्छा करता हूँ कि, मैं अब पाशा नहीं खेलूँगा, उस समय साथी जुआड़ियों के पास से हट जाता हूँ किन्तु नक्शे पर पीले पासों को देखकर नहीं ठहरा जाता। जैसे भ्रष्टा नारी उपपति के पास जाती है, वैसे ही मैं भी जुआड़ियों के घर जाता हूँ।

6. सभामेति कितवः पृच्छमानो जेष्यामीति तन्वा३शूशुजानः।
अक्षासो अस्य वि तिरन्ति कामं प्रतिदीव्ने दधत आ कृतानि॥

अर्थ- जुआड़ी अपनी छाती फुलाकर कूदता हुआ जुए के अड्डे पर आता और कहता है कि, "मैं जीतूगाँ"। कभी-कभी पासा जुआड़ी की इच्छा पूरी करता है और कभी-कभी विपक्ष के जुआड़ी के लिए वह जो कुछ चाहता है, वह सब भी कभी सिद्ध हो जाता है।

7. अक्षास इदङ्कुशिनो नितोदिनो निकृत्वानस्तपनास्तापयिष्णवः ।
कुमारदेष्णा जयतः पुनर्हणो मध्वा संपृक्ताः कितवस्य बर्हणा ॥

अर्थ- किन्तु कभी-कभी वही पासा बेहाथ हो जाता है- अंकुश के समान चुभता है, बाण के सदृश छेदता है, छूरे के समान काटता है, तप्त पदार्थ के समान संताप देता है। जो जुआड़ी विजयी होता है, उसके लिये पासा पुत्र जन्म के समान आनन्द दाता होता है, मधुरिमा से युक्त होता है और मानो मीठे वचनों से संभाषण करता है; किन्तु हारे हुए जुआड़ी को तो प्रायः मार ही डालता है।

8. त्रिपञ्चाशः क्रीळति व्रात एषां देव इव सविता सत्यधर्मा ।
उग्रस्य चिन्मन्यवे ना नमन्ते राजा चिदेभ्यो नम इत्कृणोति ॥

अर्थ- तिरपन पासे नक्शे के ऊपर मिलकर विहार करते हैं- मानों सत्य-स्वरूप सूर्य देव संसार में विचरण करते हैं। कोई कितना बड़ा उग्र क्यों न हो। परन्तु पासा किसी के वश में नहीं आ सकता। राजा भी पासे को नमस्कार करते हैं।

9. नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्त्यहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते ।
दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति ॥

अर्थ- पासे कभी नीचे उतरते हैं और कभी ऊपर उठते हैं। इनके हाथ नहीं है, परन्तु जिनके हाथ हैं, वे इनसे हार जाते हैं। ये श्रीसम्पन्न हैं, जलते हुए अंगारे के समान ये नक्शे के ऊपर बैठे हैं। ये छूने में ठंडे हैं; किन्तु हृदय को जलाते हैं।

10. जाया तप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित् ।
ऋणावा बिभ्यद्धनमिच्छमानोऽन्येषामस्तमुप नक्तमेति ॥

अर्थ- जुआड़ी की स्त्री दीन-हीन वेश में यातना भोगती रहती है, पुत्र कहाँ-कहाँ घूमा करता है- ऐसा सोचकर जुआड़ी की माता व्याकुल रहा करती है। जो जुआड़ी को उधार देता है, वह इस सन्देह में रहता है कि– "मेरा धन फिर मिलेगा या नहीं।" जुआड़ी बेचारा दूसरे के घर में रात काटा करता है।

11. स्त्रियं दृष्ट्वाय कितवं ततापान्येषां जायां सुकृतं च योनिम्।
पूर्वाह्णे अश्वान् युयुजे हि बभ्रून्त्सो अग्नेरन्ते वृषलः पपाद ॥

अर्थ- अपनी स्त्री की दशा देखकर जुआड़ी का हृदय फटा करता है। अन्यान्य स्त्रियों का सौभाग्य और सुन्दर अट्टालिका देखकर जुआड़ी को सन्ताप होता है। जो जुआड़ी प्रातः काल घोड़े की सवारी कर आता है, वही सन्ध्या-समय, दरिद्र के समान जाड़े से बचने के लिए आग तापता है- शरीर पर वस्त्र भी नहीं रहता।

12. यो वः सेनानीर्महतो गणस्य राजा व्रातस्य प्रथमो बभूव ।
तस्मै कृणोमि न धना रुणध्मि दशाहं प्राचीस्तदृतं वदामि ॥

अर्थ- पासो, तुम्हारे दल में जो प्रधान, सेनापति व राजा के समान हैं, उसको मैं अपनी

दसों अँगुलियाँ जोड़कर प्रणाम करता हूँ। मैं सच्ची बात कहता हूँ कि मैं तुम लोगों से अर्थ नहीं चाहता।

13. अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व वित्ते रमस्व बहु मन्यमानः।
तत्र गावः कितव तत्र जाया तन्मे वि चष्टे सवितायमर्यः॥

अर्थ- जुआड़ी, कभी जुआ नहीं खेलना; खेती करना। कृषि से जो कुछ लाभ हो, उसी से सन्तुष्ट रहना- अपने को कृतार्थ समझना। इसी से स्त्री प्राप्त करोगे और अनेक गायें भी पाओगे। प्रभु सूर्य देव ने मुझसे ऐसा कहा है।

14. मित्रं कृणुध्वं खलु मृळता नो मा नो घोरेण चरताभि धृष्णु ।
नि वो नु मन्युर्विशतामरातिरन्यो बभ्रूणां प्रसितौ न्वस्तु ॥

अर्थ- पासो (अक्षो), हमें बन्धु जानो; हमारा कल्याण करो। हमारे ऊपर अपने दुर्द्धर्ष प्रभाव का प्रयोग नहीं करना। हमारा शत्रु ही तुम्हारी कोप-दृष्टि में गिरे। दूसरे तुममें फँसे रहें।

8. ज्ञान सूक्त (10.71)

मण्डल-10, **सूक्त-**71 **कुल मन्त्र-**11, **ऋषि-** बृहस्पति,
देवता - परब्रह्म ज्ञान, **छन्द-** नवम मन्त्र में जगती छन्द,
शेष दस मन्त्रों में त्रिष्टुप्

1. बृहस्पते प्रथमं वाचो अग्रं यत् प्रैरत नामधेयं दधानाः।
यदेषां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत्प्रेणा तदेषां निहितं गुहाविः॥

अर्थ- बृहस्पति (स्वात्मन्), बालक प्रथम पदार्थों का नाम भर (''तात'') आदि रखते हैं; यह उनकी भाषा-शिक्षा का प्रथम सोपान है। इनका जो उत्कृष्ट और निर्दोष ज्ञान (वेदार्थज्ञान) गोपनीय है, वह सरस्वती के प्रेम से प्रकट होता है।

2. सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधि वाचि॥

अर्थ- जैसे-सूप से सतू को परिष्कृत किया जाता है, वैसे ही बुद्धिमान् लोग बुद्धि-बल से परिष्कृत भाषा को प्रस्तुत करते हैं। उस समय विद्वान् लोग अपने अभ्युदय को जानते हैं। इनके वचन में मंगलमयी लक्ष्मी निवास करती हैं।

3. यज्ञेन वाचः पदवीयमायन् तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्।
तामाभृत्या व्यदधुः पुरुत्रा तां सप्तरेभा अभि सन्नवन्ते॥

अर्थ- बुद्धिमान् लोग यज्ञ के द्वारा वचन (भाषा) का मार्ग पाते हैं। ऋषियों के अन्तकरण में जो वाक् (भाषा) थी, उसको उन्होंने प्राप्त किया। उस वाणी (भाषा) को लेकर उन्होंने सारे मनुष्यों को पढ़ाया सातों छन्द इसी भाषा में स्तुति करते हैं।

4. उतत्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्नश्रृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मैतन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः॥

अर्थ- कोई-कोई समझकर व देखकर भी भाषा को नहीं समझते व देखते, कोई-कोई उसे

सुनकर भी नहीं सुनते। किसी-किसी के पास वाग्देवी स्वयं वैसे ही प्रकट होती हैं, जैसे सम्भोगाभिलाषी भार्या, सुन्दर वस्त्र धारण करके, अपने स्वामी के पास अपने शरीर को प्रकाश करती है।

5. उतत्वं सख्ये स्थिरपीतमाहुः नैंनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु।
अधेन्वाचरति माययैष वाचं शुश्रुवान् अफलाम पुष्पाम्।।

अर्थ- विद्वन्मण्डली में किसी-किसी की यह प्रतिष्ठा है कि, वह उत्तम भावग्राही है और उसके बिना कोई कार्य नहीं हो सकता (ऐसे लोगों के कारण ही वेदार्थ ज्ञान होता है)। कोई-कोई असार-वाक्य का अभ्यास करते हैं। वे वास्तविक धेनु नहीं हैं- काल्पनिक, माया-मात्र धेनु हैं।

6. यस्तित्याज सचिविदं सखायं न तस्य वाच्यपि भागो अस्ति।
यदीं शृणोत्यलकं शृणोति नहि प्रवेद सुकृतस्य पन्थाम्।।

अर्थ- जो विद्वान् मित्र को छोड़ देता है, उसकी वाणी से कोई फल नहीं है। वह जो कुछ सुनता है, व्यर्थ ही सुनता है। वह सत्कर्म का मार्ग नहीं जान सकता।

7. अक्षण्वन्तः कर्णवन्तः सखायो मनोजवेष्वसमा बभूवुः।
आदघ्नास उपकक्षास उत्वे ह्रदा इव स्नात्वा उत्वे ददृश्रे।।

अर्थ- जिन्हें आँखें हैं, कान हैं, ऐसे सखा समान-(ज्ञानी) मन के भाव को (ज्ञान को) प्रकाश करने में असाधारण होते हैं। कोई-कोई मुख तक जल वाले पुष्कर और कोई-कोई कटिपर्यन्त जल वाले तड़ाग के समान होते हैं कोई-कोई स्नान करने के उपयुक्त गंभीर ह्रद् के समान होते हैं।

8. ह्रदा तष्टेषु मनसो जवेषु यद् ब्राह्मणाः संयजन्ते सखायः।
अत्राह त्वं विजहुर्वेद्याभिरोहब्राह्मणो विचरन्त्युत्वे।।

अर्थ- जिस समय अनेक समान ज्ञानी ब्राह्मण ह्रदय से मनोगम्य वेदार्थों के गुण-दोष-परीक्षण के लिए एकत्र होते हैं, उस समय किसी-किसी व्यक्ति को कुछ ज्ञान नहीं होता। कोई-कोई स्तोत्रज्ञ (ब्राह्मण) वेदार्थ ज्ञाता होकर विचरण करते हैं।

9. इमे ये नार्वाङ् न परश्चरन्ति न ब्राह्मणासो न सुतेकरासः।
त एते वाचमभिपद्य पापया सिरीस्तन्त्रं तन्वते अप्रजज्ञयः।।

अर्थ- जो व्यक्ति इस लोक में वेदज्ञ ब्राह्मणों के और परलोकीय देवों के साथ (यज्ञादि) कर्म नहीं करते, जो न तो स्तोता (ऋत्विक्) हैं, न सोम-यज्ञ कर्त्ता हैं, वे पापाश्रित लौकिक भाषा की शिक्षा के द्वारा, मूर्ख व्यक्ति के समान, लाङ्गल-चालक (हल जोतने वाले) बनकर कृषि - रूप बाना बुनते हैं।

10. सर्वे नन्दन्ति यशसागतेन सभासाहेन सख्या सखायः।
किल्बिषस्पृत पितुषणिर्ह्येषामरं हितो भवति वाजिनाय।।

अर्थ- यश (सोम) मित्र के समान कार्य करता है, यह सभा में प्राधान्य प्रदान करता है। इसे प्राप्त कर सब प्रसन्न होते हैं; क्योंकि यश के द्वारा दुर्नाम दूर होता है, अन्न-प्राप्ति होती है, बल मिलता है, नाना प्रकार से उपकार होता है।

11. ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान् गायत्रं त्वो गायति शक्वरीषु।
ब्रह्मा त्वा वदति जातविद्यां यज्ञस्य मात्रां विमिमीत उत्वः॥

अर्थ- एक जन अनेक ऋचाओं का स्तव करते हुये यज्ञानुष्ठान में सहायता करते हैं, दूसरे गायत्री छन्द में साम-गान करते हैं। ब्रह्मा नामक जो पुरोहित हैं, वे ज्ञात-विद्या (प्रायश्चित्त आदि) की व्याख्या करते हैं। अध्वर्यु पुरोहित यज्ञ के विभिन्न कार्य करते हैं।

9. पुरुष सूक्त (10.90)

मण्डल-10, **सूक्त**-90 **कुल मन्त्र**-16, **ऋषि-** नारायण,
देवता -पुरुष, **छन्द**-अनुष्टुप्, अन्तिम मन्त्र में त्रिष्टुप्

1. सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥

अर्थ- परमपुरुष (परमेश्वर) हजारों शिरों वाला, हजारों नेत्रों वाला तथा हजारों पैरों वाला है। वह भूमि को सभी ओर से आवृत्त कर दश अंगुल का अतिक्रमण कर अवस्थित हो गया है।

2. पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥

अर्थ- यह सब कुछ-जो उत्पन्न हो चुका है, जो उत्पन्न होगा, इसके अतिरिक्त अमरता का स्वामी (पुरुष) तथा जो अन्न से बढ़ता है- वह सब पुरुष ही है।

3. एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पूरुषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि॥

अर्थ- इतना इस पुरुष का ऐश्वर्य है और पुरुष इससे भी बड़ा है। समस्तप्राणी इसका चतुर्थांश मात्र हैं। इसका तीन-चौथाई अमृतरूप से द्युलोक में अवस्थित है।

4. त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहाभवत् पुनः।
ततो विष्वङ्व्यक्रामत् साशनानशने अभि॥

अर्थ- तीन पादों से युक्त पुरुष ऊपर को उठ गया, फिर भी इसका चतुर्थांश यहीं रह गया। वह (पुरुष) भोजन करने वाले (चेतन) तथा न करने वाले (अचेतन) सभी को चारों ओर से व्याप्त कर लिया।

5. तस्माद् विराळजायत विराजो अधि पूरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः॥

अर्थ- उस (आदिपुरुष) से विराट् उत्पन्न हुआ। विराट् (व्यक्त जगत्) से अधिष्ठाता के रूप में पुरुष (जीवात्मा) उत्पन्न होकर जगत् के पीछे तथा आगे की भूमि से अतिक्रमण कर गया।

6. यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत ।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः ॥

अर्थ- जब देवताओं ने पुरुषरूप हवि के द्वारा यज्ञ को सम्पन्न किया, तब इस (यज्ञ) का घृत-वसन्त ऋतु, ईंधन-ग्रीष्मऋतु तथा हवि-शरद्ऋतु थी।

7. तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये॥

अर्थ- सर्वप्रथम उत्पन्न यज्ञ साधनभूतपुरुष को कुश पर (रखकर) जल छिड़कर (पवित्र किया)। उससे देवताओं तथा ऋषियों ने यजन (यज्ञ) किया।

8. तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्।
पशूनताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान्ग्राम्याश्च ये।

अर्थ- जिसमें सब कुछ होम कर दिया गया, उस यज्ञ से दधिमिश्रित घृत इकट्ठा किया गया (जिससे) वायु में विचरण करने वाले (पक्षियों) तथा वन्य पशुओं और ग्राम्य-पशुओं को उत्पन्न किया।

9. तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत॥

अर्थ- जिसमें सब कुछ होम कर दिया गया, उस यज्ञ से ऋचायें तथा साम उत्पन्न हुए, उससे छन्द उत्पन्न हुए तथा उससे यजुष् उत्पन्न हुआ।

10. तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्माज्जाता अजावयः॥

अर्थ- उस (यज्ञ) से अश्व उत्पन्न हुए और जो कोई ऊपर-नीचे दोनों ओर दाँतों वाले (पशु हैं) उत्पन्न हुए। उससे गायें उत्पन्न हुईं। उससे भेड़-बकरियाँ पैदा हुईं।

11. यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते॥

अर्थ- जब पुरुष को देवों ने विभक्त किया, तब (उसे) कितने भागों में विविधरूप से कल्पित किया। इसका मुख क्या था?, इसकी भुजाएँ कौन थीं ?, (इसकी) जंघाएं क्या (हुईं) और पैर क्या कहे जाते हैं?

12. ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत॥

अर्थ- ब्राह्मण इस (पुरुष) का मुख था। दोनों भुजाओं को क्षत्रिय बनाया गया। जो वैश्य हैं, वह इसकी जंघाओं के रूप में था। दोनों पैरों से शूद्र उत्पन्न हुआ।

13. चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत॥

अर्थ- (पुरुष के) मन से चन्द्रमा उत्पन्न हुआ। नेत्र से सूर्य उत्पन्न हुआ। मुख से इन्द्र और अग्नि तथा प्राण से वायु उत्पन्न हुआ।

14. नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।
पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्॥

अर्थ- (पुरुष की) नाभि से अन्तरिक्ष उत्पन्न हुआ। सिर से द्युलोक उत्पन्न हुआ। पैरों से

भूमि और कानों से दिशाएं (उत्पन्न हुई)- इस प्रकार लोकों की रचना की।

15. **सप्तास्यासन् परिधयस् त्रिः सप्त समिधः कृताः।**
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरुषं पशुम्॥

अर्थ- जिस समय देवताओं ने यज्ञ का विस्तार करते हुए पुरुष रूपी पशु को (यूप में) बाँधा (उस समय) उस (पुरुष) की सात परिधियाँ थीं (और) इक्कीस समिधाएं बनाई गई।

16. **यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।**
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः॥

अर्थ- देवताओं ने यज्ञ के द्वारा यज्ञस्वरूप (प्रजापति) का यजन किया। वे धर्म सबसे मुख्य हुए। वे महिमाशाली (उपासक) दिव्य स्वर्ग को प्राप्त करते हैं, जहाँ प्राचीन साध्यदेव हैं।

10. हिरण्यगर्भ सूक्त (10.121)

मण्डल-10, **सूक्त-**121 **कुल मन्त्र-**10, **ऋषि-** हिरण्यगर्भ,
देवता -क संज्ञक प्रजापति, **छन्द-** त्रिष्टुप्

1. **हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।**
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- हिरण्यगर्भ (प्रजापति) सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ। उत्पन्न होते ही वह सम्पूर्ण प्राणियों का अद्वितीय स्वामी हो गया (तथा) उसने इस पृथिवी और द्युलोक को धारण किया (उसे छोड़कर) हम किस देवता के लिए हवि से विधान (पूजन) करें।

2. **य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।**
यस्य छायामृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जो (हिरण्यगर्भ) प्राण (आत्मा) दाता (और) बलदाता है। जिसके आदेश की समस्त (प्राणी तथा) देवता उपासना करते हैं, जिसकी छाया अमृत है, जिसकी (छाया) मृत्यु है, (उसके अतिरिक्त) किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

3. **यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।**
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जो (हिरण्यगर्भ) अपनी महिमा से- श्वास-प्रश्वास लेने वाले, पलकों का संचालन करने वाले और गतिशील प्राणिजगत् का अकेला ही राजा हो गया और जो दो पैरों वाले (मनुष्यों) तथा चार पैरों वाले (पशुओं) का स्वामित्व करता है, (उसके अतिरिक्त) किसके लिए हवि से विधान करें।

4. **यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः।**
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जिस (हिरण्यगर्भ) की महिमा से ये बर्फीले पर्वत (स्थित) हैं, नदियों के साथ समुद्र को जिसका बताया जाता है, जिसकी ये प्रधान दिशाएँ हैं (तथा) जिसकी भुजाएँ (रक्षिका) हैं, (उसके अतिरिक्त) किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

5. येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृळहा येन स्वः स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जिसके द्वारा उन्नत द्युलोक और पृथिवी को दृढ़ (स्थिर) किया गया, जिसके द्वारा स्वर्गलोक और नागलोक स्तब्ध कर दिया गया; जो अन्तरिक्ष में लोकों को नापने वाला है, (उसके अतिरिक्त) किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

6. यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।
यत्राधि सूर उदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- (प्राणियों की) रक्षा के लिए स्थिर बनाए गए तथा मन से काँपते हुए द्युलोक और पृथिवीलोक जिस (प्रजापति) की ओर देखते हैं, जिसे आधार बना कर सूर्य उदित होकर चमकता है, (उसके अतिरिक्त) किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

7. आपो ह यद्बृहतीर्विश्वमायन्गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
ततो देवानां समवर्ततासुरेकः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जब गर्भ धारण करती हुई और अग्नि को उत्पन्न करती हुई, विशाल जल राशि ने विश्व को व्याप्त कर लिया, तब देवताओं का एकमात्र प्राणभूत (प्रजापति) उत्पन्न हुआ, (उसके अतिरिक्त किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

8. यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद्दक्षं दधाना जनयन्तीर्यज्ञम्।
यो देवेष्वधि देव एक आसीत्कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जिसने अपनी महिमा से दक्ष (प्रजापति) को धारण करती हुई तथा यज्ञ को उत्पन्न करती हुई जलराशि को चारों ओर देखा, जो देवताओं में एक अद्वितीय देव हो गया, (उसके अतिरिक्त) किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

9. मा नो हिंसीज्जनिता यः पृथिव्या यो वा दिवं सत्यधर्मा जजान।
यश्चापश्चन्द्रा बृहतीर्जजान कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- वह (प्रजापति) हमें कष्ट न दे, जो पृथिवी को उत्पन्न करने वाला है, तथा सत्यनियमवाला जिसने द्युलोक को उत्पन्न किया है, (तथा) जिसने आनन्ददायक विशाल जलराशि को उत्पन्न किया है, (उसके अतिरिक्त) हम किस देवता के लिए हवि से विधान करें।

10. प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्॥

अर्थ- हे प्रजापति! तुम्हारे अतिरिक्त अन्य कोई इन (वर्तमान तथा) उन (भूत) सम्पूर्ण उत्पन्न पदार्थों को व्याप्त नहीं कर पाया; जिस (फल) की कामना करते हुए हम तुम्हें हवि प्रदान करते हैं, वह (फल) हमारा हो जाय। हम लोक समृद्धियों (धनों) के स्वामी हो जायें।

11. वाक् सूक्त (10.125)

मण्डल-10, **सूक्त**-125 **कुल मन्त्र**-8, **ऋषि**- वागाम्भृणी, **देवता** -परमात्मा वाक्, **छन्द**-दूसरे मन्त्र में जगती और सबमें त्रिष्टुप्

1. **अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः।**
अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा॥

अर्थ- मैं (वागाम्भृणी) रुद्रों तथा वसुओं के साथ चलती हूँ। मैं आदित्यों और विश्वदेवों के साथ (चलती हूँ), मैं मित्र तथा वरुण दोनों को धारण करती हूँ। मैं इन्द्र तथा अग्नि और दोनों अश्विनों को (धारण करती हूँ)।

2. **अहं सोममाहनसं बिभर्म्यहं त्वष्टारमुत पूषणं भगम्।**
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये३ यजमानाय सुन्वते॥

अर्थ- मैं आवेश उत्पन्न करने वाले सोम को धारण करती हूँ और मैं त्वष्टा, पूषा तथा भग को (धारण करती हूँ), मैं सोम निचोड़ते हुए हवि-प्रदाता (तथा) भली-भाँति सहायता के योग्य यजमान के लिए धन धारण करती हूँ।

3. **अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्।**
तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम्॥

अर्थ- मैं (सम्पूर्ण विश्व की) स्वामिनी हूँ,धनों को प्राप्त कराने वाली हूँ, पूजनीयों में प्रमुख ज्ञानवती हूँ। अनेकों स्थानों में स्थित तथा अनेक प्राणियों में (अपना) प्रवेश कराती हुई मुझको देवताओं ने अनेक स्थानों में पृथक्-पृथक् (विविध रूपों में) स्थापित किया।

4. **मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्।**
अमन्तवो मां त उप क्षियन्ति श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि॥

अर्थ- जो अन्न खाता है, जो देखता है, जो श्वास लेता है, जो इस कहे हुए को सुनता है, वह मेरे द्वारा (ही होता है)। मुझे न मानने वाले (जो लोग हैं) वे नष्ट हो जाते हैं। हे विद्वान्! सुनो (मैं) तुम्हारे लिए विश्वसनीय (बात) कहती हूँ।

5. **अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।**
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्॥

अर्थ- मैं स्वयं ही देवताओं तथा मनुष्यों के लिए प्रिय यह (बात) कहती हूँ। जिसे-जिसे चाहती हूँ, उसे-उसे बलयुक्त, उसे ब्रह्मा, उसे ऋषि (तथा) उसे ज्ञानी बनाती हूँ।

6. **अहं रुद्राय धनुरा तनोमि ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।**
अहं जनाय समदं कृणोम्यहं द्यावापृथिवी आ विवेश॥

अर्थ- ब्रह्मद्वेषी हिंसक को मारने के निमित्त मैं निश्चय ही रुद्र के लिए धनुष को तान देती हूँ। मैं मनुष्यों के लिए युद्ध करती हूँ। मैं द्युलोक तथा पृथ्वीलोक में समाई हुई हूँ।

7. **अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन्मम योनिरप्स्व१न्तः समुद्रे।**
ततो वि तिष्ठे भुवनानु विश्वोतामूं द्यां वर्ष्मणोप स्पृशामि॥

अर्थ- मैं इस (भूलोक) के ऊपर पितास्वरूप द्युलोक को उत्पन्न करती हूँ। मेरा उत्पत्ति स्थान जल के भीतर समुद्र में है, वहाँ से मैं सब लोकों में अनेक रूपों में स्थित हो जाती हूँ और शीर्षभाग से उस द्युलोक को स्पर्श करती हूँ।

8. **अहमेव वात इव प्र वाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा।**
परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना सं बभूव॥

अर्थ- मैं ही सकल भुवनों को उत्पन्न करती हुई, वायु के समान प्रवाहित होती हूँ। मैं द्युलोक से परे तथा इस पृथ्वीलोक से (भी) परे (बढ़कर) हूँ। (मैं) अपनी महिमा से इतनी (विशाल) हो गई हूँ।

12. नासदीय सूक्त (10.129)

मण्डल-10, **सूक्त**-129 **कुल मन्त्र**-7, **ऋषि**- परमेष्ठी प्रजापति, **देवता** -सृष्टि-स्थिति-प्रलय कर्त्ता परमात्मा, **छन्द**- त्रिष्टुप्

1. **नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।**
किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद्गहनं गभीरम्॥

अर्थ- उस समय न नामरूपादि-रहित अवस्था थी, न नामरूपात्मक अवस्था ही थी, न कोई लोक था, न आकाश ही था, जो ऊपर है। किसने आवृत किया था? कहाँ किसकी सुरक्षा में? क्या अपार गम्भीर जल था?

2. **न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत्प्रकेतः।**
आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥

अर्थ- तब मृत्यु नहीं थी, अमृतत्व भी नहीं था। रात्रि तथा दिन का भेदात्मक ज्ञान भी नहीं था। एक वायु के बिना (भी) अपनी इच्छा शक्ति से श्वाँस ले रहा था। उससे बढ़कर अलग पहले कुछ भी नहीं था।

3. **तम आसीत्तमसा गूळहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्।**
तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत्तपसस्तन्महिनाजायतैकम्॥

अर्थ- महान् अन्धकार से ढँका हुआ सर्वप्रथम अन्धकार था। इस सम्पूर्ण (विश्व का कारणभूत) जल से भिन्न कोई चिन्ह नहीं था। (वह) जो स्थित था, सर्वव्यापी भावरूप अज्ञान था। अपनी तपस्या की महिमा से वह एक उत्पन्न हुआ।

4. **कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।**
सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥

अर्थ- काम, जो मन का प्रथम विकार था, उसमें सर्वप्रथम उत्पन्न हुआ। बुद्धिमानों ने हृदय में प्रज्ञा से विचार कर नामरूपात्मक जगत् का कारण नामरूपरहित तत्त्व में ही पाया।

5. **तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्विदासी३दुपरि स्विदासी३त्।**
रेतोधा आसन्महिमान आसन्त्स्वधा अवस्तात्प्रयतिः परस्तात्॥

अर्थ- उनका (कार्यजाल जो) किरणों की तरह शीघ्र फैला हुआ था, क्या वह मध्य में था? अथवा क्या वह नीचे था? अथवा क्या वह ऊपर था? (सृष्टि का) बीज धारण करने वाले थे; (आकाशादि) महाभूत थे; नीचे भोग्य था, ऊपर भोक्ता।

6. **को अद्धा वेद क इह प्र वोचत्कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः।**
अर्वाग्देवा अस्य विसर्जनेनाथा को वेद यत आबभूव॥

अर्थ- कौन सही रूप में जानता है? कौन यहाँ कहेगा कि यह कहाँ से उत्पन्न हुई हैं? यह विविध प्रकार की सृष्टि कहाँ से? देवता इस सृष्टि की अपेक्षा अर्वाचीन हैं। तब यह कौन जानता है, जहाँ से यह (सृष्टि) उत्पन्न हुई है?

7. **इयं विसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न।**
यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् सो अङ्ग वेद यदि वा न वेद॥

अर्थ- यह विविध रूपों वाली सृष्टि जहाँ से आई है (उसको उसने) या तो धारण किया था, या अगर नहीं (तो किसने धारण किया था?)। जो इसका ईश्वर है, वह सर्वोच्च स्वर्ग में है; वही निश्चित रूप से इसे जानता है; यदि वह नहीं जानता (तो कौन जानता है?)

शुक्लयजुर्वेद

13. शिवसंकल्प सूक्त (अध्याय-34)

शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिनवाजसनेयिसंहिता
अध्याय-34 **कण्डिका** 1-6 **कुल मन्त्र-**06, **ऋषि-** याज्ञवल्क्य,
देवता -मनस्, **छन्द**-त्रिष्टुप्

1. **यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।**
दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- जो मन पुरुष की जाग्रतावस्था में अधिक दूर चला जाता है, जो एकमात्र आत्मा का दर्शन करने वाला है; जो पुरुष की सुषुप्तावस्था में उसी प्रकार लौट आता है (तथा) जो समस्त बाह्य इन्द्रियों का एकमात्र प्रकाशक है; वह मेरा मन शुभ सङ्कल्प वाला होवे।

2. **येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः।**
यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- जिस मन में कर्मनिष्ठ बुद्धिमान् पुरुष यज्ञ में तथा उपासनाओं में कर्म करते हैं, जो सब (इन्द्रियों) से पहले उत्पन्न होता है, और यज्ञ करने में समर्थ है, तथा जो प्राणिमात्र के शरीर के भीतर रहता है, वह मेरा मन शुभ संकल्प वाला होवे।

3. **यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु।**
यस्मान्न ऋते किञ्चन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- जो मन विशेषज्ञान तथा सामान्यज्ञान (का साधन) है, जो धैर्य रूप है, जो प्राणियों के भीतर (इन्द्रियों की प्रेरक) अमर ज्योति है तथा जिसके बिना कोई भी काम नहीं किया जा सकता, वह मेरा मन शुभ सङ्कल्प वाला होवे।

4. येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत्परिगृहीतममृतेन सर्वम्।
येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- जिस अमर मन के द्वारा इस संसार में भूत, भविष्यत् और वर्तमानकाल के सब पदार्थ जाने जाते हैं, और जिसके द्वारा सात होता वाला (अग्निष्टोम) यज्ञ किया जाता है, वह मेरा मन शुभ संकल्प वाला होवे।

5. यस्मिन्नृचः साम यजूँषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः।
यस्मिँश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- रथ चक्र की नाभि में तीलियों की भाँति जिस मन में ऋचाएँ, साम और यजुः प्रतिष्ठित होते हैं, जिसमें प्राणियों का सर्वपदार्थविषयक ज्ञान निहित है, वह मेरा मन शुभसङ्कल्प वाला होवे।

6. सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव।
हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु॥

अर्थ- जैसे अच्छा सारथी घोड़ों को इधर-उधर प्रेरित करता है और अपने वश में रखता है, उसी प्रकार जो मन प्राणियों को बार-बार इधर-उधर प्रेरित करता है और अपने वश में रखता है, जो हृदय में स्थित है, जो जरा से रहित तथा अत्यन्त वेगवान् है, वह मेरा मन शुभ संङ्कल्प वाला होवे।

14. प्रजापति सूक्त

(शुक्लयजुर्वेद अध्याय-23, मन्त्र-1-5 तक)

ऋषि - प्रजापति, **देवता -** परमेश्वर।

1. हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- सृष्टि के आदिकाल में एक मात्र हिरण्यगर्भ पुरुष ही विद्यमान था। वह अकेला ही सर्व उत्पन्न मात्र भूतों का अधिपति या पालक था। उसी ने इस पृथिवी को धारण किया और इस द्युलोक को भी। उस प्रजापति को श्रद्धा भक्ति से परिचारित करें।

2. उपयामगृहीतोसि प्रजापतये त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिः सूर्यस्ते महिमा।
यस्तेऽहन्संवत्सरे महिमा संबभूव यस्ते वायावन्तरिक्षे महिमा संबभूव यस्ते।
दिवि सूर्ये महिमा संबभूव तस्मै ते महिम्ने प्रजापतये स्वाहा देवेभ्यः॥

अर्थ- (महिम ग्रह को ग्रहण करना।) हे ग्रह! तुम उपयाम पात्र के द्वारा ग्रहण किये गये हो। प्रजापति के लिए प्रिय तुम्हें मैं ग्रहण करता हूँ। (ग्रह को वेदि पर धरना।) यह तुम्हारा स्थान है। हे ग्रह! यह सूर्य तुम्हारी महिमा है। तुम्हारी जो महिमा दिन में, संवत्सर में उत्पन्न हुई, तुम्हारी जो महिमा वायु में, अन्तरिक्ष में उत्पन्न हुई तथा तुम्हारी जो महिमा द्युलोक में, सूर्य में उत्पन्न हुई- उस तुम्हारी महिमा के लिए, प्रजापति और अन्य देवों के लिए यह आहुति है।

3. यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

अर्थ- जो प्रजापति अपनी महिमा के कारण जगत् के सम्पूर्ण प्राणननिमेषोन्मेष करने वालों का स्वामी हुआ और जो इस समस्त द्विपाद-चतुष्पाद ऐश्वर्य का स्वामी है, उसी प्रजापति देव के लिए हम अपने धन-धान्यादि से सदा यज्ञादि करते रहें।

4. उपयामगृहीतोऽसि प्रजापतये त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिश्चन्द्रमास्ते महिमा यस्ते रात्रौ संवत्सरे महिमा संबभूव यस्ते पृथिव्यामग्नौ महिमा संबभूव यस्ते नक्षत्रेषु चन्द्रमसि महिमा संबभूव तस्मै ते महिम्ने प्रजापतये देवेभ्यः स्वाहा॥

अर्थ- हे पात्र! तुम उपयाम पात्र के द्वारा ग्रहण किये गये हो। प्रजापति के लिए प्रिय तुम्हें मैं ग्रहण करता हूँ। (ग्रह को वेदि पर धरना।) हे ग्रह! यह तुम्हारा स्थान है। हे ग्रह! यह चन्द्रमा तुम्हारी महिमा है। तुम्हारी जो महिमा रात्रि-संवत्सर में उत्पन्न हुई, तुम्हारी जो महिमा पृथ्वी-अग्नि में उत्पन्न हुई और तुम्हारी जो महिमा नक्षत्रों-चन्द्रमा में उत्पन्न हुई है, उस तुम महिमावान् प्रजापति तथा अन्य देवों के लिए यह आहुति है।

5. युञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परि तस्थुषः रोचन्ते रोचना दिवि॥

अर्थ- इस स्थिर जगत् के ऊपर रक्ताभ, स्व-कीली पर घूमने वाले तथा आकाशचारी सूर्य को ऋत्विज् अपनी स्तुतियों से स्वकार्यरत करते हैं। उसी की ज्योति से द्युलोक में यह रोचमानग्रह- नक्षत्र आदि प्रकाशित होते हैं।

अथर्ववेद

15. राष्ट्राभिवर्धन सूक्त

कुल मन्त्र-6, **ऋषि-** वशिष्ठ, **देवता -**ब्रह्मणस्पति, अभीवर्तमणि
छन्द-अनुष्टुप्

1. अभीवर्तेन मणिना येनेन्द्रो अभिवावृधे।
तेनास्मान् ब्रह्मणस्पतेभि राष्ट्राय वर्धय॥

अर्थ- हे ब्रह्मणस्पते! जिस समृद्धिदायक मणि से इन्द्र की वृद्धि हुई है, उसी मणि के द्वारा तू हमें देश के हित के निमित्त विस्तृत कर।

2. अभिऽवृत्य सपत्नानभि या नो अरातयः।
अभि पृतन्यन्तं तिष्ठाभि यो नो दुरस्यति॥

अर्थ- हे मणे! हमारे विरोधी हिंसक शत्रु सेनाओं को जो हमसे युद्ध करने की कामना करते हैं, जो हमसे द्वेष करते हैं, तू उन्हें घेरकर पराक्रमहीन कर।

3. अभि त्वा देवः सविताभि सोमो अवीवृधत्।
अभि त्वा विश्वा भूतान्यभीवर्तो यथाससि॥

अर्थ- हे मणे! सविता देवता ने तुझे समृद्ध और सोम ने तुझे विस्तृत किया है। सभी प्राणी

तेरी वृद्धि करते हैं। तू उसके शौर्य और यश को फैलाती है जो तुझे धारण करता है।

4. अभीवर्तो अभिभवः सपत्नक्षयणो मणिः।
राष्ट्राय मह्यं बध्यतां सपत्नेभ्यः पराभुवे॥

अर्थ- शत्रुओं को वश में कर उन्हें नष्ट करने वाली इस मणि को विरोधियों का शमन करने के लिए तथा देश की उन्नति के लिए, देह से बाँधकर रखें।

5. उदसौ सूर्यो अगादुदिदं मामकं वचः।
यथाहं शत्रुहोऽसान्यसपत्नः सपत्नहा॥

अर्थ- सब प्राणियों को प्रेरित करने के निमित्त सूर्य उदित हुआ। हमारी मंत्ररूप वाणी भी प्रकट हो गई। हम इनके प्रभाव हेतु शत्रुनाशक, पापियों पर आघात करने वाले बैरियों से सर्वथा रहित हों।

6. सपत्नक्षयणो वृषाभिराष्ट्रो विषासहिः।
यथाहमेषा वीराणां विराजानि जनस्य च॥

अर्थ- हे मणे! तेरी प्राप्त शक्ति से हम शत्रुओं का हनन करने वाले, बलवान् तथा विजयी होकर शत्रुओं के वीरों और उनकी प्रजा पर शासन करने में समर्थ हों।

16. काल सूक्त (10.53)

कुल मन्त्र-10, **ऋषि-** भृगु, **देवता -**काल, **छन्द-**त्रिष्टुप्, बृहती, अनुष्टुप्

1. कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः सहस्राक्षो अजरो भूरिरेताः।
तमा रोहन्ति कवयो विपश्चितस्तस्य चक्रा भुवनानि विश्वा॥

अर्थ- जरारहित, प्रचुर पराक्रम से सम्पन्न, सप्तरश्मियों और सहस्र चक्षुओं से युक्त कालस्वरूप अश्व जगत्रूपी रथ के वाहक हैं। समस्त लोक उस रथ के चक्र हैं उस अश्वयुक्त रथ पर विद्वान् ही आरूढ़ होते हैं।

2. सप्त चक्रान् वहति काल एष सप्तास्य नाभीरमृतं न्वक्षः।
स इमा विश्वा भुवनान्यञ्जत् कालः स ईयते प्रथमो नु देवः॥

अर्थ- उस सात चक्रों के वाहक काल की सात नाभियाँ हैं। उसका अक्ष (धुरा) अमृतरूप है। वह काल (देवता) सभी भुवनों को उत्पन्न (प्रकट) करता हुआ गतिमान् है।

3. पूर्णः कुम्भोधि काल आहितस्तं वै पश्यामो बहुधा नु सन्तः।
स इमा विश्वा भुवनानि प्रत्यङ् कालं तमाहुः परमे व्योमन्॥

अर्थ- काल के ऊपर स्थित यह कुम्भ ब्रह्माण्ड रूप से भरा हुआ है। सन्त एवं ज्ञानीजन उसकाल को अनेक रूपों में देखते हैं। प्राणियों के समक्ष प्रकट होने वाला काल उन्हें अपने में व्याप्त कर लेता है। साधुजन उस काल को अनेक भेद से देखते हुए उसे आकाश के समान निर्लेप बनाते हैं।

4. स एव सं भुवनान्याभरत् स एव सं भुवनानि पर्यैत्।
पिता सन्नभवत् पुत्र एषां तस्माद् वै नान्यत् परमस्ति तेजः॥

अर्थ- वह (काल) समस्त भुवनों का पोषण करने वाला, सभी में उत्तम ढंग से व्याप्त है। भूतकाल में वो ही इनका (प्राणियों का) पिता और अगले जन्म में इनका पुत्र हो जाता है। इस काल से श्रेष्ठ अन्य कोई तेज नहीं है।

5. कालोमूं दिवमजनयत् काल इमाः पृथिवीरुत।
काले ह भूतं भव्यं चेषितं ह वि तिष्ठते॥

अर्थ- समस्त प्राणियों की आश्रयभूत भूमि को तथा दिव्यलोक को समय ने उत्पन्न किया। भूत, भविष्य तथा वर्तमान आदि इस समय के ही अधीन हैं।

6. कालो भूतिमसृजत काले तपति सूर्यः।
काले ह विश्वा भूतानि काले चक्षुर्विपश्यति॥

अर्थ- सृष्टि का सृजनकर्त्ता भी समय (काल) ही है। जगत् को प्रकाशित करने वाला सूर्य काल से ही प्रेरित है। सभी प्राणी इस काल के आश्रित हैं। इसी काल के आश्रित होकर नेत्र भी सब पदार्थों को देखने में समर्थ होते हैं।

7. काले मनः काले प्राणः काले नाम समाहितम्।
कालेन सर्वा नन्दन्त्यागतेन प्रजा इमाः॥

अर्थ- समयानुसार प्रकट होने वाले काल में ही मन, प्राण तथा नाम भी समाहित हैं। समस्त प्रजाजन काल के अनुकूलता से ही हर्षित होते हैं।

8. काले तपः काले ज्येष्ठं काले ब्रह्म समाहितम्।
कालो ह सर्वस्येश्वरो यः पितासीत् प्रजापतेः॥

अर्थ- काल सभी का ईश्वर, पिता और प्रजापति है। काल में ही तपः शक्ति, ज्येष्ठता (महानता) तथा ब्रह्म-विद्या समाहित हैं।

9. तेनेषितं तेन जातं तदु तस्मिन् प्रतिष्ठितम्।
कालो ह ब्रह्म भूत्वा बिभर्ति परमेष्ठिनम्॥

अर्थ- समय (काल) ही अपनी ब्राह्मी चेतना को विशाल करके परमेष्ठी को धारण करता है। काल द्वारा ही यह जगत् प्रेरित है और उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ है तथा उसी के आश्रय में स्थित है।

10. कालः प्रजा असृजत कालो अग्रे प्रजापतिम्।
स्वयम्भूः कश्यपः कालात् तपः कालादजायत॥

अर्थ- काल स्वयंभू है। सबका द्रष्टा कश्यप काल से उत्पन्न हुआ तथा काल से ही तपः शक्ति की उत्पत्ति हुई। सृष्टि के आरम्भ में भी काल ने सबसे पहले प्रजापति का सृजन किया और उसके पश्चात् प्रजाजनों की रचना की।

17. पृथ्वी सूक्त (12.1)

कुल मन्त्र-63, **ऋषि-** अथर्वा, **देवता -**भूमि, **छन्द-**त्रिष्टुप्, जगती, पंक्ति, अष्टि, शक्वरी, बृहती, अनुष्टुप्,गायत्री

1. सत्यं बृहृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु॥

अर्थ- सत्य, महत्ता, ऋत, उग्रता (शक्ति), दीक्षा, तपस्या, ब्रह्म और यज्ञ पृथिवी को धारण करते हैं। भूत और भविष्यत् की पत्नी वह पृथ्वी हमारे लोक को (हमारे लिए) विस्तृत बना दे।

2. असंबाधं बध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु।
नानावीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः॥

अर्थ- जिस (पृथ्वी) के बहुत से ऊँचे, नीचे और समतल (क्षेत्र) मनुष्यों के बीच बाधा रहित स्थित हैं, जो अनेक प्रकार की शक्तियों से युक्त औषधियों को धारण करती है, (वह) पृथ्वी हमारे लिए विस्तृत हो और हमारे लिए समृद्ध बने।

3. यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः।
यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत् सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु॥

अर्थ- जिस (पृथ्वी) पर समुद्र, नदियाँ तथा जल (हैं) जिस पर अन्न और खेतियाँ (फसलें) उत्पन्न होती हैं; जिस पर यह श्वास लेने वाला और गतिशील जगत् आनन्दित होता है, वह पृथिवी हमें प्रथम पेय में (उत्तम पेय वाले प्रदेश में) स्थापित करें।

4. यस्याश्चतस्त्रः प्रदिशः पृथिव्या यस्यामन्नं कृष्टयः संबभूवुः।
या बिभर्ति बहुधा प्राणदेजत् सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु॥

अर्थ- जिस पृथिवी की चार प्रमुख दिशाएँ हैं, जिस पर अन्न और फसलें उत्पन्न होती हैं, जो श्वास लेने वाले तथा गतिशील (जगत्) को अनेक प्रकार से धारण करती है, वह पृथिवी हमें गायों और अन्न में स्थापित करें।

5. यस्यां पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्यां देवा असुरानभ्यवर्तयन्।
गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा भगं वर्चः पृथिवी नो दधातु॥

अर्थ- जिस (पृथ्वी) पर (हमारे) प्राचीन पूर्वजों ने विशिष्ट कर्म किया, जिस पर देवताओं ने असुरों को आक्रमणपूर्वक भगा दिया,जो (पृथिवी) गायों, अश्वों और पक्षियों का निवास-स्थान है, (वह पृथिवी) हमें ऐश्वर्य और तेज प्रदान करे।

6. यार्णवेधि सलिलमग्र आसीद् यां मायाभिरन्वचरन् मनीषिणः।
यस्या हृदयं परमे व्योमन्त्सत्येनावृतममृतं पृथिव्याः।
सा नो भूमिस्त्विषिं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे॥

अर्थ- जो (पृथ्वी) पहले समुद्र में जल के भीतर थी, जिसे मनीषियों ने (अपनी) बुद्धि से प्राप्त किया (और) जिस पृथ्वी का, सत्य से ढँका हुआ अमर्त्य हृदय परम व्योम में स्थित है, वह भूमि हमको बल और तेज प्रदान करे तथा हमें उत्तम राष्ट्र में प्रतिष्ठित करे।

7. यस्यामापः परिचराः समानीरहोरात्रे अप्रमादं क्षरन्ति।
सा नो भूमिर्भूरिधारा पयो दुहामथो उक्षतु वर्चसा॥

अर्थ- जिस पृथ्वी पर चारों ओर विचरण करने वाला जल समान भाव से दिन-रात निर्बाध रूप में बहता रहता है, अनेक धाराओं वाली वह पृथिवी हमें दुग्ध (जल) प्रदान करें तथा हमें तेज से अभिसिञ्चित करें।

8. यामश्विनावमिमातां विष्णुर्यस्यां विचक्रमे।
इन्द्रो यां चक्र आत्मनेनमित्रां शचीपतिः।
सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः॥

अर्थ- जिस (पृथ्वी) को अश्विनीकुमारों ने नापा है, जिस पर विष्णु ने (अपना) पादन्यास किया, जिसे शक्ति के स्वामी इन्द्र ने अपने (हित के) लिए शत्रुहीन कर दिया। वह हमारी माता तुल्य भूमि (अपने) पुत्रस्वरूप मुझे (अपना) दूध प्रदान करें।

9. गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तोरण्यं ते पृथिवि स्योनमस्तु।
बभ्रुं कृष्णां रोहिणीं विश्वरूपां ध्रुवां भूमिं पृथिवीमिन्द्रगुप्ताम्।
अजीतोहतो अक्षतोध्यष्ठां पृथिवीमहम्॥

अर्थ- हे पृथिवी! तुम्हारी पहाड़ियाँ, हिमाच्छादित पर्वत और तुम्हारे वन (हमारे लिए) सुखकर होवें। भूरी, काली, लाल, अनेक रूपों वाली स्थिर और इन्द्र द्वारा रक्षित सुविस्तृत-पृथिवी पर मैं अजेय, अहिंसित (तथा) अक्षत (होकर) अधिष्ठित हो जाऊँ।

10. यत् ते मध्यं पृथिवि यच्च नभ्यं यास्त ऊर्जस्तन्वः संबभूवुः।
तासु नो धेह्यभि नः पवस्व माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः।
पर्जन्यः पिता स उ नः पिपर्तु॥

अर्थ- हे पृथिवी! जो तुम्हारा मध्यभाग है, जो नाभि का क्षेत्र है, तथा जो तुम्हारे शरीर से उत्पन्न रस हैं, उस सब में हमें प्रतिष्ठित करो। हमें पवित्र करो। भूमि माँ है। मैं पृथिवी का पुत्र हूँ। पर्जन्य पिता हैं, वह हमारा पालन-पोषण (रक्षा) करें।

11. त्वज्जातास्त्वयि चरन्ति मर्त्यास्त्वं बिभर्षि द्विपदस्त्वं चतुष्पदः।
तवे मे पृथिवि पञ्च मानवा येभ्यो ज्योतिरमृतं मर्त्येभ्य उद्यन्त्सूर्यो रश्मिभिरातनोति॥

अर्थ- तुमसे उत्पन्न हुए प्राणी तुम्हारे ऊपर (ही) कर्म करते हैं, तुम दो पैरों वाले (मनुष्यों तथा) चार पैरों वाले (पशुओं) को धारण करती हो। हे पृथिवी! ये सभी मनुष्य तुम्हारे (ही हैं), जिनके लिए उदित होता हुआ सूर्य (अपनी) किरणों से अमृत तुल्य प्रकाश का विस्तार करता है।

12. जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवी यथौकसम्।
सहस्त्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुरनपस्फुरन्ती॥

अर्थ- विविध बोली वाले, विभिन्न धर्मों वाले (तथा) वाञ्छित स्थान पर घर बनाकर रहने वाले लोगों को अनेक प्रकार से धारण करती हुई पृथ्वी, स्थिर (और) अचपल गाय के समान, मेरे लिए धन की हजारों धाराएँ दुह दे देवें।

❑❑

13. वैदिक-वाङ्मय का बिन्दुवार अध्ययन

1. वैदिक संहिता

- ‘श्रुति’ किसे कहते हैं - **वेद को**
- वेदः कः - **अपौरुषेयं वाक्यम्**
- वेदों की संख्या है - **चार**
- वेदों को किसने विभाजित किया है - **कृष्णद्वैपायन (व्यास)**
- वर्ण व्यवस्था का प्रथम उल्लेख होता है - **ऋग्वेद में**
- ‘श्रुति’ शब्दः कस्यार्थस्य बोधकोऽस्ति - **वेदस्य**
- ‘वेदा अपौरुषेयाः’ इति स्वीकुर्वन्ति - **मीमांसकाः**
- मीमांसा की दृष्टि से वेद के प्रकार हैं - **पाँच, विधि-मन्त्र-नामधेय-निषेध-अर्थवाद**
- ‘श्रुतिः’ पद का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है - **शृणोति धर्मं यः**
- इतिहासपुराणाभ्यां ..... समुपबृंहयेत् - **वेदम्**
- अपौरुषेयाः वेदाः भवन्ति - **नित्याः**
- वेद इन्हें कहते हैं - **मन्त्र-ब्राह्मण को**
- मन्त्राणां समुदायस्य किं नाम अस्ति - **संहिता**
- वेदों के काव्यात्मक हिस्से को कहा जाता है - **संहिता**
- संहितापाठानन्तरं क्रियते - **पदपाठः**
- ‘वेदत्रयी’ समूह क्या है - **ऋग्वेद, यजुर्वेद,सामवेद**
- ‘त्रयी’ इति संज्ञा - **वेदस्य**
- अपौरुषेयग्रन्थः को विद्यते - **वेदः**
- वेदारम्भः कुतः प्रारभ्यते - **संहितातः**
- सायणमते वेदस्य स्वरूपं किम् - **‘इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारस्य अलौकिकोपायभूतं ज्ञानम्’**
- आर्षेयपरम्परा के अनुसार वेद हैं - **अपौरुषेयः**
- वेदः कोऽस्ति - **अपौरुषेयः**

- वेदस्य स्वतः प्रामाण्यत्वे किं मानम् - **ईश्वरप्रोक्तम्**
- 'वेदत्रयी' में किसकी गणना नहीं होती है - **अथर्ववेद की**
- वेदशब्दस्य निष्पत्तौ का निष्पत्तिः समीचीना नास्ति - **विद्निवारणे**
- कः कथ्यते वेदनिन्दकः - **नास्तिकः**
- धर्म का मूल प्रमाण है - **वेद (श्रुति)**
- धर्म का मूल स्रोत है - **वेद**
- 'वेदेन प्रयोजनमुद्दिश्यविधीयमानोऽर्थः धर्मः' एतल्लक्षणं केन कृतम् - **आपदेवेन**
- आद्युदात्तः वेदशब्दः कस्य वाचकः - **ग्रन्थवाचकः**
- अन्त्योदात्तः वेदशब्दः कस्य वाचकः - **कुशमुष्टिवाचकः**
- 'ऋक्-प्रातिशाख्य' सम्बन्धित है - **ऋग्वेद से**
- ऋग्वेदीयः ऋत्विक् - **होता**
- 'होता' कस्य वेदस्य मन्त्रैः देवानामाह्वानं करोति - **ऋग्वेदस्य**
- छन्दोबद्धः वेदोऽस्ति - **ऋग्वेदः**
- सबसे पुराना वेद कौन सा है - **ऋग्वेद**
- पाश्चात्त्य विद्वानों के अनुसार प्राचीनतम वेद कौन है - **ऋग्वेद**
- ऋग्वेद का दूसरा नाम है - **दशतयी**
- आयुर्वेदः कस्य वेदस्योपवेदः - **ऋग्वेदस्य**
- होतुः सम्बद्धः वेदः कः - **ऋग्वेदः**
- मण्डलक्रमः केन वेदेन सम्बद्धः - **ऋग्वेदेन**
- ऋग्वेद की सृष्टि किससे हुयी है - **अग्नि से**
- ऋग्वेदः सम्प्राप्तः - **अग्नि से**
- ऋग्वेद का प्रथमसूक्त है - **अग्निसूक्त**
- ऋग्वेदे प्रथममण्डलस्य प्रथमसूक्तं किम् - **अग्निसूक्त**
- ऋग्वेद में सूक्तों की संख्या - **1028**
- पतञ्जलि के अनुसार ऋग्वेद की शाखाओं की संख्या है - **एकविंशतिः**
- प्रसिद्ध ऋग्वेद सम्बद्ध है - **शाकलशाखा से**
- 'शाकलसंहिता' किस वेद की है - **ऋग्वेद**
- 'बाष्कलसंहिता' वर्तते - **ऋग्वेदस्य**
- माण्डूकायनशाखा से सम्बन्धित है - **ऋग्वेद**
- ऋग्वेद के दशम मण्डल में कितने सूक्त हैं - **191**
- ऋग्वेद की मूल लिपि थी - **ब्राह्मी**

- स्कन्दस्वामी का भाष्य किससे सम्बद्ध है - **ऋग्वेद से**
- ऋग्वेदस्य शाखाः सन्ति - **5 (पाँच)**
- ऋग्वेद के पदपाठकार हैं - **शाकल्य**
- वंशीयमण्डलानि उपलभ्यन्ते - **ऋग्वेदे**
- दानस्तुतिसूक्तानि संहितायां सन्ति - **ऋग्वेद-संहिता**
- पुरुषसूक्त का सम्बन्ध है - **ऋग्वेद से**
- पुरुषसूक्त ऋग्वेद के किस मण्डल में है - **दशममण्डल में**
- ऋग्वेदे स्वरितस्वरः प्रदर्श्यते - **उपरिष्यत्**
- शाकलशाखा से सम्बद्ध वेद है - **ऋग्वेद**
- ऋग्वेद में मन्त्रों की संज्ञा है - **ऋचा**
- आयुर्वेद किस वेद का उपवेद है - **ऋग्वेद**
- पुरूरवा-उर्वशी संवाद किस वेद में है - **ऋग्वेद में**
- ऋग्वेद में 'पारिवारिक-मण्डल' कहे गये हैं - **दो से सात**
- 'समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः' किस वेद का अन्तिम मन्त्र है - **ऋग्वेद का**
- 'ऋक्'-शब्दस्यार्थः भवति - **स्तुतिः**
- ''पावका नः सरस्वती'' इति मन्त्रः वर्तते - **तृतीयसूक्तस्य**
- प्रसिद्ध गायत्रीमन्त्र किस धर्म-ग्रन्थ में हैं - **ऋग्वेद**
- किसका संकलन ऋग्वेद पर आधारित है - **सामवेद का**
- ऋग्वैदिककाल के प्रारम्भ में निम्न में से किसे महत्त्वपूर्ण मूल्यवान् सम्पत्ति समझा जाता था - **गाय को**
- ऋग्वेद संहिता का नवम मण्डल पूर्णतः किसको समर्पित है - **सोम और इस पेय पर नामांकित देवता को**
- ऋग्वेद का कौन सा मण्डल पूर्णतः 'सोम' को समर्पित है - **9वाँ मण्डल**
- ऋग्वेद के किस मण्डल में 'बालखिल्य सूक्त' है - **अष्टम मण्डल में**
- बालखिल्यसूक्तानि विद्यन्ते - **ऋग्वेदे**
- ऋग्वेद में बालखिल्य सूक्त कितने हैं - **ग्यारह**
- ऋग्वेद का कौन-सा मण्डल सबसे अर्वाचीन है - **दशम मण्डल**
- अवेस्ता की तुलना किस वेद से की जाती है - **ऋग्वेद से**
- सामगान का जिस वेद पर गायन किया जाता है, वह वेद है - **ऋग्वेद**
- प्रसिद्ध 'शुनःशेपाख्यान' जिसमें मिलता है, वह वेद है - **ऋग्वेद**

- सामवेद के मन्त्र सबसे अधिक किस वेद से लिये गये हैं - **ऋग्वेद से**
- ऋग्वेदेऽग्निसूक्तेऽग्निरुच्यते - **पुरोहितः**
- 'ऋक्'–शब्दस्य दार्शनिकः अर्थः कः - **ब्रह्म**
- यागे शस्त्रं केन पठ्यते - **होत्रा**
- कः ऋग्वेदस्य मन्त्रैः देवानामाह्वानं करोति - **होता**
- ऋग्वेद की रचना कहाँ हुयी थी - **सप्तसैन्धव प्रदेश में**
- ऋग्वेदस्य कस्य मण्डलस्य नाम पवमानमण्डलम् अस्ति - **नवमस्य**
- कः वेदः अभ्यर्हितः - **ऋक्**
- 'अस्यवामीयसूक्त' मिलता है - **ऋग्वेद में**
- ऋग्वेदस्य मुख्यविषयः अस्ति - **उपासना**
- वर्णव्यवस्था का सर्वप्रथम विवरण कहाँ प्राप्त होता है - **ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल (पुरुषसूक्त) में**
- चारों वर्णों का प्रथमबार उल्लेख किस वेद में किया गया है - **ऋग्वेद के अन्तिम मण्डल (पुरुषसूक्त) में**
- ऋग्वेदकाल में जनता निम्न में से मुख्यतया किसमें विश्वास करती थी - **बलि एवं कर्मकाण्ड में**
- ऋग्वेद में वर्णित धर्म का आधार था - **प्रकृति-पूजा**
- वेद में वर्णित सबसे सामान्य अपराध निम्नलिखित में से क्या था - **पशुओं की चोरी**
- 'होतृगणे' कति ऋत्विजः भवन्ति - **चत्वारः**
- आर्य-अनार्य युद्ध का वर्णन मिलता है - **ऋग्वेद में**
- स्तुतिप्रधान वेद है - **ऋग्वेद**
- ऋग्वेद के किस मण्डल में सोमयज्ञ के मन्त्र उपलब्ध होते हैं - **नवम मण्डल में**
- 'आश्वलायन श्रौतसूत्र' से सम्बन्धित वेद है - **ऋग्वेद**
- 'Langlois' ने ऋग्वेद का जिस भाषा में अनुवाद किया है वह है - **French (फ्रेंच)**
- 'अग्निमीळे पुरोहितम्' इति मन्त्रांशं कस्य वेदस्यास्ति - **ऋग्वेदस्य**
